RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 330
लखनऊ, सोमवार, 21 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





कोहली आईपीएल खिताब के सपने को पूरा करने को उतरेंगे
स्पोर्ट्स-10


## कृषि सुधार विधेयकों पर संसद की लगी मुहर

# रास में कड़ा विरोध-भारी हंगामा, एक्शन लेंगे वेंकैया

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



राज्य सभा में कृषि विधेयकों के विरोध में रविवार को नियम पुस्तिका को उप सभापति हरिवंश की ओर फेंकते तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन

**अभूतपूर्व** हंगामे के बीच रविवार को राज्यसभा ने दो महत्वपूर्ण कृषि विधेयकों को पारित कर दिया। इस दौरान विपक्षी दलों के सदस्य कोविड-19 प्रोटोकॉल को तोड़कर वेल तक पहुंच गए, दस्तावेजों को फाड़ दिया, सभापति के डेस्क पर लगे माइक को उखाड़ने की कोशिश की और संसद नियम पुस्तिका को पीठासीन अधिकारी, उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह पर फेंक दिया।

सत्तारूढ़ पार्टी दो विवादित कृषि विधेयकों को आगे बढ़ाने में कामयाब रही। ये दोनों लोकसभा में विपक्ष के सांसदों के विरोध के बीच पहले ही पास हो चुके हैं। समस्या तब शुरू हुई जब राज्यसभा का निर्धारित समय विधेयकों को पारित करने के लिए बढ़ाने की अनुमति दे दी गई। विपक्ष ने इसका जमकर विरोध किया। उसका मानना था कि ऐसा कोई कदम सर्वसम्मति से ही उठाया जाना चाहिए। विपक्षी दलों के सदस्य वेल में पहुंच गए तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और बिल को किसानों के लिए 'डेथ वारंट' करार दिया। विपक्ष ने जहां उप सभापति हरिवंश के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है, वहीं सरकार और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू इस बात पर विचार कर रहे हैं उन सदस्यों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए जिन्होंने सदन में हंगामा किया। सरकार तीसरा कृषि बिल संसद के ऊपरी सदन में सोमवार को पेश करेगी।

इन विधेयकों को अब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। चार विपक्षी दलों ने इन दोनों बिलों को जांच के लिए हाउस पैनल को भेजने के प्रस्ताव दिया जिसे ध्वनिमत से नकार दिया गया लेकिन कांग्रेस, टीएमसी, भाकपा और द्रमुक के सदस्यों ने मुद्दे पर मत विभाजन की मांग की। उप सभापति हरिवंश ने जैसे ही यह कहते हुए मत विभाजन से इनकार किया कि यह केवल उसी समय हो सकता है जब सदस्य अपनी सीट पर हो, टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन पीठ की ओर तेजी से बढ़े और नियम पुस्तिका को उप सभापति की ओर फेंक दिया। हाउस मार्शलों ने उनके इस कदम को विफल कर दिया और हरिवंश की ओर फेंकी गई किताब को बीच में ही पकड़ लिया। इसके अलावा चेयर पर लगे माइक्रोफोन को भी उखाड़ने का प्रयास किया गया लेकिन मार्शलों ने ऐसा होने से रोक लिया। ओब्रायन के साथ द्रमुक नेता तिरुची सिवा, कांग्रेस के वेणुगोपाल तथा भाकपा के केके रागेश, जिन्होंने विधेयकों को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजने के लिए प्रस्ताव पेश किया था, ने कागजों को फाड़कर हवा में उड़ा दिया।

हरिवंश ने सदस्यों को अपने स्थान पर जाने तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल के चलते वेल में न आने की हिदायत दी। इसके बाद कार्यवाही के हो रहे लाइव प्रसारण का ऑडियो बंद कर दिया गया लेकिन हंगामा जारी रहा। बाद में उन्होंने कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने फिर नारेबाजी की लेकिन हरिवंश को ध्वनिमत के लिए विधेयक को पटल पर रखने से नहीं रोक सके। सदन में पहला बिल ध्वनिमत से पारित होने तथा उसे सेलेक्ट कमेटी के पास भेजने का प्रस्ताव खारिज होने के बाद, दो सदस्यों ने राज्यसभा अधिकारियों के टेबल पर चढ़ने की कोशिश की जिन्हें उतार दिया गया। दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया तथा विपक्षी पार्टियों द्वारा पेश किए गए संशोधनों को खारिज कर दिया गया। लेकिन कृषि बिलों को ( शेष पेज 9 )

## किसानों को सशक्त बनाएंगे विधेयकः मोदी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने संसद से कृषि संबंधी दो विधेयकों को मंजूरी मिलने को ऐतिहासिक करार देते हुए रविवार को कहा कि इससे न केवल खेती-बाड़ी के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन होगा बल्कि इससे करोड़ों किसान सशक्त होंगे। उन्होंने एकबार फिर से किसानों को आश्वस्त किया कि वर्तमान न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था जारी रहेगी। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, 'दशकों तक हमारे किसान भाई-बहन कई प्रकार के बंधनों में जकड़े हुए थे और उन्हें बिचौलियों का सामना करना पड़ता था। संसद में पारित विधेयकों से अन्नदाताओं को इन सबसे आजादी मिली है। इससे किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयासों को बल मिलेगा और उनकी समृद्धि सुनिश्चित होगी।

पंजाब के किसानों तक पहुंच बनाने का प्रयास करते हुए प्रधानमंत्री ने पंजाबी में भी ट्वीट किया। बहरहाल, मोदी ने अपने ट्वीट में कहा कि भारत के कृषि इतिहास में आज एक बड़ा दिन है। संसद में अहम विधेयकों के पारित होने पर मैं अपने परिश्रमी अन्नदाताओं को बधाई देता हूं। यह न केवल कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाएगा, बल्कि इससे करोड़ों किसान सशक्त होंगे।

## खेती के क्षेत्र में नए युग की शुरुआतः योगी

**लखनऊ।** कृषि क्षेत्र के लिये केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये दो विधेयक का विपक्षी दलों तथा कुछ राज्यों में किसानों के विरोध के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगे आए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार के दोनों विधेयकों को किसानों के हित का बताते हुये कहा है कि दोनों विधेयकों से खेती के क्षेत्र में नये युग की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह विधेयक कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाले सिद्ध होंगे। ( विस्तृत पेज 2 )

# फिल्म सिटी को लेकर हलचल तेज



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करते फिल्मकार मधुर भंडारकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नोएडा

- यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-21 में जमीन देने का किया प्रस्ताव
- निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने सीएम योगी से की मुलाकात

**फिल्म** सिटी बसाने की सीएम योगी की घोषणा के साथ ही यूपी में फिल्म सिटी को लेकर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के एक दिन बाद ही नोएडा में फिल्म सिटी बनाने की दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है। इस बीच मुम्बई के फिल्म निर्माताओं तथा निर्देशकों ने यूपी सरकार से सम्पर्क साधना भी शुरू कर दिया है। रविवार को निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर ने इसी सिलसिले में सीएम योगी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि फिल्म सिटी का विकास मुख्यमंत्री के विजन का नतीजा है।

दूसरी ओर यमुना प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे के सेक्टर- 21 में 1,000 हेक्टेयर जमीन फिल्म सिटी के लिए प्रस्तावित की है और इसे शासन को भेज दिया है। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सोमवार ( शेष पेज 9 )

# विपक्ष नाराज, गदगद सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उपसभापति के खिलाफ 12 पार्टियों ने दिए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस

**राज्यसभा** में दो कृषि विधेयकों को पास होने के बीच विपक्षी पार्टियों ने रविवार को राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है। विपक्ष का आरोप है कि कृषि विधेयकों को पारित कराने में सरकार की मदद के लिए उन्होंने संसदीय नियमों का उल्लंघन किया है। प्रस्ताव पर करीब 100 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं और इसे संसद के नोटिस ऑफिस दाखिल किया गया है क्योंकि महासचिव उपस्थित नहीं थे। दूसरी ओर राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू विपक्ष के उन सांसदों के खिलाफ कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं जो कृषि विधेयकों का विरोध करते हुए सदन के वेल में पहुंच गए थे तथा जबरदस्त हंगामा किया था।

नायडू ने उप सभापति हरिवंश तथा संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ बैठक की तथा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और तोमर के साथ मुद्दे पर चर्चा की। सूत्रों का कहना है कि सोमवार को जब सदन का कार्यवाही शुरू होगी तो नायडू बयान देंगे और सरकार द्वारा उपलब्ध नियमों के प्रावधान से जुड़े प्रस्ताव को पेश करने के बाद वे कार्रवाई का ऐलान करेंगे। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अहमद पटेल ने कहा, 'उन्हें (राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश) को लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय, उनके रवैये ने आज लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए हमने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया है।' अहमद पटेल ने कहा 'यह दिन इतिहास में 'काला दिन' के रूप में दर्ज होगा। जिस तरह से ये बिल पारित किए गए हैं, वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और लोकतंत्र की हत्या है। 12 विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है।' इससे पहले राज्यसभा में कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सरलीकरण) विधेयक-2020 तथा कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 को मंजूरी मिल गई। ध्वनिमत से पारित होने से पहले इन विधेयकों पर सदन में खूब हंगामा हुआ। नारेबाजी करते हुए सांसद वेल तक पहुंच गए। कोविड-19 के खतरे को दरकिनार करते हुए धक्का-मुक्की भी हुई। विपक्ष ने इसे 'काला दिन' बताया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि यह 'लोकतंत्र की हत्या' है। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव भूपेंद्र यादव ने विपक्ष के सदस्यों के व्यवहार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीठ यह फैसला लेने में सक्षम है कि क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं कई सांसद ने शिकायत की कि ऑडियो सिस्टम बंद है जिससे राज्यसभा टीवी के जरिये सदन की कार्यवाही का लाइव प्रसारण बाधित हो रहा है। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि माइक को पीठ के निर्देश पर बंद किया गया था। संसद के बाहर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष के व्यवहार की आलोचना की। उन्होंने कहा ' लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनमत दिया है और यह हंगामा लोगों के जनमत का अपमान है।'

## राजधानी में कोरोना के 874 नए केस छह लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। रविवार को राजधानी में 874 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 6 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 45,548 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 1118 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 35712 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

वर्तमान में 9836 केस एक्टिव हैं। अभी तक राजधानी में 591 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 8793 लोगों के सैम्पल लिये गये हैं। जिनमे प्रमुख रूप से आज आशियाना 37, इंदिरा नगर 52, आलमबाग 40, ठाकुरगंज 14, तालकटोरा 23, हसनगंज 15, गोमती नगर 61, हजरतगंज 21, मड़ियांव 22, रायबरेली रोड 49, अलीगंज 31, जानकीपुरम 18, महानगर 21, कैंट 42, चौक ( शेष पेज 9 )

# बेसिक शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादलों पर रोक हटायी गयी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर आदेश जारी हुआ, करीब 54,120 शिक्षकों को मिलेगा लाभ

**बेसिक** शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक पद पर 31,661 युवाओं की भर्ती के आदेश के एक दिन बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों तथा सहायक अध्यापकों को बड़ी राहत दी है। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग में अंतरजनपदीय तबादलों पर लगी रोक को हटा दिया है। इससे सूबे के करीब 54,120 शिक्षकों को लाभ मिलेगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को तबादलों को मंजूरी प्रदान की। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लॉकडाउन होने से तबादलों की प्रक्रिया रुकी थी। बेसिक शिक्षा विभाग के 54,120 शिक्षकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण को मंजूरी दी है। इसमें 25,814 पुरुष और 28,306 महिलाएं हैं। बीमारी से पीड़ित 2186, दिव्यांग 2285 और सैन्य सेवाओं से जुड़े 917 शिक्षकों ने तबादला के लिए अपना आवेदन किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर बेसिक शिक्षा विभाग में 4500 शिक्षकों का अंतर जिला का तबादला आदेश जारी किया गया है।

इस आदेश के तहत विशेष लाभ महिला, दिव्यांग, बीमार व सैनिक परिवार के शिक्षकों को मिला है। इसमें भी पारदर्शिता के लिए प्रक्रिया पूरी तरह से आनलाइन की गई है। रविवार को पहले ही दिन 4500 शिक्षकों का तबादला आदेश जारी किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग में अंतर जनपदीय तबादला के लिए ऑनलाइन 45000 से अधिक आवेदन आये थे। प्रदेश में कोविड 19 के संक्रमण के कारण इनकी तबादला प्रक्रिया रुकी हुई थी। अब प्रदेश में शिक्षक एक जिले से दूसरे जिला में तबादले पर ( शेष पेज 9 )

## अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया तेज, योगी अगले हफ्ते बांटेंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साफनिर्देशों के बाद राज्य में 31, 661 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब एक हफ्ते में ही इनमें से कुछ को अपने हाथ से नियुक्ति पत्र देंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश मे 31661 पद पर सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को गति प्रदान कर दी है। यह 31661 पद 69000 सहायक शित्रकों के पद में से हैं, जिनकी नियुक्ति करने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 69000 में से 31,661 शिक्षकों की भर्ती का निर्देश करीब चार महीने पहले दिया था। इसके बाद कोरोना वायरस संक्रमण के ( शेष पेज 9 )

## आज से नहीं खुलेंगे निजी स्कूल, जारी रहेंगी ऑनलाइन कक्षाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- आंशिक रूप से माध्यमिक विद्यालयों को खोलने के निर्देश

**कोरोना** वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच दिल्ली सरकार द्वारा 21 सितम्बर से स्कूल न खोलने के निर्णय को देखते हुए राजधानी के निजी स्कूल संचालक सोमवार से स्कूल खोलने के मूड में नहीं हैं। उनका कहना है कि बच्चों व स्टाफ के जीवन के साथ सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं चाहते हैं। उनका कहना है कि ऑनलाइन पढ़ाई बढ़िया चल रही है। ऐसे में वह कोई रिस्क नहीं उठाना चाहते हैं। वहीं प्रमुख सचिव माध्यमिक आराधना शुक्ला ने माध्यमिक स्कूलों को 21 सितम्बर से आंशिक रूप से खोलने के निर्देश दिया है। इस अवधि में स्टूडेंट्स और अभिभावकों को जागरूक करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के तहत 21 सितंबर से स्कूल खोलने की छूट दी गई है। कई राज्यों में इसे हरी झंडी भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद लखनऊ समेत प्रदेशभर के स्कूल संचालक विद्यालय खोलने को तैयार नहीं हैं। अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि व्यवस्थित प्लानिंग के बाद ही स्कूल खोले जाना उचित होगा। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का कहना है कि स्कूल खोलने के संबंध में जल्द ही उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। इस माह में कोरोना की स्थिति का आकलन कर अक्टूबर के दूसरे सप्ताह स्कूल खोलने की तैयारी का प्रस्ताव है। अगर हालात सुधरते हैं तो अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से स्कूल खोल दिए जाएंगे। वहीं राजकीय व एडेड स्कूलों ने भी अपना मत स्पष्ट कर दिया है। इन स्कूलों का कहना है कि जब तक सरकार की ओर से स्पष्ट आदेश नहीं मिल जाते हैं, तब तक बच्चों के लिए स्कूल खोलने पर कोई विचार नहीं है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,845 | |
| निफ्टी | 11,504 | |
| सोना | 52,672 | /10g |
| चांदी | 69,841 | /kg |

## क्विक न्यूज

### फिल्मकार अनुराग कश्यप पर यौन शोषण का आरोप

**मुंबई।** फिल्मकार अनुराग कश्यप ने अभिनेत्री पायल घोष के यौन शोषण आरोपों को रविवार को खारिज करते हुए इन्हें निराधार करार दिया। घोष ने शनिवार को ट्वीट किया था कि गैंग्स ऑफ वासेपुर के निर्देशक ने उनका यौन उत्पीड़न किया। अभिनेत्री ने अपना ट्वीट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टैग करते हुए कश्यप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। घोष ने ट्वीट में कहा, अनुराग कश्यप ने मेरे साथ बुरी तरह जबर्दस्ती की। प्रधानमंत्री कार्यालय और नरेन्द्र मोदी जी कार्रवाई कीजिए तथा देश इस रचनात्मक व्यक्ति में छिपे शैतान को देखे। एबीएन तेलुगु को जारी एक वीडियो में घोष ने दावा किया कि घटना 2014-2015 की है। पायल दावा किया अन्य महिला कलाकारों के साथ भी उनके अंतरंग संबंध रहे है।

## एफसीआरए कानून और होगा कठोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सरकार करेगी विदेशी अंशदान कानून में संशोधन, पंजीकरण के लिए जरूरी होगा आधार

**विदेशी** अंशदान (नियमन) कानून (एफसीआरए) में संशोधन किया जाना है, जिसके तहत किसी भी एनजीओ के पंजीकरण के लिए पदाधिकारियों के आधार नंबर जरूरी होंगे और लोक सेवक के विदेशों से रकम हासिल करने पर पाबंदी होगी। विदेशी अंशदान (योगदान) विधेयक, 2020 रविवार को लोकसभा में पेश किया गया और इसमें प्रावधान है कि केंद्र किसी एनजीओ या एसोसिएशन को अपना एफसीआरए प्रमाणपत्र वापस करने की अनुमति दे सकेगा। मसौदा विधेयक में कहा गया है कि कुल विदेशी कोष का 20 प्रतिशत से ज्यादा प्रशासनिक खर्चे में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। वर्तमान में यह सीमा 50 प्रतिशत है। विधेयक के लक्ष्य और कारणों के बारे में बयान में कहा गया है, विदेशी अंशदान (योगदान) विधेयक 2010 को लोगों या एसोसिएशन या कंपनियों द्वारा विदेशी योगदान के इस्तेमाल को नियमित करने के लिए लागू किया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि के लिए विदेशी योगदान को लेने या इसके इस्तेमाल पर पाबंदी है।

मसौदे में कहा गया है कि कानून एक मई 2011 को लागू हुआ था और दो बार इसमें संशोधन हुआ। वित्त कानून की धारा 236 के जरिए पहला संशोधन हुआ और वित्त कानून,2018 की धारा 220 से दूसरा संशोधन हुआ। इसमें कहा गया है कि हर साल हजारों करोड़ों रुपए के विदेशी योगदान के इस्तेमाल और समाज कल्याण का काम करने वाले वास्तविक गैर सरकारी संगठनों या एसोसिएशनों और भुगतान में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ान के लिए संशोधन किया जाना जरूरी है।

# अयोध्या की रामलीला में दिखाई देंगे कई सितारे

**भाषा।** नई दिल्ली

- रामनगरी में 17 से 25 अक्टूबर के बीच आयोजित होगी रामलीला



**राम** मंदिर के शिलान्यास के कार्यक्रम के बाद ऐतिहासिक नगरी अयोध्या में सरयू नदी के किनारे होने वाली पहली रामलीला में देशभर के कई प्रतिष्ठित कलाकार भूमिका निभाएंगे। रामलीला का मंचन निर्माणाधीन राम मंदिर से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित लक्ष्मण किले में होगा। यह रामलीला 17 से 25 अक्टूबर के बीच होगी। टीवी अभिनेता सोनू डागर जहां राम का किरदार निभाएंगे, वहीं कविता जोशी सीता के रूप में नजर आएंगी। दिल्ली के भाजपा सांसद और अभिनेता मनोज तिवारी अंगद की भूमिका निभाएंगे, गोरखपुर से भाजपा सांसद और अभिनेता रवि किशन भरत की और विंदू दारा सिंह हनुमान के रूप में नजर आएंगे। अयोध्या की रामलीला में अभिनेत्री रितु शिवपुरी कैकेई जबकि असरानी नारद बनेंगे। इसी तरह, रावण की भूमिका अभिनेता शाहबाज खान, विभीषण की राकेश बेदी, निषादराज की राकेश पुरी, अहिरावण की रजा मुराद और जनक की भूमिका अवतार गिल निभाएंगे। हनुमान के किरदार के बारे में पूछे जाने पर मशहूर पहलवान दारा सिंह के पुत्र विंदू ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इस वर्ष की रामलीला में भगवान राम के जन्म वाले शहर में उनके वफादार सेवक की भूमिका निभाने का एक अनूठा अवसर है। उन्होंने कहा, यह पहला अवसर है जब मुझे अयोध्या जाने और वहां जाकर हनुमान का किरदार निभाने का एक शानदार अवसर मिला है। विंदू ने कहा कि रामानंद सागर द्वारा निर्मित रामायण टीवी सीरियल में दिवंगत दारा सिंह ने हनुमान की शानदार भूमिका अदा की थी, जिसने देश के लोगों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने कहा, मैंने अपने पिता दारा सिंह के पदचिन्हों पर चलकर पिछले करीब 20 साल में विभिन्न मंचों पर हनुमान की भूमिका अदा की और मेरे पिता सदा मेरे प्रेरणास्रोत रहे। वहीं, रावण के किरदार को लेकर शाहबाज खान ने कहा, सबसे बड़े खलनायक का किरदार निभाना हर कलाकार का एक सपना है। हालांकि, कोरोना वायरस महामारी के चलते अयोध्या की रामलीला के इस कार्यक्रम का प्रसारण टीवी चैनलों, यूट्यूब और सोशल मीडिया मंचों के जरिए किया जाएगा।

# खेती के क्षेत्र में नये युग की शुरुआत: योगी

● **कृषि विधेयक के समर्थन में उतरे यूपी के मुख्यमंत्री**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि क्षेत्र** के लिये केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये दो विधेयक का विपक्षी दलों तथा कुछ राज्यों में किसानों के विरोध के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगे आए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार के दोनों विधेयकों को किसानों के हित का बताते हुये कहा है कि दोनों विधेयकों से खेती के क्षेत्र में नये युग की शुरुआत होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में कृषि सुधार के दो महत्वपूर्ण विधेयकों कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक 2020 तथा कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक 2020 का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि यह विधेयक कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाले सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों में प्रधानमंत्री के संकल्पों का प्रतिबिंब देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दोनों विधेयक पूर्ण रूप से कृषि और कृषकों के हित में हैं। यह किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करने वाली सिद्ध होंगे। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक एवं अभिनव कदम भी बताया।

योगी ने कहा कि अब किसानों को कानूनी बंधनों से आजादी मिलेगी, कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन आएगा, खेती-किसानी में निजी निवेश होने से तेज विकास होगा तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कृषि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होने से देश की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार किसान हितों के संरक्षण के लिए कृतसंकल्पित है। किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत प्राप्त होगी। वहीं



इन विधेयकों के विरोध में कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही टिप्पणियों को मुख्यमंत्री ने भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास बताया है। उन्होंने किसान बहनों-भाइयों से अपील की है कि वह किसी के बहकावे में न आएं। कुछ लोगों को कृषकों की उन्नति रास नहीं आती। यह वही लोग हैं जिन्होंने बीते छह-सात दशकों तक किसानों को महज वोट बैंक समझा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण और उनकी आय को दोगुना करने के लिए संकल्पित है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए वर्तमान सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लगातार प्रयास कर रही है। कृषि और किसान कल्याण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक नीतिगत कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोविड महामारी के दृष्टिगत लागू लाकडाउन के दौरान ही राज्य सरकार द्वारा फल व सब्जी में 45 जिंसों को मण्डी शुल्क से मुक्त कर दिया गया, जिसका किसानों को सीधा लाभ मिला। कृषक अब अपने फल या सब्जी की राज्य में कहीं से भी बिक्री करने के लिए स्वतंत्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किये गये सुधारों का व्यापक तथा सकारात्मक लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी उपज को मण्डी परिसरों में विक्रय करने में बाध्यता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। अब वे प्रदेश के अधिसूचित मण्डी के अतिरिक्त किसी और स्थान जैसे भण्डार गृह, कोल्ड स्टोरेज या खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में अपनी उपज विक्रय कर सकेंगे। फार्म गेट पर ही व्यापारियों, निर्यातकों या खाद्य प्रसस्करण इकाइयों को उचित दाम लेकर विक्रय कर सकेंगे। इससे किसानों का यातायात एवं ढुलान पर व्यय बचेगा और हानि को बचाया जा सकेगा।

कान्ट्रैक्ट फार्मिंग को बढ़ावा मिलने से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां निर्यातक तथा अन्य व्यापारी, कृषकों से व्यक्तिगत स्तर पर या संगठित तरीके से समझौता कर सकेंगे। इससे कृषकों को खाद, बीज व अन्य इनपुट्स को कम दरों पर उपलब्ध कराने, आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर कृषि कार्य कराने एवं उनकी उपज को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। कृषकों को राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार कृषि कार्य करने के अवसर भी प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाहर से आने वाले कृषि उत्पाद पर मण्डी शुल्क समाप्त होने पर जहां एक ओर उपभोक्ताओं का भी लाभ मिलेगा, वहीं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को भी निर्बाध रूप से कच्चा माल प्राप्त हो सकेगा। इससे ईज आफ डूईंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों की उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य हेतु कटिबद्ध है। कोविड काल में भी प्रदेश के किसानों का 35.77 लाख टन गेहूं क्रय किया गया। साथ ही दलहन व तिलहन फसलों की भी खरीद की गई।

### धान खरीद की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की खरीद पहली अक्टूबर से होनी है। इसके मद्देनजर सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्र सुचारु रूप से संचालित किए जाएं। यह देखा जाए कि किसानों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने धान क्रय के सम्बन्ध में राइस मिलर्स के साथ बैठक किए जाने के निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त को दिए।

## गंगा नदी में डूबने से युवतियों की मौत पर सीएम ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कौशाम्बी में गंगा नदी में डूबने से हुई युवतियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को इस दुर्घटना में प्रभावित परिवारों को समुचित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## अयोध्या सड़क दुर्घटना पर सीएम दुखी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

## 28 सितंबर से 28 जिलों में खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** 28 जनपदों में बच्चों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई जाएगी। प्रदेश में एक से 19 साल तक के बच्चों में कृमि संक्रमण की व्यापकता 76 प्रतिशत तक है। हालांकि बीते 10 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनडीडी अभियान का शुभारंभ कर दिया था। इसके बाद प्रदेश के 11 जनपदों में कृमि मुक्ति का अभियान चलाया गया था।

अभियान में एक से 19 साल तक के बच्चों को कृमि के संक्रमण से बचाने के पेट के कीड़ों की गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इसके तहत अब अम्बेडकरनगर समेत 45 और जिलों में अभियान 28 सितम्बर से चलेगा। डीसीपीएम प्रीतम विक्रम ने बताया कि अभियान 28 सितंबर से सात अक्तूबर तक चलेगा। अभियान में एक से दो साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली 200 मिलीग्राम (आधी गोली) और दो से 19 साल की आयु वालों को एल्बेंडाजोल की गोली 400 मिलीग्राम (एक गोली) खिलाई जाएगी। जिन जिलों में यह अभियान संचालित किया जाएगा उनमें मथुरा, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, हमीरपुर, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, देवरिया, गोरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, वाराणसी, बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बदायूं, बरेली, बिजनौर, मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर, संभल, मैनपुरी, जौनपुर, भदोही, आगरा, अलीगढ़, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, कुशीनगर, लखनऊ, मऊ और संत कबीरनगर शामिल हैं।

# कोरोना के इलाज के लिए आईसीयू के बेड बढ़ाएं: सीएम

● **सीएम ने किया एकीकृत कोविड-19 पोर्टल एप्लीकेशन लांच, घर बैठे पता चलेंगे जांच के परिणाम**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड.19 के लिए आईसीयू के बेड्स बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। सभी अस्पतालों में दवाई और आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश देते हुये सीएम ने कहा है कि प्रयागराज, कानपुर नगर, लखनऊ और गोरखपुर में विशेष सतर्कता अपनाए जाने की आवश्यकता है। इन जनपदों में कान्टैक्ट ट्रेसिंग पर जोर दिया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने तथा इससे बचाव व उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी जनपदों में इनकी सेवाओं को और बेहतर बनाते हुए संचालित किया जाए। उन्होंने इसके लिए मुख्य सचिव को समन्वय किए जाने निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से कोविड.19 तथा यातायात के नियमों के सम्बन्ध में लोगों को व्यापक रूप से जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सतर्कता, बचाव व जागरूकता जरूरी है। इसके लिए प्रमुख स्थानों और चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम निरन्तर एक्टिव मोड में रहें।



इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने एकीकृत कोविड.19 पोर्टल एप्लीकेशन लान्च किया। उन्होंने इस एप के शुभारम्भ पर कहा कि वैश्विक महामारी कोविड.19 के संक्रमण के दौरान प्रदेशवासियों को इस सुविधा से लाभ मिलेगा। इससे कोविड.19 के परिणामों की जानकारी सुलभ कराने की सुविधा होगी। यह लोगों के लिए अत्यन्त उपयोगी होगा तथा लोगों की जांच के उपरान्त परिणाम शीघ्र मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से ऐसी व्यवस्था विकसित की गई है कि टेस्ट करवाने वाला व्यक्ति अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन नम्बर पर ओटीपी प्राप्त करके अपने कोविड.19 टेस्ट के परिणाम को स्वयं देख सकेगा तथा इसे डाउनलोड भी कर सकेगा। यह एप कोविड वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सरकारी संस्थानों को सहयोग एवं चिकित्सा के लिए लोगों की मदद करने में सहायक होगा।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डिजिटल पहल से जनता को स्टांप खरीदने का मिलेगा सुलभ विकल्प: मित्तल

● **एसबीआई में हुआ ई-स्टाम्प विक्रय का शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की ई-स्टाम्प विक्रय का शुभारंभ संजीव कुमार मित्तल अपर मुख्य सचिव वित्त के कर कमलों द्वारा अजय कुमार खन्ना मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल एवं सुश्री मिनिस्थी एस महानिरीक्षक स्टाम्प एवं निबंधन की उपस्थिति में आरएसीपीसी लखनऊ में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री मित्तल ने कहा कि इस डिजिटल पहल के द्वारा आम जनता को स्टैम्प क्रय करने का एक सुलभ विकल्प मिलेगा जिसके अंतर्गत स्टैम्प खरीदने का इच्छुक व्यक्ति स्टेट बैंक की चयनित शाखा मे जाकर विभिन्न माध्यम जैसे की नकद जमा,



आरटीजीएस , नेफ्ट , चेक, द्वारा धनराशि जमा करने के उपरांत तुरंत स्टाम्प प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर अजय कुमार खन्ना मुख्य महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक आम जनता का बैंक है। लगभग 46 करोड़ खाताधारक बैंक से जुड़े हुए हैं । उत्तर प्रदेश में बैंक की 1700 से अधिक शाखाओं के द्वारा आम जनता को समस्त बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं । वर्तमान में लखनऊ में ई स्टैम्प जारी करने की सुविधा, सरकारी व्यवसाय शाखा एवं आरएसीपीसी लखनऊ में प्रारम्भ की गयी है तथा शीघ्र ही यह सुविधा अन्य शाखाओं में भी उपलब्ध करायी जाएगी। बैंक हमेशा से केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के साथ उनके प्रत्येक डिजिटल पहल में साथ रहा है एवं यह डिजिटल पहल आम जनता, राज्य सरकार एवं स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन सबके लिए सुविधाजनक है।

## बीजेपी महानगर में ई-बुक का विमोचन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** लखनऊ महानगर के मंडलों की ई-बुक का मंडल प्रभारियों द्वारा विमोचन किया गया। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी प्रारंभ के दौरान हुए लॉकडाउन में बीजेपी लखनऊ महानगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी चिंता किए बगैर जरूरतमंदों को भोजन पैकेट और भोजन सामग्री किट तथा अन्य आवश्यक जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति की गई। इसके साथ साथ प्रवासी मजदूरों को भी भोजन, पानी, चप्पल आदि सहयोग एवं उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने सहित विभिन्न प्रकार के जो सेवा कार्य किए गए थे उन कार्यों का एक संकलन ई बुक में समाहित है। मंडल प्रभारियों द्वारा विमोचन किया गया।

# भाजपा ने कृषि बिल नहीं, अपना पतन-पत्र पारित कराया: अखिलेश

● **विरोधस्वरूप सपा आज सभी तहसील मुख्यालयों पर करेगी प्रदर्शन**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** विधेयकों को किसान विरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा में विधेयक पारित कराए जाने की निंदा की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक कपट कर भाजपा ने कृषि बिल नहीं, अपना पतनपत्र पारित कराया है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कृषि बिल पारित कराने के लिए ध्वनि मत की आड़ में राज्यसभा में किसानों और विपक्ष की आवाज का गला दबाया है। सरकार ने अपने कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों और धन्नासेठों के लिए भारत की दो तिहाई जनसंख्या को धोखा दिया है। लोकतांत्रिक कपट कर भाजपा ने कृषि बिल नहीं अपना पतनपत्र पारित कराया है। भाजपा की शोषणकारी साजिशों का विरोध करने का एलान करते हुए सपा अध्यक्ष ने कल सोमवार को सभी तहसील मुख्यालयों पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करने व ज्ञापन सौंपने का एलान किया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकारों को विफलताओं पर कोसा। रविवार को उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से छात्र छात्राओं की पढ़ाई बंद है। ऑनलाइन शिक्षण कार्य केवल दिखावा सिद्ध हो रहा है। मंहगाई चरम पर है। सब्जियों व अन्य खाद्य पदार्थो के आसमान छूते भाव से जनता की थाली और थैली दोनों पर मार पड़ रही है। उन्होंने भाजपा की शोषणकारी साजिशों का विरोध करने का एलान करते हुए सोमवार को सभी तहसील मुख्यालयों पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करने व ज्ञापन देंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी कार्यकर्ता कोरोना से बचाव नियमों का पालन करते हुए अपनी बात मजबूती से रखेंगे। सपा अध्यक्ष ने अपराध वृद्धि व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक ओर कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है दूसरी ओर भाजपा सरकार की मनमानी कार्यशैली व दमनकारी नीतियों से जनता त्रस्त है।

**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय के समक्ष हाजिर होने हेतु नोटिस-**

मु.अ.सं.- 28/2019 धारा- 419, 420, 467, 468, 471, 406, 504, 506 भा.द.सं. थाना-कोतवाली जनपद- बस्ती उ.प्र. में पंजीकृत अभियोग से संबंधित अभियुक्तगण 1. कंवलजीत सिंह बल पुत्र-स्व. हरनाम सिंह डायरेक्टर किम इन्वेस्टमेंट लि. निवासी ग्राम छज्जलवटी थाना खिल्चियान अमृतसर पंजाब, 2. कंचन कुमार दत्ता पुत्र-हैरेन्द्र कुमार दत्ता डायरेक्टर किम फ्युचर विज़न सर्विसेज लि. निवासी फ्रैन्डस अपार्टमेंट बी-26 क.नं. 14 किरण गार्डेन मटियाला रोड थाना बिन्दापुर नई दिल्ली 3. जगमोहन सिंह पुत्र स्व. महिन्द्र सिंह डायरेक्टर नेक्टर कामर्शियल इस्टेट लि. निवासी 3453 गली नं 3 आजाद नगर, थाना कन्टोनमेन्ट अमृतसर पंजाब के विरुद्ध मा. न्यायालय सी.जे.एम. बस्ती उ.प्र. दि. 12/08/20 को द्वारा धारा-82 सी.आर.पी.सी. का आदेश जारी करते हुए अभियुक्तगणों को 30 दिवस के अन्दर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है। उक्त अभियुक्तगण लगातार फरार चल रहे हैं तथा लुक-छुप कर रह रहे हैं। अभियुक्तगणों के पते पर मा. न्यायालय के आदेश की तामिला हो चुका है। यदि अभियुक्तगण उपरोक्त आदेश के अनुपालन में मा. न्यायालय के समक्ष निर्धारित अवधि में समर्पण अथवा उपस्थित नहीं होते हैं तो मा. न्यायालय द्वारा अभियुक्तगणों के विरुद्ध धारा-83 सी.आर.पी.सी. का आदेश जारी करते हुए उनकी चल/अचल संपत्ति की कुर्की की जाएगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभियुक्तगणों की होगी।

न्यायालय
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बस्ती उ.प्र.

# निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान शुरू करेंगे बिजली कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्वांचल विद्युत** वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिन से महात्मा गांधी के जन्मदिन तक ज्ञापन दो अभियान चलाने का निर्णय लिया है। 25 सितंबर से प्रारंभ हो रहे ज्ञापन दो अभियान के अंतर्गत बिजली कर्मी पूरे प्रदेश में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों व विधान सभा तथा विधान परिषद के सदस्यों को निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देंगे। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन की विफलता की ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यानाकर्षण करते हुए उनसे अपील की है कि महामारी के दौरान कोरोना योद्धा की तरह निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने वाले बिजली कर्मियों पर भरोसा रखा जाए और निजीकरण का प्रस्ताव निरस्त किया जाए। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों के 21 सितंबर से प्रांतव्यापी दौरे प्रारंभ हो रहे हैं।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों वीपी सिंह, प्रभात सिंह, जीवी पटेल और सुहेल आबिद ने पुन: चेतावनी दी है कि यदि पूर्वांचल विद्युत् वितरण निगम के विघटन व निजीकरण की दिशा में एक भी और कदम उठाया गया तो बिना और कोई नोटिस दिए सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मी उसी क्षण अनिश्चितकालीन आंदोलन जिसमे पूर्ण हड़ताल भी होगी, प्रारम्भ कर देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन व सरकार की होगी। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों से अनिश्चितकालीन हड़ताल और सामूहिक जेल भरो आंदोलन के लिए तैयार रहने का अवाहन किया है।

संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि ऊर्जा निगमों का प्रबंधन बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं को हड़ताल के रास्ते पर धकेल रहा है। सरकार के प्रस्ताव के अनुसार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का विघटन कर तीन छोटे निगम बनाए जाएंगे और उनका निजीकरण किया जाएगा। संघर्ष समिति का कहना है कि जब वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का विघटन किया गया था तब सालाना घाटा मात्र 77 करोड़ रूपए था। विघटन के बाद कुप्रबंधन और सरकार की गलत नीतियों के चलते यह घाटा अब बढ़कर 95000 करोड़ रूपए से अधिक हो गया है।

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
क्षे. का.: सी 33/2, श्री प्रेम कॉम्प्लेक्स, चन्दुआ, वाराणसी-221002. फोन: 0542-2220631

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूमि हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सं. 54, 2002) के तहत बैंक में बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विक्रय**

जबकि इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अन्तर्गत जारी सूचना के तहत अधोलिखित अनुसूची में वर्णित अचल सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है । बैंक ने अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत अधोलिखित ऋण खाते के अन्तर्गत बैंक का बकाया, अन्य ब्याज, लागत एवं खर्च हुई राशि वसूलने हेतु **''जैसा है जहाँ है''** और **''जैसा है जो है''** और **''जो भी है''** में अधोलिखित आस्तियों को बेचने का निर्णय लिया है। विक्रय की प्रक्रिया अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म **“https://auctions.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi”** द्वारा दिनांक 22.10.2020 प्रात: 11.00 बजे से 2.00 बजे तक सम्पन्न होगी ।

| क्र. सं. | ऋणी व शाखा का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि (रू. लाख में) | आरक्षित मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) A/c No. where the EMD to be deposited/ IFSC codes | सम्पर्क अधिकारी का नाम व मो0 न0. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चित्रकूट में सम्पत्ति<br>शाखा : चित्रकूट धाम<br>ऋणी : श्री नरेन्द्र कुमार व जमानतकर्ता-कुमारी सीमा देवी, 225 वार्ड न. 4, लक्ष्मणपुरी, कर्वी - 210205 | समस्त सम्पत्ति का भाग मकान न. 323 सर्वे न. 923/2ka, वार्ड न. 4 (पूर्व), 6 (नया) मौजा-कर्वी सरकार, लक्ष्मणपुरी में स्थित उप जिला कर्वी व जिला चित्रकूट में पंजीकृत चौहद्दी : उत्तर : सड़क, दक्षिण : जी.जी.आई कॉलेज की चार दीवारी, पूर्व : श्रीमती मैना देवी का प्लॉट, पश्चिम : जीवन दास व राम दास की जमीन । | 5.42<br>दिनांक 18.09.2020 को + ब्याज एवं अन्य खर्चे अतिरिक्त | 58.05 | 5.81<br>24720113301010<br>IOBA0002472 | विमल मिश्रा<br>मो0 : 8687347784 |

**सम्पत्ति का निरीक्षण : 20.10.2020 तक प्रात: 10.00 से सायं 4.00 बजे। ऑनलाईन बिड (ईएमडी के साथ) जमा करने की तिथि: 21.09.2020 से ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि (ईएमडी के साथ): 21.10.2020, सायं 5.00 बजे तक। नीलामी की तिथि व समय: 22.10.2020, प्रात: 11.00 बजे से 2.00 बजे तक**

नियम व शर्तें: 1. सम्पत्ति की बिक्री ''जैसा है, जहां है एवं जो भी है'' के आधार पर की जाएगी। 2. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सम्पत्ति के बारे में सभी सम्भव सूचना लिया गया है। किन्तु किसी अन्य त्रुटि के लिए प्राधिकृत अधिकारी की जिम्मेदारी नहीं होगी। 3. बन्धक सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम मूल्य पर बिक्री नहीं की जाएगी। 4. नीलामी प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से ई-नीलामी पोर्टल “https://auctions.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi” पर होगी। 5. बोली दाता को सलाह दिया जाता है कि “http://www.ibapi.in” के माध्यम से समस्त नियम व शर्तें की जानकारी नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले कर लें। 6. इच्छुक बोलीकर्ता धरोहर धनराशि NEFT/RTGS के माध्यम से EMD जमा करने की अन्तिम तिथि 21.10.2020 सायं 5 बजे से पूर्व जमा कर सकते है। ई-नीलामी की अन्य नियम व शर्तों के लिए हमारे वेबसाईट http://www.ibapi.in देखें। हेल्पलाईन : 033-22901004, E-mail : varanasilaw@iobnet.co.in

दिनांक : 19.09.2020 स्थान : चित्रकूट
प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## कार सीख रही महिला ने मजदूरों को रौंदा

# एक की मौत, पांच घायल



### चंद्रिका देवी रोड पर दोपहर को हुआ हादसा हाइवे पर खड़े ट्रक में भिड़ा बाइक सवार घायल

संवाददाता। बख्शी का तालाब

**कार** सीख रही महिला की तेज रफ़्तार कार ने अनियंत्रित होकर सड़क निर्माण में लगे मजदूरों को रौंद डाला । हादसे में एक मजदूर की मौत हो गयीं । वहीं 5 अन्य मजदूरों की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल चंद्रिका देवी मार्ग पर दोपहर एक बजे की है । यहां पिछले छह माह पूर्व से सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है । कठवारा गांवके समीप 15 नंबर नलकूप के समीप बीकेटी की तरफ से काले रंग की तेज रफ़्तार कार आ रही थी। वह अनियंत्रित होकर निर्माण में लगे मजदूरों को कुचलते हुये सड़क किनारे झाड़ियों में जा कर रुक गयी। हादसे में बुद्धा यादव (55), निवासी खानपुर इटौंजा, उसी गांव के कृष्ण कुमार (25), लल्ला (25), छन्ना (22) व रामखेलावन(35) साहपुर इटौंजा घायल हो गये सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायलों को सीएचसी पंहुचाया । जहां डाक्टरों ने बुद्धा को मृत घोषित कर दिया । जबकि रामखेलावन की नाजुक हालत के चलते ट्रामा रिफर किया गया है। मजदूरों ने बताया कि कार महिला चला रही थी । थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कार को कब्ज़े में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं । वहीं दूसरी घटना सीतापुर हाइवे की है। जहां मड़ियांव के रहने वाले अख्तर अली 45 पुत्र अब्दुल अली रेउसा सीतापुर जा रहे थे। सरैया बाजार के पास खड़े ट्रक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गये । उन्हें ट्रामा सेंटर में रिफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## यूपीएसईई प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

# 84.76 फीसद अभ्यर्थी हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2020 रविवार को 206 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। कोविड.19 को देखते हुए पतिक्षा केंद्रों पर पूरे इंतजाम के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखा गया। तीनों पालियों को मिलाकर लखनऊ में 84.76 फीसद अभ्यर्थी शामिल हुए।

यूपीएसईई–2020 के समन्वयक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि प्रवेश परीक्षा प्रदेश के अंदर 187 एवं बाहर 19 परीक्षा केंद्र प्रदेश के बाहर बनाये गये थे। परीक्षा तीन पालियों में सम्पन्न करवाई गयी। प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से 11 बजे के मध्य, द्वितीय पाली पूर्वान्ह 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एवं तृतीय पाली अपरान्ह 3.45 बजे से 6.15 बजे सम्पन्न हो गयी। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले बुलाकर थर्मल स्कैनिंग के उपरांत ही प्रवेश दिया गया। थर्मल स्कैनिंग में जिन अभ्यर्थियों का शारीरिक ताप 99.4 से अधिक पाया गया, ऐसे अभ्यर्थियों की 15 मिनट बाद पुन: थर्मल स्कैनिंग की गयी। इसके बाद भी जिन अभ्यर्थियों का शारीरिक ताप 99.4 से अधिक पाया गया उनकी परीक्षा आईसोलेशन रूम में सम्पन्न करवाई गयी। राज्य प्रवेश परीक्षा में प्रथम और द्वितीय पाली में लगभग 73 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए। इसमें प्रथम पाली में लगभग 72 प्रतिशत एवं द्वितीय पाली में लगभग 74 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। राजधानी में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश जय नारायण इंटर कॉलेज पहुंचे और यूपीएसईई परीक्षा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था, सीसीटीवी के माध्यम से हर क्लासरूम की मॉनिटरिंग को भी देखा। जिलाधिकारी ने विद्यालय के कंट्रोल रूम में जाकर सीसीटीवी से सभी परीक्षा कक्षों की व्यवस्था को भी देखा। वहीं उन्होंने सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से और कोविड 19 प्रोटोकॉल को लेकर संपन्न कराए जाने पर संतुष्टि जाहिर की। परीक्षा को लेकर कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि सभी नोडल ऑफिसर से चैट बाट के माध्यम से जुड़े रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गयी है। सभी सेंटरों पर सेनेटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली।

**एकेटीयू ने देर शाम जारी की आंसर शीट:** एकेटीयू ने यूपीएसईई 2020 का परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की रविवार देर शाम आंसर शीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता आशीष मिश्र ने बताया कि जिस भी परीक्षार्थी को आंसर की या परीक्षा से संबधित कोई भी आपत्ति दर्ज करानी है तो वह 25 सितंबर तक करा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर से पहले ही रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा।

## लविवि: पीजी में दाखिले के लिए 10 अक्टूबर से शुरू होगी प्रवेश परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



### 17 अक्टूबर तक दो शिफ्ट में आयोजित होंगे एग्जाम

**परास्नातक** कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं 10 अक्टूबर से शुरू होंगी। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा 10 से 17 अक्टूबर के बीच में दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी शेड्यूल पर स्टूडेंट्स 22 सितम्बर एलयू की ईमेल आईडी पर डॉक्यूमेंट की स्कैन कॉपी के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

आपत्ति को लेकर यूनिवर्सिटी का कहना है कि जारी किए गए एग्जाम शेड्यूल में अगर किसी स्टूडेंट्स का पेपर आपस में क्लैश कर रहा हैं तो वह इसकी जानकारी यूनिवर्सिटी प्रशासन का दे सकता हैं। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी एंट्रेंस एग्जाम के लिए एलयू कोविड.19 के जारी सभी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए एग्जाम आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि एंट्रेंस एग्जाम दो शिफ्टों में सुबह दस से साढ़े 11 बजे और दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा।

**एलएलएम सहित तीन कोर्सेस के एडमिशन के नियम में बदलाव**

यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार फाइन आर्ट्स कॉलेज में संचालित होने वाले मास्टर इन विजुअल आर्ट्स कोर्स में केवल रिर्टन एग्जाम का आयोजन किया जाएगा। इसी के आधार पर स्टूडेंट्स को इस कोर्स में एडमिशन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कोर्स का एंट्रेंस एग्जाम एमसीक्यू पर आधारित होगा स्टूडेंट्स को सौ नंबर का पेपर देना होगा। इस बार एमवीए के एंट्रेंस एग्जाम में प्रैक्टिकल एग्जाम को समाप्त कर दिया गया हैं। वहीं एलएलएम कोर्स में भी रिर्टन एग्जाम में प्राप्त नंबरों के आधार पर ही एडमिशन होगा। इस कोर्स में इंटरव्यू को समाप्त कर दिया गया हैं। स्टूडेंट्स को सौ नंबर के एमसीक्यू आधारित प्रश्नों का जवाब देना होगा। इसी तरह एमएड कोर्स में रिर्टन एग्जाम होगा इंटरव्यू नहीं होगा पर इस कोर्स में स्टूडेंट्स की फाइनल मेरिट रिर्टन एग्जाम के नंबर और एकेडमिक रिकार्ड को दोनों को लेकर तैयार किया जाएगा।

# लाइसेंसी नहीं अवैध असलहे से की गयी थी आशुतोष की हत्या

### हत्यारे की तलाश में आधा दर्जन टीम लखनऊ सहित कई जिलों की छान रही खाक

इस्लाहुद्दीन शेख राजा। लखनऊ



**हसनगंज** के दीनदयाल नगर में हुए आशुतोष त्रिवेदी हत्याकांड में आरोपी जय सिंह की तलाश में आधा दर्जन टीमों को लगाया गया है जो कि लखनऊ सहित कई जिलों में डेरा डाले हुएं हैं। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस का कहना है कि उसे सीने मे अवैध असलहे से गोली मारी गयी थी, उसके पास कोई भी लाइसेंसी असलहा नहीं है। वहीं आरोपी और मृतक का कोई भी आपराधिक इतिहास पुलिस को नहीं मिला है लेकिन आरोपी जय सिंह के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है कि वो काफी समय से अवैध असलहों की तस्करी में भी लिप्त था और उसे एक पार्षद का आशीर्वाद भी प्राप्त था। जबकि सवाल उठता है कि पुलिस की नाक के नीचे तस्करी करता रहा और पुलिस को इस बात की भनक भी नही लगी। फिलहाल रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया । परिजनों ने शव सड़क पर रखकर हत्यारोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद पुलिस के अफसरों ने परिजनों को समझा बुझाकर शव का अंतिम संस्कार कराया। गौरतलब है कि शनिवार शाम मामूली विवाद के बाद कहासुनी को लेकर आशुतोष त्रिवेदी को जय सिंह ने अपने मेडिकल स्टोर पर गोली मारी थी। दोनों दोस्त थे और थोड़ी दूर पर ही रहते थे। हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं सूत्रों की मानें तो जयसिंह ने गोली मारने के बाद मृतक की पत्नी से फोन कर गैर इरादतन गोली मारने की बात कही थी। गौरतलब हो कि हसनगंज खदरा के दीनदयाल नगर निवासी आशुतोष त्रिवेदी अपने दोस्त जयसिंह की काव्या मेडिकल स्टोर पर बैठे थे। इस बीच जयसिंह उर्फ राका और आशुतोष में किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। इसी दौरान जयसिंह ने असलहे से गोली मार दी।

# करोड़ों की ठगी करने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अनी** बुलियन के नाम से हजारों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण के पद से सेवानिवृत्त है। पीजीआइ थाने की पुलिस ने इनमें दो आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। अनी बुलियन कंपनी व इसके संचालक समेत गिरोह के अन्य आरोपितों पर कई जिलों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस कमिशनर सुजीत कुमार पांडेय ने अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन के लिए 20 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एसीपी कैंट डॉक्टर बीनू सिंह के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोग गोमतीनगर की ओर से आ रहे थे। मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना के बाद कुमारगंज अयोध्या निवासी राम गोपाल गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता तथा चकरपुर सचेंदी कानपुर निवासी प्रदीप सिंह को सेक्टर आठ वृंदावन कालोनी के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित प्रदीप व विष्णु गुप्ता पर इनाम घोषित था। विष्णु को पूर्व में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने आठ किलो सोना व दो कुंतल चांदी के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं राम गोपाल गुप्ता सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण के पद से सेवानिवृत्त हैं। गिरोह के मास्टरमाइंड अजीत गुप्ता ने कंपनी खोली थी, जिसे पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कंपनी किसानों, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों व अन्य कर्मचारियों को झांसे में लेकर निवेश का लालच देती थी। 40 फीसद का वार्षिक लाभ देने का झांसा देकर लोगों से नोटरी हलफनामा बनवाकर कर्ज के तौर पर रुपये लिए जाते थे। इन रुपयों को शेयर मार्केट व सोना चांदी की तस्करी में लगा दिया जाता था।

वर्ष 2010 में अजीत ने अनी बुलियन ट्रेडर्स के नाम से कंपनी बनाई थी और लोगों से ब्याज के रूप में 10 हजार रुपये लेकर उन्हें 108 प्रतिशत तक लाभ देने का झांसा दिया था। इसके बाद नए लोगों के रुपये लेकर पुराने लोगों को बतौर ब्याज के रूप में वापस कर देता था। इससे बड़ी संख्या में लोग आरोपित की कंपनी से जुड़ते गए। आरोपित ने राजधानी के अलावा बाराबंकी, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में हजारों लोगों से रुपये लिए थे। इसके बाद दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व पंजाब समेत अन्य राज्यों में ठगी का जाल फैला दिया।

छानबीन में अब तक 13 कंपनियों के नाम सामने आए हैं जो फर्जीवाड़ा का काम करती थी। एसीपी कैंट ने बताया कि नोटबंदी लागू होने के बाद लोगों ने निवेश किए गए रुपये वापस मांगने शुरू कर दिए थे। इस पर गिरोह ने टालमटोल की और मोबाइल बंद कर फरार हो गए। इसके बाद अलग अलग जिलों में अनी बुलियन कम्पनी के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। गिरोह के सरगना अजीत गुप्ता की पत्नी निहारिका सिंह विदेश मंत्रालय में तैनात हैं जिसकी फोटो दिखाकर आरोपित लोगों को अदब में लेते थे। इस गिरोह ने करीब 600 करोड़ से अधिक रुपये हड़पे हैं।

## भाई की बंदूक से गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक ने लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच-पड़ताल कर रही है। वहीं बताया जा रहा है कि मृतक का उसकी पत्नी से शादी के बाद से परिवारिक विवाद चल रहा था। पिछले कुछ समय से वह अवसाद में चल रहा था। पुलिस कई बिन्दुओं पर तफ्तीश कर रही है।हरदोई भरावन निवासी प्रेम प्रकाश शुक्ला (32) उर्फ सोनू शुक्रवार को इलाज के लिए पारा के बादरखेड़ा में रहने वाले बड़े भाई शिव प्रकाश शुक्ला उर्फ मोनू के घर आया था। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में प्रेम प्रकाश ने बड़े भाई शिव प्रकाश की लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक लेकर ऊपर के कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद फायरिंग की आवाज कमरे से आयी। आनन-फानन परिजन कमरे में पहुंचे तो वहां खून से लथपथ प्रेम प्रकाश का शव पड़ा था।मृतक के बड़े भाई शिव प्रकाश के मुताबिक, प्रेम प्रकाश और उसकी पत्नी आरती के बीच शादी के बाद से पारिवारिक विवाद चल रहा था। पिछले कुछ समय से वह अवसाद में चल रहा था। मृतक फोटाग्राफरी का काम करता था। परिवार में पिता बाबू राम शुक्ला, मां शिव दुलारी,भाई बृजेश, अश्विनी, विजय, विशाल है। मौके पर पहुंची पुलिस बंदूक को कब्जे में लेकर पड़ताल में जुटी है।

## 11वीं कामर्स में एनसीईआरटी पैटर्न हुआ लागू

**लखनऊ।** कोविड 19 को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तरप्रदेश ने जहाँ एक तरफ सलेबस में कटौती कर दी हैए वहीं सत्र शुरू होने के पांच माह बाद 11वीं क्लास में कामर्स के स्टूडेंट्स के लिए एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम शुरू कर दिया है। यूपी बोर्ड के इस कदम के बाद अगले शैक्षिक सत्र में पूरे प्रदेश में यूपी बोर्ड से जुड़े करीब 28000 स्कूलों में कॉर्मस स्ट्रीम 12वीं क्लास में एनसीईआरटी आधारित कोर्स लागू हो जाएगा। जिसके चलते यूपी बोर्ड 2022 में 12वीं क्लास का एग्जाम एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित होगा। बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग एनसीईआरटी आधारित पाठक्रम आर्ट्स और साइंस के लिए लागू किया जा चुका है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा आर्यका अखौरी की तरफ से 18 सितंबर को एक आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशालय और यूपी बोर्ड को भेजा गया है।

# बुजुर्गों के प्रति अपनापन दिखाएं, भूलने की बीमारी से बचाएं

### जागरूकता लाने को 21 से 27 सितम्बर तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उम्र** बढ़ने के साथ ही तमाम तरह की बीमारियाँ हमारे शरीर को निशाना बनाना शुरू कर देती हैं । इन्हीं में से एक प्रमुख बीमारी बुढ़ापे में भूलने की आदत की है, ऐसे बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है । इसीलिए इस बीमारी की जद में आने से बचाने के लिए हर साल 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर्स–डिमेंशिया दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत 21 से 27 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह का संचालन किया जाएगा।

रविवार को यह जानकारी देते हुए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मनोचिकित्सा विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डा. आदर्श त्रिपाठी का कहना है कि बुजुर्गों को डिमेंशिया से बचाने के लिए जरूरी है कि परिवार के सभी सदस्य उनके प्रति अपनापन रखें। अकेलापन न महसूस होने दें, समय निकालकर उनसे बातें करें, उनकी बातों को नजरंदाज कदापि न करें बल्कि उनको ध्यान से सुनें। ऐसे कुछ उपाय करें कि उनका मन व्यस्त रहे, उनकी मनपसंद चीजों का ख्याल रखें। निर्धारित समय पर उनके सोने– जागने, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था का ध्यान रखें। अमूमन 65 साल की उम्र के बाद लोगों में यह बीमारी देखने को मिलती है या यूँ कहें कि नौकरीपेशा से सेवानिवृत्ति के बाद यह समस्या पैदा होती है। इसके लिए जरूरी है कि जैसे ही इसके लक्षण नजर आएं तो जल्दी से जल्दी चिकित्सक से परामर्श करें ताकि समय रहते उनको उस समस्या से छुटकारा दिलाया जा सके।

**विश्व अल्जाइमर्स दिवस आज**



**देश मे 16 करोड़ बुजुर्ग 60 साल से ऊपर:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली की तरफसे अभी हाल ही में जारी एक एडवाइजरी में कहा गया है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 16 करोड़ बुजुर्ग 60 साल के ऊपर हैं । इनमें से 60 से 69 साल के करीब 8.8 करोड़, 70 से 79 साल के करीब 6.4 करोड़, दूसरों पर आश्रित 80 साल के करीब 2.8 करोड़ और 18 लाख बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनका अपना कोई घर नहीं है या कोई देखभाल करने वाला नहीं है ।

**प्रदेश में चलेगा जागरूकता सप्ताह :** महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा डॉ डीएस नेगी की तरफ से इस बाबत सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस बारे में पत्र भेजकर 21 से 27 सितम्बर तक चलने वाले डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत कोविड.19 के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए रैली, संगोष्ठी, अर्बन स्लैम कैम्प, मंद बुद्धि प्रमाण पत्र प्रदान करने के सम्बन्ध में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**डिमेंशिया के लक्षण :** रोजमर्रा की चीजों को भूल जाना, व्यवहार में परिवर्तन आना, रोज घटने वाली घटनाओं को भूल जाना, दैनिक कार्य न कर पाना आदि इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं । इसके चलते बातचीत करने में दिक्कत आती है या किसी भी विषय में प्रतिक्रिया देने में विलम्ब होता है । डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हाई कोलेस्ट्रोल, सिर की चोट, ब्रेन स्ट्रोक, एनीमिया और कुपोषण के अलावा नशे की लत होने के चलते भी इस बीमारी के चपेट में आने की सम्भावना रहती है।

**जागरूक बनें, डिमेंशिया से दूर करें :** इस भूलने की बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरी है कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक रूप से अपने को स्वस्थ रखें । नकारात्मक विचारों को मन पर प्रभावी न होने दें और सकारात्मक विचारों से मन को प्रसन्न बनाएं। पसंद का संगीत सुनने, गाना गाने, खाना बनाने, बागवानी करने, खेलकूद आदि जिसमें सबसे अधिक रुचि हो, उसमें मन लगायें तो यह बीमारी नहीं घेर सकती । इसके अलावा नियमित रूप से व्यायाम और योगा को अपनाकर इससे बचा जा सकता है। दिनचर्या को नियमित रखें क्योंकि अनियमित दिनचर्या इस बीमारी को बढ़ाती है। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह से दूरी बनाना ही हित में रहेगा।

## ज्वैलरी की दुकान पर टप्पेबाजी करती महिला पकड़ी गयी

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रविवार को ज्वैलर्स की दुकान में तीन महिलाएं ज्वैलरी खरीदने के बहाने सोने के जेवरों पर हाथ साफ करने लगीं। दुकानदार ने उनमें से एक को टप्पेबाजी करते पकड़ लिया और स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि पकड़ी गई महिला की दो अन्य महिला साथी भागने में सफल रहीं। वहीं महिलाओं की सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय पुलिस पकड़ी गई महिला से पूछताछ में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित न्यू गडौरा में रहने वाले संदीप सोनी पुत्र स्व शीतला प्रसाद सोनी ने बताया कि उनकी न्यू गडौरा स्थित मलिक काम्प्लेक्स में कृष्णा ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। उनकी दुकान पिछले दो वर्षों से संचालित है और दुकान में तीन सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। रविवार दोपहर तीन महिलाएं नाक की कील खरीदने के बहाने घुसीं और देखते देखते कई नाक की कील टप्पेबाजी कर महिलाओं ने पार कर दीं। दुकानदार संदीप सोनी का कहना है कि उसने सीसीटीवी कैमरे में महिलाओं की करतूतें देख एक महिला को नाक की कील संग पकड़ लिया जबकि उसकी दो अन्य महिला साथी भागने में सफल रहीं।

# बरेली में जल्द बनेगा टेक्सटाइल पार्क: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बरेली में जल्द ही टेक्सटाइल पार्क का निर्माण शुरू हो जाएगा। इसे लेकर जो भी समस्याएं थीं उनका समाधान हो चुका है। कृषि के बाद टेक्सटाइल सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। बरेली और आसपास क्षेत्रों में इसकी परंपरा भी है। इसके बनने से यहां बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री रविवार को लखनऊ स्थित आवास पर बरेली मंडल की समीक्षा कर रहे थे। कोविड से लड़ाई में बरेली मंडल में हुए प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने टेस्टिंग और ट्रेसिंग के महत्व को समझने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत स्थित चूका प्राकृतिक रूप से बेहद खूबसूरत स्थान है पर्यटन और वन विभाग मिलकर चूका को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें। पर्यटन क्षेत्र रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम है।

## ● पर्यटन और वन विभाग मिलकर चूका को बनाएं पर्यटन स्थल

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरेली को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना महत्वपूर्ण है। यह परियोजना बड़े बदलाव और व्यापक विकास की वाहक है। इसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। वहीं, अमृत योजना के कार्यों की प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।।

बरेली मंडल के गन्ना किसानों को हुए भुगतान की स्थिति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग और जिला प्रशासन समन्वय बनाते हुए शेष बकाया राशि के भुगतान के लिए हर संभव कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरेली मंडल में ग्राम पंचायतों में जो ग्राम सचिवालय बनने की धीमी



प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश देते हुए उन्होंने शीघ्रता के साथ भूमि चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों के सामुदायिक शौचालयों के लिए ऐसी जगहों का चयन करें जहां उनका अधिकतम उपयोग हो। सभी की जियो टैगिंग सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरतमंदों को रोजी रोजगार मिले, इसके लिए नियमित जिला स्तरीय बैंकर्स कमेटी के साथ बैठक करें। प्राकृतिक जलस्रोतों तालाब, कुंओं और पोखरों में पानी का संरक्षण करें। गोआश्रय स्थल निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, विद्युतीकरण जैसे विषयों पर फोकस रखें। आत्मनिर्भर भारत योजना में कृषि क्षेत्र की बुनियादी संरचना को बेहतर करने की असीम संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित सांसद, विधायक और मंत्री से भी इस बाबत फीड बैक लिया। सांसद बरेली और केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने चीनी मिल की क्षमता बढ़ाने सहित कई नवीन कार्यों की ज़रूरत बताई, तो राजेश अग्रवाल ने मलिन बस्तियों में आवश्यक सुविधाओं के लिए विशेष सहयोग की मांग की। बरेली से विधायक अरुण कुमार ने प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था, कोविड काल मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी मुहिम के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह लोग क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता की लगातार निगरानी करते रहें। जिला प्रशासन प्रभारी मंत्रियों से मार्गदर्शन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर विकास को गति दें। बैठक में सम्बंधित जनपदों के प्रभारी मंत्री, विधायक लक्ष्मी नारायण चौधरी, महेश चंद्र गुप्ता, स्वामी प्रसाद मौर्या उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में लटका मिला युवक का शव

**सरोजनीनग।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक फोटोग्राफर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी में रहने वाला फिरोज अली उर्फ बबलू (30) पास में ही नवीन गौरी स्थित एक फोटो स्टूडियो में काम करता था। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 12 बजे फिरोज की पत्नी मकान के निचले हिस्से में काम कर रही थी। तभी फिरोज मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर चला गया। कुछ देर बाद किसी काम से जब उसकी पत्नी दूसरी मंजिल पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अन्दर से बंद था। जिसपर फिरोज की पत्नी ने उसे आवाज दी। लेकिन अंदर से कोई उत्तर नहीं मिल सका। जिसके बाद उसने खिड़की से झांक कर देखा तो फिरोज कमरे के अंदर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटका दिखाई पड़ा। फिरोज की पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने दरवाजा तोडा और फिरोज को इलाज के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## निशुल्क प्रशिक्षण एक अक्टूबर से

**सरोजनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर योजना के तहत सहयोग परिवार द्वारा आगामी एक अक्टूबर से आटो-रिक्शा एवं टैक्सी चालकों के परिजनों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रशिक्षण सह समन्वयक गीता ने बताया कि आटो-रिक्शा व टैम्पो चालकों के परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए कम्प्यूटर एकाउटिंग टैली, कटिंग-टेलरिंग एवं चिकनकारी ट्रेड में तीन माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ ही टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी और रोजगार-स्वरोजगार स्थापित करने में भी मदद की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक 18-35 आयु वर्ग एवं हाईस्कूल पास युवक-युवतियां आगामी 30 सितम्बर तक सरोजनीनगर के स्कूटर्स इण्डिया चौराहे के पास देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार में अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो फोटो व जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते है।

## अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन के महासचिव मो हनीफखान ने कहा कि आज देश की बड़ी आबादी बेरोजगारी की कगार पर पहुँच गई हैं। लाखों परिवार भुखमरी से जूझ रहे हैं, नौकरी न मिलने के चलते युवा आत्महत्या करने को मजबूर हैं। उन्होने कहा कि आपदा को अवसर बता कर अपनी पीठ थपथापाने वाली सरकार ने देश की जनता को आत्मनिर्भरता का झुनझुना थमा कर जिम्मेदारी से पहले ही पल्ला झाड़ लिया है।

## सफाई कर्मी की पिटाई करने वाले पर एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** नगर निगम सफाई कर्मियों के साथ मार–पीट की घटना अब आम हो गयी है। शुक्रवार को हजरतगंज में सफाई एवं अतिक्रमण अभियान के दौरान जोनल अधिकारी के ड्राईवर की पिटाई के दूसरे ही दिन जोन 8 के इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत निलमथा में शाहीनूर मोहल्ले में नगर निगम की टीम के साथ गाली–गलौज के साथ मारपीट की घटना हो गयी। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के निर्देश पर रविवार को आरोपी नागेन्द्र प्रसाद यादव निवासी प्लाट नं. 55 शाहीनूर कालोनी के विरूद्व कैंट थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी।

## किसान आज कलेक्ट्रेट में डालेंगे डेरा

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले राजधानी के किसान सोमवार को कलेक्ट्रेट में डेरा डालेंगे और किसान विरोधी अध्यादेशों के विरोध में धरना–प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह के नेतृत्व में किसान ठोस निर्णय न होने तक डटे रहेंगे।

## किराया बढ़ाने की तैयारी में ऑटो रिक्शा थ्री व्हीलर संघ

**लखनऊ।** ऑटो रिक्शा का किराया पहले दो किलोमीटर तक 25 रुपये। इसके अगले हर एक किलोमीटर का किराया 12 रुपये। रात में निर्धारित किराये का 15 फीसदी अतिरिक्त किराया और वेटिंग चार्ज दो रुपये प्रति मिनट होगा। लखनऊ ऑटो रिक्शा थ्री व्हीलर संघ ने नए किराये का प्रस्ताव बनाकर एसटीए सचिव और परिवहन आयुक्त को भेजा है। बता दें कि छह अक्तूबर को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक है। इस बैठक में ऑटो संघ ने किराया बढ़ाने का प्रस्ताव रखे जाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष पंकज दीक्षित बताते है कि वर्ष 2014 के बाद से ऑटो का किराया नहीं बढ़ाया गया। जबकि बीते छह वर्षो के दौरान सीएनजी और अन्य खर्चो में कई गुने की बढ़ोत्तरी हो चुकी हैं। वर्तमान में ऑटो का किराया पहले एक किलोमीटर तक के लिए 6.39 पैसे व अगले हर आधा किलोमीटर पर 3.04 पैसा किराया लिया जा रहा है। जोकि वर्तमान में अधिक खर्चो की वजह से ऑटो चालक सवारियों से मनमाना किराया भी वसूलने की शिकायतें आ रही है। ऐसे में एसटीए को भेजे गए प्रस्ताव में ऑटो का किराया मीटर से वसूलने की बात भी कही गई है।

## बंथरा में खेल मैदान के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा, प्लाटिंग शुरू

**सरोजनीनगर।** ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेलों में भी अपनी प्रतिभा निखार सकें इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दर्जनों खेल योजनाएं चलाई जा रही है। यही नही सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में खेल मैदान के लिए सभी गांवों में जमीनें भी आरक्षित की है। लेकिन तहसील प्रशासन की मिलीभगत से इन जमीनों पर प्रापर्टी डीलर कब्जा कर उन्हें बेच रहे है। इसका नमूना सरोजनीनगर तहसील के बंथरा गांव में देखा जा सकता है। यहां एक प्रापर्टी डीलर ने खेल मैदान के लिए आरक्षित जमीन पर जेसीबी चलवाकर अपनी जमीन में मिला लिया और प्लाटिंग कर उसे बेचना शुरू कर दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल मौके पर तो पहुंचे लेकिन बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गये। सरोजनीनगर तहसील की बंथरा ग्राम पंचायत द्वारा खेल मैदान के लिए गांव के बाहर लाला राम स्वरूप इण्टर कालेज के पीछे खेल मैदान के लिए तकरीबन 10 विस्वा भूमि आरक्षित की गई थी। इसी भूमि के बगल में गांव के ही रहने वाले एक प्रापर्टी डीलर ने प्लाटिंग का काम शुरू किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त प्रापर्टी डीलर ने यहीं स्थित खेल मैदान के लिए आरक्षित भूमि को अपनी प्लाटिंग में मिला लिया और उसपर प्लाटिंग कर बेचना शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो प्रापर्टी डीलर उनके साथ मारपीट पर उतारू हो गया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय लेखपाल से की। ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल मौके पर पहुंचे लेकिन बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गये। ग्रामीणों ने अब जिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिखकर खेल मैदान की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

## मां का शव मिलने के बाद तालाब में खोजी गई बेटी

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से लापता महिला हुई महिला की मौत पानी से डूबने से हुई। हालांकि पुलिस अभी दुधमुंही बेटी की तलाश नहीं कर पायी है। लखनऊ पुलिस ने रविवार को जनपद हरदोई के सुरसा नहर समेत अन्य आसपास के तलाबों में गोताखोरों की मदद से बेटी की खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से लापता महिला का शव हरदोई जिले की सुरसा नहर में उतराता मिला था। बीते शुक्रवार से दुधमुंही बेटी संग महिला लापता हुई थी। हालांकि उसकी बच्ची अभी भी लापता है। रविवार को गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

# लापरवाही से सैकड़ों की आबादी पर बीमारियों का खतरा

**मोहनलालगंज।** जलभराव और गन्दगी के बीच गुजारा कर रही सैकड़ों की आबादी की न प्रशासन सुन रहा और न पीडब्ल्यूडी। मोहनलालगंज में नगर पंचायत के मूर्त रुप लेने का इन्तजार कर रहे अफसर महीनों से आमजन की जिन्दगी का जोखिम उठाने को भी तैयार हैं। लिहाजा मोहल्ला वासियों के लिए नासूर बन चुकी समस्या का समाधान साल भर से प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के बीच अटक कर रह गई है।

मोहनलालगंज के संकट मोचन मन्दिर मोहल्ले में बसी सैकड़ों की आबादी साल भर से गन्दे पानी और गन्दगी के बीच गुजारा कर रही है। जल निकासी न होने से उफना रहा गन्दा पानी बस्ती में आवागमन के जर्जर मार्ग पर लम्बे समय से भरा हुआ है। लिहाजा एक तो दूषित जलजमाव उस पर गन्दगी की भरमार बस्ती के लोगों के लिए बीमारियों को न्योता दे रही है। लेकिन मोहल्ला वासियों की परेशानी से किनारा कर चुके ब्लाक और तहसील अधिकारी लापरवाही का ठीकरा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों पर फोड़ कर मूक दर्शक की भांति मोहनलालगंज में नगर पंचायत अमल में आने की राह भर देख रहे हैं। यहां तक कि अधिकारियों को जल निकासी के तात्कालिक प्रयास और पत्र भेजकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को नींद से जगाने तक की फुरसत नहीं मिल पा रही है।

## ● संकट मोचन बस्ती में जलभराव व गंदगी का मामला

### प्रदर्शन और केस झेलकर भी नहीं मिला न्याय

मोहनलालगंज के संकट मोचन मन्दिर मोहल्ला वासियों को पिछले वर्ष जलभराव की समस्या को लेकर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा था। जबकि तालाब में कूड़ा कचरा फेंकने के आरोप में बस्ती वासियों को पुलिस की जांच का भी सामना करना पड़ा था। लेकिन तत्कालीन डीएम के हस्तक्षेप के बावजूद भी मोहल्ले में बसी सैकड़ों की आबादी को साल भर बाद भी न्याय की दरकार है।

# गुलाला घाट पर नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुलाला घाट** पर महापौर के आदेशों का असर दिखा। पूरे घाट को स्वच्छ करने का नगरनिगम द्वारा अभियान चलाया गया। शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। एक कमेटी बनायी गयी हैं, जो प्रत्येक 15 दिन पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी। वहीं कैंप में बैठक के दौरान महापौर ने सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न कार्यों का आगणन देने का निर्देश दिया है।

महापौर संयुक्ता भाटिया की नाराजगी का असर रविवार को चौक स्थित गुलाला घाट पर दिखायी दिया। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम ने यहां विशेष सफाई अभियान चलाया। बड़े स्तर गुलाला घाट को संभालने की तैयारी शुरू की गयी है। शनिवार को

## ● गंदगी पाए जाने पर महापौर ने जतायी थी नाराजगी

महापौर अधिकारियों को बिना बताये अचानक गुलाला घाट पहुंची थीं। शौचालय में गंदगी एवं जगह—जगह कूड़ा देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थल की सफाई एवं पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया था। नगर निगम जोन 6 द्वारा यहां कई महीनों से चोक पड़ीं नालियों की सफाई के साथ पुरानी घास और कूड़े की सफाई एवं कूड़ा उठान किया गया। इसके अलावा जेसीबी मशीन द्वारा घाट के किनारे झाड़ियों एवं गंदे पड़े शौचालयों की सफाई भी की गयी। अंत्येष्टि स्थल के आस—पास एवं पार्क की सफाई भी कराई गई। इस दौरान जोनल अधिकारी अंबी बिष्ट, कर अधीक्षक चंद्रशेखर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। एक कमेटी बनायी गयी हैं, जो प्रत्येक 15 दिन पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी। वहीं आलमबाग स्थित आवासीय कैंप में बैठक के दौरान महापौर ने सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न कार्यों का आगणन देने का निर्देश दिया है।

वहीं महापौर ने अधिशाषी अभियंता मार्ग प्रकाश को खराब पड़े फौव्वारा को सही करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही महापौर ने गुलालाघाट में स्पीकर लगाकर रामधुन बजाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने घाट पर उद्यान को दुरुस्त करने का आदेश भी दिया है। कटाई छटाई करने के लिए एक माली तैनात करने के लिए कहा गया है।

## सड़क पर मिले बेहोश युवक की इलाज के दौरान मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृष्णा** नगर कोतवाली इलाके स्थित केसरीखेड़ा नादरगंज रोड पर शनिवार की रात एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक गश खा कर गिर गया और बेहोश हो गया। वहीं गश्त कर रही पालीगान पुलिस ने युवक को सड़क के किनारे बेहोश पड़ा देख इलाज के लिए ट्रामा भेजवाया। जहां इलाज के दौरान युवक की ट्रामा में मौत हो गई। वहीं मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं स्थानीय पुलिस मृतक युवक के परिजनों का पता लगाने में जुटी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित केसरीखेड़ा नादरगंज रोड पर बने हनुमान मंदिर के करीब एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक शनिवार की रात सड़क किनारे पालीगान पुलिस को बेहोशी हालत में मिला था। जिसे इलाज के लिए पुलिस ने ट्रामा भेजवा दिया था। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।


वहीं मृतक युवक ने सफेद रंग की शर्ट व काली रंग की पैन्ट पहन रखी थी और उसके पैर में लाल रंग के पट्टे की चप्पल पहने हुआ था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# जेईई मेन्स परीक्षा में सीएमएस से सर्वाधिक 303 छात्रों ने चयनित होकर बनाया रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल के मेधावी छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता का परचम लहराकर विद्यालय का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इस वर्ष सीएमएस के सर्वाधिक 303 छात्र जेईई मेन्स परीक्षा में चयनित हुए हैं जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। इसके अलावा, सीएमएस के 175 छात्रों ने 90 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये हैं जबकि 21 छात्रों के 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में चयनित सीएमएस छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व सफलता के लिए सीएमएस शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

सीएमएस के जिन 21 छात्रों ने 99 परसेन्टाइटल से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय के गौरवमयी इतिहास में नया आयाम जोड़ा है, उनमें



श्रेयांस सिंह (99.86 परसेन्टाइल), आयुष कुमार द्विवेदी (99.85 परसेन्टाइल), नन्दिनी दारूक (99.84 परसेन्टाइल), पार्थ बंसल (99.73 परसेन्टाइल), आदर्श गोयल (99.71 परसेन्टाइल), विवान मैत्रेय (99.67 परसेन्टाइल), सात्विक चन्द्र शुक्ला, (99.60 परसेन्टाइल), आर्यन अग्रवाल (99.59 परसेन्टाइल), खुशी वर्मा (99.56 परसेन्टाइल), कनद पाण्डेय (99.55 परसेन्टाइल), अनुभा त्रिपाठी (99.54 परसेन्टाइल), यश पन्त (99.52 परसेन्टाइल), ध्रुव रोहिरा (99.48 परसेन्टाइल), अमृतांश नारायन यादव (99.38 परसेन्टाइल), सुदीप श्रीवास्तव (99.30 परसेन्टाइल), पियूष कुमार (99.24 परसेन्टाइल), अलीशा वर्मा (99.23 परसेन्टाइल), ज्योदिरादित्य मिश्रा (99.22 परसेन्टाइल), अमीषा वर्मा (99.15 परसेन्टाइल), मानवेन्द्र प्रताप सिंह (99.08 परसेन्टाइल) एवं श्रेया भगत (99.01 परसेन्टाइल) शामिल हैं। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त हुए कहा है कि छात्रों की इस सफलता का श्रेय वास्तव में सीएमएस के कर्तव्यपरायण शिक्षकों को जाता है जिनमे अथक परिश्रम व लगन के कारण प्रतिवर्ष भारी संख्या में सीएमएस छात्र आईएएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल व अन्य व्यावसायिक कोर्सों के लिए चयनित होते हैं।

# अनुबंधित लग्जरी बसें बंद मालिकों की बढ़ी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यात्रियों** को अपनी पसंदीदा बस में सफर करने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। वजह रोडवेज प्रशासन ने वोल्वो और स्कैनिया बसों के संचालन पर ब्रेक लगा दिया है। बसों का संचालन बंद करने की एक वजह यह भी है कि अनलॉक में सवारियों की संख्या कम है। लिहाजा इन दिनों परिवहन निगम के लिए अनुबंधित लग्जरी बसें घाटे का सौदा साबित हो रही हैं।

ऐसे में लखनऊ समेत प्रदेश भर में 60 के करीब बसों का संचालन बंद हैं। इससे अनुबंधित बस मालिकों की परेशानी बढ़ गई है। क्योंकि बीते वर्ष रोडवेज ने प्रदेश भर में 100 लग्जरी बसों का अनुबंध किया था। गाड़ी मालिकों ने बैंक से लोन लेकर बसें खरीदकर रोडवेज से अनुबंध कर लिया। अब बसों का संचालन बंद होने से बैंक किस्त समेत अन्य खर्चो की वजह से बस मालिक सड़क पर आ गए हैं।

### बस मालिकों ने सीएम से लगाई गुहार

उप्र अनुबंधित बस ओनर्स एसोसिएशन के महासचिव अजीत सिंह ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा है कि आपके ड्रीम प्रोजेक्ट को रोडवेज के अधिकारी बंद करने पर तुले हैं। इस मामले में मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन पीआर बेलवारियार बताते है कि फेस्टिवल सीजन शुरू होने जा रहा है। जल्द ही बंद बसों का संचालन शुरू कराया जाएगा।

### डग्गामार बसें बनी यात्रियों का सहारा

रोडवेज की लग्जरी बसों का संचालन बंद होने से यात्री डग्गामार बसों की तरफभाग रहे है। जबकि इन बसों में यात्रियों का सफर सुरक्षित नहीं है। बावजूद निगम प्रशासन यात्रियों के मनपसंद बसों को शुरू करने से दूर भाग रहा है।

## पुरानी सीएनजी बसों को फिर से रोड पर उतारने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल में वित्तीय संकट के चलते लखनऊ में आने वाली सौ इलेक्ट्रिक बसों का मामला अब फंसता नजर आ रहा है। वहीं दूसरी तरफधीरे–धीरे सिटी बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में सिटी बस प्रबंधन उम्र पूरा कर चुकी सीएनजी बसों को मेनटेन कर रोड पर उतारने की तैयारी में जुटा है। सिटी बस प्रबंधन के अधिकारियों के अनुसार पुरानी बसों को ठीक कराकर सड़कों पर उतारा जाएगा। अंदर की सीटों के साथ ही उनकी फ्लोरिंग और अन्य तकनीकी खामियों को दूर किया जा रहा है।

सिटी बस प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अनलॉक 4 में सिटी बसों में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। जैसे जैसे ट्रेनों और रोडवेज बसों का संचालन बढ़ेगा, सिटी बसों में यात्रियों की संख्या भी बढ़ती जाएगी। अनलॉक 4 में यात्रियों की संख्या बढ़ कर 25 हजार तक पहुंच गई है। जबिक लॉकडाउन के बाद जब इन बसों के संचालन की शुरुआत हुई थी, तब इनमें यात्रियों की संख्या दस हजार तक ही थी। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ही 2009 में आई सीएनजी से चलने वाली बसों को ठीक किया जा रहा है। इनमें अधिकांश बसों में फ्लोरिंग और सीटे टूट गई हैं। दरवाजे खराब हो चुके हैं। खटारा हो चुकी इन बसों को संचालन योग्य बनाए जाने के प्रयास चल रहे हैं।

> जैसे–जैसे रोडवेज बसों और ट्रेनों का संचालन सामान्य होगा, यात्रियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सीएनजी से चलने वाली पुरानी बसों को ठीक कराया जा रहा है। इन बसों के अंदर सीटें, फ्लोरिंग के साथ ही इनका रंग रोगन किया जा रहा है। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर इनका संचालन किया जाएगा।
>
> **आरके मंडल**
> **एमडी, सिटी बस प्रबंधन**

**अल्पकालीन निविदा**

सूचित किया जाता है सविनियन विद्यालय पू०मा०वि० सरमें, जामों, अमेठी के छात्र/छात्राओं को (कुल छात्र–छात्रा सं0 207) ड्रेस वितरण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 21/09/2020 को फार्म जमा किये जायेंगे। निविदा दिनाँक 24/09/2020 को प्रबन्ध समिति/प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में खोली जायेंगी।

**एस०पी० सिंह**
**प्रधानाध्यापक**

**उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलगंज विकास खंड हसनगंज जनपद उन्नाव**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020 – 21 के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलगंज विकास खंड हसनगंज जनपद उन्नाव में अध्ययनरत लगभग 195 छात्र छात्राओं के दो दो सेट कपड़ा यूनीफार्म वितरण हेतु 23 सितंबर 2020 समय अपरान्ह 01:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा 24 सितंबर 2020 को समय 12:00 बजे विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा सम्बंधित शर्ते शासनादेश के अनुरूप होगी।

अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति उच्च प्राथमिक विद्यालय
नेवलगंज विकास खंड हसनगंज, जनपद – उन्नाव

# वादकारियों को न्याय के बजाए मिल रही तारीख

संवाददाता। मोहनलालगंज

**पायनियर की पड़ताल**

**न्याय में** देरी न्याय न मिलने के समान है। लेकिन मोहनलालगंज तहसील में राजस्वकर्मियों की लापरवाही से कुर्रा फाट और हदबरारी के कई मुकदमे एसडीएम कोर्ट में रिपोर्ट के इंतजार में निस्तारण के लिए अटके हुए हैं। राजस्व मुकदमों के तय समय में निराकरण को लेकर राजस्व परिषद और जिला प्रशासन की सख्ती तथा तहसील अधिकारियों की ओर से भेजे जा रहे रिमाइण्डर भी राजस्वकर्मियों का लापरवाह रवैया सुधारने में बेअसर साबित हो रहे हैं। लिहाजा मुकदमों में मिल रही तारीख पर तारीख वादकारियों को न्याय मिलने में बाधक बनी हुई है। हालांकि एसडीएम किंशुक श्रीवास्तव ने बताया बंटवारे और हदबरारी के जिन मुकदमों में राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट नही आ सकी है। उनकी सूची तैयार कराकर सभी राजस्व निरीक्षकों को भेजकर अविलम्ब रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ मामलों में रिपोर्ट आ भी गई है। जिन भी मुकदमों में रिपोर्ट नहीं दाखिल की गई उनकी समीक्षा कर जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाएगा।

### केस नंबर-01

कासिमपुर बिरुहा के रमेशचन्द्र ने 7 अक्टूबर 2014 को बंटवारे का मुकदमा दायर किया था। लेकिन कुर्राफाट की रिपोर्ट न आने से मुकदमे का निस्तारण लंबित है।

### केस नंबर-02

समेसी के धर्मेन्द्र ने 9 नवम्बर 2015 को बंटवारे का मुकदमा दाखिल किया था। कोई आपत्ति नही। तब भी कुर्राफाट रिपोर्ट का इंतजार है।

### केस नंबर-03

यश प्रताप सिंह ने मऊ की जमीन में बंटवारे का मुकदमा 10 फरवरी 2015 को दाखिल किया था। कोर्ट ने अंश का निर्धारण कर दिया। आधा दर्जन बार रिमाइण्डर भेजने के बावजूद कुर्राफाट की रिपोर्ट नहीं आ सकी।

### केस नंबर-04

घुसकर व फतेहपुर की जमीन के बंटवारे के लिए राकेश ने 19 अप्रैल 2018 को 4 मुकदमे दाखिल किए। विपक्षीगणों की आपत्ति भी नहीं फिर भी कुर्राफाट की रिपोर्ट के इंतजार में मुकदमे अभी भी लंबित हैं।

### केस नंबर-05

ममई मऊ के उम्मेर ने 1 फरवरी 2018 को बंटवारे के दो मुकदमे दाखिल किये लेकिन कुर्राफाट रिपोर्ट के अभाव में निर्णय नहीं आ सका।

# एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्राम कल्ली** पश्चिम तहसील सरोजनी नगर में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जदारो पर कार्रवाई के नाम पर सरोजनीनगर एसडीएम द्वारा दोहरा मापदंड अपनाने के खिलाफ ह्यूमन वेलफेयर इक्वल जस्टिस ट्रस्ट ने रविवार को कुर्सी रोड स्थित गायत्रीपुरम क्षेत्र में रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। डीएम को ज्ञापन देने जा रहे कार्यकर्ताओं को रोकने के दौरान गुड़म्बा पुलिस से जमकर बहस हुई। वहीं मौके पर पहुंचे एडीसीपी उत्तरी राजेश श्रीवास्तव के उचित कार्रवाई के आश्वसन पर ट्रस्ट ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान ट्रस्ट के संस्थापक हेमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि ग्राम कल्ली पश्चिम तहसील सरोजनीनगर की सरकारी अभिलेखों में दर्ज जमीन पर कब्जा करने वालो के खिलाफ एसडीएम सरोजनीनगर दोहरा मापदंड अपना रहे हैं। यहां सरकारी भूमि के एक बड़े हिस्से पर महंत धर्मेंद दास उर्फ धर्मेंद्र राम ने कब्जा कर लिया है। इसके पर्याप्त साक्ष्य भी हैं। बावजूद इसके एसडीएम सरोजनीनगर, लेखपाल त्रिवेणी प्रसाद व कानूनगो जितेंद्र सिंह भूमाफिया के तहत कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन देने के दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह यादव, मुनेंद्र सिंह, विकास कुमार मिश्रा, हरीश चंद्र गिरी, नितिन मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ट्रस्ट के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ● ह्यूमन वेलफेयर इक्वल जस्टिस ट्रस्ट ने सरकारी भूमि के कब्जेदारों के खिलाफ एसडीएम पर दोहरा मापदंड अपनाने का लगाया आरोप

### आईजीआरएस की जांच में कब्जा माना

आईजीआरएस संख्या 40015718101219 शिकायतकर्ता नन्दलाल की शिकायत पर जांच अधिकारी व लेखपाल त्रिवेणी प्रसाद व आवेदक भूपचन्द्र की आईजीआरएस संख्या 40015719044810 में जांच अधिकारी व उपनिरीक्षक विमल बैगा थाना पीजीआई ने भी महंत पर नहर विभाग के नाम दर्ज भूमि पर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा करने की जानकारी दी है। एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन लेकर प्रदर्शन को समाप्त करवा दिया गया है।

# दिनदहाड़े मां-बेटी को गोलियों से भूना, मां की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**गोरखपुर में** रविवार की दोपहर फिल्मी स्टाइल में बाइक सवार बदमाशों ने मां-बेटी को बीच सड़क पर गोलियों से भून दिया। इस सनसनीखेज वारदात में मां की मौत हो गई जबकि बेटी गम्भीर रूप से घायल है। घटना गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर इलाके में हुई। बशारतपुर क्रिश्चियन कालोनी की रहने वाली 43 वर्षीय डेविना मेजर रविवार की दोपहर में 18 वर्षीय बेटी डेल्फिना के साथ स्कूटी से अपने मायके जा रहीं थीं। उनका मायका भी उसी कालोनी में स्थिति है। मां-बेटी घर से कुछ ही दूर आगे राजीवनगर के आशियाना मोड़ पर पहुंची थीं कि तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक किया। दोनों बदमाश हेल्मेट पहने हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाश जैसे पीछे से मां बेटी की स्कूटी के समानान्तर अपनी बाइक से पहुंचे, बाइक पर पीछे बैठे शख्स ने गोली चला दी। स्कूटी पर पीछे बैठी डेविना मेजर को जैसे ही गोली लगी डेल्फिना का संतुलन बिगड़ गया। स्कूटी सहित मां-बेटी सड़क पर गिर पड़ीं। लेकिन बदमाश रुके नहीं। पहली गोली के बाद उन्होंने दूसरी गोली डेल्फिना को लक्ष्य करके चलाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक-एक कर कुल पांच गोलियां बदमाशों ने मां-बेटी को लक्ष्य करके चलाईं। दोनों को मरा जान या मौत के करीब मान बदमाश बाइक घुमाकर फिर उसी रास्ते से भाग निकले जिधर से वे मां-बेटी का पीछा करते हुए आए थे। जाते वक्त दहशत फैलाने के लिए वे हवाई फायरिंग करते जा रहे थे। अपनी आंखों के सामने यह सब होता देख कुछ लोग मां-बेटी की ओर दौड़े लेकिन बदमाशों की दहशत के चलते बदमाशों का पीछा करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा सका। यह वारदात दिन के साढ़े 12 बजे सड़क के बीचों-बीच हुई। जिस जगह यह वारदात हुई वहां खासी चहल पहल भी थी। आसपास की दुकानें भी खुली थीं। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक पुलिस पिकेट भी है जहां पुलिसवाले हर वक्त मौजूद रहते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोलियों की आवाज सुनकर पुलिसवाले भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आनन-फानन में मां-बेटी को मेडिकल कालेज पहुंचाया। मेडिकल कालेज में डॉक्टरों ने मां को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि बशारतपुर की रहने वाली 40 वर्षीय निवेदिता मेजर उर्फ डेविना पत्नी मनीष मेजर कुशीनगर जिले में सुकरौली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बेंदुआर में प्रधानाध्यापिका थीं।

### मौके पर मिला कारतूस का चार खोखा

पुलिस को घटनास्थल पर 32 बोर कारतूस का चार खोखा मिला है। डीआइजी ने बताया कि महिला को दो और उसकी बेटी को एक गोली लगी है।

### हिरासत में प्रॉपर्टी डीलर

पुलिस ने रामजानकी नगर के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर ज्ञानू तिवारी को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा कि रास्ते के विवाद को लेकर ज्ञानू तिवारी से निवेदिता का विवाद चल रहा था। एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने बताया कि ज्ञानू से पूछताछ चल रही है।

### सपा के प्रतिनिधिमंडल ने लिया हाल-चाल

मां-बेटी पर फायरिंग की सूचना पर सपा के एक प्रतिनिधिमंडल मेडिकल कालेज पहुंचा। सपा नेताओं ने मां डेविना मेजर की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रार्थना की कि बेटी डेल्फिना जल्द से जल्द खतरे से बाहर आ जाएं। प्रतिनिधिमंडल में विनोद यादव और आफताब अहमद भी शामिल रहे।

### वारदात के तुरंत बाद शहर की नाकाबंदी

पुलिस ने वारदात के तुरंत बाद शहर की नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों से मिले बदमाशों के हुलिए के आधार पर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस की एक टीम इस वारदात की वजहों का पता लगाने की कोशिश में जुट गई है। इस सिलसिले में पुलिस कुछ लोगों को उठाकर पूछताछ भी कर रही है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार परिवार ने किसी से दुश्मनी होने से इनकार किया है।डीआइजी रेंज राजेश मोदक, एसएसपी जोगेंद्र कुमार फॉरेंसिक और डॉग स्क्वाड टीम के मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। डीआइजी ने बताया कि घटना का पर्दाफाश करने के लिए क्राइम ब्रांच और शाहपुर थाने की टीम लगाई गई है। जल्द ही घटना आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।

# विधायक ने वितरित किये कपड़े के झोले

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**भारतीय जनता** पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत ग्रामीण विधायक विपिन सिंह के नेतृत्व में महावीर छपरा में ग्रामवासियों के बीच कपड़े के झोले का वितरण किया गया। वहीं ग्रामीण विधायक ने लोगों से अपील किया कि पॉलिथीन का प्रयोग बिल्कुल ना करें। सामान लेने, ले जाने के लिए कपड़े के झोले का प्रयोग करें। जिससे पर्यावरण संतुलन में हम सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए ग्रामीण विधायक विपिन सिंह व भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया की सेवा सप्ताह के मौके पर ग्रामीणों को झोला वितरित किया गया और योगी सरकार व मोदी सरकार के कार्यों की एक पुस्तिका भी वितरित की गई है। जिसमें सरकार द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाया गया है वहीं ग्रामीणों को शपथ भी दिलाया गया कि वह भविष्य में पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करेंगे।

## चुने गए फार्मासिस्ट एसो. के सदस्य

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष के आदेशानुसार जनपद कार्यकारिणी की एक बैठक शहर के एक मैरेज हाल में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता एवं संगठन प्रभारी रजत राय ने किया। इस दौरान जनपद कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव किया गया। रजत राय ने बताया है कि मनोज कुमार वर्मा, अंबे मणि त्रिपाठी, अनामिका सिंह, अशोक सिंह, शरदेंदु सिंह, सर्वेश गुप्ता, समीम भाई, अनिल सिंह, अनिल यादव, ए.के. द्विवेदी, राजेश यादव, दुर्गेश नरायन पांडेय, चंदन राय, रितेश चौरसिया, योगेश निगम, संजय कुमार, संजय पांडेय, सौरभ प्रताप सिंह, शिवेंद्र सिंह, रविंद्र साहनी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक के दौरान फार्मेसी संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा भी की गई।

# बाढ़ प्रभावित किसानों के नुकसान का आकलन शुरू

- लेखपाल ने किया आकलन

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



**तहसील क्षेत्र** आलापुर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित माझा कम्हरिया के बाढ़ राहत केन्द्र श्री विश्वनाथ उच्चप्राथमिक विद्यालय बरोही पूरा पाण्डेय में उपजिलाधिकारी आलापुर एवं तहसीलदार के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल बाढ़ से किसानों की फसलों के हुए नुकसान का (आकलन) आंकड़ा करने में लगे हुए हैं जिससे किसानों को क्षतिपूर्ति शासन से दिलायी जा सके। मालूम हो बाढ़ राहत केंद्र पर उपस्थित क्षेत्रीय लेखपाल पारसनाथ यादव ने बताया कि बाढ़ प्रभावित किसानों की गन्ने एवं धान की फसल के नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए उपजिलाधिकारी आलापुर धीरेंद्र श्रीवास्तव एवं तहसीलदार आलापुर ज्ञानेंद्र यादव के आदेश पर किसानों की गन्ने एवं धान की फसल के नुकसान का आकलन कर किसानों से उनका आधार कार्ड एवं खाता नंबर लिया जा रहा है जिससे क्षतिपूर्ति की राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा सके।ज्ञात हो बाढ़ के आगोश में आए माझाकम्हरिया, इटौरा ढोलीपुर सहित तटीय इलाकों की हजारों एकड़ धान एवं गन्ने की फसल बाढ़ में डूब कर नष्ट हो गई है । किसानों से उनका खाता नंबर एवं आधार कार्ड व खतौनी लेकर लेखपाल आकलन में लगे हुए हैं जिससे किसानों को क्षतिपूर्ति राशि भेजी जा सके।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश्वर यादव ग्राम प्रधान श्रीमती धनपत्ती देवी के प्रतिनिधि कमला यादव बृजेश कुमार यादव रामभवन निषाद शंकर यादव आज्ञाराम वर्मा सच्चिदानंद वर्मा राजेश कनौजिया रामराज निषाद मनोज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रशासन व नगर पंचायत अध्यक्ष के बीच छिड़ा द्वंद

- पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज
- अध्यक्ष ने भी डीएम पर लगाये आरोप

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**उत्तर प्रदेश** सरकार की उच्च प्राथमिकता में शामिल गो वंशीय पशुओं को संरक्षित कर उनका भरण पोषण कराए जाने की व्यवस्था को आईना दिखाने वाले नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा की अध्यक्ष शबाना खातून के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पशुओं के संरक्षण व उनके भरण पोषण के लिए 2019 से नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के महमूदपुर रामदिन सिह में पशु आश्रय स्थल संचालित है जिसमें पशुओं के भूसा, पशु आहार आदि के लिए विभिन्न दुकानों से टेंडर के आधार पर 129926 खरीद की गई थी। इसका भुगतान करने के लिए नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अभियंता को पत्र लिखा गया था जिसको भुगतान की स्वीकृत के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष शबाना खातून के पास भेजा गया था लेकिन अध्यक्ष के द्वारा इस मद में किसी भी प्रकार का नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के द्वारा भुगतान करने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन पशुधन अनुभाग 2 के शासनादेश 2 जनवरी 19 के अनुसार पशु आश्रय स्थलों व पशुओं के चारे की जिम्मेदारी स्थानीय निकाय की सुपुर्दगी में करने का आदेश जारी किया गया है। वही नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष के भुगतान से इनकार करने के कारण निकाय क्षेत्र में स्थापित इन पशु आश्रय स्थल में रहने वाले पशु कुपोषण का शिकार होने के साथ भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी बसखारी ने नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष के द्वारा किए गए इस कृत्य को पशु क्रूरता अधिनियम की श्रेणी में आने वाला कार्य बताते हुए बसखारी पुलिस को मुकदमा पंजीकृत कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। मामले में बसखारी पुलिस ने नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा की अध्यक्ष शबाना खातून के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष बसखारी पीएन तिवारी ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी बसखारी की तहरीर पर नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शबाना खातून ने प्रधान न्यायाधीश ,मण्डलायुक्त सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर डीएम पर भुगतान के लिये दबाव डालने का आरोप लगाया था।

# युवक की तालाब में डूबकर मौत

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**थानाक्षेत्र** राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम इन्दौरपुर उर्फ घिनहापुर में ननिहाल आये युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया।प्राप्त विवरण के अनुसार नरसिंह पुत्र मोहन उम्र लगभग 20 वर्ष जो कि कानपुर के रहने वाले थे दो महीने पहले अपने ननिहाल हरिराम (नाना) निवासी इंदौरपुर उर्फ घिन्हापुर थाना राजेसुल्तानपुर आये थे। दोपहर लगभग 12:30 बजे गांव के बाहर स्थित तालाब में नहाने गये थे अचानक तालाब में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई ।मालूम हो साथ में नहा रहे बच्चों ने दौड़ कर गांव के लोगों को सूचना दी फिर गांव वालों डायल 112 तथा 108 पर सूचना दी जहाँ से ग्रामीणों ने शव को तालाब से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अकबरपुर भेज दिया। इस दौरान नाटे यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मित्रसेन यादव ,श्यामनन्द और पूर्व ग्राम प्रधान महेंद्र यादव ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया ।

### शोकसभा का हुआ आयोजन

**मालीपुर।** स्थानीय थाना परिसर में बीते शनिवार को अस्पताल में असमय काल के गाल में समाए दिवान के मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में यहाँ तैनात उपनिरीक्षक, मुंशी, पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने अश्रुपूरित नेत्रों व गमगीन माहौल में सरल स्वभाव व मृदुभाषी दिवान अहिबरन के काम काज की प्रशंसा की और कहा कि ऐसा ज्ञानी दिवान हमलोगों का साथ अचानक छोड़ कर चला गया विश्वास नही हो रहा है।

## क्विक न्यूज

### हैदरगंज थाने में बनेगा होमगार्ड बैरक

**जानाबाजार, अयोध्या।** अब हैदरगंज थाने में बनेगा होमगार्ड बैरक होमगार्ड संगठित होकर चंदा लगाने में जुटे गए हैं। हैदरगंज थाने में होमगार्ड बैरक बनवाने के लिए होमगार्ड संगठित होकर स्वयं चंदा लगा रहे। वही बिना किसी सरकारी सहायता के तारुन थाने में होमगार्ड संगठित होकर होमगार्ड बैरक का निर्माण करवा चुके हैं। अब हैदर गंज थाने में भी होमगार्ड बैरक की व्यवस्था करने के लिए होमगार्ड संगठित होकर बैरक निर्माण के लिए अपनी तनख्वाह से पैसा काटकर दे रहे हैं। थाने में थानाध्यक्ष आवासए उपनिरीक्षक आवासए आरक्षी आवास और आरक्षी बैरक तो बना हुआ है। परंतु होमगार्ड बैरक नहीं बना हुआ है। होमगार्ड रात्रि में ड्यूटी के उपरांत थाने के कार्यालय के बाहर बेंच या फर्श पर ही बैठ कर अपना समय काटते रहे हैं।

### पतंजलि का 25 दिवसीय सह.योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**अयोध्या।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में योग गुरु परम पूज्य स्वामी रामदेव के निर्देशानुसार पतंजलि परिवार जनपद अयोध्या द्वारा 25 दिवसीय सह.योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज प्रातः 6 बजे 'पतंजलि मेगा स्टोर परिसर' मोतीबाग स्थित योग भवन में विधि-विधान से शुभारंभ किया गया। भारत स्वाभिमान के संरक्षक एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री हरि कृष्ण अरोड़ा जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिला प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समितिए रामतीरथ योगी ने भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम व उज्जाई प्राणायाम व सूक्ष्म व्यायाम का प्रशिक्षण देते हुए योग के लाभ बताए। साथ ही चिकित्सा व एक्यूप्रेशर के संबंध में जानकारी दी। 25 दिवसों तक प्रतिदिन दो सत्रों में संध्या सत्र में लिखित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।शिविर संचालन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास राम केवल सह जिला प्रभारी एवं जिला महामंत्री रामनेग योगीए पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रणविजय योगी युवा भारत के जिला प्रभारी प्रशांत कार्यालय प्रभारी सुधीर शशि राजेश बाबू आशीष आर्य संतोष कुमार सुरेश चंद्र रामकुमार सोना देवी कुसमा देवी लालती देवी आदि विभिन्न साधक. साधिकाये उपस्थित रहे।

### मृतक परिवार व घायल परिवार से मिले पूर्वमंत्री आनन्दसेन

**अयोध्या ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने सोहावल क्षेत्र में टेंपो और ट्रक के बीच टक्कर में मृतक परिवार व घायल परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया श्री यादव ने बताया कि टेंपो.ट्रक की टक्कर इतनी भीषण हुई कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और टेंपो में सवार 13 व्यक्तियों में चार व्यक्ति मौके पर ही मृतक हो गई तथा 9 व्यक्ति घायल हैं जिसमें कुछ लोगों की हालत गंभीर है उन्होंने सभी पीड़ित परिवार से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया और शासन प्रशासन से मांग की मृतक परिवार को सरकार 25-25 लाख आर्थिक सहायता दे तथा घायलों को भी इलाज हेतु आर्थिक मदद करें श्री यादव ने बताया कि टेंपो में सवार 13 व्यक्ति सरयू के ढेमुआ घाट पर मछली पकड़ने जा रहे थे यह सभी बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत मदरसा के रहने वाले थे उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया कहा समाजवादी पार्टी दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है इस मौके पर मुख्य रूप से प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव जयप्रकाश यादव अनिल कुमार बबलू ननकन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### पार्षद ने आयुक्त को लिखा पत्र

**अयोध्या।** रामजन्मभूमि जाने वाले मार्ग पर जीर्ण शीर्ण अवस्था में मौजूद शौचालय के जल्द निर्माण को लेकर स्थानीय पार्षद महंत रमेश दास ने कई बार नगर आयुक्त को पत्र लिखा। इस दौरान तीन नगर आयुक्तों ने नगर निगम की जिम्मेदारी सम्हाली। परन्तु किसी ने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया। प्रकरण को लेकर स्थानीय लोगो में रोष व्याप्त है। इसको लेकर वे मुख्यमंत्री को भी पत्र लिख चुके है। परन्तु अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। पार्षद महंत रमेश दास ने कहा कि अयोध्या केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है।

### किसान बिल राज्यसभा में पास होने पर बिफरे अयोध्या कांग्रेसजन

**अयोध्या।** किसान विरोधी बिल राज्यसभा में पारित हो जाने पर इसका कड़ा विरोध जताते हुए कहा आज का दिन काले कानून को पास हो जाने के रूप में जाना जाएगा जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, आईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंहएपीसीसी सदस्य मोहम्मद शरीफ ने संयुक्त रूप से एक विज्ञप्ति जारी कर कहा मोदी सरकार के तीन काले अध्यादेश किसान खेतिहर मजदूर पर घातक प्रहार है और यह इनको बर्बाद कर देने वाला अध्यादेश है अब न तो इन्हें एमएएसएपीएव हक मिल सकेगा तो मजबूरी में किसान अपनी जमीन पूंजीपतियों को बेच दें। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक और किसान विरोधी षड्यंत्र है इन नेताओं ने कहा नए क़ानून के लागू होते ही कृषि क्षेत्र भी पूँजीपतियों या कॉरपोरेट घरानों के हाथों में चला जाएगा ।

# पीके चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर


मेराजुद्दीन की अध्यक्षता मे ट्रस्ट की बैठक में भाग लेते सदस्य

**रविवार को** प्रभावती कैलाश चौरिटेबल ट्रस्ट की बैठक बसखारी स्थित अभिनंदन मैरिज हाल में संपन्न हुई।सैयद मेराजुद्दीन किछौछवी की अध्यक्षता में शुरू हुई ट्रस्ट के कोर कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री जफर मसूद के साथ विशिष्ट अतिथि गनीदार शाह एवं बसखारी के वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश नाथ यादव मौजूद रहे। ट्रस्ट के द्वारा लॉकडाउन के दौरान किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कोर कमेटी द्वारा सामूहिक सर्व धर्म विवाह समारोह को भव्यता देने की रूपरेखा बनाई गई। साथ ही वर वधु को 21 प्रकार के उपहार में दिए जाने वाले वस्तुओं का निर्णय लिया गया।इस दौरान ट्रस्ट के संरक्षक सुजात अली खान ने कहा कि शादी की भव्यता इस प्रकार से रखी जाएगी कि उसमे शरीक होने वाले नव दंपति को गरीबी का एहसास न हो और यह शादियां समाज के लिए मिसाल बने। लॉकडाउन के दौरान ट्रस्ट को आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले सदस्यों राजेश सोनी, अभिषेक यादव, मनोज चौरसिया, मोहम्मद नदीम, फैजान कुरैशी, अहमद अंसारी, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद कलाम शाह को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के द्वारा दिव्याग निलेश यादव द्वारा गरीब बच्चों को निशुल्क कोचिंग दिए जाने की सराहना करते हुए उन्हें आज की बैठक में सम्मानित भी किया गया। साथ ही नीलेश के द्वारा पढ़ाए जाने वाले बच्चों को स्टेशनरी दिए जाने की घोषणा भी की गई।इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी शरद यादव ने बताया कि सर्वधर्म शादी समारोह में भाग लेने वाले वर वधु का रजिस्ट्रेशन 1 जनवरी 2021 से प्रारंभ होगा।बैठक में डॉक्टर हिमायतुल्लाह, डॉक्टर शोएब, अमित कुमार यादव,अजय पांडेय,मो इब्राहिम,अशोक तिहारी,राजेश सोनी,पीर मोहम्मद, मोहम्मद इरफान सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बालू लदी ट्रक चोरी, जांच में जुटी कुमारगंज पुलिस

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या

- घटना की जानकारी होने के बाद घटनास्थल पर एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौका मुआयना करते हुए ट्रक चालक से भी पूछताछ की

**बालू लदी** ट्रक को अज्ञात चोरों ने असलहे के बल पर किया पार। काफी तलाश के बाद भी ट्रक का नहीं लग पाया कोई सुराग। ट्रक चालक ने पुलिस को दी सूचना। ट्रक चालक की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त समाचार के अनुसार ट्रक चालक सत्येंद्र यादव पुत्र राम नारायण यादव ग्राम कनकठा थाना सासाराम जिला रोहतास बिहार अपने गांव के ही सुरेंद्र यादव पुत्र हीरा यादव की टाटा 14 चक्का ट्रक बीआर 24जी-8765 से डेहरी सासाराम बिहार से बालू लाकर बीते शनिवार 19सितंबर कि सुबह 5 बजे अयोध्या जनपद के खजुराहट श्री धर्म कांटा पर पहुंचा था जहां से रंजीत कुमार शुक्ला पुत्र सर्वदत्त शुक्ला निवासी महावां व संतोष तिवारी पुत्र अंबिका तिवारी निवासी तिवारीपुर पोस्ट देवापुर थाना बीकापुर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से एक अज्ञात व्यक्ति जिसका मोबाइल नंबर 8756244471 द्वारा बालू खरीदा गया तथा खरीदे गए बालू को कुमारगंज से लगभग तीन से चार किलोमीटर आगे ले जाने के लिए कहा गया ट्रक चालक दोपहर करीब 1.00 बजे उक्त अज्ञात व्यक्ति व दोए तीन और अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ने गोविंद सिंह ब्रिक फिल्ड; ईट भट्ठाद्ध ग्राम सराय बग्घा तौधिकपुर थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर पर खड़ा कराकर जबरदस्ती ट्रक चालक को कार में बैठा कर ले कर चले गए और दिनभर गाड़ी में बैठा कर इधर उधर घुमाते रहे। शनिवार की रात लगभग 8 बजे सुल्तानपुर फैजाबाद मार्ग पर ट्रक चालक को छोड़कर चले गए ट्रक चालक जब ईट भट्टे पर पहुंचा कर देखा तो वहां पर ट्रक मौजूद नहीं थी चालक ने पीआरबी पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर जयप्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज नित्यानंद सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बीकापुर इंद्रेश कुमार यादव पुलिस टीम के साथ रात भर खोजबीन करते रहे लेकिन ट्रक का कहीं पर कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना की जानकारी होने के बाद घटनास्थल पर एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौका मुआयना करते हुए ट्रक चालक से भी पूछताछ की। घटना के संबंध में जब एसपी ग्रामीण से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है अज्ञात लोगों की गिरफ्तारी करने के लिए सर्विस लांस का भी सहारा लिया जा रहा है बहुत जल्द गठित टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विधायक ने पूर्वांचल के गांधी की प्रतिमा पर की साफ-सफाई


फल वितरित करतीं विधायक अनीता कमल

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

**देश के प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के क्रम में आज आलापुर की विधायक अनीता कमल एवं पूर्व विधायक त्रिवेणी राम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर एवं जयराम जनता जूनियर हाईस्कूल रामनगर के प्रांगण में स्थित पूर्वांचल के गांधी स्व. जयराम वर्मा एवं पूर्व प्रमुख स्व. रामसहाय गुप्ता के समाधि स्थल पर साफसफाई कर प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप मेंजहांगीरगंज मंडल के ककरापार अनुसूचित बस्ती मेंविधायक एवं सहयोगियों के द्वारा घर घर जाकर फल वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अवधेश कमल , विधायक मीडिया प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल मंडल अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यवरधन पांडे अमित गिरी, आयुष त्रिपाठी, नीरज सोनी, मायाराम अग्रहरि, प्रमोद गुप्ता, सहित पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# हर मोर्चे पर विफल है केन्द्र व प्रदेश की सरकार

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर

- एमएलसी हीरालाल ने कहा, रोजगार पाने के लिए भटक रहे बेरोजगार

**केंद्र व** प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल है बेरोजगार रोजगार पाने के लिए भटक रहे हैं प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त है लूट हत्या बलात्कार की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं डीजल पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं किसान बेरोजगार नौजवान परेशान है। सरकार से त्रस्त अभी से ही पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर दिखाई देने लगी है 21 सितंबर को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर तहसील मुख्यालय पर आयोजित प्रदेश सरकार के विरोध में अधिक संख्या में पहुंच कर ज्ञापन सौंपने का काम सपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। उक्त बातें सपा नेता विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव ने रविवार शाम को पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम नारायण यादव के सोल्हवा आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर मुद्दे पर असफल है प्रदेश में लूट हत्या और बलात्कार की घटनाएं दिन पर दिन बढ़ती जा रहे हैं वही अपराधी खुलेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिसको रोक पाने में प्रदेश सरकार नाकाम साबित हो रही है। वही डीजल पेट्रोल के बढ़ते दामों के कारण किसानों व अन्य लोगों की समस्याएं दिन प्रति दिन बढ़ रही है। रोजगार न मिलने के कारण से लोग बेरोजगार होते जा रहे हैं जिससे उनके सामने आज रोजी रोटी के संकट खड़े होते जा रहे हैं। एमएलसी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसान नौजवान बुनकर विरोधी है। और चुनाव के समय किए गए वादों से मुकर रही है। प्रदेश की जनता एक बार पुनः सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफआस लगाए बैठी है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख धर्मराज यादव प्रमुख प्रतिनिधि रामनगर बलिराम जिला पंचायत सदस्य अनवर सादात अंसारी अश्वनी यादव वीरेंद्र तिवारी रवीन्द्र यादव राजेंद्र यादव पूर्व प्रधान जीतेन्द्र सिंह परमहंस यादव मनोज यादव महेंद्र यादव घनश्याम यादव राम प्रसाद यादव संदीप यादव बिट्टू मोहम्मद अजमल बलिराम निषाद उमापति तिवारी सोन प्रकाश प्रधान रणविजय यादव अजय यादव राजमणि यादव विवेक यादव आदि लोग मौजूद थे।

### पूर्वमंत्री पवन पांडेय ने सैकड़ों लोगों को सपा की दिलायी सदस्यता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के काफिले में लगातार इजाफा होता जा रहा है। आज इसी क्रम में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी में निष्ठा जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के कृष्णा पुर स्थित आवास पर आज बड़ी तादाद में लोगों ने समाजवादी पार्टी का दामन थामते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# कृषि संबंधी विधेयक

## खेती का संभावित निगमीकरण

**अमेरिका** में खेती के निगमीकरण ने फैक्ट्री-फार्मिंग से 'खेत से प्लेट' तक अबाधित श्रृंखला तैयार हुई है। लेकिन इसने ग्रामीण समुदायों, उनकी आर्गेनिक विधियों, उनके खास उत्पाद, उनकी प्रासांगिकता और स्वतंत्र अस्तित्व को समाप्त कर दिया है। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में विश्व खाद्य बाजार पर औद्योगिक प्रक्रियाओं के माध्यम से कब्जा करने तथा जमीनों को उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार फसलें पैदा करने से हुई। लेकिन थोड़े ही समय में अति-उत्पादन के कारण किसानों को उचित दाम नहीं मिल सके और वे कर्ज में डूब गए। उनके पास खेती बंद कर अपनी जमीनें बेचने के सिवा और कोई रास्ता नहीं बचा। अब किसान कुल अमेरिकी कृषि उत्पाद में एक चौथाई उत्पादन भी नहीं करते हैं और वे विशाल खाद्य कंपनियों के एक प्रकार से गुलाम बन गए हैं। इसी परिदृश्य की आशंका से अनेक भारतीय किसान कृषि संबंधी विधेयक पास करने का विरोध कर रहे हैं। हालांकि, इनसे कृषि संबंधी प्रक्रियायें तेज व सुचारु हो सकती हैं, पर किसान अपनी शर्तों पर जीने का अपना अधिकार छोड़ने को तैयार नहीं हैं। उनको डर है कि इससे राज्य के लिए एफसीआई द्वारा खरीद की वर्तमान व्यवस्था अंततः कमजोर हो सकती है। हालांकि, प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इन विधेयकों से किसान 'सशक्त' होंगे, उनको बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलता रहेगा। लेकिन किसानों में बढ़ती बेचैनी के कारण ग्रामीण वोटबैंकों पर निर्भर क्षेत्रीय पार्टियां, जैसे शिरोमणि अकाली दल-शिअद व जननायक जनता पार्टी-जेजेपी पर सत्तारूढ़ भाजपा से अलग होने का भारी दबाव है। इसी कारण शिअद की मंत्री हरसिमरत सिंह बादल ने केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। संसद में सुखवीर सिंह बादल ने चेतावनी दी कि प्रस्तावित कानून कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए पंजाब की अनेक सरकारों का पचास साल का काम



'नष्ट' कर देंगे। सरकार जोर दे रही है कि नए कानून 'एक देश एक बाजार' बनाने में सहायक होंगे तथा किसान अपने उत्पाद वर्तमान अनाज मंडियों से बाहर भी बेच सकेंगे। लेकिन किसानों के बड़े हिस्से को खुले व प्रतियोगी बाजार से डर लगता है और वे सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त करना जारी रखना चाहते हैं। उनको डर है कि निगमों से अनुबंध की स्थिति में निर्णय लेने में किसानों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी। भले ही पुरानी व्यवस्था कमजोर विकल्प के रूप में जारी रहे, पर अंततः यह उभरती एकाधिकारी कंपनियों के सामने ध्वस्त हो जाएगी। फार्मर्स प्रोड्यूस ट्रेड एंड कामर्स प्रमोशन एंड फैसिलिटेशन बिल, 2020 घोषित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी मंडियों से बाहर खरीद व बिक्री की अनुमति देता है। यह राज्य सरकारों को एपीएमसी बाजारों के बाहर व्यापार पर कोई फीस, चुंगी या लेवी लगाने पर प्रतिबंध लगाता है। कृषि उत्पादों में व्यापार करने के लिए किसी लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी तथा पैन कार्ड रखने वाला कोई भी व्यक्ति सीधे किसानों से खरीद कर सकता है। ऐसे में पंजाब जैसी राज्य सरकारों को चिन्ता है कि एपीएमसी मंडियों से मिलने वाला उनका राजस्व कम हो सकता है और यह एक प्रकार से राज्यों पर संघ का नियंत्रण होगा। फार्मर्स इम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन एग्रीमेंट आन प्राइस एश्योरेंस एंड फार्म सर्विसेज़ बिल, 2020 राज्य एपीएमसी कानूनों व ठेका खेती कानूनों में एकरूपता लाना चाहता है। इससे किसान परस्पर सहमत कीमत के आधार पर कार्पोरेट उद्यम से अनुबंध कर सकता है। एशेंसियल कमोडिटीज़ अमेंडमेंट बिल, 2020 दालों, अनाजों, तिलहनों, खाद्य तेलों, प्याज व आलू को नियंत्रित सूची से बाहर करता है। इससे गरीबों की खाद्य सुरक्षा संकट में पड़ सकती है। हालांकि, कृषि क्षेत्र का जीडीपी में हिस्सा बहुत कम है, पर किसान देश की जनसंख्या का 60 प्रतिशत हैं। इस मतदाता आधार को कोई राजनीतिक पार्टी नाराज नहीं करना चाहती है। किसान समर्थक शिअद व जेजेपी के अलावा बाकी विपक्ष भी भाजपा के खिलाफ किसानों की नाराजी को मुद्दा बना सकता है।

# कोविड-19 को लेकर सभी अंधेरे में

### दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लिए गए दो उदाहरणों से कुछ ऐसा जाहिर होता है जो लगातार स्पष्ट होता जा रहा है कि : कोविड-19 के विरुद्ध जारी सार्वभौमिक लड़ाई में कोई सार्वभौमिक स्थापित नियम नहीं हैं।



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



दुनिया के विभिन्न हिस्सों पर दृष्टि डालें तो कभी-कभी यह विश्वास करना कठिन हो जाता है कि सारा विश्व एक घातक और प्रायः मृत्युकारी वायरसजनित व्याधि के विरुद्ध साझा लड़ाई लड़ रहा है जिसे कोविड-19 के नाम से जाना जाता है। एक मामला है यूनाइटेड किंग्डम का। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, जो सुगमतापूर्वक बोलने वाले दिलकश आदमी हैं, कोविड-19 के प्रभावों को क्षीण करने के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कठोर कदमों के विरुद्ध जन असंतोष व अपनी ही पार्टी के भीतर हो रही बगावत से जूझ रहे हैं। हाल ही में उठाए गए कदमों में शामिल है उन इलाकों के लोगों के मिलने पर रोक लगना जो एक परिवार में नहीं रहते हैं। अन्य इलाकों में एक छत के नीचे छह से अधिक लोगों के खड़े होने पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उम्मीद की जा रही है कि ये प्रतिबंध नववर्ष आने तक लागू रहेंगे। परिणामतः, जॉनसन को भय है कि ओलिवर क्रोमवेल के बाद ब्रिटेनवासियों को क्रिसमस का त्यौहार मनाने से रोकने वाले पहले शासक होंगे। दूसरा उदाहरण अपने ही देश का है जो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कोविड-19 निरोधक रणनीतियों पर केंद्रित है, एक साहसी महिला जिसने कभी कोलकाता को एक और लंदन में रूपांतरित करने का इरादा घोषित किया था। महालय पर, मुबारक मौसम की शुरुआत, इस वर्ष आगामी अवसरों के प्रकाशन में इसे लगभग एक महीने का माना गया है, परम्परागत रूप से 10 दिनों के विपरीत, जिसका चरम परिणिति विजयदशमी पर देवी दुर्गा के मूर्तियों के विसर्जन के रूप में होती है, ममता बनर्जी से एक यादगार घोषणा की है। बंगालियों के भय को दरकिनार करते हुए कि इस वर्ष दुर्गा पूजा अत्यंत हल्के तरीके से मनाई जाएगी, और कुछ जगहों पर तो आयोजित ही नहीं होगी, ममता ने ट्वीट किया है कि उन पांच दिनों के दौरान जीवन त्यौहारमय रहेगा जब संपूर्ण पश्चिम बंगाल आनंदोत्सव में सराबोर हो जाता है।

दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लिए गए दो उदाहरणों से कुछ ऐसा जाहिर होता है जो लगातार स्पष्ट होता जा रहा है : कोविड-19 के विरुद्ध जारी सार्वभौमिक लड़ाई में कोई सार्वभौमिक स्थापित नियम नहीं हैं। एक साझा उम्मीद हो सकती है, राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर, कि वैज्ञानिकों के विभिन्न समूहों के बीच जारी तीव्र प्रतिस्पर्धा के चलते कोई चमत्कारी वैक्सीन ईजाद हो जाएगी जो दुनिया को इस बीमारी से बचाकर सामान्य स्थितियां वापस लाएगी। मगर इस वुहान वायरस से बचने के लिए विज्ञान की सामान्य प्रतीक्षा को छोड़कर और कुछ भी साझा नहीं है।

यहां तक कि देशों के भीतर भी, कोई सामान्य मतैक्य नजर नहीं आता। अब अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हेतु प्रचार की शैली को ही देख लीजिए। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी, जो बिडेन, सावधानी बरत रहे हैं, सामाजिक दूरी बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं और अपने प्रचारकों को मास्क पहनने की सलाह दे रहे हैं। प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन खेमा एवं वर्तमान पदासीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वैसा करते नजर नहीं आते। वे जन रैलियां कर रहे हैं और बड़ी संख्या में उनके समर्थक मास्क

**एक साझा उम्मीद हो सकती है, राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर, कि वैज्ञानिकों के विभिन्न समूहों के बीच जारी तीव्र प्रतिस्पर्धा के चलते कोई चमत्कारी वैक्सीन ईजाद हो जाएगी जो दुनिया को इस बीमारी से बचाकर सामान्य स्थितियां वापस लाएगी। मगर इस वुहान वायरस से बचने के लिए विज्ञान की सामान्य प्रतीक्षा को छोड़कर और कुछ भी साझा नहीं है।**

पहनने या सामाजिक दूरी की चिंता नहीं करते हैं। इस बीच, अमेरिका कोविड-19 संक्रमितों की संख्या के मामले में शीर्ष पर है। यह भी एक प्रकार का नियंत्रण है जिसने महामारी के विरुद्ध राष्ट्र की रणनीति के विचार को परिलक्षित किया है। देश में तीव्र व्यक्तिवाद को अपनाए जाने की प्रवृत्ति सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छाई हुई प्रतीत होती है। जिस समय महामारी को अत्यधिक प्रभावी होते देखा जा रहा है, वैयक्तिक स्वतंत्रता का दमन करने के सभी प्रयास गैर-अमेरिकी माने जा रहे हैं।

शुक्र है, भारत में ऐसा संविधान नहीं है जहां 1.3 अरब लोग अपने हिसाब से काम कर रहे हों, यद्यपि यह चीन नहीं है जहां 1.4 अरनब जनसंख्या से केवल एक ही चीज करने की उम्मीद की जाती है। हमारा संविधान नागरिकों को वैज्ञानिक अभिवृत्ति अपनाने की सलाह देता है। छैनिक समझ में इसका अर्थ होता है कि किसी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी चुनौती का सामना करते हुए हमसे विशेषज्ञ आधारित वैज्ञानिक सलाह मानने की अपेक्षा की जाती है और चीजों को व्यक्तिगत रूप से मनमाने ढंग से काम करने के लिए नहीं छोड़ना है। मगर दुर्भाग्य से, यह कहना सरल है, करना कठिन।

राष्ट्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। देश में लाकडाउन खुले जाने की स्थिति के बावजूद, उन्होंने बाद-बार सामाजिक दूरी कायम रखने तथा चेहरे पर मास्क लगाए रखने की सलाह दी है। संसद के वर्तमान में जारी सत्र के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में बैठने की सांतरित व्यवस्था की गई है तथा सांसद संसदीय भवन के अलग-अलग खंडों में बैठते हैं। बिहार में, जहां विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार हिचकिचाहट के साथ प्रारम्भ हुआ है, सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन आभासी रैलियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, इंटरनेट कनेक्टिविटी की असमान प्रकृति के बावजूद।

पश्चिम बंगाल में, जहां दैनिक मामलों की संख्या लगभग 3,200 है और सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा उद्देश्य के अनुरूप बेहतर नहीं है, वहां बीच-बीच में लाकडाउन किया जाता है जिसकी तिथियां कुछ इस तरह चुनी जाती हैं जैसे कि यह कोई चक्के वाला रूसी खेल हो। संसद में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने बताया कि राज्य सरकार अर्थशास्त्र में नोबल पुरस्कार विजेता की अध्यक्षता वाली वैश्विक परामर्शकारी परिषद के मार्गदर्शन में काम कर रही है।

ऐसे में तो यह माना जाए कि उन्होंने मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि समय-समय पर लाकडाउन करने से वायरस पूर्ण रूप से भ्रमित हो जाएगा। यह भी मान सकते हैं कि उन्होंने यह भी सुझाव दिया होगा कि युवा छात्रों के लिए सम्मिलित प्रवेश परीक्षा में बैठना खतरनाक है, मगर बाहर निकलकर दुर्गा पूजा में भाग लेना सुरक्षित है। यह सबकुछ बहुत भ्रमित करने वाला है।

यहां पर अजीबोगरीब किस्म की वास्तविकता यह है कि वर्तमान समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी रणनीतियों के पीछे कोई विज्ञान नहीं है। लगता है कि हर कोई अंधेरे में ही भटक रहा है, रणनीतियां विकसित की जा रही हैं और उम्मीद की जा रही है कि तब तक चीजें ऐसे ही बनी रहेंगी जब तक कोई नई दवा, चाहे व्लादिमीर पुतिन के रूस की प्रयोगशाला में खोजी जाए अथवा जॉनसन के अल्मा आक्सफोर्ड में, हर किसी को इस अनिश्चितता से बचा लेगी। महामारी विज्ञानियों की गणितीय मॉडलिंग की तरह जो बताती है कि लगभग 70 प्रतिशत भारत की जनसंख्या का कोविड-19 संक्रमित होना निश्चित है अथवा उन लोगों का जो नहीं हो सकते क्योंकि गोमूत्र घातक वासरस नाशक है, सबकुछ अनिश्चितता का खेल है। जीवन की इस लॉटरी में कोई विज्ञान नहीं होता, सिर्फ भाग्य की बात है।

# न्यायिक सीमाओं का विस्तार

**"पिछले वर्षों में अदालतों ने भारत में न्याय का चेहरा बदल दिया है और उन मुद्दों पर ध्यान दिया है जहां कार्यपालिका अपना दायित्व निभाने में विफल रही है।"**



**वी के बहुगुणा**
(लेखक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं)

प्रशासन की किसी व्यवस्था में न्यायपालिका हमेशा सभ्य जीवन का एक हिस्सा रही है। भारतीय इतिहास में पहले राजा न्याय देने का काम करते थे। उन दिनों जनसंख्या कम थी, अपराध कम थे, अधिकांश लोग कानून का पालन करते थे, संसाधन प्रचुर थे और आज की तरह न्याय व्यवस्था पर ज्यादा दबाव नहीं था। कुल मिला कर न्याय व्यवस्था शासकों की इच्छानुसार चलती थी और यह काफी थी। लेकिन लोकतंत्र के उदय के साथ आधुनिक न्यायशास्त्र का विकास हुआ। स्वतंत्र न्यायशास्त्र को 1215 में ब्रिटेन के राजा द्वारा मैग्ना कार्टा घोषणा पर हस्ताक्षर के बाद बहुत महत्व मिला। अब दुनिया के अधिकांश देशों में लोग न्यायपालिका को सरकार का स्वतंत्र स्तंभ मानते हैं। यह कार्यपालिका और विधायिका की पूरक होने के बावजूद सरकार की अन्य शाखाओं से स्वतंत्र है क्योंकि न्यायिक जवाबदेही में निष्पक्षता का सिद्धान्त अंतर्निहित है।

भारत में कामन ला की शुरुआत 1726 से हुई जब मद्रास, बंबई और कलकत्ता में मेयर्स कोर्ट की स्थापना ईस्ट इंडिया कंपनी ने की थी। भारत में अदालतों का चेहरा लगातार बदलता रहा है और उन्होंने ऐसे मुद्दों पर ध्यान दिया है जहां कार्यपालिका अपना कर्तव्य निभाने में विफल रही है। केशवानंद भारती मामले से न्यायिक सक्रियता की शुरुआत हुई जब उसने फैसला दिया था कि संविधान का मूल चरित्र नहीं बदला जा सकता है। जनहित मामलों के सिद्धान्त की अवधारणा जस्टिस पी.एन. भगवती ने शुरू की। उन्होंने लोकस स्टैंडाई की परंपरागत भूमिका में परिवर्तन करते हुए अदालतों को समाज के वंचित तबकों के लिए काम करने तथा कार्यपालिका की गलतियां सुधारने के लिए खोल दिया।

निकट अतीत में पर्यावरण के संबंध में अनेक उल्लेखनीय फैसलों ने जजों को देश की जनता का प्रिय बना दिया है। इनमें जस्टिस कुलदीप सिंह व जस्टिस ए.एन. वर्मा शामिल हैं। 1996 के गोडावर्मन मामले ने भारत में वन एवं वन्यजीव प्रबंधन का रास्ता बदल दिया। वन संरक्षण कानून, 1980 व वन्यजीव संरक्षण कानून, 1972 लागू होने



के बावजूद केन्द्र व राज्य सरकारों की ढिलाई के कारण वनों और जैव-विविधता को भारी खतरा था। पिछले 24 सालों में अदालतों ने हस्तक्षेप कर कार्यकारी एजेंसियों को संरक्षण प्राविधानों के सुचारु क्रियान्वयन तथा वनों व वन्यजीव संसाधनों के संरक्षण के लिए मजबूर किया है। भारत टिकाऊ वन प्रबंधन प्राविधान लागू करने वाले ट्रापिकल दुनिया के सबसे पहले देशों में था। लेकिन कार्ययोजनाओं में इसे भुला दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने हस्तक्षेपों से देश में वन प्रबंधन को सुचारु बनाया है तथा संबंधित सरकारों को कार्यकारी योजनाओं के माध्यम से वन प्रबंधन नियमन के लिए मजबूर किया। आज इसके परिणाम जमीन पर दिख रहे हैं।

इसी प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने वन क्षेत्रों में बेलगाम खनन पर नजर रखी है। इससे कार्यपालिका को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी करने में सहायता मिली है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा गंगा नदी को जीवित प्राणी घोषित करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसने करोड़ों नागरिकों को खुशी से भर दिया है। इसमें पेड़ों, जानवरों व नदियों के अधिकारों को मान्यता दी गई है जो अपने लिए बोल नहीं सकते हैं। देश में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से कंपंसेटरी एफारेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथारिटी-कैम्पा का गठन महत्वपूर्ण है। इसमें लगभग 50,000 करोड़ रुपये एकत्र हुए हैं।

एक अन्य उल्लेखनीय हस्तक्षेप में सर्वोच्च न्यायालय ने नोयडा में रियल स्टेट-राजनेता-नौकरशाह गठजोड़ पर प्रहार किया है। जस्टिस अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने आदेशों के माध्यम से आम्रपाली आवास योजना में शामिल लोगों को कठोर संदेश दिया है। राजनेताओं व नोयडा अथारिटी के अधिकारियों से मिलीभगत कर बिल्डर अनिल शर्मा ने घर खरीदारों का 8,000 करोड़ रुपया हड़प लिया था। यह अपराध उन लोगों की नाक के नीचे जारी था जिनसे जनता के हित संरक्षण की उम्मीद की जाती है। विडंबना है कि हमारा प्रशासन अपराधियों व भ्रष्ट लोगों के हाथों जनता की पीड़ा पर आंखें बंद कर लेता है। सर्वोच्च न्यायालय ने अथक रूप से 40,000 से अधिक घर खरीदारों में कानून के शासन का विश्वास मजबूत किया है। अदालत ने मामले में रिसीवर नियुक्त कर बैंकों का फंड उसके आधीन कर नेशनल बिल्डिंग कार्पोरेशन को परियोजनायें पूरी करने का निर्देश दिया है। पिछले 6 महीने से आम्रपाली के प्रमोटर जेल में हैं और उनकी संपत्तियों की नीलामी हो रही है।

सवाल यह है कि हमारी कार्यपालिका अपना दायित्व निभाने में विफल क्यों होती है और अंततः न्यायपालिका को अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? इसका जवाब लोकतंत्र की विकृति, केवल वोट पाने की इच्छा तथा सरकार बनाना व जनता के हितों को पीछे धकेलने की राजनेताओं की आदत है। इसके कारण न्यायपालिका की सीमायें पुनः परिभाषित हो रही हैं। लेकिन न्यायपालिका को कुछ मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिनका संबंध जनता को सस्ता न्याय दिलाने से है। यह इसलिए जरूरी है कि न्यायपालिका भी कार्यपालिका जैसी न हो जाए।

## आप की बात

### विश्लेषण से सीख

**हाल** ही में विश्व बैंक द्वारा जारी की गई ह्यूमन कैपिटल रिपोर्ट में भारत 116 स्थान पर रहा जो कि पिछले साल से एक स्थान कम है। एक स्थान में कम होना कहीं ना कहीं इस कोरोना का हाल में बढ़ रही बेरोजगारी और कई समस्याएं भी हैं। इन तमाम समस्याओं से ही हम इसमें एक रैंक कम पाए हैं। महामारी के दौरान हमने कहीं चुनौतियां का सामना किया है और उन चुनौतियों से पार पाने के लिए हमने बहुत से प्रयास किए हैं और उनमें से बहुत प्रयासों में हम सफल भी हुए हैं। लेकिन परिस्थितियां बेहद विषम हैं और विश्वभर में कोरोना महामारी थमने का नाम नहीं ले रही है। विश्लेषण से पता लगता है कि महामारी से पहले अधिकांश देशों ने बच्चों की मानव पूंजी के निर्माण में लगातार प्रगति की है। हालांकि इस प्रवृत्ति के बावजूद औसत देश में शिक्षा और कई स्वास्थ्य मानकों के सापेक्ष कोई बच्चा अपनी संभावित मानव विकास क्षमता का मात्र आधा प्रतिशत ही हासिल करने की उम्मीद कर सकता है।हमें अब विकास को नाले का समावेशी विकास की ओर देखना होगा। जो कि हमारी तरक्की में भी मदद करेगा और आगे चलकर जो नए ढांचे अलग-अलग क्षेत्र में बनेंगे उन में मदद करेगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### अब बैक्टीरिया से खतरा

**कोविड**-19 के कारण अर्थव्यवस्था को भारी चोट पहुंच रही है, कारोबार चौपट हो गए हैं। लोगों की नौकरी भी उनसे छिन रही है। बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। यह वायरस पूरे विश्व में तांडव मचा रहा है और तो और कोरोना संकट ने मानवता के समक्ष रोजी-रोटी की बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। उल्लेखनीय है कि, कोरोना वायरस का हमला सबसे पहले झेलने के बाद अब उत्तरपूर्व चीन में हजारों लोग एक बैक्टीरियल इन्फेक्शन के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं। जो बैक्टीरिया वैक्सीन बनाने वाले सरकारी बायोफार्मासूटिकल प्लांट में लीक होने के बाद फैला है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि, करीब तीस लाख लोगों की आबादी वाले लांझू में 3,245 लोगों को ब्रूसेलोसिस हो गया है। वैसे माल्टा और मेडिटरेनियन फीवर कही जाने वाली यह बीमारी इन्फेक्शन का शिकार हुए जानवरों या जानवरों के उत्पाद के उपयोग से हो सकती है। इसमें बुखार, जोड़ों में और सिर में दर्द होता है। तथा अभी तक इस इन्फेक्शन से किसी की मौत तो नहीं हुई है पर 22,000 लोगों की स्क्रीनिंग के बाद 1,401 लोगों के टेस्ट किए गए हैं। चीनी अधिकारियों का कहना है कि यह इन्फेक्शन इंसानों से इंसानों में नहीं फैल रहा है परन्तु फिर भी यह चिंता पूर्ण विषय है। – **निधि जैन,** गाजियाबाद


### ट्रंप की लापरवाही

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनावों की गूंज है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं तो जो बिडेन भी पीछे नहीं हैं। प्रतिदिन दोनों के बीच होने वाले वाद-विवाद अखबारों की सुर्खियां बटोर रहे हैं।लगातार कोरोना के बढ़ते आंकड़ों के बीच अमेरिका अभी सुधर नहीं पाया है। ट्रंप जिस तरह से प्रचार-प्रसार में जान झोंक रहे हैं वह चिंता पैदा करने वाला है, क्योंकि कहीं भी भीड़ नियंत्रित नहीं है और ना ही सोशल डिस्टेंस का कोई पालन हो रहा है। मास्क तो कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं।खुद ट्रंप कोरोना से बचने और इसके प्रसार को रोकने की बात जरूर कह रहे हैं मगर मास्क हो तो उनके मुंह से भी नदारद नजर आता है। लगातार भीड़ और नियमों के विरुद्ध हो रही रैलियों और प्रचार प्रसार से संक्रमण को दुगनी गति मिलेगी। अमेरिका जैसे सुशिक्षित देश में तो वर्चुअल रैली और प्रचार-प्रसार भी किया जा सकता है मगर अपनी जीत के प्रति चिंतित ट्रंप पुराने तौर-तरीकों से ही चुनाव प्रचार कर रहे हैं इससे संक्रमण ही बढ़ेगा।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**खेती** पंजाब की आत्मा है। शरीर पर घाव सहन किए जा सकते हैं लेकिन आत्मा पर घाव लगाना सहन तथा क्षमा नहीं किया जाएगा।

– **नवजोत सिद्धू**
कांग्रेस नेता



**आप** अन्य देशों को देखिए। आस्ट्रिया में वे वनों में रहते हैं और उनके पास आग नहीं है। उने पास अधिक विस्फोटक पेड़ होते हैं।

-**डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**आस्ट्रिया** वह देश है जहां लोग वनों में नहीं रहते, लेकिन वन के साथ रहते हैं और प्रकृति के साथ एक नजदीकी टिकाऊ रिश्ता बनाकर रखते हैं।

– **एलिजाबेथ कोस्टिंगर**
आस्ट्रियाई कृषि मंत्री"

## क्विक न्यूज

### लोकतंत्र और संसदीय पंरपरा का हुआ कत्लः सत्यम राय



**प्रयागराज।** किसानों के सामूहिक नरसंहार करने सरीखे कोशिश का उदाहरण कृषि सुधार अधिनियम 2020 है। इस कानून में पूंजीपतियों को यह मौका मिल गया है कि वह देश के किसानों को लूट सकें और उन्हें उन्हीं के खेत में मजदूर बनने पर मजबूर कर सकें। यह बातें आप नेता व पार्टी प्रवक्ता सत्यम राय संघर्ष ने कहीं। श्री संघर्ष ने कहा कि जिस तरह से देश के उच्च सदन में सांसदों का माइक बन्द करके और विरोध का प्रसारण रोककर इस कानून को पास करने की कोशिस हुई और विरोध करने पर सांसद संजय सिंह को मार्शलों के सहारे बाहर करने की कोशिश हुई। यह सब कृत्य लोकतंत्र व संसदीय परंपरा के कत्ल के समान है। भारत सरकार को चेतावनी देते हैं कि सरकार इस कानून पर पुनर्विचार कर इसे तत्काल वापस ले। अन्यथा नवजवान और किसान मिलकर संसद के इस कानून को सड़क पर पलटने का काम करेंगे। इस मौके पर शव यात्रा निकाली गई। जिसमें आप नेताओं ने इसका विरोध किया।

### आवास दिलाने के नाम पर वसूले लाखों रुपए

**हसनगंज, उन्नाव।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए तरह-तरह के काम कर रही है, ताकि सरकार द्वारा गरीबो को दिए जाने वाला लाभ बिना किसी माध्यम के सीधे लाभार्थी के पास पहुंचे। मगर इसमें भी भ्रष्टाचारियो ने लाभार्थियों से वसूली के नए-नए रास्ते निकाल लिए है और गरीबो से लगातार वसूली कर रहे है। ताजा मामला विकासखण्ड औरास की ग्राम पंचायत वैरी का है। जहां ग्राम प्रधान ने गरीब लाभार्थियों को आवास दिलाने के नाम पर दर्जनों गरीब पात्रों से लाखों की वसूली कर ली। पीड़ित ग्रामीणों में राधा पत्नी सोनू प्रकाश, सुशीला पत्नी गयाप्रसाद, लक्ष्मण पुत्र सालिग आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान ने आवास दिलाने के नाम पर उनसे पांच-पांच हजार रुपए की अवैध वसूली कर ली। मगर अभी तक उनको आवास नही मिल सका। मामले को लेकर खण्ड विकास अधिकारी औरास ने बताया मामला संज्ञान में है। जांच करवाकर दोषी लोगो पर कार्रवाई कराई जाएगी।

### जीने से गिरने से बेटी की मौत, मां जख्मी

**मौरावां, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के चंदारीखेड़ा गांव निवासी बब्लू की पत्नी सीमा शनिवार की दोपहर अपनी दो माह की बच्ची सौम्या को लेकर घर के जीने से उतर रही थी। तभी पैर फिसलने से वह बच्ची को लेकर घर की फर्श पर गिर गई। हादसे में मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को परिजन लालगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बच्ची की इलाज दौरान मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आठ जोड़ों की हुई विदाई

**उन्नाव।** एसपी आनन्द कुलकर्णी के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा विवादित पति-पत्नी के जोड़ो को बुलाया गया। जिसमें पति-पत्नी के कुल विवादित 15 जोड़े उपस्थित हुए। सभी की आपस में परस्पर वार्ता करायी गई। परस्पर वार्ता के उपरांत कुल आठ जोड़ों की सकुशल विदाई कराई गई। इस दौरान निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई अर्चना शुक्ला आदि मौजूद रही।

### पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली में तैनात एसआई विनोद कुमार ने बबरअलीखेड़ा गांव निवासी संजय पुत्र राधेश्याम को मुखबिर की सूचना पर स्टेट बैंक के पास रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### पत्नी से विवाद के बाद खाया जहर, मौत

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लालता खेड़ा निवासी बेचेलाल (40) मजदूरी का काम करता था। कोरोना वॉयरस के संक्रमण के चलते उसे मजदूरी नहीं मिली। जिससे वह काफी परेशान रहता था। वहीं पत्नी श्रीकांती से अक्सर इसी बात को लेकर विवाद भी होता था। शनिवार को बेचेलाल ने खाना खाने के बाद कमरे में गया और दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद पत्नी कमरे में पहुंची जहां पति का शव फांसी पर झूलता देख उसकी चीख निकल गई।

### अवैध डीजल कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चकलवंशी, उन्नाव।** मांखी थाना क्षेत्र के चम्पतपुर गांव में अवैध डीजल कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से करीब दो सौ लीटर डीजल व बेचने के उपकरण बरामद किया है। वहीं एसडीएम को सूचना देकर आवस्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के चम्पतपुर गांव निवासी सुनील राठौर पुत्र छोटेलाल कई वर्षो से अवैध तरीके से डीजल बेचने का कारोबार रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को डीजल दुकान पर छापा मारा। दुकानदार डीजल दुकान के प्रपत्र नहीं दिखा सका। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि सुनील के गोदाम से पच्चास पच्चास लीटर डीजल से भरे पांच केन मिले जिसमें दो सौ दस लीटर डीजल भरा है। मौके से एक पीपा , तीन कीप, कन्टेनर,डीजल निकालने के लिए पाइप व अन्य उपकरण बरामद किया है। दुकानदार को हिरासत में लेकर एसडीएम हसनगंज को लिखित सूचना देकर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### 75 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार




**उन्नाव।** शहर कोतवाली व स्वाट की सुंयक्त टीम ने रविवार को दो गांजा तस्कारो को गिरफ्तार करते हुए 75 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितो को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए सीओ सिटी कृपाशंकर ने बताया कि शनिवार की देररात दही चौकी प्रभारी प्रेमनारायण सरोज व स्वाट टीम ने लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित बाईपास के निकट से फतेहपुरचौरासी थाना क्षेत्र के मुन्नीखेड़ा गांव निवासी अनुराग पुत्र महेश व फकीरेखेड़ा गांव निवासी कप्तान पुत्र देवनारायण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितो के पास से 75 किलो गांजा व एक चौपहिया वाहन बरामद किया है। आरोपितो ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह लंब अर्से से यह काम रहे है। पुलिस ने दोनो आरोपितो को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया है। गिरफ्तारी टीम में दहीचौकी प्रभारी प्रेमनारायण सरोज, स्वाट टीम प्रभारी गौरव कुमार, विजय कुमार, खैरूल बसर, जब्बार, अनुभव आदि रहे।

### कोविड के 162 नये मरीज मिले, दो लोगों की मौत

**वाराणसी।** बनारस में कोरोना की रफ्तार धीमी दिख रही है। रविवार को सायंकाल तक 162 कोविड के मरीज पॉजिटिव मिले वहीं कोरोना के 169 मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने पर उनको अस्पताल से छुट्टी दे दिया गयाए वहीं आज दो कोरोना मरीज की मौत हो गई।अब तक जिले में कोरोना से 190 मरीजों की मौत हो गई।वहीं 9805 मरीज अब तक ठीक होकर घर चले गये। वाराणसी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वी बी सिंह के अनुसार आज 20 सितंबर को कोरोना के 162 पॉजिटिव मरीज मिले हैं, 169 मरीज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए गएएए 2 मरीज की मौत भी हुई है। वाराणसी में कुल कोरोना मरीजों की संख्या 11621 मरीज हो गया हैएकोरोना संक्रमण को हराकर 9805 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैंए एक्टिव मरीज की संख्या 1626 हैए कोरोना के कारण अब तक 190 मरीजो की मौत हो चुकी है।

### लोक लज्जा के डर से जन्मी बच्ची को मणिकर्णिका घाट पर छोड़ा

**वाराणसी।** चौक थाना क्षेत्र में बीती देर रात्रि मणिकर्णिका घाट पर किसी ने तत्काल जन्मी बच्ची को छोड़ दिया। स्थानीय निवासी अंकित द्विवेदी और जानू को घाट पर लावारिस जीवित बच्ची मिलने की सूचना मिली तो वे आनन.फानन में घाट पर पहुँचे और बच्ची को अपनी सुरक्षा में लेकर घटना की सूचना थाने पर दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने बच्ची को कब्जे में लेकर उसे कबीरचौरा स्थित श्री शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल में दाखिल करवाया। समुचित इलाज और देखभाल के बाद उसे चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया बच्ची का जन्म संभवतः शनिवार की सुबह हुआ है। लोक लाज के भय से किसी ने रात के सन्नाटे में उसे कपड़े में लपेटकर घाट पर छोड़ गया।हालांकि पुलिस इस मामले की पड़ताल में जुटी हैं।

# पूर्व सांसद अतीक अहमद के दो मंजिला दफ्तर पर चला पीडीए का बुल्डोजर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**गुजरात के** अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व बाहुबली सांसद एवं माफिया अतीक अहमद की संपत्तियों को कुर्क करने और अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं प्रशासनिक टीम की ओर से लगातार जारी है। बीते दो दिनों में प्रयागराज प्रशासन और पीडीए की टीम ने अतीक अहमद की तीन बड़ी इमारतों को अवैध निर्माण करार देते हुए ढहा दिया। जिसमें कौशांबी जिले के पुरामुफ्ती थाना अंतर्गत सल्लाहपुर में अतिक के छोटे भाई एवं पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ मोहम्मद अशरफ के ससुराल में मोहम्मद जैद के नाम से स्थित बंगले नुमा मकान को ढहा दिया गया और झूंसी स्थित कोल्ड स्टोरेज पर लगातार बुलडोजर चल रहा है। इसके अलावा शहर के खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत कर्बला में स्थित पूर्व सांसद अतीक अहमद के ऑफिस के भी एक बड़े हिस्से को अवैध निर्माण करार देते हुए प्रशासनिक टीम ने रविवार को ढहाने की प्रक्रिया शुरू की है जो अभी जारी है।

### पूर्व सांसद के 11 मकानों का हो चुका है ध्वस्तीकरण

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद में जल निगम के महाप्रबंधक से मारपीट बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में आरोपी और देवरिया जेल के अंदर कारोबारी को लाठियों से पीटने जैसे करीब पांच दर्जन मामलों में नामजद प्रयागराज के फूलपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं माफिया अतीक अहमद की अचल संपत्तियों को जप्त करने एवं अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर से लगातार जारी है। वीडियो अधिकारियों के आंकड़े पर यकीन करें तो अब तक अतीक अहमद के शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित करीब 11 मकानों ध्वस्त किया गया है और 10 संपत्तियों को जप्त किया गया है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। इसका दावा प्रयागराज प्रशासन और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। गैंगस्टर एक्ट के तहत ही शनिवार को खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत कर्बला में बने पूर्व सांसद अतीक अहमद के आलीशान दो मंजिला ऑफिस को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण करार देते हुए ढहाने की प्रक्रिया शुरू करा दी।

### शहर के विभिन्न इलाकों में जारी है भाई और करीबियों की अचल सम्पत्तियों पर कार्रवाई

प्रयागराज। बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके करीबियों के सिविल लाइन खुल्दाबाद धूमनगंज लूकरगंज में स्थित मॉल बंगला दुकान मकान एवं भूखण्ड झूंसी के कटका गांव स्थित कोल्ड स्टोर को ढहाया जा चुका है। यह कार्रवाई दो दिन चली थी। अतीक अहमद की बाहरी जिलों एवं प्रदेशों में भी अचल संपत्तियों की तलाश पुलिस प्रशासन की ओर से जारी है।

### प्रोफेसर बी मिश्र बने एसपीईआर अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ ब्रह्मेश्वर मिश्र को एसपीईआर का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रोफेसर बी मिश्र 2020 से 2022 तक दो वर्षों के लिए सर्वसम्मति से सोसायटी ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एसपीईआर) के अध्यक्ष चुने गए हैं। एसपीईआर फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के क्षेत्र में भारत में एक अग्रणी सोसायटी है। यह सोसाइटी भारत में हर साल कई सम्मेलन, सेमिनार, वेबिनार इत्यादि आयोजित करती है और फार्मास्युटिकल प्रोफेशन की घातीय वृद्धि के लिए काम करती है। फार्मा बिरादरी ने प्रो मिश्रा को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। वह राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक प्रशंसित प्रोफेसर और शोधकर्ता हैं।

### नगदी समेत चोरों ने पार किया लाखों का माल

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर सरायं गांव निवासी बसंतलाल कानपुर जल निगम में नौकरी करते हैं। शनिवार देर रात उनका पूरा परिवार खाना खाने के बाद छत पर सोने चला गया। इस दौरान नीचे कोई नहीं था। जिसका फायदा उठा कर देर रात चोर दीवार फांद कर उनके घर में घुस गए और कमरों, दो आलमारी का ताला तोड़ कर लगभग सवा दो लाख रूपये के जेवर और अस्सी हजार रूपये की नकदी पार कर दी। सुबह करीब साढ़े चार बजे परिवार के सदस्यों की नींद खुली और वह नीचे उतरे। जहां कमरे का सामाना बिखरा देख उनके होश उड़ गये। पीड़ित ने चोरी की जानकारी गंगाघाट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं बैराज चौकी इंचार्ज ने बताया कि चोरी में किसी करीबी का हाथ है, जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत पर चक्काजाम, बवाल लाठीचार्ज

- गंगापार के नवाबगंज इलाके में घटना कई पुलिस वाले भी जख्मी एक दर्जन उपद्रवी हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**संगम नगरी** के गंगापार इलाके में शनिवार को सुबह नवाबगंज थाना अंतर्गत दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिसमें साइकिल सवार दो किशोरों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। लालगोपालगंज कस्बे के समीप हुई दुर्घटना में मृत्यु दोनों किशोरों के गांव जब ये खबर पहुंची तो गांव वाले सड़क पर उतर आए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिए। जिससे जमकर हंगामा हुआ। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज किया। जिसमें कई ग्रामीण जख्मी हुए। पथराव में पुलिस वालों को भी चोटें आई हैं। किसी तरह से स्थित काबु होने के बाद पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए दोपहर में चीरघर भेजा। साइकिल सवार दोनों युवक गंगा स्नान के लिए घर से निकले थे। पहली सड़क दुर्घटना प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर नवाबगंज थानांतर्गत लालगोपालगंज पुलिस चौकी के इब्राहिमपुर गांव निवासी मुकेश सरोज (16) और अंकित विश्वकर्मा (17) रविवार की सुबह एक ही साइकिल से श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा स्नान करने जा रहे थे। साइकिल सवार दोनों श्रद्धालु लालगोपालगंज के राजमार्ग स्थित कठौआ पुल पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे एक बेकाबू दस चक्के के ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में मुकेश सरोज पुत्र राम आसरे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अंकित विश्वकर्मा पुत्र अरविंद विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने भी दम तोड़ दिया।

### जाम लगाकर बैठे ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव

**प्रयागराज।** दुर्घटना में दो किशोरों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने कठौआ पुल और इब्राहिमपुर में लखनऊ राजमार्ग पर जाम लगा दिया। हादसे की सूचना पर सीओ सोरांव अशोक वेंकट नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह अपने अधीनस्थों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। बिगड़े हालात को काबू में करने के लिए घटनास्थल पर होलागढ़ सोरांव और मऊआइमा थाना की पुलिस पहुंच गई। उग्र भीड़ को तितर.बितर करने के लिए कठौआ पुल में पुलिस ने आंसू गैस का प्रयोग किया और लाठीचार्ज भी किया। किसी तरह पुलिस ने दोनों किशोरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना स्थल से पुलिस ने कुछ पत्थरबाजों को हिरासत में ले लिया है। लालगोपालगंज इलाके के लखनऊ राजमार्ग पर ही किलहनपुर मोड़ पर आज सुबह करीब नौ बजे एक और हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मारा। हादसे में बाइक चालक युवक की वृद्ध नानी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं युवक की मां अचेत हो गई है। युवक को हल्की चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर मौके से ट्रक लेकर चालक फरार हो गया।

# नकली शराब का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

- शनिवार की देररात छापेमारी कर पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता। हसनगंज/उन्नाव



**एसपी के** निर्देश पर हसनगंज कोतवाली पुलिस ने पचिगाहना गांव में शनिवार की देररात छापेमारी कर पुलिस ने तीन ड्रम शराब के साथ केमिकल व शराब बनाने का सामान समेत खाली व भरे दीवाना ब्रांड के पउवा भी बरामद किया साथ ही सात आरोपितो को भी गिरफ्तार किया है। एसपी आनंद कुलकर्णी के निर्देश पर देररात थाना क्षेत्र के पचिगाहना गांव स्थित खेत में बनी कोठरी पर संचालित फैक्ट्री में छापेमारी कर तीन ड्रम शराब, केमिकल तथा 750 लीटर शराब और भारी मात्रा में खाली व भरे दीवाना ब्रांड के पउवा बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक नकली शराब के साथ सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

ग्रामीणो की माने तों इस अवैघ कारोबार में स्थानीय थाना पुलिस की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। सूत्रों का दावा है कि थाना पुलिस की सह पर ही क्षेत्र में अवैध रूप से इस तरह के कई अन्य धंधे चल रहे है। उधर, एसपी के निर्देश के बाद पुलिसकर्मियों ने अपनी कुर्सी बचाते हुए गुडवर्क कर अपनी ही पीठ थपथपा ली है।

### इन गांवों में बनाई जाती शराब

सूत्रों का दावा है कि थाना क्षेत्र के बीबीपुर, अहमदपुर वादे, शेखुपुर, पिलखना रसीदपुर, पचगहना आदि गांवो में काफी अर्से से यह कारोबार फल फूल रहा है।

### यह आरोपित हुए गिरफ्तार

गांव के बाहर एक ट्यूबवेल में अवैध तरीके से शराब बनाई जा रही थी। जहां पर पुलिस ने छापेमारी करके रज्जन पुत्र सुखदेव निवासी पचिगहना, धीरज मौर्य, नीरज मौर्य पुत्रगण रज्जन निवासी बाबाखेड़ा, संगम पुत्र हरिशंकर संराय मलकादिमपुर मुकेश रावत पुत्र गंगाराम, ईश्वर चन्द्र मौर्य पुत्र सियाराम, अजीत पुत्र नन्द किशोर सहित धीरज की बोलेरो को पकड़ कर कोतवाली में पूछताछ कर रही है।

# पुलिया निर्माण में भाजपा विधायक ने पकड़ी खामी, अभियंता को फटकार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**छावनी क्षेत्र** में पौधरोपण के दौरान भाजपा विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव को सूचना मिली कि छावनी परिषद द्वारा बनाई जा रही पुलिया के निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। जानकारी होने पर भाजपा विधायक छावनी क्षेत्र स्थित पुलिया पर पहुंच कर अधिकारियों को मौके पर बुलाया। पुलिया की हालत देखते ही विधायक सौरभ श्रीवास्तव भौचक्के रह गए, पुलिया निर्माण में दोयम दर्जे की सामग्री का प्रयोग किया गय था। पुलिया निर्माण में मानको का पालन नहीं किए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताई। निर्माण में अभियंताओं की लापरवाही पर खासी नाराजगी जताई। पुलिया की दीवार दो अलग-अलग भागों में बन गई, जो कि कभी भी टूट कर गिर सकती है। यह देख कर विधायक ने छावनी के सीईओ अभिमन्यु सिंह को मौके पर बुलाया। उनके साथ कनिष्ठ अभियंता सचिन श्रीवास्तव भी आए। विधायक ने मौके पर ही अभियंता सचिन श्रीवास्तव को जमकर फटकार लगाई और कहा कि मोदी-योगी के राज में ऐसी लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सीईओ को कहा कि मौके पर स्थित ईंट दोयम दर्जे की है। निर्माण कार्य में मोरंग के स्थान पर गंगा बालू का प्रयोग मानक के खिलाफ है। विधायक ने निर्माण सामग्री की क्वालिटी की जांच कराने और जिम्मेदार अभियंता-ठेकेदार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ थे छावनी परिषद के उपाध्यक्ष राजकुमार दास, पार्षद शैलजा श्रीवास्तव, छावनी मंडल अध्यक्ष राम मनोहर द्विवेदी, महामंत्री मुकेश गुप्त, राज किशोर गुप्त, रोहित गुप्त, चंदू मोदी आदि मौजूद रहे।

### अब मोबाइल पर मिलेगी कोविड जांच रिपोर्ट

**वाराणसी।** कोविड-19 के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की जांच का दायरा बढ़ाया गया है। साथ ही साथ अब यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि कोरोना की जांच रिपोर्ट अब घर बैठे ही मोबाइल पर देखी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले कोरोना की जांच कराने वाले व्यक्ति को पॉजिटिव होने की सूचना कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर अथवा संबन्धित स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से दी जाती थी। प्राय: सैंपलिंग के बाद लोग कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर अथवा संबन्धित स्वास्थ्य केन्द्रों से संपर्क करते थे। लेकिन अब कोविड जांच करवाने वाले अपनी रिपोर्ट मोबाइल पर ही देख सकते हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 'लैब रिपोर्ट' नाम से लिंक तैयार किया गया है। इसमें मोबाइल नंबर डालकर रिपोर्ट देखी जा सकेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीबी सिंह के मुताबिक सैंपलिंग कराने वाले रिपोर्ट जानने के लिए उत्सुक होते हैं। अब कोरोना टेस्ट करवाने वाले व्यक्ति अपनी रिपोर्ट घर बैठे अपने मोबाइल पर देख सकेंगे। इसके लिए सरकार द्वारा तैयार किए गए लिंक पर क्लिक करना होगा।

# श्रद्धालुओं के लिए 183 दिन बाद खुले संकट मोचन के द्वार

- संकट मोचन के दर्शन पाकर श्रद्धालु हुए निहाल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कोरोना महामारी** के चलते बंद संकट मोचन मंदिर के द्वार रविवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। करीब 183 दिन बाद मंदिर के दरवाजे खुलते ही संकट मोचन हनुमानजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला मंदिर को उमड़ा। मंदिर प्रबंधन की ओर से दर्शनार्थियों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रात: मंदिर का द्वार खुलने से पूर्व ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर के बाहर पंक्तियों में खड़े थे। जय हनुमान के जायकारे के साथ मंदिर का प्रवेश द्वार खुलते हुए श्रद्धावानों ने हनुमत दरबार में हाजिरी लगाई। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विश्वम्भर नाथ मिश्र ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते मंदिर में बाहर से कोई भी सामग्री अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। दर्शन में अभी भी सुरक्षात्मक एहतियात बरता जा रहा है। मंदिर में प्रवेश करने वलों को सेनेटाईजर टनल से जाना है और मास्क लगाना जरूरी है। संकटमोचन का द्वार छह माह बाद खुलने पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में प्रतिदिन की भांति रविवार सुबह साढ़े चार बजे मंगला आरती की गई। मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए किए गए व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद हनुमत दरबार आम श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिया गया। मंदिर में प्रवेश उसे ही दिया जा रहा था जो मास्क लगाए हुए थे या गमछे से मुंह और नाक ढंके हुए थे। प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग के बाद लोगों को सैनिटाइजर टनल से प्रवेश दिया जा रहा था। प्रथम पाली प्रात: काल 6 बजे से 10.30 बजे तक तथा द्वितिय पाली तीन बजे से 7.30 बजे तक दर्शनार्थियों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गइ थी।

# बनारस पूर्वी उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात का हब बनेगाः कमिश्नर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति में कृषि, फल-सब्जी निर्यात पर 10 लाख रुपए तक की ट्रांसपोर्ट सब्सिडी का प्रावधान। बनारस को पूर्वी उत्तर प्रदेश का कृषि निर्यात का हब बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। एपीडा का कार्यालय स्थापित होकर किसानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप फल सब्जियों के उत्पादन के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, ईरी व अन्य विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण व उन्नतशील बीजों की उपलब्धता, पैकेज हाउस की स्थापना, ट्रांसपोर्ट सब्सिडी आदि का कार्य किया जा रहा है। मंडलीय सभागार में कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर कृषि निर्यात को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा मंथन व किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। फल-सब्जी के ठीक से निर्यात के लिए एक पैक हाउस के निर्माण की कार्यवाही हो रही है। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक छोटे पैक हाउस स्थापना की कार्रवाई हो रही है। देश के किसी हवाई अड्डे पर यह पहला पैक हाउस होगा। कार्गो फैसिलिटी राजातालाब को अपग्रेट किया जाएगा। प्रसिद्ध बनारसी लंगड़ा आम का जनपद में इस बार पर 70 हेक्टेयर भूमि में उत्पादन की कार्यवाही की जा रही है। सेवापुरी ब्लाक में 1740 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इंदु वैरायटी की मिर्च जो एक्सपोर्ट होती है। उसका उत्पादन क्षेत्र बढ़ाया जा रहा है। किसानों के फार्म पर ऑन फार्म पैक हाउस निर्माण की योजना है। जिसमें दो लाख रुपये तक सब्सिडी है। ड्रिप सिंचाई किसानों को लाभकारी हुई, जिस पर 90 फीसदी सब्सिडी है। बैठक में ड्रिप सिंचाई के लाभार्थी किसान ने बताया कि इससे पैदावार व क्वालिटी दोनों में बढ़ोतरी हुई है। कमिश्नर ने कहा कि फार्मर प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को अधिक से अधिक बनाकर उनके माध्यम से निर्यात कार्य कराएं। इससे किसान को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कृषि, उद्यान विभागो को निर्देशित किया कि गांवो में किसानों के खेत पर प्रदर्शन क्षेत्र बनाकर दूसरे किसानों को दिखाएं। कैसे निर्यात की मानक से फल-सब्जी उगाए, यह किसान को बताएं। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना सशक्त गांव व किसान की समृद्धि से होगा।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 21 सितंबर 2020



# उत्तराखंड विस अध्यक्ष भी कोरोना संक्रमित

## ● 23 को केवल एक दिन का होगा सत्र

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** विधानसभा के 23 सितंबर से होने वाले मानसून सत्र के ठीक पहले विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल और नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदएश सहित कुछ अन्य विधायकों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की वजह से सत्र को एक दिन के लिए सीमित करने का निर्णय रविवार को लिया गया। सत्र से पहले होने वाली सर्वदलीय बैठक और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सदन एक ही दिन चलेगा और उसमें प्रश्नकाल नहीं होगा। कार्यस्थगन में जनहित के मुद्दों को उठाया जाएगा। पहले तीन दिन का सत्र प्रस्तावित किया गया था।

बैठक की अध्यक्षता करने वाले विधानसभा के उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने बताया कि कोरोना काल की विकट परिस्थितियों के मद्देनजर सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमति जताई कि सदन की कार्यवाही एक दिन ही चलाई जाए।

उन्होंने बताया कि सदन में प्रश्नकाल न रखे जाने तथा कार्यस्थगन प्रस्तावों के जरिए जनहित के मुद्दे उठाने पर भी सहमति बनी। चौहान ने बताया कि सत्र के दौरान कार्यवाही विधानसभा में ही होगी और मंडप के अलावा दर्शक और प्रेस दीर्घाओं में भी विधायकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। उत्तराखंड विधानसभा में एक मनोनीत विधायक सहित कुल 71 सदस्य हैं।

## उत्तराखंड में 878 और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि, 13 की मौत

**देहरादून ( भाषा )।** उत्तराखंड में रविवार को कोरोना वायरस से 878 और लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई जिन्हें मिलकार राज्य में इस महमारी की चपेट में आने वाले कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 40,963 हो गई है। इसके अलावा इस अवधि में 13 और मरीजों की कोविड-19 की वजह से मौत हुई है। यहां प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, रविवार को सबसे अधिक 408 नए मामले देहरादून जिले में सामने आए हैं जबकि हरिद्वार में 176, पौडी गढ़वाल में 55 और टिहरी और नैनीताल में 48-48 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। बुलेटिन के मुताबिक रविवार को कोरोना वायरस के संक्रमण ने प्रदेश में 13 और मरीजों की जान ले ली। एम्स ऋषिकेश और हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में छह-छह मरीजों की मौत हुई जबकि एक अन्य ने दून मेडिकल कालेज में दम तोड़ा। प्रदेश में अब तक कुल 27,828 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और उपचाराधीन मामलों की संख्या 12,455 है।

## एनईपी लागू कर जम्मू व कश्मीर को ज्ञान एवं नवोन्मेष का केंद्र बनाएं : कोविंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) को अक्षरशः लागू कर जम्मू कश्मीर को ज्ञान, नवोन्मेष और अध्ययन का केंद्र बनाने की प्रतिबद्ध कोशिश की जानी चाहिए। जम्मू कश्मीर में बुद्धिमान, प्रतिभाशाली और नवोन्मेषी बच्चों की कमी नहीं है तथा नई शिक्षा नीति से प्रखर बुद्धि के साथ विद्यार्थी सामने आएंगे। कोविंद ने कहा, एनईएपी को अक्षरशः लागू कर जम्मू कश्मीर को ज्ञान, नवोन्मेष और अध्ययन का केंद्र बनाने की प्रतिबद्ध कोशिश की जानी चाहिए। ये कदम जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर धरती का फिरदौस और मां भारती के ताज का जगमगाता रत्न बना देंगे जैसा कि मध्यकाल में इसका उल्लेख होता था। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर में एनईपी के क्रियान्वयन को लेकर हुए सम्मेलन के दौरान की। भारत के पास अद्वितीय जनसांख्यिकी लाभ है लेकिन इसका सकारात्मक इस्तेमाल तभी किया जा सकता है।



कोलकाता में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए मां दुर्गा की मूर्तियां बनाती हुई एक महिला कलाकार

# छह राज्यों में गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत नौ लाख से अधिक कार्य दिवस सृजित किए गए

**नई दिल्ली।** रेलवे ने 18 सितंबर तक बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत 9,79,557 कार्य दिवस सृजित किए हैं। रेलवे ने रविवार को यह जानकारी दी। इन राज्यों में लगभग 164 रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रेलवे ने कहा कि 18 सितंबर तक 12,276 कर्मचारियों को इस योजना में लगाया जा चुका है और इन परियोजनाओं के लिए 2056.97 करोड़ रुपए का भुगतान ठेकेदारों को किया गया है। रेलवे ने प्रत्एक जिले के साथ-साथ राज्यों में भी नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है ताकि राज्य सरकार के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित हो सके।

भारतीय रेलवे ने कई कार्यों की पहचान की है, जिन्हें इस योजना के तहत निष्पादित किया जा रहा है। समपार के लिए संपर्क मार्गों के निर्माण और रखरखाव, पटरी के पास जलमार्गों, खाइयों और नालों की सफाई, रेलवे स्टेशनों के लिए संपर्क मार्गों का निर्माण और रखरखाव, मौजूदा रेलवे बांधों या उपमार्गों की मरम्मत और चौड़ीकरण समेत अन्य कई तरह के कार्य इस योजना से जुड़े हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 महामारी से बड़ी संख्या में प्रभावित हुए प्रवासी कामगारों को उनके क्षेत्रों और गांवों में आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए 20 जून, 2020 को गरीब कल्याण रोजगार अभियान नाम से बड़े पैमाने पर रोजगार-सह-ग्रामीण सार्वजनिक कार्य अभियान शुरू किया था। प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि इस योजना के तहत मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 50,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## कोरोना संकट के समय बड़ी संख्या में पहुंचकर सांसदो ने सकारात्मक संदेश दिया: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोरोना महामारी के दौरान सदन के सदस्यों की ओर से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि इस संकट के समय भी सदन की बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचकर सांसदों ने देश को सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने सदन में नियम 193 के तहत कोविड-19 वैश्विक महामारी पर चर्चा की शुरुआत से पहले सांसदों से यह अपील भी की कि वे अपनी बात रखने के साथ रचनात्मक सुझाव दें। बिरला ने कहा, इस सदन ने देश को राह दिखाई है। स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े खतरे के बीच भी बड़ी संख्या में आकर आप सबने सकारात्मक संदेश दिया है। आज कोविड जैसे गंभीर विषय पर चर्चा कर रहे हैं तो यह चर्चा रचनात्मक और सकारात्मक हो। उन्होंने जोर दिश कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम कैसे देशवासियों को इस संक्रमण से सुरक्षित रख सकते हैं। सदस्य जो भी बातें करें तो उसमें सुझाव दें ताकि कोरोना के खिलाफ लड़ने में मदद मिले। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान मैंने सभी सदस्यों से संपर्क किया। हर सदस्य ने गरीबों और समाज की मदद के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। आप लोग अपनी ओर से किए गए अच्छे प्रयासों को भी बताएं ताकि प्रेरणा मिले।

# ड्रोनों से हथियारों का गिराया जाना नई चुनौती: बीएसएफ

## ● पाक मे आतंकवादी ढांचे जस के तस

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे यथावत बने हुए हैं तथा अब जम्मू कश्मीर में ड्रोनों के माध्यम से हथियारों को गिराया जाना एवं विभिन्न भारत विरोधी तत्वों का एकजुट होना एक नई चुनौती है। बल के महानिरीक्षक (जम्मू सीमा) एन एस जामवाल ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां नई सुरक्षा चुनौतियों से वाकिफ हैं तथा वे दुश्मनों के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने के लिए कड़ी चौकसी बरत रही हैं।

वह आर एस पुरा सेक्टर के अरनिया में दो पिस्तौल, तीन मैगजीन एवं 100 कारतूसों के साथ साथ करोड़ों रूपए मूल्य की हेरोईन बरामद किए जाने के बाद यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, (पाकिस्तान में) आतंकवादी ढांचे जस के तस हैं जो हथियारों एवं मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गतिविधियों और सीमा पर गोलीबारी की घटनाओं में इजाफे से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आकाश मार्ग से हथियारों को गिराने के लिए ड्रोनों के इस्तेमाल का नया खतरा उभरकर सामने आया है।

उन्होंने कहा, हम चौकस हैं और इससे निपटने का काम चल रहा है। जामवाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधि सर्वप्रथम पंजाब में और फिर जम्मू कश्मीर में भी नजर आई। उन्होंने कहा कि बीएसएफ इस खतरे के प्रति चौकस है और उसने पिछले कुछ महीनों में दो ऐसे प्रयास विफल किए हैं।

बीस जून को कठुआ जिले के रठुआ गांव में सीमा सुरक्षा बल ने एक हेक्सा कॉप्टर ड्रोन को मार गिराया था जिस पर अमेरिकी एम 4 अर्धस्वचालित कार्बाइन और सात ग्रेनेड समेत साढ़े पांच किलोग्राम सामान लदा था। पिछले सप्ताह राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के समीप लश्कर -ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था, ए हथियार आकाश मार्ग से गिराए गए थे।

जब जामवाल का ध्यान इन खबरों की ओर आकृष्ट किया गया कि आतंकवादी संगठन आपस में हाथ मिला रहे हैं तथा खालिस्तानी हैंडलर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस की मदद से मादक पदार्थों की तस्करी करवा रहे हैं तो उन्होंने कहा, सभी भारत विरोधी तत्वों को जहां भी मौका मिलता है तो एकजुट हो जाते हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षा एजेंसियां इससे वाकिफ हैं और इस चुनौती से निपटने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्री बाल्यान ने मुजफ्फरनगर हत्याकांड में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय मंत्री संजीव बाल्यान ने उस दवा दुकान के मालिक के परिवार से मुलाकात की जिसकी कुछ दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और उन्हें मामले में व्यापक जांच का आश्वासन दिया। अनुज करनवाल के परिवार ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है और उन्होंने अपना गांव छोड़ने की योजना बनाई थी। बाल्यान ने परिवार के सदस्यो से शनिवार को मुलाकात की थी और उन्हें मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया है। सत्रह सितंबर को मोरना गांव में कुछ हथियारबंद लोग करनवाल के घर मे घुसे और उन्हें गोली मार दी। जख्मी हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इस बीच, वरिष्ठ अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों की पहचान की है और उन्हें गिरफ्तार किए जाने की कोशिश की जा रही है।

### नगालैंड के लोकायुक्त ने उपमुख्यमंत्री के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज किया

**कोहिमा।** नगालैंड के लोकायुक्त न्यायमूर्ति उमानाथ सिंह ने उपमुख्यमंत्री वाई पैटॉन के खिलाफ दर्ज कराई गई उस शिकायत को खारिज कर दिया है जिसमे छात्र संघ के एक पूर्व नेता ने आरोप लगाया था कि उपमुख्यमंत्री ने एनपीएससी परीक्षा के परिणामों को प्रभावित करने के लिए अधिकारों का दुरुपयोग किया है। न्यायमूर्ति सिंह ने अपने आदेश मे कहा कि आरोपो के संबंध मे पैटॉन के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई सबूत नही मिले है। लिहाजा इस मामले मे लोकायुक्त द्वारा आगे ध्यान दिए जाने की जरूरत नही है। आदेश मे कहा गया है कि शिकायत जल्दबाजी मे दर्ज कराई गई और इसमे तथ्यो की कमी है। लिहाजा शिकायत खारिज की जाती है। लोकायुक्त का यह आदेश 18 सितंबर का है जिसे शनिवार रात पत्रकारो को उपलब्ध कराया गया। छात्र संघ के पूर्व नेता वी एस आए ने इस साल फरवरी मे पैटॉन के खिलाफ लोकायुक्त मे शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया गया था कि पैटॉन ने नगालैड लोक सेवा आयोग (एनपीएससी) की लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियो से साक्षात्कार चरण मे मदद के लिए उनसे संपर्क करने को कहा था।

### ममता ने उत्तर बंगाल की यात्रा आठ दिनों के लिए स्थगित की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल मे अपनी समीक्षा बैठको को आठ दिनो के लिए स्थगित कर दिया है, क्योंकि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनो मे राज्य के कई हिस्सो मे भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार यह जानकारी सामने आई है। बनर्जी 21 सितंबर को सिलीगुड़ी की यात्रा करने वाली थी, लेकिन अब उनकी यात्रा आठ दिन बाद 29 सितंबर को होगी। वह पांच उत्तरी जिलो की प्रशासनिक समीक्षा बैठको की अध्यक्षता करने वाली है, जो सिलीगुड़ी के शाखा सचिवालय उत्तरकन्या मे आयोजित की जाएंगी। अधिसूचना मे कहा गया है, अगले कुछ दिनो मे प. बंगाल मे मौसम के खराब होने के पूर्वानुमान के मद्देनजर माननीय मुख्यमंत्री की उत्तर बंगाल के जिला मे होने वाली समीक्षा बैठकें स्थगित की जा रही है, जो अब 29 और 30 सितंबर को होंगी। मार्च मे कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद से यह बनर्जी की उत्तरी जिलो की पहली यात्रा होगी। वह उस महीने के पहले सप्ताह के दौरान मालदा गई थी।

### दूसरे देशों की तुलना में भारत में प्रति दस लाख की आबादी पर कोविड-19 से कम मौतें: सरकार

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने रविवार को बताया कि दूसरे देशो की तुलना मे भारत मे कोविड-19 से मौत के आंकड़े कम है। राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे चौबे ने बताया कि फिलहाल ऐसी कोई दवा या टीका नही है जो कोरोना वायरस के प्रसार की श्रृंखला को तोड़ सके। उन्होने कहा कि फिलहाल लगातार हाथ धोते रहने, मास्क और फेस कवर पहनने, भीड़ वाली जगहो मे जाने से बचने और सुरक्षित दूरी रखने जैसे उपायो से ही कोरोना वायरस के प्रसार की श्रृंखला को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। चौबे ने कहा कि इसके साथ ही सामुदायिक जागरूकता पर भी जोर देना होगा। उन्होने कहा कोविड-19 अत्यंत संक्रामक रोग है। इससे जुड़े कई पहलुओं पर अनुसंधान जारी है।

### सड़क हादसे में ईंट भट्ठे में काम करने वाले चार श्रमिकों की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले मे गंगोह तितरो मार्ग पर एक सड़क हादसे मे ईंट भट्ठे मे काम करने वाले चार श्रमिको की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार देर रात की है। घायलो को पास के अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जिनमे से कुछ की हालत नाजुक है। श्रमिक डीसीएम वाहन मे सवार होकर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के पीपलहेरा गांव से पंजाब जा रहे थे। सहारनपुर जिले मे एक ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे मरने वाले सभी लोग मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले है।




ठाणे (महाराष्ट्र) में मराठा क्रान्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा और रोजगार में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करते हुए किया प्रदर्शन

# इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेन्स नेटवर्क रखेगा कोविड-19 की दवा पर नजर

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के इस दौर में देश भर में कोविड-19 की दवा की जरूरत, उसके भंडार, भंडारण तापमान एवं उपलब्धता आदि के बारे में इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेन्स नेटवर्क के जरिए नजर रखी जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेन्स नेटवर्क वास्तव में इंटरनेट आधारित एक डिजिटल प्रणाली है जो नियमित टीकाकरण, दवा के भंडार, भंडारण तापमान आदि को लेकर निगरानी करेगी। कोविड-19 के दवा पर विशेषज्ञों का एक राष्ट्रीय समूह बनाया गया है जो सरकार को दवा के लिए आबादी समूहों की प्राथमिकता, लोगों का चयन, दवा की आपूर्ति व्यवस्था तथा संबद्ध अवसंरचना के बारे में सरकार को परामर्श देगा। चौबे ने स्पष्ट किया कि सरकार ने इस संबंध में किसी भी विदेशी फर्मास्यूटिकल कंपनी के साथ कोई करार नहीं किया है।

## बायोमेडिकल अपशिष्ट का निपटान बड़ी चुनौती: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के इस दौर में पीपीई किट सहित बायोमेडिकल अपशिष्ट का निपटान एक बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि स्वास्थ्य पेशेवरों और आम लोगों द्वारा पहने जाने वाले पीपीई किट सहित बायोमेडिकल अपशिष्ट का निपटान कोविड-19 के दौरान बड़ी चुनौती बन गया है। कचरा संग्रह एवं उसका निपटान करने वालों में कोविड-19 के संक्रमण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है।

# बिहार चुनाव में बेरोजगारी, कृषि क्षेत्र को कारोबारी घरानों को सौंपने जैसे मुद्दे होंगे: तेजस्वी

**भाषा।** नई दिल्ली

**विधानसभा** चुनाव के पहले बिहार के लिए केंद्र द्वारा कई विकास परियोजनाओं की घोषणा किए जाने के बीच राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि दिखावटी प्रचार कवायद शासन के लिए खराब विकल्प है और चुनाव में बेरोजगारी, कृषि क्षेत्र को कारोबारी घरानों के हाथ में सौंपने, कोविड-19 महामारी से निपटने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा कि यह निर्विवाद और सिद्ध है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) महागठबंधन का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता है और जल्द ही सीटों का बंटवारा हो जाएगा।तीन कृषि विधेयकों को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि राजद ने हमेशा किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है और कृषि क्षेत्र को कारोबारी घरानों के हाथ में सौंपने के खिलाफ पूरी ताकत से पार्टी लड़ेगी। उन्होंने कहा, इन विधेयकों से किसानों का वित्तीय सुरक्षा कवच खत्म हो जाएगा जो कि उन्हें सरकारी खरीद और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे प्रावधानों से मिल रहा था। अगर विधेयक किसान विरोधी नहीं हैं तो एक केंद्रीय मंत्री ने क्यों इस्तीफा दे दिया। कृषि विधेयक के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

यादव ने जोर दिया कि उनकी पार्टी लोगों के मुद्दों के आधार पर बिहार चुनाव में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं, लोकतंत्र और संविधान समर्थक ताकतों के विरूद्ध निरंकुश, विभाजनकारी और संविधान विरोधी शासन की लड़ाई होगी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, बिहार चंपारण सत्याग्रह जैसे राजनीतिक आंदोलन की भूमि है और मैं आश्वस्त हूं कि यह चुनाव मौजूदा राजनीतिक विमर्श में ऐतिहासिक क्षण होगा। क्या बिहार चुनाव में सुशांत सिंह राजपूत मामला भी चुनावी मुद्दा होगा, यह पूछे जाने पर यादव ने कहा, सुशांत की मौत के मामले में सबसे पहले हमने सीबीआई जांच की मांग की थी और



अब जांच शुरू हो गई है तो हमारा इसमें भरोसा है और परिणाम का इंतजार करेंगे। उन्होंने कहा, हमने कभी इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया और ना ही इसे बनाना चाहिए। बिहार में बेरोजगारी, कृषि क्षेत्र को कारोबारी घरानों को सौंपने, बेलगाम भ्रष्टाचार, बदहाल स्वास्थ्य सुविधाएं, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, शिक्षा, निरंकुश नौकरशाही जैसे बड़े मुद्दे हैं।

यादव ने कहा कि कोविड-19 महामारी से निपटने और प्रवासी मजदूरों से किया गया बर्ताव भी महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे। यादव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने 15 साल के कार्यकाल में इन सभी मोर्चें पर बुरी तरह नाकाम रहे हैं। राजद सुनिश्चित करेगा कि बिहारी लोगों की जिंदगी और भविष्य से संबंधित असली मुद्दों को उठाया जाए। क्या वह विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे और महागठबंधन में राजद की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि यह निर्विवाद और सिद्ध है कि महागठबंधन में राजद स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता है और अब भी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा, मेरे पास जो भी जिम्मेदारी है, मैं ईमानदारी से उसे निभा रहा हूं और भविष्य में भी ऐसा ही करूंगा। फिलहाल मैं बिहार में सबसे भ्रष्ट और जन विरोधी सरकार को हटाने के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं।

यादव ने जोर दिया कि देश और बिहार में बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती है जिसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा, लंबे समय से 4.5 लाख से ज्यादा पद खाली हैं और मैंने बिहार के युवाओं को आश्वस्त किया है कि हमारी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इन रिक्तियों को भरने का काम शुरू होगा और निर्धारित समय सीमा में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही कहा कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति को भी लागू किया जाएगा। केंद्र द्वारा बिहार के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत करने के बारे में पूछे जाने पर यादव ने आरोप लगाया कि ऐन चुनाव के पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए परियोजनाओं की घोषणा करना मुख्यमंत्री कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आजमाया हुआ तरीका है। राजद नेता ने कहा कि बिहार जानना चाहता है कि 1.65 लाख करोड़ रुपए के पैकेज का क्या हुआ, जिसकी घोषणा मोदी ने 2015 के प्रचार अभियान के दौरान की थी। बिहारी जानते हैं कि बढ-चढ़कर किए गए दावों का क्या हुआ। बिहार को विशेष दर्जा के वादों का क्या हुआ।

यादव ने कहा, दिखावटी प्रचार कवायद शासन के लिए खराब विकल्प है। नीतीश जी बिहार से दोबारा छल नहीं कर सकते।




रांची में विभिन्न जनजाति के लोग राज्य सरकार से एक समानता का कानून लागू करने की मांग करते हुए।

# भारी बारिश से कर्नाटक के कई हिस्सों में तबाही

## ● उडुपी सबसे ज्यादा प्रभावित

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के कुछ हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश की वजह से काफी तबाही हुई है। खास तौर पर तटीय उडुपी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है जहां घर तथा फसलें पानी में डूब गई हैं, जिसके बाद सरकार ने रविवार को आपदा मोचन बल के कर्मियों को बचाव कार्य में लगाया है। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि मलनाड, तटीय क्षेत्र और कुछ आंतरिक और उत्तरी जिलों में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश के लिए अलर्ट जारी किए गए हैं। कर्नाटक में दक्षिणी पश्चिमी मानसून की दूसरी लहर राज्य से टकराई है जबकि कोविड-19 महामारी के बीच उत्तरी कर्नाटक में आई बाढ़ से राज्य अब तक ठीक से उबरा भी नहीं था। केएसएनडीएमसी ने रविवार को बताया कि उडुपी में स्थिति गंभीर है क्योंकि कुछ गांव पानी में डूब चुके हैं, घर गिर गए हैं, सड़कें बह गई हैं और खेतों में लगी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। उडुपी में जिला मुख्यालय नगर में भी कई घर, चार-पहिया वाहन और सड़कें पानी की चपेट में आई हैं। राज्य गृह मंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि उन्होंने उडुपी जिला प्रशासन को तत्काल राहत कदम उठाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि वह राजस्व मंत्री आर अशोक से बचाव कार्य में वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर लगाने का आग्रह करेंगे। वहीं कर्नाटक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अधिकारी के अनुसार बचाव कार्य के लिए वहां एक हेलीकॉप्टर को तैयार रखा गया है।



कोच्चि के इडाथला में रविवार को भारी बारिश के बाद सड़क पर लटका हुआ एक बिजली का खंभा

## फीस न भरने पर स्कूल ने काटा झारखंड के शिक्षा मंत्री का नातिन का नाम

**बोकारोरांची।** झारखंड के बोकारो स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने समय पर फीस न भरने पर राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की नातिन का नाम काट दिया। मंत्री स्वयं फीस जमा करने स्कूल पहुंचे तब कहीं जाकर उनकी नातिन का नाम स्कूल की ऑनलाइन कक्षा में वापस लिखा गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नाम कटने की जानकारी मिलने पर वह शनिवार को बोकारो के चास स्थित डीपीएस स्कूल पहुँचे और नियमों के अनुसार अपनी नातिन की फीस जमा की। महतो ने कहा कि उन्होंने फीस जमा की और निजी विद्यालयों की स्थिति का जायजा लिया। वहीं, इस घटना पर मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने तंज करते हुए कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी का आलम सरकार को आईना दिखाने के लिए पर्याप्त है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि चास के दिल्ली पब्लिक स्कूल की घटना तो बस एक उदाहरण मात्र है। चूंकि यह मामला सूबे के शिक्षा मंत्री के घर से संबंधित था, इसलिए मंत्री आनन-फानन में स्कूल पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हर दिन राज्य के सैकड़ों-हजारों अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान हैं, लेकिन प्रदेश का शिक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार इन स्कूलों के सामने असहाय हैं।

# पिछले 10 वर्ष में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 631 लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में पिछले 10 वर्षों में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 631 लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) ने सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 2010 से मार्च 2020 के बीच हुई मौतों के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के जवाब में यह जानकारी दी है। आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में 631 लोगों की मौत हुई। इनमें से सबसे ज्यादा 115 लोगों की मौत 2019 में हुई।

वहीं, पिछले 10 वर्षों में इस वजह से सबसे ज्यादा 122 लोगों की मौत तमिलनाडु में हुई। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 85, दिल्ली और कर्नाटक में 63-63 तथा गुजरात में 61 लोगों की मौत हुई। हरियाणा में 50 लोगों की मौत हुई। इस साल 31 मार्च तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान दो लोगों की मौत हुई है। 2018 में इस वजह से 73 तो 2017 में 93 लोगों की मौत हुई। आंकड़ों के अनुसार 2016 में 55 लोगों की मौत हुई जबकि 2015 में 62 और 2014 में 52 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा 2013 में 68 तथा 2012 में 47 और 2011 में 37 लोगों की मौत हुई। 2010 में 27 लोगों की मौत हुई थी। एनसीएसके ने बताया कि आंकड़े विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर है और वास्तविक आंकड़े अलग हो सकते हैं। आरटीआई आवेदन के तहत दी गई जानकारी में कहा गया कि अद्यतन होने पर ये आंकड़े बदलते रहते हैं।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सफाई राज्यों का विषय है और एनसीएसके के पास राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से मिला आंकड़ा होता है। हालांकि सफाईकर्मियों के अधिकारों के लिए काम करनेवाले कार्यकर्ताओं का कहना है कि मैला ढोना रोजगार निषेध व पुनर्वास अधिनियम को सही से लागू नहीं करने की वजह से इससे जुड़ी मौतें हो रही हैं। मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने की दिशा में काम करनेवाले संगठन सफाई कर्मचारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक बेजवाड़ा विल्सन ने कहा कि कानून सही तरीके से लागू नहीं होने से सफाई कर्मी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। मैगसायसाय पुरस्कार से सम्मानित कार्यकर्ता ने कहा, मैला ढोना रोजगार निषेध व पुनर्वास अधिनियम के तहत किसी एक भी व्यक्ति को अब तक सजा नहीं मिली है। अधिनियम चुनावी घोषणा पत्र के वादों की तरह झूठे वादे नहीं होने चाहिए। दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच के सचिव संजीव कुमार का कहना है कि कानून का क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती है।

उन्होंने कहा कि सीवर या सेप्टिक टैंक के भीतर किसी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए और इस काम में मशीन को लगाया जाना चाहिए। वैसे भी मामले सामने आए हैं जब इन टैंकों के भीतर जहरीली गैस के सांस में जाने से सफाई कर्मचारियों को बाद में तकलीफों का सामना करना पड़ा है और वे अपनी ऊर्जा जुटाने में बाद में सक्षम नहीं हो पाते। जो लोग जिंदा बचते हैं, उन्हें काफी दर्द में जीवन गुजारना पड़ता है। कुमार ने कहा कि ज्यादातर मामलों में उन्हें न तो उचित प्रशिक्षण मिला होता है और न ही उनके पास उचित उपकरण होते हैं।

सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय द्वारा फरवरी में संसद में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में 17 राज्यों में मैला ढोनेवाले 63,246 लोगों की पहचान की गई है जिनमें से 35,308 उत्तर प्रदेश में हैं। छह दिसंबर, 2013 को रोजगार के रूप में मैला ढोने पर रोक एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 प्रभाव में आया था। यह अधिनियम स्पष्ट रूप से कहता है कि बिना रक्षात्मक उपकरणों के सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई खतरनाक सफाई की श्रेणी में है और इसमें दंडात्मक कार्वाई हो सकती है।

# पांच राज्यों में कोविड-19 के 60 फीसदी सक्रिय मामले

## ● 52 प्रतिशत नए मामले

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश** में बीते 24 घंटे में 94,612 लोग कोरोना वायरस के संक्रमण से ठीक हुए हैं। संक्रमण से उबरने वाले मरीजों की संख्या 43,03,043 हो गई है और ठीक होने की दर 79.68 फीसदी पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि संक्रमण से ठीक हुए नए मरीजों में से 60 फीसदी पांच राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु से हैं। वहीं 52 प्रतिशत नए मामले में भी इन्हीं पांच राज्यों से हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 23,000 मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं, जबकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 10-10 हजार मरीज संक्रमण से उबरे हैं। उसने बताया कि लगातार दूसरे दिन 94,000 से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। बीते 24 घंटे में 92,605 मामले सामने आए हैं। इसके बाद पुष्ट मामलों की संख्या 54,00,619 हो गए हैं। नए मामलों में महाराष्ट्र के 20,000 से ज्यादा (22.16 प्रतिशत) मरीज हैं। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में आठ-आठ से ज्यादा मामले रिपोर्ट हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के कारण 1,113 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद मृतक संख्या 86,752 पहुंच गई है।

## भारत में एक दिन में 92,605 कोरोना संक्रमित, 1133 मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में रविवार को लगातार दूसरे दिन कोरोना वायरस से उबर चुके लोगों की संख्या संक्रमित पाए गए लोगों की संख्या से अधिक रही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार विगत 24 घंटे के दौरान 94,612 लोग कोरोना वायरस संक्रमण से उबरे हैं, जिसके बाद रोगियों के ठीक होने की दर 79.68 हो गई है। इसी अवधि के दौरान 92,605 लोग वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, जिसके बाद संक्रमित लोगों की कुल संख्या 54,00,619 हो गई। सुबह आठ बजे तक अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से 1,133 रोगियों की मौत हुई है, जिसके बाद महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या 86,752 हो गई है। देश में कोविड-19 से उबर चुके लोगों की कुल संख्या बढ़कर 43,03,043 हो गई है और कोविड-19 संबंधी मृत्यु दर अब 1.61 प्रतिशत है। देश में अब भी 10,10,824 लोग वायरस से संक्रमित हैं।

# कांग्रेस में पायलट के अच्छे दिन लौटे, सिंधिया के गढ़ में गरजेंगे

**मध्य प्रदेश उपचुनाव**



## ● कमलनाथ ने महाराजा के ग्वालियर चंबल क्षेत्र में गुर्जर बहुल सीटों (16) पर पार्टी के प्रचार को बुलाया, सहर्ष मान गए सचिन

**उषा श्रीवास्तव।** नई दिल्ली/भोपाल

**पुरानी** कहावत है कि राजनीति का ऊंट कब किस करवट बैठेगा, यह भांप पाना बेहद कठिन होता है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की बात करें तो इन दिनों इसके नेता कुछ इसी उधेड़बुन से दो-चार हैं।

कभी एक दूसरे की गाढ़ी दोस्ती की कसमें खाने वाले सचिन पायलट और ज्योतिरादित्य सिंधिया, आज दुश्मन बनकर आमने-सामने हैं। राजस्थान में पार्टी सरकार के खिलाफ खुली बगावत के बाद मनुहार कराकर पायलट तो घर लौट आए लेकिन सिंधिया कांग्रेस की बैरी नंबर वन-भाजपा के होकर रह गए। अब, मध्य प्रदेश उपचुनाव में उनके गढ़ ग्वालियर-चंबल में गरजने को कांग्रेस ने पायलट को चुना है और वे सहर्ष मान भी गए हैं।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति के बेहद अहम मोड़ पर, गुर्जर वोट बैंक पर अच्छी पकड़ रखने वाले राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की एंट्री, पार्टी संगठन में उनके अच्छे दिन लौटने का संकेत है। 230 सदस्यीय राज्य विधानसभा की 28 सीटें रिक्त हैं जिन पर उपचुनाव होने हैं। इनमें से 25 सीटें सिंधिया की बगावत में शामिल होकर कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले 22 कांग्रेसी विधायकों के भाजपा में चले जाने से खाली हुई हैं।

बाद में अन्य तीन कांग्रेसी विधायक भी इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए यानी कुल 25। शेष तीन सीटें कांग्रेस (2) और भाजपा (एक) विधायकों के निधन से रिक्त हुई हैं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने अभी इन सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है लेकिन सिंधिया एपिसोड के चलते सत्ता गंवाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और इस समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने जीत के लक्ष्य के साथ युद्धस्तर पर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है।

# सांसद का आंध्रप्रदेश में हिंदू मंदिरों में नियमों में बदलाव का आरोप

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वाईएसआर कांग्रेस के असंतुष्ट सदस्य के रघुराम कृष्ण राजू ने आरोप लगाया है कि आंध्र प्रदेश में हिंदू मंदिरों को लेकर नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं और उन्होंने इस विषय पर ध्यान देने के लिए एक धार्मिक आयोग के गठन की मांग की। राजू ने शनिवार को शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश में इस समय हिंदू मंदिरों के संबंध में कंस्ट्रक्टिव डिस्ट्रक्शन चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय को देखने के लिए ईसाई आयोग या मुस्लिम आयोग की तरह एक धार्मिक आयोग या हिंदू आयोग होना चाहिए। राजू ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि केवल एक कर्मयोगी ही इस मुद्दे को देख सकते हैं। उन्होंने कहा, अन्यथा हमारे राज्य में अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हिंदू बहुसंख्यक हैं, लेकिन हमें अल्पसंख्यक की तरह देखा जा रहा है। राजू ने आरोप लगाया कि तिरुपति के पास तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में सदियों पुराने नियमों को केवल एक व्यक्ति के लिए बदलने का प्रयास किया जा रहा है। समझा जाता है कि उनका परोक्ष इशारा तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के बयान की ओर था कि मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को मंदिर के दौरे के समय भगवान वेंकटेश्वर में आस्था जताते हुए अनिवार्य घोषणापत्र पर दस्तखत करने की जरूरत नहीं है। नियम के अनुसार मंदिर दौरे पर आए किसी गैर-हिंदू को घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने होते हैं।

# एलओसी के पास के गांवों में सात दशक से बिजली का इंतजार हुआ खत्म

**कुपवाड़ा ( जम्मू कश्मीर )।** नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लगे सुदूर उत्तर कश्मीर में केरन और माछिल सेक्टर के तीन गांवों को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया गया है। इस तरह, इन इलाकों में रहने वाले लोगों का सात दशक लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। बिजली आपूर्ति शुरू होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही, कुपवाड़ा के उपायुक्त अंशुल गर्ग के चेहरे पर भी खुशी झलक रही थी, जिन्होंने इन क्षेत्रों को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। गर्ग ने कहा कि जब मैंने देश के इस सबसे उत्तरी जिले के उपायुक्त का पद संभाला, मैंने दूर-दूराज के इलाकों में रहने वाले आम लोगों से बातचीत करनी शुरू की, खासकर नियंत्रण रेखा के पास बसे गांवों के लोगों के साथ बातचीत की। फरवरी 2019 में उपायुक्त पदभार संभालने वाले गर्ग ने अपने शुरुआती दिनों में ग्रामीणों के साथ हुई बैठकों को याद करते हुए कहा, क्या हमें बिजली मिल सकती है सर? यह सवाल केरन और माछिल क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने किया और इस सवाल ने मुझे अंदर तक झकझोर दिया। देश को स्वतंत्रता मिलने के सात दशक बाद, ए लोग मुझसे बिजली की सुविधा को लेकर सवाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली उपलब्ध कराने से संबंधित फाइलों को निकाला गया और इस पर बेहद तेजी से काम शुरू किया गया। गर्ग ने कहा, सरकारी विभाग फाइलों को एक से दूसरी जगह भेज रहे थे। तब मैंने खुद से यह वादा किया कि इन गांवों को किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़ कर रहूंगा। उन्होंने कहा कि महीनों तक जमी रहने वाली बर्फ, अनुच्छेद 370 के समाप्त होने के बाद श्रमिकों की कमी और कोविड-19 महामारी के हालात के बावजूद जिला प्रशासन ने एलओसी के करीब स्थित केरन और माछिल सेक्टर के तीन गांवों को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने में सफलता प्राप्त की, जिसके बाद इन ग्रामीणों का सात दशक लंबा इंतजार समाप्त हुआ।



उत्तर कश्मीर में कुपवाड़ा में रविवार को नियंत्रण रेखा के पास इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सात दशक बाद राष्ट्रीय बिजली ग्रिड से जुड़ने का लंबा इंतजार समाप्त होने पर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करते हुए उपायुक्त अंशुल गर्ग

# पेज एक का शेष

## रास में...

पारित होने के बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य विरोध में धरने पर बैठ गए और सदन के दिन भर के लिए स्थगित होने के बावजूद वे जमे रहे। सदन की बैठक अपराह्न 1 बजे समाप्त हुई तथा राज्यसभा चेंबर को 3 बजे सेनेटाइज किया गया जब लोकसभा सत्र के लिए बैठती है। लोकसभा और राज्यसभा के दोनों चेबरों को प्रत्येक सदन इस्तेमाल करता है जिससे कि सदस्य सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर सकें। परिणामस्वरूप लोकसभा को 4 बजे तक स्थगित करना पड़ा क्योंकि कांग्रेस के सदस्यों की मांग थी कि जब तक धरनारत ऊपरी सदन के सदस्यों को राज्यसभा की गैलरी से नहीं हटाया जाता तब तक सदन की कार्यवाही नहीं हो सकती। विधेयकों के पारित होने के तुरंत बाद शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से इसको मंजूरी न देने तथा इसे पुनर्विचार के लिए संसद को वापस भेजने का आग्रह किया। इससे पहले बादल की पार्टी ने विधेयकों के विरोध में हरसिमरत कौर को केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिलवा दिया था। तीन क्षेत्रीय पार्टियां-सबसे पुराने सहयोगी पंजाब का शिरोमणि अकाली दल (शिअद) तथा ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद और तेलंगाना की टीआरएस जिन पर अपने महत्वपूर्ण बिलों पर समर्थन के लिए भाजपा भरोसा करती थी, ने इन विधेयकों का विरोध किया। ऊपरी सदन में इन तीनों पार्टियों के 19 सांसद हैं। अन्य दलों ने विधेयकों के खिलाफ अपनी पार्टियों का रुख साफ कर दिया था। इनमें कांग्रेस भी शामिल थी, जिसके 40 सांसद हैं।

## फिल्म सिटी...

को अपना प्रस्ताव भेजेगा। नाइट सफारी की करीब 550 हेक्टेयर जमीन पर फिल्म सिटी को मूर्त रूप देने की तैयारी है। प्रस्ताव में इलाके की सारी खूबियां भी बताई गई हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रदेश सरकार हरकत में आई, तो इसमें स्थानीय प्रशासन भी इसकी तैयारी में जुट गया। मुख्यमंत्री ने जिले के तीनों प्राधिकरणों से फिल्म सिटी को लेकर प्रस्ताव मांगा है। यमुना प्राधिकरण ने रविवार को अपना प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। प्राधिकरण सेक्टर-21 में एक हजार हेक्टेयर जमीन पर फिल्म सिटी बसाना चाहता है। यह सेक्टर यमुना एक्सप्रेस- वे के किनारे है। लोकेशन के लिहाज से यह बहुत मुफीद है। यहां से शूटिंग के लिए मथुरा, आगरा, जयपुर जैसे शहरों में आसानी से जाया जा सकता है। जेवर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी इसमें काफी मददगार साबित होगा। यमुना प्राधिकरण ने भेजे अपने प्रस्ताव में बताया है कि फिल्म सिटी के लिए औद्योगिक दर पर जमीन दी जाएगी। प्रस्ताव में कहा गया कि सेक्टर की लोकेशन बेहद शानदार है। ग्रेटर नोएडा शहर के नजदीक है। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे पर है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे भी इस सेक्टर के समीप से होकर गुजर रही है। देश का इकलौता फॉर्मूला वन गौतमबुद्ध इंटरनेशनल सर्किट सेक्टर के पास ही है। इस लोकेशन से जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी भी बमुश्किल 15 किलोमीटर है। प्रस्ताव में कहा कि दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने वाली रैपिड मेट्रो भी इस सेक्टर के पास से होकर गुजरेगी। लिहाजा, फिल्म सिटी जैसी परियोजना के लिए यह स्थान मुफीद है। यमुना प्राधिकरण ने फिल्म सिटी के लिए भूखंड आवंटन की दरें भी तय कर दी हैं। चार हजार वर्ग मीटर तक के भूखंड 6670 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से मिलेंगे, चार से आठ हजार वर्ग मीटर के भूखंड 5,680 रुपए प्रति वर्ग मीटर, आठ से 20 हजार वर्ग मीटर के भूखंड 4,810 रुपए प्रति वर्ग मीटर, 20 से 40 हजार वर्ग मीटर के भूखंड 4,370 रुपए प्रति वर्ग मीटर, 40 से 80 हजार वर्ग मीटर के भूखंड 4,210 रुपए प्रति वर्ग मीटर और इससे बड़े भूखंड 4,050 रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से मिलेंगे। इस बारे में यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। उधर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सोमवार को अपना प्रस्ताव भेजेगा। उसकी नाइट सफारी की जमीन पर फिल्म सिटी बसाने की तैयारी है। यहां करीब 550 हेक्टेयर जमीन है। नाइट सफारी का प्रस्ताव सिरे नहीं चढ़ पाया। अब इस जमीन पर फिल्म सिटी बसाई जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि सोमवार को इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

## राजधानी में...

39, चिनहट 36, नाका 10ए विकासनगर 15, बाजारखाला 15, सरोजनीनगर 29, तेलीबाग 32, गुडंबा 12, वृन्दावन 27, विभूतिखण्ड 12, सुशान्त गोल्फ सिटी 10, गोमतीनगर विस्तार 25 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 308 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 308 सभी रोगियों के लिए एंबुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 225 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 83 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में रविवार को कोरोना वायरस के 5809 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 66954 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 5047 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 354275 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 6584 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 283274 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 874 कानपुर में 394 प्रयागराज में 302 गोरखपुर में 210 गाजियाबाद में 153 वाराणसी में 182 नोएडा में 125 बरेली में 132 मेरठ में 230 मुरादाबाद में 148 अलीगढ़ में 119 झांसी में 139 सहारनपुर में 59 बाराबंकी में 66 देवरिया में 39 बलिया में 48 अयोध्या में 99 शाहजहांपुर में 129 आगरा में 223 जौनपुर में 56 रामपुर में 41 कुशीनगर में 28 महाराजगंज में 43 आजमगढ़ में 51 लखीमपुर खीरी में 70 हरदोई में 112 मुजफ्फरनगर में 81 मथुरा में 73 गाजीपुर में 25 इटावा में 57 गोंडा में 44 बुलंदशहर में 67 पीलीभीत में 57 सीतापुर में 33 बस्ती में 38 प्रतापगढ़ में 62 उन्नाव में 51 सुल्तानपुर में 32 सिद्धार्थनगर में 26 चंदौली में 24 बहराइच में 24 बिजनौर में 56 मैनपुरी में 42 बदायूं में 41 सोनभद्र में 29 रायबरेली में 29 फिरोजाबाद में 51 संत कबीर नगर में 15 हापुड़ में 29 अमरोहा में 40 कन्नौज में 42 ललितपुर में 27 अमेठी में 53 मिर्जापुर में 29 मऊ में 27 शामली में 82 फर्रुखाबाद में 33 संभल में 21 फतेहपुर में 26 जालौन में 10 औरैया में 46 बांदा में 45 कानपुर देहात में 25 एटा में 32 बलरामपुर में 51 भदोही में 13 कौशांबी में 9 अंबेडकरनगर में 20 कासगंज में 8 बागपत में 10 चित्रकूट में 30 हमीरपुर में 26 हाथरस में 23 श्रावस्ती में 7 महोबा में 16 कोरोनावायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## बेसिक शिक्षकों...

जा सकेंगे। प्रदेश में एक जिले से दूसरे जिले में तबादले के इच्छुक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक काफी समय से सरकार से अंतरजनपदीय तबादलों को खोले जाने की उम्मीद लगाये थे। उनकी उम्मीद पूरी भी हुई और शासन ने बीते वर्ष 2 दिसंबर को शासनादेश जारी कर इसके लिए पूरी समय सारिणी जारी कर दी। जिसके लिए बीती 20 दिसंबर से 20 जनवरी तक शिक्षकों को तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करना था। इसके बाद 21 जनवरी से 5 फरवरी तक का समय इन आवेदनों के सत्यापन की थी। सत्यापन के दौरान अगर कोई आपत्ति सामने आती है तो उसके लिए 6 फरवरी से 20 फरवरी तक का समय दिया गया था तथा 20 मार्च को तबादला सूची प्रकाशित की जानी थी। शासनादेश के मुताबिक पुरुषों को तीन वर्ष तथा महिलाओं को एक वर्ष की नौकरी के आधार पर आवेदन करने को निर्देशित किया गया था। रिक्त पदों के आधार पर ही शिक्षकों का उनके मनचाहे जिलों में तबादला होना था। इसके साथ ही किसी भी जिले में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल 15 प्रतिशत शिक्षकों का ही तबादला होना था। इसके बाद शासन ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए तबादला सत्र शून्य कर दिया था लेकिन इसके बाद भी शिक्षकों को उम्मीद थी कि जुलाई में स्कूल खुलने पर यह तबादले हो सकेंगे। अब स्कूल भी खुल गए लेकिन तबादलों का कोई जिक्र नहीं होने पर शिक्षक मायूस हो गए थे। इनकी मायूसी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद तोड़ दिया गया है। अब अंतर जनपदीय तबादलों को मंजूरी मिलने से शिक्षकों में खुशी है।

## अध्यापकों की...

कारण चार महीने बाद भी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं मिले। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के रोजगार को लेकर पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसको लेकर हमारी तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया था कि सुप्रीम कोर्ट के 21 मई के फैसले के अनुसार ही 31,661 शिक्षकों की नियुक्तियां एक हफ्ते के भीतर संपन्न की जाएं। विदित हो कि प्रदेश सरकार ने 69,000 सहायक शिक्षकों के पदों पर भर्तियां निकालीं थीं, लेकिन शिक्षामित्रों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 69,000 सीटों में 37,339 पदों की भर्ती पर रोक लगा दी थी। इसके बाद बाकी बचे हुए 31,661 पदों पर भर्ती करने पर कोई रोक नहीं थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका संज्ञान लिया है और सात दिन में भीतर बेसिक शिक्षा विभाग को नियुक्ति पत्र बांटने के आदेश दिए हैं।

## क्रिस्टल पैलेस ने मैनचेस्टर यूनाईटेड को हराया

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ शनिवार को 1-3 की हार के साथ किया। मैनचेस्टर यूनाईटेड की हार हालांकि हैरानी भरी नही है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण मैनेजर ओले गुनार सोल्सकर के पास अधिकांश खिलाड़ी एक हफ्ते से अधिक समय तक उपलब्ध नही थे।

## त्वेसा ओपन डि फ्रांस में संयुक्त 10 वें स्थान पर

**बारडॉक्स (फ्रांस)।** भारत की त्वेसा मलिक रविवार को अंतिम दौर में चार ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ रविवार को यहां लाकोस्टे ओपन डि फ्रांस गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 10वे स्थान पर रही। भारत के बाहर लेडीज यूरोपीय टूर मे यह त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। त्वेसा ने अंतिम दौर मे चार बोगी की और एक भी बर्डी नही कर सकी जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। इस प्रदर्शन के साथ उनका कुल स्कोर चार अंडर से ईवन पार हो गया और वह संयुक्त दूसरे से संयुक्त 10वें स्थान पर खिसक गई।

## विलारीयाल के कोच के रूप में एमेरी की पहली जीत

**बार्सीलोना।** आर्सेनल द्वारा बर्खास्त किए जाने के 10 महीने बाद उनाई एमेरी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारीयाल के कोच के रूप में पहली जीत दर्ज की जब उनकी टीम ने शनिवार को ऐबार को 2-1 से हराया।गेरार्ड मोरेनो ने एक गोल करने के अलावा पैको एलकसर के गोल में मदद की जिससे विलारीयाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की।ऐबार की तरफ से एकमात्र गोल किके गार्सिया ने किया।

## बार्सीलोना के अध्यक्ष अपने खिलाफ हस्ताक्षर के बाद भी इस्तीफा नहीं देंगे

**बार्सीलोना।** स्पेन के बार्सीलोना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष जोसेफ बारटोम्यू ने कहा कि उनका अपने पद से इस्तीफा देना का कोई इरादा नही है। बारटोम्यू और उनके बोर्ड को मतदान का सामना करने की याचिका पर क्लब के 20,000 से अधिक सदस्यो ने हस्ताक्षर किए है। बारटोम्यू ने स्थानीय चैनल टीवी3 से कहा, कोई भी अपने पद से इस्तीफा नही दे रहा है

## मुंबई में मुश्ताक अली टूर्नामेंट कराने का आग्रह किया

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की शीर्ष परिषद के सदस्य और मशहूर क्यूरेटर नदीम मेमन ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से यहां सैयद मुश्ताक अली ट्राफी आयोजित करने का आग्रह किया और कहा कि शहर में इस घरेलू टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी मैदान है। बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली को लिखे ईमेल में मेमन ने कहा, मुंबई को मुश्ताक अली टूर्नामेंट आयोजित करने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। हम मुंबई मे बीसीसीआई के साथ मुश्ताक अली टूर्नामेंट सत्र शुरू कर सकते है।

# सुपर ओवर में दिल्ली ने मार ली बाजी

● किंग्स इलेवन को हराया

● स्टोइनिस का कमाल

भाषा। दुबई



मार्कस स्टोइनिस ने पहले धमाकेदार पारी खेली और बाद में आखिरी दो गेंदों पर दो विकेट लिए जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने हार के कगार पर पहुंचने के बावजूद रविवार को यहां किंग्स इलेवन पंजाब को सुपर ओवर में हराकर 13वें इंडियन प्रीमियर लीग में अपना खाता खोला। स्टोइनिस ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 21 गेंदों पर 53 रन बनाए जिससे दिल्ली अंतिम तीन ओवरों में 57 रन जुटाकर आठ विकेट पर 157 रन बनाने में सफल रहा। इससे पहले कप्तान श्रेयस अय्यर (32 गेंदों पर 39, तीन छक्के) और ऋषभ पंत (29 गेंदों पर 31, चार चौके) ने चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़कर टीम को तीन विकेट पर 13 रन से उबारा था। किंग्स इलेवन की तरफ से मयंक अग्रवाल (60 गेंदों पर 89 रन, सात चौके, चार छक्के) ने संयम और आक्रामकता का अच्छा नजारा पेश किया और आईपीएल में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उनकी इस पारी से किंग्स इलेवन ने पांच विकेट पर 55 रन से उबरकर आठ विकेट पर 157 रन बनाए। रविचंद्रन अश्विन के पहले ओवर के बाद ही चोटिल होने का भी किंग्स इलेवन को फायदा मिला। किंग्स इलेवन को अंतिम ओवर में 13 रन चाहिए थे। अग्रवाल ने स्टोइनिस (29 रन देकर दो) की पहली गेंद पर छक्का लगाया और इसके बाद क्रिस जोर्डन के साथ विकेटों के बीच दौड़ से स्कोर बराबर कर दिया। अब दो गेंद पर एक रन की जरूरत थी लेकिन अग्रवाल पांचवीं गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दे बैठे। अगली गेंद पर जोर्डन भी कैच दे बैठे और मैच सुपर ओवर तक खिंच गया। सुपर ओवर में किंग्स इलेवन ने दो रन दोनों विकेट गंवा दिए। कैगिसो रबाडा ने केएल राहुल और निकोलस पूरण को लगातार गेंदों पर आउट किया। दिल्ली कैपिटल्स ने आसानी से जीत दर्ज की। इससे पहले कप्तान राहुल (19 गेंदों पर 21) ने शुरू में रन जुटाए लेकिन उनके मोहित शर्मा की गेंद पर बोल्ड होने से किंग्स इलेवन की पारी लड़खड़ा गई। क्रिस गेल को टीम में नहीं रखना भी उसे भारी पड़ा।

### इशांत चोटिल

**दुबई।** सीनियर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा दिल्ली कैपिटल्स के किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे पहले मैच की पूर्व संध्या पर अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार 32 वर्षीय इशांत की पीठ दर्द से परेशान है और उन्हें अगले कुछ दिनो तक क्रिकेट से बाहर रहना पड़ सकता है।

### अश्विन के कंधे में चोट

**दुबई।** भारत के सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आईपीएल मैच में अपने पहले ओवर मे दो विकेट लिए लेकिन इसी ओवर की आखिर गेंद पर उनके कंधे पर चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स :** पृथ्वी का जोर्डन बो शमी 05, धवन रन आउट 00,हेटमायर का अग्रवाल बो शमी 07,अय्यर का जोर्डन बो शमी 39, पंत बो बिश्नोई 31,स्टोइनिस रन आउट 53,पटेल का राहुल बो कोटरेल 06,अश्विन का शमी बो कोटरेल 04, रबाडा नाबाद 00,नोर्जे नाबाद 03,**अतिरिक्त** (बाई 01, नोबाल 02, वाइड 06) 09,**कुल** (20 ओवर मे, आठ विकेट पर) 157,विकेट पतन :1-6, 2-9, 3-13, 4-86, 5-87, 6-96, 7-127, 8-154,गेंदबाजी:कोटरेल 4-0-24-2,शमी 4-0-15-3,जोर्डन 4-0-56-0,गौतम 4-0-39-0,बिश्नोई 4-0-22-1

**किंग्स इलेवन पंजाब :** केएल राहुल बो मोहित शर्मा 21,मयंक का हेटमायर बो स्टोइनिस 89,करुण का सॉव बो अश्विन 01, पूरण बो अश्विन 00,मैक्सवेल का अय्यर बो रबाडा 01,सरफराज का सॉव बो अक्षर 12,गौतम का पंत बो रबाडा 20,जोर्डन का रबाडा बो स्टोइनिस 05,शमी नाबाद 00,**अतिरिक्त** (लेग बाई 06, नोबाल 01, वाइड 01) 08,कुल (20 ओवर मे, आठ विकेट पर) 157,विकेट पतन :1-30, 2-33, 3-34, 4-35, 5-55, 6-101, 7-157, 8-157,गेंदबाजी : नोर्जे 4-0-33-0,मोहित शर्मा 4-0-45-1,रबाडा 4-0-28-2,अश्विन 1-0-2-2,अक्षर पटेल 4-0-14-1, स्टोइनिस 3-0-29-2

# कोहली आईपीएल खिताब के सपने को पूरा करने को उतरेंगे

● सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीसबी आज शुरू करेंगे अभियान

भाषा। दुबई



विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब के जीतने के सपने को पूरा करने का अभियान सोमवार से शुरू करेंगे जब उनकी अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का मुकाबला टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होगा। दोनों टीमों में ऐसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं जो अपने दम पर मैच का रूख पलट सकते हैं। कोहली ने पिछले कुछ सत्र में हमेशा शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन पहली बार खिताब जीतने का उनका सपना तभी पूरा होगा जब टीम हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करेगी। पहले से ही बड़े खिलाड़ियों से भरी टीम में ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच के आने से बल्लेबाजी और मजबूत हुई है। युवा सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल से भी उम्मीदें काफी हैं। वहीं दूसरी तरफ वार्नर ने तीन बार टूर्नामेंट में ऑरेंज कैप (सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले) हासिल की है और उनकी कप्तानी में टीम 2016 में चैम्पियन बनी थी। वार्नर और जॉनी बेयरस्टॉ टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से एक है। पिछले सत्र में आरसीबी के खिलाफ इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड (आईपीएल) रनों की साझेदारी की थी। वे उस लय को यहां बरकरार रखना चाहेंगे। सनराइजर्स के पास केन विलियमसन, मनीष पांडे, मिशेल मार्श और फेबियन एलेन जैसे शानदार बल्लेबाज है। पिछले सत्र में आखिरी स्थान पर रहने वाली आरसीरबी की टीम इस सत्र में काफी संतुलित लग रही है लेकिन उसका आकलन मैदान पर ही होगा। सनराइजर्स के लिए निचले क्रम की बल्लेबाजी कमजोर कड़ी सबित हो सकती है। फ्रेंचाइजी ने विराट सिंह, अभिषेक शर्मा, प्रियम गर्ग और अब्दुल समद जैसे युवा बल्लेबाजों पर भरोसा जताया है और उम्मीद है कि इनमें से कोई खिलाड़ी मध्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करेगा। टीम की गेंदबाजी इकाई में हालांकि ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है और भुवनेश्वर कुमार तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे जहां उन्हें संदीप शर्मा, सिद्दार्थ कौल और बासिल थम्पी जैसे गेंदबाजों का साथ मिलेगा।

### उम्मीद है कि युवा खिलाड़ी प्रतिभा को प्रदर्शन में बदलेंगे: वार्नर

**दुबई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान डेविड वार्नर को उम्मीद है कि उनकी टीम के युवा खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शन में बदलने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि ए खिलाड़ी अगर सत्र की शुरूआत में लय हासिल करने में सफल रहे तो चीजें आसान होगी। सनराइजर्स हैदराबाद विराट कोहली की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सोमवार को आईपीएल के इस सत्र में अपने अभियान को शुरू करेगा। वार्नर ने टीम के खिलाडि़यों से कहा है कि जीत-हार की चिंता किए बिना खुल कर खेलें।

### बटलर पृथकवास अवधि के कारण राजस्थान रॉयल्स का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे



**दुबई।** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह यहां अपने परिवार के साथ आए है और फिलहाल अनिवार्य पृथकवास अवधि में है। उन्होंने रॉयल्स के इंस्टाग्राम लाइव में कहा, मैं दुर्भाग्य से राजस्थान रॉयल्स के लिए पहला मैच नहीं खेल पाउंगा क्योंकि मैं अनिवार्य पृथकवास अवधि में हूं। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि मैं यहां अपने परिवार के साथ हूं। रॉयल्स से परिवार के साथ रहने की अनुमति मिलना शानदार है। लॉकडाउन के दौरान मुझे अपने परिवार के साथ रहने से काफी मदद मिलेगी।

# सात महीने में पहला टूर्नामेंट खेले रहे नडाल हारे

● इटैलियन ओपन

भाषा। रोम



सात महीने बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहे दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में यहां डिएगो श्वार्ट्जमैन के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। रोम में नौ बार के चैंपियन स्पेन के नडाल ने दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी श्वार्ट्जमैन को पिछले नौ मैचों में हराया था लेकिन शनिवार को अर्जेन्टीना के खिलाड़ी ने 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। श्वार्ट्जमैन ने क्वार्टर फाइनल में बेसलाइन रैली और ड्रॉप शॉट्स से दबदबा बनाया जबकि नडाल ने कई सहज गलतियां की और उनकी पहली सर्विस भी उम्मीद के मुताबिक नहीं थी। नडाल ने कहा कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दो महीने टेनिस रैकेट को हाथ नहीं लगाया।

## मुगुरूजा को हराकर हालेप तीसरी बार इटालियन ओपन के फाइनल में

**रोम।** रोम में अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में जुटीं शीर्ष वरीय सिमोना हालेप ने रविवार को गार्बाइन मुगुरूजा को हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। हालेप ने दो घंटे 16 मिनट तक चले सेमीफाइनल में मुगुरूजा को 6-3, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। मुगुरूजा अपनी सर्विस के दौरान जूझती नजर आईं जिससे अंतिम दो प्वाइंट में डबल फाल्ट कर बैठीं। हालेप 2017 और 2018 के भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन एलिना स्वितोलिना से हार गई थीं। अब सोमवार को उनका सामना कैरोलिना प्लिस्कोवा और मार्केटा वोंद्रोयूसोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टेनिस बहाल होने के बाद हालेप का जीत का रिकार्ड 9-0 है। कोरोना वायरस के कारण पांच महीने के ब्रेक के बाद पिछले महीने प्राग में टेनिस बहाल हुआ जिसमें इस रोमानियाई खिलाड़ी ने खिताब जीता।

## हरिकृष्णा सातवें स्थान पर रहे, कार्लसन और सो को खिताब

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ब्लिट्ज-2 में नौ दौर में सिर्फ तीन अंक जुटाकर सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज आनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन और अमेरिका के वेस्ली सो टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता रहे। टूर्नामेंट



के अंतिम दिन हरिकृष्णा ने एकमात्र जीत अमेरिका के जेफ्रे शियोंग के खिलाफ दर्ज की जो टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। हरिकृष्णा ने चार मुकाबले गंवाए जबकि तीन बाजी ड्रॉ रही। वह शियोंग के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हरिकृष्णा ने ब्लिट्ज-1 में कार्लसन को हराकर उलटफेर किया था लेकिन वे इस प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख पाए और ब्लिट्ज-2 में उन्हें नार्वे के विश्व चैंपियन के खिलाफ 47 चाल में हार का सामना करना पड़ा।

## ऐसी स्थिति में वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव काम आता है : धोनी

भाषा। अबुधाबी



चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत में उनकी टीम का अनुभव अहम साबित हुआ।अंबाती रायुडू और फाफ डुप्लेसिस ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की जबकि पीयूष चावला ने शानदार गेंदबाजी की और उन्हें सैम कुरेन, दीपक चाहर और लुंगी एनगिडी जैसे गेंदबाजों का अच्छा साथ मिला।

### फ्लेमिंग ने कहा, कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे ब्रावो

**अबुधाबी।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पुष्टि की है कि टीम के स्टार आलराउंडर ड्वेन ब्रावो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सत्र के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। चोट से उबर रहे वेस्टइंडीज के इस अनुभवी खिलाड़ी की गैरमौजूदगी के बावजूद तीन बार के चैंपियन सीएसके ने अपने अभियान का आगाज शनिवार को यहां मुंबई इंडियन्स पर पांच विकेट की जीत के साथ किया।

### बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने के धोनी के कदम से कुरेन हैरान

**अबुधाबी।** इंग्लैंड के आलराउंडर सैम कुरेन ने कहा है कि वह यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में उन्हें अपने से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने के चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान जीनियस महेंद्र सिंह धोनी के फैसले से हैरान थे।टूर्नामेंट के पहले मैच में 22 साल के इस आलराउंडर ने सीएसके की पांच विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रभावी गेंदबाजी करने के बाद कुरेन ने सिर्फ छह गेंद में 18 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद की।कुरेन ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं हैरान था कि मुझे बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। वह (धोनी) जीनियस है और बेशक उसने कुछ सोचकर ही ऐसा किया होगा।

## सरकारी बैंकों में अप्रैल-जून तिमाही में आए 19,964 करोड़ की धोखाधड़ी के 2,867 मामले

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको में चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 19,964 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 2,867 मामले सामने आए। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी से यह खुलासा हुआ है। आरटीआई कार्यकर्ता चंद्र शेखर गौड़ ने सूचना के अधिकार के तहत रिजर्व बैंक से यह जानकारी मांगी थी। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में संख्या के हिसाब से धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा मामले आए। वहीं मूल्य के हिसाब से बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) धोखाधड़ी से सबसे अधिक प्रभावित रहा। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून, 2020 में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंको में एसबीआई में सबसे अधिक 2,050 धोखाधड़ी के मामले सामने आए। इन मामलों से जुड़ी राशि 2,325.88 करोड़ रुपए है। मूल्य के हिसाब से बैंक ऑफ इंडिया को धोखाधड़ी से सबसे अधिक चोट पहुंची। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया में 5,124.87 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 47 मामलों का पता चला। इसके अलावा केनरा बैंक में 3,885.26 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 33, बैंक ऑफ बड़ौदा में 2,842.94 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 60, इंडियन बैंक में 1,469.79 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 45, इंडियन ओवरसीज बैंक में 1,207.65 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 37 और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 1,140.37 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 9 मामले सामने आए।

### भारत ने मालदीव को 25 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता दी

**माले।** भारत ने कोविड-19 महामारी के अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव से निपटने में मदद के लिए मालदीव को 25 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। भारतीय दूतावास ने रविवार को यह जानकारी दी। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश की कठिन आर्थिक स्थिति से पार पाने में मदद के आग्रह के बाद यह सहायता दी गई है। यह वित्तीय सहायता सर्वाधिक अनुकूल शर्तो पर उपलब्ध कराई गई है। दूतावास ने एक बयान में कहा कि रविवार को विदेश मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय सहायता अनुदान सौंपा गया। इस मौके पर विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद, वित्त मंत्री इब्राहिम अमीर, उच्चायुक्त संजय सुधीर और एसबीआई-माले के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भारत मिश्रा मौजूद थे।

### देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या मार्च में समाप्त तिमाही में 3.4 प्रतिशत बढ़कर 74.3 करोड़ पर

नई दिल्ली। देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही में 3.4 प्रतिशत बढ़कर 74.3 करोड़ पहुंच गई। दूरसंचार नियामक ट्राई के क्षेत्र के तिमाही प्रदर्शन पर जारी रिपोर्ट के अनुसार मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही में 52.3 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ रिलायंस जियो पहले स्थान पर जबकि 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय एयरटेल दूसरे स्थान पर रही। आलोच्य अवधि में वोडाफोन आइडिया तीसरे स्थान पर रही। उसके इंटरनेट ग्राहकों की संख्या के आधार पर बाजार हिस्ससेदारी 18.7 प्रतिशत रही। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2019 को समाप्त तिमाही में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 71.874 करोड़ थी, जो मार्च, 2020 में 3.40 प्रतिशत बढ़कर 74.319 करोड़ पहुंच गई।

# जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए 21 राज्यों ने किया कर्ज प्रस्ताव का समर्थन

● 97,000 करोड़ रुपए की धनराशि लेंगे

भाषा। नई दिल्ली




जीएसटी संग्रह में कमी की क्षतिपूर्ति के लिए कुल 21 राज्यों ने 97,000 करोड़ रुपए कर्ज लेने के केंद्र के विकल्प का समर्थन किया है। ये राज्य मुख्य रूप से भाजपा शासित और उन दलों की सरकार वाले हैं जो विभिन्न मुद्दों पर केंद्र की नीतियों का समर्थन करते रहे हैं। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र को अपने निर्णय के बारे में सूचना दी है, उनमें आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओड़िशा, पुडुचेरी, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश हैं। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को जीएसटी परिषद को अपने विकल्प के बारे में सूचना देनी है। सूत्रों ने कहा कि जो राज्य निर्धारित तारीख पांच अक्टूबर, 2020 तक कर्ज विकल्प के बारे में परिषद को सूचना नहीं देंगे, उन्हें क्षतिपूर्ति बकाया प्राप्त करने के लिए जून 2022 तक इंतजार करना होगा। यह भी इस बात पर निर्भर है कि जीएसटी परिषद उपकर संग्रह की अवधि 2022 के बाद बढ़ाता है या नहीं। सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की मौजूदगी में जीएसटी परिषद को कोई प्रस्ताव अगर मतदान के लिए आता है तो उसे पारित करने के लिए केवल 20 राज्यों की जरूरत है। चालू वित्त वर्ष में राज्यों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 2.35 करोड़ रुपए के राजस्व की कमी का अनुमान है। केंद्र के आकलन के अनुसार करीब 97,000 करोड़ रुपए की कमी जीएसटी क्रियान्वयन के कारण है, जबकि शेष 1.38 लाख करोड़ रुपए के नुकसान की वजह कोविड-19 है। इस महामारी के कारण राज्यों के राजस्व पर प्रतिकूल असर पड़ा है। केंद्र ने पिछले महीने राज्यों को दो विकल्प दिए थे। इसके तहत 97,000 करोड़ रुपए रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विशेष सुविधा से या पूरा 2.35 लाख करोड़ रुपए बाजार से लेने का विकल्प दिया गया था। साथ ही आरामदायक और समाज के नजरिए से अहितकर वस्तुओं पर 2022 के बाद भी उपकर लगाने का प्रस्ताव किया गया था। कुछ और राज्य कर्ज के विकल्प के बारे में एक-दो दिन में सूचना दे देंगे। उसने कहा कि मणिपुर ने शुरू में बाजार से 2.35 लाख करोड़ रुपए के कर्ज लेने का विकल्प चुना था। बाद में उसने 97,000 करोड़ रुपए के कर्ज का विकल्प चुना। हालांकि गैर-भाजपा शासित राज्य जीएसटी राजस्व में कमी को पूरा करने के लिए कर्ज के विकल्प का विरोध कर रहे हैं।

### दूसरी छमाही के लिए कर्ज समयसारणी सितंबर के आखिरी सप्ताह में तय करेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ परामर्श के बाद वित्त मंत्रालय इस महीने के आखिरी सप्ताह मे चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए कर्ज समयसारणी पर निर्णय लेगा। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। मई में की गई घोषणा के अनुसार, सरकार का कर संग्रह मे गिरावट के बीच कोविड-19 संकट से निपटने के लिए बढ़ते खर्च को पूरा करने को लेकर अक्टूबर-मार्च की अवधि के दौरान 12 लाख करोड़ रुपए मे से 5.02 लाख करोड़ रुपए का शेष ऋण लेने का इरादा है। सूत्रों ने कहा कि उधार समयसारणी तय करने की बैठक के लिए सही तारीख अभी तय नही है, लेकिन इस महीने के आखिरी सप्ताह मे इसके होने की संभावना है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों से 6.98 लाख करोड़ रुपए के कुल उधार लक्ष्य का 58 प्रतिशत जुटाने का विचार किया था। वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही के दौरान केंद्र सरकार ने 3,46,000 करोड़ रुपए की दिनांकित प्रतिभूतियां जारी की, जबकि एक साल पहले इसी अवधि मे 2,21,000 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियां जारी की गई थी। दूसरी तिमाही में, दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से उधार 18 सितंबर तक 3.60 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है।

## निजी अस्पतालों को दिख रहे उबरने के संकेत

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी से वित्तीय तौर पर गंभीर रूप से प्रभावित हेल्थकेयर क्षेत्र की निजी कंपनियों को लॉकडाउन की पाबंदियां हटाए जाने के बाद उबरने के संकेत दिख रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा देने वाली निजी कंपनियों ने ऐसी राय व्यक्त की है। अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक (एमडी) सुनीता रेड्डी ने पीटीआई-भाषा से कहा, जैसे ही देश में अनलॉक की शुरुआत हुई, हम लॉकडाउन के कारण लगे शुरुआती झटकों के दूर होने के बारे में आश्वस्त थे।

# लॉकडाउन के दौरान मोबाइल के जरिए शेयर कारोबार में आया जोरदार उछाल

भाषा। नई दिल्ली



कोरोना वायरस की वजह से लागू लॉकडाउन के दौरान बड़ी संख्या में खुदरा निवेशकों ने शेयर बाजारों का रुख किया। ब्रोकरेज कंपनियों के अनुसार लॉकडाउन में मोबाइल फोन के जरिए शेयर कारोबार में अच्छा-खासा इजाफा हुआ। उनका मानना है कि आगे मोबाइल के जरिए शेयरों की खरीद-फरोख्त और बढ़ेगी, क्योंकि स्मार्टफोन के जरिए ग्राहकों को कारोबार और निवेश से जुड़े घटनाक्रमों की तत्काल जानकारी मिल जाती है। फायर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं सह-संस्थापक तेजस खोड़े ने कहा, लॉकडाउन के दौरान शेयर कारोबार से जुड़ी गतिविधियों में काफी बदलाव आया। कारोबारी गतिविधियों का रुख डेस्कटॉप से मोबाइल उपकरणों की तरफ हो गया। ज्यादातर युवा निवेशकों के बीच मोबाइल के जरिए शेयरों का कारोबार बढ़ रहा है। ए पहली बार के निवेशक भी हैं।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 59,260 करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** सेसेक्स की शीर्ष 10 मे से सात कंपनियो के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) मे बीते सप्ताह 59,259.58 करोड़ रुपए की गिरावट आई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक घटा। इनके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, आईटीसी तथा आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी नीचे आया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण मे बढ़ोतरी दर्ज हुई। बीते सप्ताह हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 14,320.54 करोड़ रुपए घटकर 4,93,007.39 करोड़ रुपए रह गया।

## बड़े बंदरगाहों पर तापीय, कोकिंग कोयला आयात 28 प्रतिशत घटकर 4.6 करोड़ टन रहा

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संकट के बीच देश के 12 बंदरगाहो पर तापीय और कोकिंग कोयले का आयात चालू वित्त वर्ष मे अप्रैल-अगस्त के दौरान इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 27.93 प्रतिशत घटकर 4.577 करोड़ टन रहा। बंदरगाहो के संगठन इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने यह कहा।

## मांग में कमी से कोल इंडिया का उत्पादन 60 करोड़ टन से कम रहने का अनुमान: विश्लेषक

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड के उत्पादन मे चालू वित्त वर्ष मे पिछले साल के मुकाबले गिरावट आ सकती है। मांग नरम होने की वजह से उत्पादन 60 करोड़ टन से नीचे जा सकता है। विश्लेषको ने यह कहा है। पिछले वित्त वर्ष 2019-20 मे कंपनी का कोयला उत्पादन 60.2 करोड़ टन था।

## टीवी विनिर्माण में उपयोग होने वाले ओपन सेल पर लगेगा 5 प्रतिशत आयात शुल्क


**नई दिल्ली।** टीवी के विनिर्माण मे उपयोग होने वाले ओपन सेल के आयात पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क एक अक्टूबर से फिर लगाया जाएगा। एक साल की छूट अवधि समाप्त होने के बाद यह शुल्क लगाया जा रहा है। वित्त मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

## भारत में वैध होने के बाद भी गूगल ने कैशबैक हटाने को बाध्य किया: पेटीएम

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम ने रविवार को दावा किया कि भारत में वैध होने के बाद भी गूगल ने उसे कैशबैक की पेशकश हटाने के लिए बाध्य किया।

# शरीफ ने फौज व इमरान खान सरकार पर बोला जोरदार हमला

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ ने देश में ताकतवर फौज की आलोचना करते हुए सियासत में वापस आने के लिए रास्ता तैयार किया और कहा कि विपक्ष प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नहीं है, बल्कि उनके खिलाफ है जो"अक्षम" व्यक्ति को सत्ता में लेकर आए हैं।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) द्वारा आहूत सर्व दलीय सम्मेलन को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे शरीफ ने लोगों की बुनियादी परेशानियां हल करने में नाकाम रहने पर सत्तारूढ़ पार्टी पर जोरदार हमला बोला। इस सर्व दलीय सम्मेलन का मकसद खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ एक आंदोलन शुरू करना है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख शरीफ (70) पिछले साल नवंबर से लंदन में रह रहे हैं। लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें इलाज के वास्ते चार हफ्तों के लिए विदेश जाने की इजाजत दी थी। पीपीपी के प्रमुख आसिफ अली ज़रदारी ने शुक्रवार को शरीफ से फोन पर बातचीत की थी और उन्हें रविवार को ऑनलाइन होने वाली विपक्ष की अगुवाई वाले सर्व दलीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया था। सम्मेलन में शरीफ ने खान का कथित रूप से समर्थन करने के लिए देश की ताकतवर फौज की आलोचना की। उन्होंने कहा, हमारा संघर्ष इमरान खान के खिलाफ नहीं है। आज, हमारा संघर्ष उन लोगों के खिलाफ है, जिहोंने इमरान खान को बैठाया है और जिन्होंने उन जैसे अक्षम व्यक्ति को लाने के लिए (2018) के चुनाव को प्रभावित किया और मुल्क को तबाह किया"पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि सबसे बड़ी प्राथमिकता इस चयनित सरकार और इस व्यवस्थै को हटाने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर बदलाव नहीं होते हैं तो मुल्क को अपूरणीय क्षति होगी।उन्होंने कहा कि सेना को सियासत से दूर रहना चाहिए और संविधान एवं राष्ट्रपिता कायदे आज़म मोहम्मद अली जिन्ना की दृष्टि का अनुसरण करना चाहिए तथा लोगों की पसंद में दखल नहीं देनी चाहिए।शरीफ ने कहा,"हमने इस देश को अपनी नजर में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मजाक बना दिया है। शरीफ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री युसूफ रजा गिलानी ने एक बार कहा था कि पाकिस्तान में राज्य के अंदर एक राज्य है" उन्होंने कहा, यह दुखद है कि स्थिति बदतर हो गई है और राज्य के ऊपर एक राज्य हो गया है। यह समानांतर सरकार की बीमारी हमारी परेशानी की मूल वजह है।

## अफगान सेना के हवाई हमले में 24 की मौत

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान** के उत्तरी हिस्से में अफगान सेना के हवाई हमले में 24 लोग मारे गए और छह अन्य घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदशियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दो प्रत्यक्षदर्शियों ने समाचार एजेंसी एपी को बताया कि शनिवार को उत्तरी कुंदुज प्रांत के सैयद रमजान गांव पर हवाई हमले किए गए, जिनमें मारे गए लोग आम आदमी हैं। यह गांव इस प्रांत के खनबाद नामक जिले में है और इस जिले पर तालिबान का नियंत्रण है।

हालांकि, अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमले में 30 तालिबान लड़ाके मारे गए। उसने यह भी कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि मारे गए लोगों में आम आदमी तो नहीं हैं। ये हवाई हमले ऐसे वक्त किए गए हैं, जब तालिबान और सरकार के वार्ताकार अफगानिस्तान के भविष्य पर और युद्ध एवं संघर्ष समाप्ति पर चर्चा करने के लिए कतर में पहली बार बैठक कर रहे हैं।



बैंकाक में हो रहे प्रदर्शन को रोकने के लिए ग्रांड पैलेस के चारों तरफ मास्क पहने तैनात पुलिस अधिकारी

## गोर-टेक्स कपड़ा बनाने वाले रॉबर्ड डब्ल्यू गोर का निधन

**नेवार्क।** पानी में गीले होने से बचाने और भीतर हवा का प्रवाह बनाए रखने में सक्षम गोर टेक्स कपड़े का निर्माण करने वाले रॉबर्ट डब्ल्यू गोर का निधन हो गया। वह 83 साल के थे। इस कपड़े के निर्माण ने कपड़े के क्षेत्र में क्रांति ला दी और कई क्षेत्रों में इसका इस्तेमाल भी होने लगा। गोर का निधन बृहस्पतिवार को मेरिलैंड स्थित अपने घर में हुआ। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। गोर, डब्ल्यू एल गोर एसोसिएट्स के करीब 25 साल तक अध्यक्ष और 30 साल तक वह कंपनी के प्रमुख रहे। उन्होंने डेलावेयर में कंपनी की एक प्रयोगशाला में 1969 में पॉलीमर के एक नए रूप की पहचान की थी। विलमिंग्टन के न्यूज जर्नल की खबर के मुताबिक कंपनी की शुरुआत करने वाले उनके पिता ने सस्ते पल्बंर टेप के निर्माण के लिए नया तरीका तलाशने के लिए अनुसंधान करने को कहा था जिसमें पीटीएफई का इस्तेमाल करना था। इसके बाद उनके बेटे ने पाया कि पीटीएफई को अचानक झटके से खीचने पर पॉलीमर।,000 फीसदी तक खिंच सकता है।

## अमेरिका ने ईरान के खिलाफ संरा पाबदियां बहाल की

भाषा। वाशिंगटन

**ट्रंप प्रशासन** ने शनिवार को घोषणा की कि ईरान पर संयुक्त राष्ट्र की सभी पाबंदियां बहाल कर दी गई हैं। उसके इस कदम को बाकी दुनिया ने खारिज कर दिया है और संयुक्त राष्ट्र की महासभा की बैठक से पहले इस वैश्विक निकाय में जबर्दस्त जोर-आजमाईश के आसार पैदा हो गए हैं। यह कदम तब उठाया गया है जब एक महीने पहले विदेश मंत्री माईक पोम्पियो ने सुरक्षा परिषद को बताया कि ईरान ज्वायंट कंप्रीहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन या जेसीपीओए (2015 के ईरान परमाणु करार) के तहत अपने दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने स्थानीय समयानुसार शाम आठ बजे एक बयान में कहा, अमेरिका ने यह कार्वाई इसलिए की है क्योंकि ईरान के जेसीपीओए दायित्वों का पालन करने में विफल रहने के साथ ही सुरक्षा परिषद भी ईरान पर हथियार पाबंदियों का विस्तार करने में विफल रही जो उस पर 13 सालों से थी। उन्होंने कहा, अपने अधिकारों के तहत हमने हथियार पाबंदी समेत संयुक्त राष्ट्र के हटा लिए गए प्रतिबंधों को बहाल करने की अपनी स्नैपबेक (एक प्रकार की कानूनी) प्रक्रिया शुरु की है। फलस्वरूप दुनिया सुरक्षित रहेगी। लेकिन अमेरिका के इस कदम का सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्यों देशों ने जबर्दस्त विरोध किया है और उन्होंने उसको नजरअंदाज करने की ठानी है। उनका कहना है कि अमेरिका इसका कानूनी हक गवां चुका है क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2018 में इस परमाणु करार से हट गए और ईरान पर अमेरिकी पाबंदियां लगा दी। स्नैपबैक का तात्पर्य है कि परमाणु करार के तहत दी गई ढील या हटा ली गई पाबंदियों को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा दोबारा लगाया जा सकता है।

## चीन आक्रामकता का सहारा ले रहा : अमेरिकी सांसद

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक शीर्ष भारतीय-अमेरिकी सांसद ने कहा है कि भारत को सीमा क्षेत्र में रक्षा ढांचा निर्माण से रोकने के लिए चीन आक्रामक रुख अपना रहा है क्योंकि इस निर्माण के बिना बीजिंग को वहां रणनीतिक बढ़त हासिल होती है।

भारतीय सेना और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच मई की शुरुआत से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगे कई इलाकों में गतिरोध जारी है। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यह एक गंभीर स्थिति है। मुख्य तौर पर यह तब शुरू हुआ जब भारत सरकार ने चीन से लगते सीमा क्षेत्र में पूरी तरह से अपने इलाके में रक्षा तंत्र की मजबूती के लिए ढांचागत निर्माण किया। चीन को प्रत्यक्ष तौर पर यह बुरा लगा और उसने इसके बाद गलवान क्षेत्र में बेहद उकसावे वाला कदम उठाया। कृष्णमूर्ति को लगातार तीसरी बार इलिनोइस से प्रतिनिधि सभा में निर्वाचन की उम्मीद है। वह खुफिया विषय पर सदन की स्थाई प्रवर समिति में शामिल पहले और एकमात्र भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। भारत के खिलाफ चीनी आक्रामकता और सीमा पर स्थिति को लेकर पिछले सप्ताह इस समिति को गुप्त जानकारी उपलब्ध कराई गई। कृष्णमूर्ति ने उस जानकारी के बारे में विस्तृत रूप से बताने से इनकार किया लेकिन उन्होंने चीन के कदमों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, विडंबना यह है कि चीन सीमा क्षेत्र में अपनी तरफ पहले ही ढांचागत निर्माण कार्य पूरा कर चुका है। और इसलिए मैं इस बारे में बहुत चिंतित हूं कि चीन सीमा विवाद या तनाव से जुड़े वैसे ही कदम उठा रहा

### ● भारत को सीमा क्षेत्र में रक्षा ढांचा निर्माण से रोकने पर अमेरिका के एक शीर्ष भारतीय-अमेरिकी सांसद ने उठाए सवाल

है जैसा कि वह ताइवान, जापान, वियतनाम और दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन के साथ कर चुका है। गलवान घाटी में 15 जून को चीनी सैनिकों के साथ झड़प में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव काफी बढ़ चुका है। इस झड़प में चीनी पक्ष के जवान भी मारे गए थे लेकिन चीन ने इस बारे में विस्तृत जानकारी जाहिर नहीं की थी। कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीन अच्छे पड़ोसी की तरह व्यवहार नहीं कर रहा है। यह समय चीन के पड़ोसियों के लिए आपस में हाथ मिलाने का है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के देशों और अन्य के आपसी गठजोड़ से यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि जब आपसी विवादों को सुलझाने के लिए हमेशा ही कूटनीतिक दरवाजे का इस्तेमाल होना चाहिए तो चीन सरकार अपने रास्ते बनाने के लिए सैन्य कदम नहीं अपना सकती है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीन के पड़ोसी देश तेजी से इस पर बातचीत कर रहे हैं कि कैसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के हिसाब से नियम बनाए जाएं। उन्होंने कहा, इसलिए अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य इस पर चर्चा करने के लिए साथ आए हैं कि कैसे आक्रामकता और सैन्य कदम से बचा जाए क्योंकि इससे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

चीन द्वारा भारत को रक्षा ढांचागत निर्माण से रोके जाने पर उन्होंने कहा कि बीजिंग इस क्षेत्र में हासिल रणनीतिक बढ़त को छोड़ना नहीं चाहता है। उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच गहरे संबंध का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका को यह स्पष्ट करना चाहिए कि अगर कोई अंतरराष्ट्रीय नियम या समझौते का उल्लंघन करेगा तो अमेरिका इन नियमों का पालन करनेवाले देश के साथ खड़ा होगा, जैसा कि भारत इस मामले में अंतरराष्ट्रीय समझौतों के साथ है। कृष्णमूर्ति ने चीन के खिलाफ और भारत के समर्थन में एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन की शक्ल में है, जिसे सदन में बड़े समर्थन के साथ पारित किया गया। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि इस मुद्दे को जल्द से जल्द कूटनीतिक तरीके से हल किया जाए।



रोम में इटली के प्रधानमंत्री अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए

## व्हाइट हाउस के पते पर आए एक लिफाफे में जहर होने की पुष्टि

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में संघीय अधिकारियों ने व्हाइट हाउस के पते पर आए एक लिफाफे में जहर रिसिन होने का पता लगाया है। एक अधिकारी ने एसोसिएट प्रेस को शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पत्र उस सरकारी प्रतिष्ठान में पकड़ा गया जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के लिए आने वाली डाक की जांच करता है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इसमें रिसिन होने की पुष्टि हुई है। यह कैस्टर सीड (अरण्डी के बीज) में स्वाभाविक रूप से पाया जाने वाला विषैला पदार्थ है।

अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। संघीय जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि यह लिफाफा कहां से आया है और इसे किसने भेजा है। एफबीआई, सीक्रेट सर्विस और अमेरिकी डाक निरीक्षण सेवा जांच का नेतृत्व कर रहे हैं।

## ट्रंप सुप्रीम कोर्ट के लिए करेंगे किसी महिला न्यायाधीश को नामित

भाषा। वाशिंगटन




**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश रूथ बदेर गिन्सबर्ग के निधन के बाद रिक्त हुए पद के लिए किसी महिला उम्मीदवार को नामित करेंगे।ट्रंप ने शनिवार को नॉर्थ कैरोलाइना में एक चुनावी रैली में समर्थकों से कहा, मैं अगले सप्ताह किसी को नामित करूं-ंगा। मैं कह सकता हूं कि वह एक महिला होंगी। कोई अगर मुझसे अभी पूछे तो मैं कहूंगा कि एक महिला पहले स्थान पर होंगी। गिन्सबर्ग का कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं। अमेरिका की शीर्ष अदालत में न्यायाधीश के पद पर पहुंचने वाली गिन्सबर्ग दूसरी महिला थीं। उन्होंने पूरी जिंदगी लैंगिक समानता की वकालत की और न्यायाधीश के तौर पर प्रतिष्ठा हासिल की। ट्रंप ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया को ले कर हमारे मन में बेहद सम्मान है। यह अनेक बार हो चुका है और आप जानते हैं कि हर बार किसी को नामित किया गया है, और कई बार ऐसा हुआ कि यह राष्ट्रपति चुनाव वाले वर्ष में हुआ। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हम जल्द ही प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं। जल्द ही हम नामित करेंगे। ट्रंप ने कहा कि उनकी सूची में 45 लोगों के नाम हैं लेकिन संभावित उम्मीदवारों की वह जल्द ही संक्षिप्त सूची बनाएंगे।चुनाव रैली में ट्रंप ने अपने समर्थकों से पूछा, नामित सदस्य पुरूष होना चाहिए या महिला। इस पर भीड़ ने जवाब दिया महिला।बहरहाल, डेमोक्रेटिक पार्टी ने तीन नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के पहले न्यायाधीश का नाम नामित किए जाने का विरोध किया है। राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने जोर दिया है कि गिन्सबर्ग के स्थान पर न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए चुनाव तक इंतजार करना चाहिए।बाइडेन ने कहा, मतदाता राष्ट्रपति को चुनेंगे और नए राष्ट्रपति को ही न्यायाधीश चुनने के बारे में फैसला करना चाहिए।

## भयावह गोलीबारी ने बढ़ाई रोचेस्टर शहर की पीड़ा

**रोचेस्टर ( अमेरिका )।** डेनियल प्रूड की पुलिस कार्वाई में दम घुटने से हुई मौत का इसी माह खुलासा होने से आक्रोशित न्यूयार्क का रोचेस्टर शहर शनिवार को स्तब्ध रह गया जब एक पार्टी में गोलीबारी होने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। रोचेस्टर सिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष विल्ली लाईटफुड ने कहा, हमारा समुदाय पहले से ही पीड़ा से गुजर रहा है। इन सभी के ऊपर एक और मुसीबत आ गई। रात साढे बारह बजे गोलीबारी हुई। वैसे इसका प्रूड की मौत से कोई लेना-देना नहीं है। उस मौत का सारा ब्योरा छह माह बाद सामने आया है। शहर के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख मार्क साइमन्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह वाकई बहुत बड़ी त्रासदी है। मेरा मतलब है कि 16 लोगों के हताहत होने के बारे में नहीं सुना गया होगा और हमारे समुदाय, जो पहले से इतनी चीजों से गुजर रहा था, को ऐसी त्रासदी से अनावश्यक रूप से जूझना पड़ा और वह भी इसलिए क्योंकि कुछ लोगों ने हिंसक तरीके से बर्ताव करने की ठान ली। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। डेनियल प्रूड की मौत का मामला सामने आने के बाद पश्चिमी न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में पिछले दिनों जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ था। लोग प्रूड की मौत को लेकर महापौर के इस्तीफे और संबंधित अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

## कोविड-19 संकट के बाद शायद दो करोड़ लड़कियां स्कूल नहीं लौट पाएंगी:मलाला

भाषा। इस्लामाबाद



**नोबेल पुरस्कार** से सम्मानित मलाला यूसुफजई ने कहा है कि कोविड-19 संकट खत्म होने के बाद भी दो करोड़ लड़कियां शायद स्कूल नहीं पहुंच पाएंगी। डॉन अखबार के मुताबिक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर शुक्रवार को मलाला (23) ने माना कि कोविड-19 ने महिलाओं को शिक्षित करने के हमारे सामूहिक लक्ष्य को नुकसान पहुंचाया है।उन्होंने कहा, शिक्षा के मोर्चे पर महामारी खत्म होने के बाद भी दो करोड़ लड़कियां स्कूलों में नहीं लौट पाएंगी। वैश्विक स्तर पर कोष जुटाने के प्रयासों को भी धक्का लगेगा। पाकिस्तान में लड़कियों की शिक्षा के लिए मुहिम के दौरान पाकिस्तान तालिबान के आतंकियों ने मलाला को गोली मार दी थी।मलाला ने वैश्विक समुदाय को याद दिलाया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा पांच साल पहले निर्धारित सतत वैश्विक लक्ष्य में लाखों लड़कियों के सुनहरे भविष्य की कल्पना की गई थी जो शिक्षित होना चाहती हैं और गैर बराबरी से मुकाबला करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बहुत कम प्रयास हुए हैं। उन्होंने वैश्विक संस्था से सवाल किया, आप कब काम पूरा करने का विचार कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमें इस मौजूदा संकट से आगे देखना होगा और दूरदर्शिता दिखानी होगी। बदलाव संभव है और यह हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अमीर देशों से विकासशील देशों की जरूरतों के लिए मदद करने का आह्वान किया।

## पाक के पंजाब प्रांत में सिख लड़की लापता अज्ञात अपहर्ता के खिलाफ मामला दर्ज

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पंजाब प्रांत में 22 वर्षीय सिख लड़की लापता हो गई और पुलिस ने अज्ञात अपहर्ता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। मीडिया में आई एक खबर के मुताबिक यह घटना हाल में अटक जिले के हसनअब्दाल शहर में हुई। इसी शहर में सिखों का पवित्र धर्मस्थल प्रसिद्ध गुरुद्वारा पंजा साहिब है। डॉन अखबार के मुताबिक लड़की कचरा फेंकने के लिए अपने घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। उसके पिता हसनअब्दाल में एक दुकान चलाते हैं। खबर में इस बात का जिक्र नहीं है कि यह घटना कब हुई। उप संभागीय पुलिस अधिकारी राजा फैयाज उल हसन के हवाले से बताया गया कि हसनअब्दाल पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर अज्ञात अपहर्ता के खिलाफ पाकिस्तान की दंड संहिता की धारा 365 बी के तहत अगवा करने (शादी करने के लिए अपहरण समेत) के तहत एक मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस लापता लड़की की तलाश कर रही है।जिला पुलिस के प्रवक्ता ताहिर इकबाल ने कहा कि लड़की के पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के तुरंत बाद अज्ञात अपहर्ता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया।उपसंभागीय पुलिस अधिकारी हसन ने बताया कि जिस दिन लड़की लापता हुई, उसके अगले दिन उसने अपने पिता को वाट्सऐप पर एक मैसेज भेजकर बताया कि उसने अपनी इच्छा से शादी की है और इस्लाम कबूल कर लिया है।उन्होंने कहा कि पुलिस की कई टीमें लड़की की तलाश कर रही हैं ताकि उसे अदालत में पेश किया जाए और बयान दर्ज कराया जाए।पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार अमीर सिंह ने पुष्टि की है कि गुरुद्वारा पंजा साहिब के पास स्थित घर से लड़की लापता हो गई।सिंह ने कहा कि लड़की के पिता और चाचा ने धार्मिक मामलों के संघीय मंत्री नूरउल हक कादरी से शुक्रवार को मुलाकात की और लड़की के लापता होने के बारे में उन्हें अवगत कराया।पाकिस्तान में जबरन धर्मांतरण और गैर मुस्लिम लड़कियों से शादी के मामले आते रहते हैं लेकिन उनमें से ज्यादातर मामले सिंध प्रांत से आते हैं।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने कम से कम चार आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने यह जानकारी दी।सेना ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को खुफिया सूचना के आधार पर अवारान जिले के मध्य मकरान क्षेत्र में अभियान चलाया था। बयान के अनुसार, इस दौरान आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करके भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण बरामद किए गए। सेना ने कहा कि इस दौरान आतंकवादियों के प्रशासनिक शिविरों को भी तबाह कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि शनिवार को एक अन्य घटना में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पालगा इलाके में एक अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ हुई गोलीबारी में कम से कम दो सैनिकों की मौत हो गई। सैनिकों ने तलाशी अभियान के लिए इलाके की घेराबंदी की थी।

## पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 640 नए मामले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 640 नए मामले सामने आने के बाद रविवार को इस महामारी के मामलों की संख्या बढ़कर 3,05,671 हो गई। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसने बताया कि इस अवधि में एक मरीज की मौत भी हो गई और इसके साथ ही देश में महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या 6,446 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार पाकिस्तान में अब तक कोविड-19 के 2,92,303 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और 562 की हालत गंभीर है। सिंध में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के।,33,626 , पंजाब में 98,368, खैबर पख्तूनख्वां में 37,317, इस्लामाबाद में 16,126, गिलगित बाल्तिस्तान में 3,450 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,517 मामले में आ चुके हैं।

## तेज हवा से और भड़की कैलिफोर्निया के जंगल की आग, लोगों से घर खाली करने को कहा गया

**जूनिपर हिल्स( अमेरिका )।** लॉस एंजिल्स के पूर्वोत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों पर स्थित जंगल में करीब दो सप्ताह से लगी आग शनिवार को तेज हवा के चलते और भड़क गई और नीचे की तरफ बढ़ रही है। प्रशासन ने अब क्षेत्र के लोगों से इलाके को खाली करने को कहा है। आग की वजह से इलाके के कुछ घर भी जल गए हैं। इस बीच अधिकारी एक दमकल कर्मी की मौत की जांच में जुटे हैं। यह वैसी ही घटना थी जैसी इस महीने के शुरू में दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में पायरोटेक्निक उपकरण से लगी थी। उस उपकरण का इस्तेमाल एक दंपत्ति अपने बच्चे के प्रसव-पूर्व लिंग का पता लगाने के लिए कर रहे थे। अमेरिकी वन सेवा ने एक बयान में कहा कि लॉस एंजिलिस से करीब 120 किलोमीटर दूर सैन बर्नार्डिनो राष्ट्रीय वन में बृहस्पतिवार को दमकलकर्मी की जान गई जब उनका दल एल डोराडो की आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा था। उत्तरी लॉस एंजिलिस काउंटी में अग्निशमन कर्मी शनिवार को घरों को बचाने में जुटे थे।

# उचित विशेषज्ञता चुनें




**अर्जुन जगन्नाथन का कहना है कि उचित विशेषज्ञता चुनने के रुझान की कुछ साल पहले शुरुआत हुई थी। लेकिन अब उम्मीदवारों ने अपने पसंदीदा नौकरियां पाने हेतु विशिष्ट योग्यताओं की आवश्यकता की महत्ता महसूस की है**

भारत में, लगभग 3 .6 लाख एमबीए उम्मीदवार हर साल निकलते हैं। लेकिन कोरोना वायरस स्थिति के कारण, बिजनेस स्कूलों (बी स्कूल) को पढ़ाने में अपने पारंपरिक तरीके में बदलाव करने पड़े हैं, और इन बदलावों के छात्रों पर गहरे प्रभाव पड़ेंगे।

ज्यादातर एमबीए पाठयक्रमों ने घोषणा की है कि वे अपने छात्रों को आनलाइन क्लासेज प्रदान करने के लिए डिजीटल होने की योजना बना रहे हैं। अनेक संस्थानों ने अपने एमबीए कोर्स शुरू होने की डेडलाइंस आगे बढ़ा दी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि वे परिसरों को दुबारा तब खोलेंगे जब छात्रों के लिए कालेजों में कक्षाओं में भाग लेने के लिए आना सुरक्षित होगा। इसका अर्थ है कि एमबीए उम्मीदवारों को आनलाइन कक्षाओं में भाग लेना होगा और प्राय: क्लासरूप में भी ।

क्लासरूम छात्रों को अपने सहपाठियों के साथ कक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे कि वे टापिक पर बहस कर सकें और तत्काल अपने संदेहों को स्पष्ट कर सकें। जब वे आनलाइन कक्षाएं करेंगे तो वे कैम्पस के अनुभव की कमी महसूस करेंगे और साथ ही साथ अन्य छात्रों व शिक्षक सदस्यों के साथ प्रत्यक्ष संवाद की भी।

लेकिन जहां तक प्रबंधन स्थिति की बात है तो वे काफी कुछ सीखेंगे और वे संस्थानों द्वारा प्रदत्त वेबिनारों व अन्य आनलाइन सत्रों में भाग लेने में भी सक्षम होंगे।

एमबीए कोर्स में जो बदलाव हो रहे हैं उसे देखते हुए ये कोर्स उम्मीदवार की अकादमिक क्षमता के अलावा अन्य योग्यताओं की भी परीक्षा करेंगे। वे अब संकट से निपटने में उम्मीदवार की योग्यता की भी जांच करेंगे।

यदि उम्मीदवार परिसर में एमबीए कोर्स में भाग लेता है, तो उन्हें टीमों में प्रोजेक्ट और केस स्टडीज में काम करना पड़ेगा। जब वे कालेज में टीमों के साथ होते हैं तो विमर्श करना, विचारों को साझा करना और प्रोजेक्ट पूरे करना अधिक आसान होता है। लेकिन वर्तमान स्थिति इसकी अनुमति नहीं देती है।

इस स्थिति में, यह स्पष्ट हो जाता है कि नेतृत्वकारी भूमिका कौन लेता है, कौन टीम को एक साथ लाता है और कौन काम संभालता है। रोजगार बाजार पर कोरोना वायरस के असर ने एमबीए उम्मीदवारों को अपने एमबीए प्रोग्राम को चुनने से पहले पुनर्विचार करने के लिए बाध्य किया है। जब एक उम्मीदवार एमबीए करने का फैसला करता है, तो वह अपनी पसंद के क्षेत्र में विशेषज्ञता का चुनाव कर सकता है।

सही विशेषज्ञता चुनने के रुझान की शुरुआत कुछ साल पहले हुई थी। लेकिन अब उम्मीदवारों ने अपने पसंदीदा नौकरियां पाने हेतु विशिष्ट योग्यताओं की आवश्यकता की महत्ता महसूस की है।

**प्रत्येक एमबीए प्रोग्राम में एक अनोखा प्रस्ताव रहेगा और हर बी स्कूल के पास अपने छात्रों को पढ़ाने का अपना तरीका होता है। यह उम्मीदवार पर निर्भर है कि वो भी स्कूलों द्वारा प्रदत्त जानकारियों का अध्ययन करे, अपना शोध करे और पता लगाए कि कौन सा कोर्स और कौन सा बी स्कूल उनके लिए सर्वाधिक अनुकूल है।**

जनरल मैनेजमेंट में एमबीए, जो मैनेजमेंट और बिजनेस की व्यापक समझ प्रदान करता है, एक ऐसा एमबीए प्रोग्राम था जो मांग में था। लेकिन अब, एमबीए उम्मीदवार विशिष्ट एमबीए कोर्स चुनते हैं। वे अब अपने लिए उपलब्ध ऐसे विकल्पों की तलाश करना चाहते हैं जिसमें स्टेम (साइंस, तकनीक, इंजीनियरिंग एवं गणित) जैसे विषय भी सम्मिलित हैं।

जिस उम्मीदवार की टिकाऊ विकास की महत्ता व चुनौतियों की समझ में दिलचस्पी होती है उसके लिए बी स्कूल सस्टेनेबल डेवलेपमेंट में एमबीए का प्रस्ताव देते हैं। छात्र टिकाऊ विकास लाने वाली तकनीक और तरीके सीखते हैं, चाहे वे कार्पोरेट वातावरण के भीतर के हों या अन्य व्यवसायों में।

उम्मीदवार उदाहरण स्वरूप, लाजिस्टिक्स एवं सप्लाई चैन मैनेजमेंट, ब्लॉकचेन मैनेजमेंट और इन्नोवेशन मैनेजमेंट में एमबीए करने का फैसला कर सकते हैं। दुनिया भर के बीस्कूल, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, आईआईएम, ईयू बिजनेस स्कूल तथा व्हार्टन बिजनेस स्कूल आदि, छात्रों के लिए अलग अलग एमबीए स्पेशलाइजेशन कोर्स के विकल्प प्रस्तावित करते हैं। इसके कारण, छात्रों के लिए अपने पसंदीदा कोर्स में दाखिला पाने के अवसर बढ़ गए हैं।

प्रत्येक एमबीए प्रोग्राम में एक अनोखा प्रस्ताव रहेगा और हर बी स्कूल के पास अपने छात्रों को पढ़ाने का अपना तरीका होता है। यह उम्मीदवार पर निर्भर है कि वो भी स्कूलों द्वारा प्रदत्त जानकारियों का अध्ययन करे, अपना शोध करे और पता लगाए कि कौन सा कोर्स और कौन सा बी स्कूल उनके लिए सर्वाधिक अनुकूल है।

यह फैसला करने के लिए, उम्मीदवार को पहले खुद को जानना होता है। उन्हें अपनी क्षमताओं व कमजोरियों को जानना होता है और अपने व्यक्तित्व व आकांक्षाओं के अनुकूल एमबीए प्रोग्राम चुनना होता है। लेकिन बीस्कूल द्वारा प्रस्तावित कोर्स की संभावना को समझना भी अनिवार्य होता है। कोर्स की संभावनाओं को समझने से उन्हें रोजगार भूमिकाओं तथा वेतन पैकेज को समझने में सहायता मिलेगी जो वे ग्रेजुएट होने के बाद प्राप्त करेंगे। एक बात उम्मीदवारों को याद रखनी चाहिए कि एमबीए एक निवेश है, पैसा और धन दोनों मामले में। इसलिए उचित फैसला करना और आज के संकट के समय के दौरान अपना सर्वोत्तम देना महत्वपूर्ण है।

**- लेखक क्रेकवर्बल, के सह संस्थापक हैं।**

# युवाओं के लिए मददगार डिजीटल चैनल

**लीजा हेडलॉफ का कहना है कि डिजीटल कंटेंट की इस दुनिया में जरूरी है कि महिलाओं को उन योग्यताओं से सशक्त बनाया जाए जिनकी उन्हें स्कूल से काम या अपनी पसंद के व्यवसाय में जाने के लिए आवश्यकता है**

**■ मैप आफमी (मॉम) है क्या ?**

यह एक मोबाइल/ डिजीटल चैनल है जो युवाओं को वे योग्यताएं सीखने में सक्षम होने के लिए डिजाइन किया गया है जो उनके लिए उनकी मनचाही नौकरी पाने या ऐसे स्थायी व्यवसाय की शुरूआत करने के लिए आवश्यक है जिनसे शहर के लिए समस्याएं हल होती हैं।

यह शहर केन्द्रित है। दिल्ली, बैंगलुरू, कोलकाता। इसकी खूबियों वे योग्यताएं हैं जो शहर में आपको समस्या निवारक उद्यमी बनाने, के साथ साथ शहर में क्या है जो युवाओं के लिए रूचिकर है, के लिए आवश्यक हैं: स्ट्रीट फूड, स्ट्रीट आर्ट, सिर्फ गलियों वाले खेल। मॉम का नयी आजीविकाओं, सेक्टरों व उद्यमों में युवा महिलाओं पर बहुत ज्यादा जोर रहा है और वह उससे जुड़े सवालों के उत्तर चाहती है। शहर में काम करने के जाने के संबंध में युवा महिलाएं क्या करना चाहती हैं? सुरक्षा? समान वेतन? काम के लचीले घंटे? साइकिल पथ से लेकर काम के लिए साइकिल? प्रदूषण मुक्त शहर?

मॉम को वैश्विक संचाद कंपनी बीटी का सहयोग प्राप्त है जो युवा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए डिजीटल कंटेंट की ताकत में विश्वास करती है जिनसे इन्हें ऐसी योग्यताएं प्राप्त होती हैं जो स्कूल से काम पर या अपना पसंदीदा व्यवसाय करने की ओर कदम बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं।

**■ यह कैसे काम करती है?**

यह आनलाइन काम करती है। 18-23 साल के युवा लोगों के लिए यह एक निशुल्क वीडियोयुक्त मंच है, हमें उम्मीद है कि युवा लोग इसे पसंद करेंगे, साइट देखना, रोजगार के लिए योग्यताएं सीखने हेतु सरकारी परिवहन द्वारा हर रोज काम पर जाने पर प्रत्येक सुबह देखा जाने वाला एप, नए व्यवसाय तलाशना, कालेज या नौकरी के लिए आने जाने के लिए हेल्मेट तथा साइकिल जैसा मजेदार साधन जीतने के लिए हमारी प्रश्न श्रंखलाओं का उत्तर देना।

कक्षा 11वीं और 12वी में युवाओं की हमारे दूसरे दर्शकों के लिए, नयी जीवन योजना बनाने के 26 चरण हैं जो स्कूल से काम तक आने जाने पर आधारित हैं।


Lisa Heydlauff
Director-founder, Going to School

**■ लाभ क्या हैं ?**

मॉम के फायदे ये हैं कि यह नि:शुल्क, मजेदार और प्रत्येक शहर की प्रत्येक भाषा में, पूर्वनिर्धारित कथ्य के साथ है। बीटी के वैश्विक टेलीकॉ सहयोग के साथ, लाखों लोगों तक पहुंचने के लिए मंच और कंटेंट बनाया गया है ताकि उन्हें वे नयी चीजें तलाशने के काम में सक्षम बनाया जा सके जिन्हें वे करना पसंद करते हैं। सरकारी स्कूलों के उन युवाओं तक भी पहुंच बनायी जा रही है जो वर्तमान आफलाइन हैं। बीटी वालंटियरों द्वारा स्कूल के युवा लोगों के लिए कंटेंट को मोबाइल फोन, टेबलेट्स, लैपटॉप पर लेना न केवल उन्हें नयी जीवन योजनाएं तथा आनलाइन बुलेट जर्नल्स बनाने के लिए होता है, बल्कि वे अपनी मनपंसद नौकरियों के साथ युवा लोगों से मिलते हैं और उनसे अनेक सवाल पूछ सकते हैं कि उन्होंने ऐसा किस प्रकार किया था।

## स्कॉलरशिप



द यूसी लॉरा जे क्लाड मेमोरियल, न्यूजीलैंड 2020 में इंटरनेशनल स्कालरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह स्कालरशिप मास्टर डिग्री और पीएचडी की थीसिस के लिए प्रदान की जाएगी।

**लाभ :** स्पांसरशिप में 2400 डॉलर की धनराशि प्रदान की जाएगी।

**योग्यता :** आवेदक ने अकादमिक वर्ष 2020-21 के लिए युनिवर्सिटी आफकेंटनबरी (यूसी) में इकालजी एवं इनवायरनमेंटल साइंस के क्षेत्र में एमएससी या पीएचडी की डिग्री के लिए आवेदन किया होना चाहिए। आवेदक को अपना सीवी, रूचि वक्तव्य, पासपोर्ट की प्रतिलिपि व मंतव्य कथन अपलोड करना होगा।

**आवेदन की प्रवेश शर्तें :** अगर आप यूसी में डिग्री के लिए पंजीकृत होने जा रहे हैं तो आपके पास कम से कम उच्च द्वितीय श्रेणी, अंडरग्रेजुएट आनर्स डिग्री या समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय योग्यता डिग्री होना अनिवार्य है।

**भाषा शर्तें :** आवेदकों को मान्यता प्राप्त अंग्रेजी भाषा में न्यूनतम दक्षता मानक हासिल होना चाहिए।

**आवेदन कैसे करें :** अगर आप इस प्रोग्राम का हिस्सा बनना चाहते हैं तो आपको युनिवर्सिटी आफ केंटर्नबरी में पीएचडी और एमएससी डिग्री कोर्स की पढ़ाई में आवेदन के जरिए युनिवर्सिटी का छात्र बनना पड़ेगा। पूर्णकालिक पंजीकरण कराने के बाद, उम्मीदवार स्कालरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 1 नवंबर, 2020।

द एसजीएस डीन वित्त सहायता का प्रस्तावित करता है और इंटरनेशनल छात्रों से युनिवर्सिटी आफ लेथब्रिज में अपनी मास्टर या पीएचडी की पढ़ाई के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**लाभ :** सफल प्रतिभागियों को 10000 डॉलर की धनराशि प्रदान होगी।

**योग्यता :** आवेदक पूर्णकालिक आवेदक होना चाहिए और उसे समझदारी, शोध कुशलता, सामग्री या/और प्रदर्शन संबंधी कार्यक्रम या गतिविधियों के बारे में बताना होगा। आवेदकों को अनौपचारिक दस्तावेज, मंतव्य पत्र, केरीकुलम बायोडाटा और भाषा योग्यता प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे।

**प्रवेश शर्तें :** प्रतिभागियों के पास ग्रेजुएट डिग्री कोर्स में आवेदन करने के लिए अंडरग्रेजुएट डिग्री होना अनिवार्य है।

**भाषा शर्तें :** विदेशी छात्रों को चाहिए कि वे अपनी अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए टीओईएफएल या आईईएलटीएस टेस्ट में भाग लें।

**आवेदन कैसे करें :** स्कालरशिप के लिए कोई अतिरिक्त आवेदन नहीं है। सभी योग्य आवेदकों को युनिवर्सिटी में मास्टर या पीएचडी डिग्री कोर्स में पंजीकरण के बाद ग्रांट के लिए योग्य मान लिया जाएगा।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** युनिवर्सिटी तीन टर्म में आवेदन स्वीकार करती है :

समर टर्म के लिए मई-अगस्त, फॉल टर्म के लिए सितंबर-दिसंबर तथा स्प्रिंग टर्म के लिए जनवरी-अप्रैल कोर्स और टर्म के मुताबिक अंतिम तिथियों की जांच कर लें।

# बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाह रहे 78 प्रतिशत माता-पिता



एसपी रोबोटिक्स वर्क्स द्वारा किए गए सर्वे और शोध अध्ययन , किड्स अंडर कोविड, के अनुसार, 78 फीसदी माता पिता तालाबंदी उपरांत तत्काल अपने बच्चों को स्कूल भेजना नहीं चाह रहे हैं, भले ही बच्चे को दुबारा उसी कक्षा में पढ़ाना पड़ जाए।

**माता पिता के लिए अपने बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता:** बैंगलुरू, मुंबई, हैदराबाद और लघु महानगरो के अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर शंकालु हैं, भले ही यह सुरक्षित घोषित हो, मगर 82 से 86 फीसदी अभिभावक बच्चों को लेकर कोई जोखिम मोल लेना नहीं चाहते। हालांकि, चेन्नई और कोलकाता जैसे शहर उन प्रमुख शहरों में अकेले अपवाद हैं जहां उन अभिभावकों का अनुपात, जो अपने बच्चों को स्कूल भेजने का अवसर हाथ में लेना चाहते हैं, राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा है। इन समूहों में, वेतनशुदा अभिभावक सर्वाधिक सुरक्षात्मक हैं, जिनमें से केवल 17 फीसदी ही स्कूलों के दुबारा खुलने पर अपने बच्चों को स्कूल भेजना चाहते हैं जब 30 प्रतिशत व्यापारी और केवल 56 फीसदी फ्रीलांस कर्मचारी समूह अपने बच्चों को स्कूल भेजना चाहता है।

**माता-पिता और छात्र आनलाइन की मौजूदा पढ़ाई को नकारते हैं:** हालांकि अधिकांश स्कूलों ने सफलतापूर्वक आनलाईन पढ़ाई को अपना लिया है, मगर इस प्रारूप को क्लासरूम में पढ़ना पसंद करने वाले दो तिहाई बच्चों के साथ कम असरकारी पाया जाता है। दिलचस्प बात यह कि छोटे शहरों व गैर मेट्रो शहरों के, बच्चे, साथ ही साथ माता पिता भी, बैंगलुरू को छोड़कर, मेट्रो में पढ़ने वाले बच्चों की तुलना में आनलाइन पढ़ना पसंद करते दिखते हैं।

**महिला उद्यमियों का दौर के संकेत:** मनचाही नौकरियों के विकल्पों के बीच, 15 प्रतिशत लड़कियां, जो लड़कों की तुलना में अधिक है, बालिग होकर उद्यमी बनना चाहती हैं। डाक्टर बनने के सपने के इतर दूसरा सपना उद्यमिता है। मेकिंसे ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए 2015 अध्ययन के अनुसार, भारत की जीडीपी 2025 तक 16-60 प्रतिशत तक बढ़ सकती थी यदि महिलाओं ने अर्थव्यवस्था में पुरूषों के साथ योगदान किया होता। पूर्वानुमान दिखाते हैं कि यह अर्थव्यवस्था में 2 .9 खरब डॉलर की वृद्धि हो सकता था। यदि हम स्कूल जाने वाली लड़कियों के इस सपने को पोषित कर सकें, तो भारत में निश्चित रूप से 2025 तक 5 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है।

7 से 10 साल के बीच की उम्र के बच्चे उद्यमिता प्रोत्साहन से पोषित हुए दिखते हैं और यह संख्या 16-17 आयुसमूह में 17 फीसदी चली जाती है। उपलब्ध डाटा से, मिनी मेट्रो और गैर मेट्रो शहरों में मेट्रो की तुलना में ज्यादा उद्यमी पैदा करने की संभावना है। अन्य मनचाही नौकरियों में, स्टेम निरंतर युवा भारत की महत्वाकांक्षाओं पर हावी है जिसमें 52 फीसदी बच्चे या तो वैज्ञानिक या तकनीकविद, डाटा साइंटिस्ट या डाक्टर बनना चाहते हैं। हालांकि, वैज्ञानिक बनने की इच्छा समाप्त हो जाती है जैसे बच्चा बड़ा होता है, वर्तमान में स्टैम के सख्त तथा सैद्धांतिक नजरिए के कारण।

**कोडिंग व रोबोटिक्स के लिए मार्ग प्रशस्त करते खिलौने:** लाभकारी भविष्य के लिए स्टेम विषयों की बढ़ती संभावना को महसूस करके, 23 फीसदी अभिभावकों ने तालाबंदी अवधि के दौरान अपने बच्चों को आनलाइन रोबोटिकस कक्षा में शामिल कराया है, जबकि 32 फीसदी ने आनलाइन कोडिंग कक्षाओं में अपने बच्चों की भागीदारी कराई है। चौंकाने वाली बात यह कि रोबोटिकस/कोडिंग क्लासेज में 42 फीसदी बच्चों की भागीदारी के साथ मुंबई इस तालिका में सर्वोपरि है जबकि तकनीक का केन्द्र बैंगलुरू और कोलकाता में बच्चे वाद्य यंत्र का अभ्यास करने या पढ़ने जैसे पारंपरिक शौक में समय बिताना पसंद करते हैं।

छोटे मेट्रो शहरों में बच्चों के लिए यूट्यूब नयी चीजें सीखने का एक पसंदीदा मंच बनता है लेकिन 26 प्रतिशत बच्चे वीडियो व एप्प गेम पर भी समय बिताते हैं। क्या हम अपने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अंजान हो रहे हैं? लगभग पचास प्रतिशत बच्चों की सोने की आदत बिगड़ गयी है जिनमें 13 फीसदी बच्चों की सोने की कोई नियमित दिनचर्या नहीं है। हालांकि भाई बहनों वाले बच्चों ने अपने आपको कम प्रभावित होने से बचा लिया है, फिर भी, बड़े बच्चे की नींद की दिनचर्या में खामियां दिखाई दी हैं। किशोर आयु के बच्चों की भी नींद दिनचर्या प्रभावित है।

समझने योग्य बात है कि 67 प्रतिशत माता पिता सोचते हैं कि उनके बच्चे का स्क्रीन टाइम तालाबंदी के दौरान कम से कम पचास प्रतिशत तक बढ़ गया है जिससे उनका एकाग्रता स्तर प्रभावित हुआ है और नींद की समस्या पैदा हुई है। महामारी के भय ने सर्वे किए गए चालीस फीसदी को प्रभावित किया है, कारण यह कि उनकी बेचैनी की समस्याओं पर उचित ध्यान नहीं दिया जा सका।

## माइंड इट

रोगों की दोहरी मार से कराह रहा जिला

# कोरोना काल में आफत बना 'डेंगू का डंक'

● रहस्यमयी बुखार ले रहा जान, स्वास्थ्य महकमा बना अंजान



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर वासी** इन दिनों डबल अटैक से न कि कराह रहे हैं, बल्कि जिंदगी भी गवां रहे हैं। कोरोना के आतंक से जान गंवाने के बावजूद रहस्यमय बुखार से होने वाली मौतों को लेकर परिजनों द्वारा छिपाया जाना स्वास्थ्य विभाग को मौतें का कारण छिपाने में मदद पहुंचा रहा है। वैसे भी सेहत महकमा भी चाहता है कि बुखार से हुई मौतों का आंकड़ा उजागर न हो, तभी तो डेंगू की आशंका में बड़े पैमाने पर मरीज जांच करवा रहे हैं। उनकी प्लेटलेट्स भी कम निकल रही हैं, खैराबाद कस्बे की आवाम डेंगू की दहशत में गुजर बसर करने को मजबूर है, अब 100 से ज्यादा मरीजों में डेंगू के लक्षण न कि होने बताए जा रहे हैं बल्कि वह डेंगू से निजात पाने की दवा भी खा रहे हैं। लहरपुर व कसमण्डा से भी डेंगू फैलने की सूचनाएं आने लगी हैं। काफी संख्या में मरीज लखनऊ में इलाज भी करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का हाल देखिए कि कसमण्डा के ज्योति शाहआलमपुर में इसी वर्ष अब तक हुई 10 मौतों के कारणों से पर्दा नहीं उठ सका है। ऐसे ही एलिया के सहरोई कालिका बख्श में पिछले रहस्यमय बुखार ने दो दर्जन के करीब जान ली थी। इस साल भी 8 की जान जा चुकी है। कौन सा बुखार जानलेवा बना इसकी जानकारी देने की स्वास्थ्य विभाग ने जरूरत नहीं समझी है। हां स्वास्थ्य विभाग यह तो दावा कर रहा है कि जहां-जहां बुखार लोगों की जान ले रहा है वहां गंदगी अथव दूषित पेयजल का कारण होना बता दे रहा है। खैराबाद में करीब एक माह से फैले रहस्यमय बुखार जिसे पीड़ित डेंगू बता रहे हैं, उसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कस्बे में दरी फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी और कस्बे के बड़े-बड़े तालाबों में गंदगी होना मान रहे हैं। बुखार कौन सा है यह स्वास्थ्य विभाग जाने, डेंगू की हौव्वा खड़ा कर पैथालॉजी खेल करने में लगी हुई हैं। खैराबाद के कई बुखार पीड़ितों ने बताया कि एक घंटे के अंतराल में दो पैथालॉजी में जांच कराने पर प्लेटलेट्स में भारी अंतर आ रहा है। आपको बता दें डेंगू की जांच रैपिड किट और एलाइजा टेस्ट से की जाती है। विश्वसनीय इलाइजा टेस्ट ही माना जाता है, जिसकी जांच जिला अस्पताल में होती है, लेकिन लैब टेक्नीशियन राजाराम के कोरोना संक्रमित होने से जांच भी बंद है। ऐसे में मरीज और तीमारदार प्राइवेट डाक्टर और पैथालॉजी के बीच लुटने को मजबूर हैं। फिलहाल कोरोना के बीच डेंगू की आशंका से आवाम हलकान है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार मौन हैं। चिंता इस बात की है, डेंगू का कहर अक्टूबर-नवम्बर में शुरू होता है, इसकी सितम्बर माह में ही डेंगू के दस्तक देने की आशंका से भविष्य की चिंताए बढ़ गई है कि कोरोना से निपटने में स्वास्थ्य महकमें के हाथ पांव जब अभी से फूल रहे है तो कोरोना और डेंगू से एक साथ कैसे निपटा जाएगा।

## तक्षशिला क्लब ने नालंदा क्लब हो हराया

● अभाविप द्वारा हुआ एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**अटरिया सीतापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अटरिया द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार को कुंवरभूषण सिह स्मारक माध्यामिक विद्यालय परिसर में नालंदा क्रिकेट क्लब व तक्षशिला क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया जिसमे तक्षशिला क्रिकेट क्लब की जीत हुई वही युवा क्रिकेट क्लब और तक्षशिला क्रिकेट क्लब के बीच हुई जिसमे फइनल मैच तक्षशिला क्रिकेट क्लब जीत हुई टीम कप्तान रोहित गोस्वामी व युवा क्रिकेट क्लब कप्तान उत्तम कश्यप व नालंदा क्रिकेट क्लब के टीम कप्तान वैष्णवी सिंह व ओपनर बल्लेबाज अनूप सिह ,आकाश अवस्थी,फील्डर कोमल भारती ,बादल, तेज प्रताप सिंह सहित अन्य ग्यारह खिलाडियो को आए मुख्य अतिथि भाजपा नेता राधवेन्द्र सिह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया इस दौरान जिला संयोजक भूपेन्द सिंह,एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वायुनायक कश्यप, अंकित गिरी नगर अध्यक्ष निधि श्रीवास्तव,अभिषेक शुक्ला,नतिन मिश्रा, अमीषा पटेल,सरिता यादव,आशा रावत,आराधना, अंजू पाल, मंजू पाल ,रमाकांत यादव सहित अन्य तमाम एबीवीपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रविवार को मिले 36 नए संक्रमित




**सीतापुर।** कोरोना के बढ़ते कहर के बीच रविवार का दिन कुछ राहत भरा रहा। जनपद में 36 नए मरीज मिले है। शहर के हबीबपुर, ग्वालमन्डी, जिला जेल, सिविल लाइंस, बीडी कपूर मार्ग, घंटाघर व शिवपुरी में 1-1 केस मिला है। सिधौली में 6, बिसवां में 5, महमूदाबाद में 4, कसमंडा व खैराबाद में 2-2 और हरगांव, लहरपुर, महोली, पहला व रामपुर मथुरा में 1-1 केस निकला है। 5 केस अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ जिले में कुल पॉजिटिव केस 3,284 हैं।

## क्विक न्यूज

### किसानों को बर्बाद कर रही सरकार: रालोद


आरपी सिंह

**सीतापुर।** भारत की खेती किसानी और किसानों के लिए आज का दिन दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र में जो काला कानून बनाया है वो देश के किसानों को बर्बादी की राह पर ले जाएगा। यह बात जारी बयान में रालोद नेता आर पी सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि अब किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना कठिन होगा, जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा। मंडियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और किसान पूंजीपतियों के रहमोकरम पर निर्भर होगा। रालोद नेता ने कहा कि सरकार ने पूंजीपतियों के सामने समर्पण कर दिया है। यह कानून पहले से बदहाल किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि सरकार इसी कानून में यह संसोधन करे कि न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर फसल की खरीद करने वालों को अजमानतीय धाराओं में जेल भेजा जाएगा।

### सराहनीय: शिक्षिका ने बच्चों को दिए फोन

**बिसवां सीतापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय की शिक्षिका अर्चना पाठक के प्रयासों के चलते 16 विद्यार्थियों की जिंदगी सवंर रही है। बता दें विद्यालय के कई बच्चे फोन न होने के चलते ऑनलाइन क्लास नहीं अटेन्ड कर पा रहे थे। बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराने के लिए शिक्षिका ने विद्यालय के वाट्सएप ग्रुप पर गरीब बच्चों को मदद देने के लिए संदेश चलाया। देखते ही देखते ही 1 लाख 50 रूपए एकत्र हो गए। इससे षिक्षिका ने 16 बच्चों को फोन खरीदकर दिया। पूर्व छात्र कफील अहमद, धीरज मिश्र, ललित यादव, राम सनेही यादव, शितांशु सक्सेना आदि ने षिक्षिका को बधाई दी है।

### पकड़ी गई कच्ची शराब

**सीतापुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने 12 अवैध कारोबारियों को पकड़कर 150 लीटर कच्ची शराब व भट्टी बरामद की है। रेउसा पुलिस ने वारिनपुरवा निवासी रमेश, प्रवेश व फीटर को 60 लीटर, महोली पुलिस ने पिपरावां के रामकुमार को 10 लीटर, शहर कोतवाली पुलिस में गौरा अर्जुनपुर के पिंकू को 10 लीटर, तालगांव पुलिस ने भनवापुर के राम प्रकाश को 10 लीटर, मिश्रिख पुलिस ने खूटी निपटहा के रामखेलावन को 10 लीटर, संदना पुलिस ने अल्लीपुर के रूपन को 15 लीटर, मछरेहटा पुलिस ने कुंदरौली के मटरू को 20 लीटर, थानगांव पुलिस ने ग्वारी के प्रमोद श्रीवास्तव को 5 लीटर और रामकोट पुलिस ने भव्वापुर की बिट्टी व हरदोई के नरेश निवासी हरदोई को 5-5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरतार किया है।

### चोरों ने पार की नकदी

**सदरपुर सीतापुर।** थाना सदरपुर इलाके के गांव अहरोरी निवासी राम सिंह वर्मा के घर को एक बार फिर चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने नकब लगाकर 5 हजार की नगदी सहित 50 हजार के जेवरात पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर बताया कि चंद दिन पहले ही चोरों ने उनके घर पर हाथ साफकिया था।

### चोरों की दहशत, जनता के लिए बनी परेशानी

**पिसावां, सीतापुर।** थाना पिसावां इलाके में चोरों की दहशत आवाम के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। शनिवार रात एक बार फिर चोरों ने अर्जुन, देवी बाल्मीक व विष्णु के घर में घुसकर हजारों की नगदी पार कर दी। थाना प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने बताया चोरी की घटनाएं संदिग्ध प्रतीत हो रही हैं, मामले की जांच की जा रही है।

### पति के साथ मिलकर की प्रेमी की हत्या

**सीतापुर।** थाना रेउसा इलाके के गांव बाजारपुर निवासी रामू की गुमशुदगी की गुत्थी पुलिस ने रविवार को सुलझा ली। प्रेमिका महिला की निषानदेही पर रामू का षव मंगलपुरवा गांव के एक गन्ने के खेत से बरामद कर लिया। शव के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई, पूर्व विधायक झींन बाबू भी जानकारी लेने मौके पर पहुंचे। एडिशनल एसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि महिला ने पहले रामू को फोन करके बुलाया और बाद में पति के साथ मिलकर रामू का गला दबाकर हत्या कर दी, फिर शव गन्ने की खेत में दफ्न कर दिया था।

### कोटेदार पर मनमानी का आरोप

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां की ग्राम पंचायत निपनियामाफी की कुसुमा देवी, रामभोली, वर्षा, प्रीती यादव, रतन, ज्योति, रामदुलारी, बिटाना देवी आदि ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कोटेदारी की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना कि कोटेदार राजरानी नियमित राषन नहीं बांटती। ग्रामीणों ने खाद्य आयुक्त व डीएसओ को भी ज्ञापन की कॉपी भेजी है।

### अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस पर होगा वर्चुअल का आयोजन

**सीतापुर।** आज अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस के मौके पर हार्टफुलनेस की ओर से वर्चुअल का आयोजन किया जाएगा, संस्था के आलोक कुमार ने बताया कि डा. कमलेश पटेल, डा. दीपक चोपड़ा, बीके शिवानी, शान्ति दूतों की मौजूदगी में इसका आयोजन होगा, इसकी प्रस्तुति अभिनेता शेखर कपूर करेंगे, साथ ही म्यूजिक कम्पोजर हरी प्रसाद चौरसिया चार चांद लगाएंगे, कार्यक्रम में सीतापुर के विभिन्न विद्यालयों, शासकीय, निजी संस्थानों से हार्टफुलनेस के लोगो द्वारा सम्पर्क किया गया।

थाना कमलापुर इलाके का मामला

## छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी राशिद को किया गिरफ्तार

● पास्को एक्ट के तहत दर्ज किया मुकदमा



संवाददाता। सीतापुर

**थाना कमलापुर** में हुई नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में थाना पुलिस ने आरोपी राशिद उर्फ छंगा पुत्र नसीर निवासी सीता रसोई को गिरफ्तार कर लिया है जोकि खुद नाबालिक बताया जा रहा है। आपको बता दें पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में यह आरोप लगाया था कि आरोपी ने शनिवार शाम करीब 5-6 बजे दुष्कर्म की नियत से कपड़े उतार कर उसके ही घर के कमरे में बंद कर दिया था, पीड़िता द्वारा चीखने पर परिजनों को जानकारी हुई। यह जानकारी सीओ महमूदाबाद/सिधौली रविशंकर प्रसाद ने दी। 8 वर्षीय के साथ किशोरी के साथ छेड़छाड़ मामले पिता ने शनिवार को तहरीर दी थी। जिसके बाद थाना कमलापुर पुलिस ने बाल आरोपी राशिद उर्फ छंगा निवासी सीता रसोई को किया गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजकुमार यादव, एसआई महेंद्र प्रताप सिंह, बाल कल्याण अधिकारी एसआई श्री राम चौधरी, हेड कांस्टेबल रतन सेन सिंह, हेड कांस्टेबल अमर बहादुर सिंह, कांस्टेबल विवेक यादव गिरफ्तारी टीम में रहे शामिल।

## अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के सदस्यों का हुआ सम्मान




● एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन ने किया सम्मानित

संवाददाता। सीतापुर

**एसआर ग्रुप** ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें बृजेंद्र नाथ श्रीवास्तव, डॉ0 अरुण कुमार त्रिपाठी, शैलेन्द्री तिवारी ''शैल'', अभय श्रीवास्तव, आदर्श गुप्ता, नवीन श्रीवास्तव, विकास अग्रवाल, यासीन इब्ने उमर, विकास कुमार सेठ, सीमा बाजपेयी, प्रगति बाजपेयी, हरीश कुमार गौड़, ज्ञानू निषाद, जावेद अहमद, नाहिद नाज, सुजीत राठौर, पवन कश्यप, अमित वर्मा, शिवम शुक्ला, सूरज, ईशान त्रिपाठी, अंकित शुक्ला आदि वॉलिंटियर्स को अंगवस्त्र व प्रषस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्नपूर्णा के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने पवन सिंह चौहान का अभार व्यक्त किया है।

## आज सरकार के विरोध में सपा करेगी तहसीलों पर प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर

**बढ़ रही** मंहगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी सोमवार प्रदेष की भाजपा सरकार को घेरेगी। जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने बताया कि तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया जाएगा, सदर तहसील पर पूर्व विधायक राधेष्याम जायसवाल, लहपुर में पूर्व विधायक अनिल वर्मा, महोली में पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, मिश्रिख में पूर्व मंत्री रामपाल राजवंषी, सिधौली में पूर्व विधायक मनीश रावत, महमूदाबाद में विधायक नरेन्द्र वर्मा और बिसवां में पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू, अफजाल कौसर व निर्मल वर्मा की अगुवाई में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन दिया जाएगा।

## किसान व छात्र विरोधी है प्रदेश सरकार: ओमेन्द्र

● आज होने वाले धरना-प्रदर्शन को लेकर सपा नेता ने गांवों का किया भ्रमण

संवाददाता। सीतापुर


ग्रामीणों से सम्पर्क के दौरान मौजूद सपा नेता ओमेन्द्र वर्मा

**किसान व** छात्र विरोधी है प्रदेश की भाजपा सरकार, इस सरकार में हर वर्ग परेशान है, चाहे वह किसान हो, व्यापारी, युवा हो सभी परेशान है। यह बात नि. प्रदेश सचिव समाजवादी लोहियां वाहिनीसपा युवा नेता ओमेन्द्र वर्मा ने आज होने वाले धरना प्रदर्शन में लोगो से अपील करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार के विरोध में तहसील परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा और सरकार से अपने हक की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों गांवो का भ्रमण किया, धरने में शामिल होने की बात कही।

## किसान विरोधी सरकार है भाजपा

● किसान मंच के जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** बाद से सत्ता परिवर्तन तो होते रहे हैं, परंतु किसान भाइयों की स्थिति में कोई भी खास बदलाव नहीं हुआ। यह बात किसान मंच जिला अध्यक्ष व अवध क्षेत्र प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने मास्टर कालोनी बिसवां में पदाधिकारियों की बैठक में कही। श्री सिंह ने कहा कि किसानों की मेहनत और पसीने से पैदा की गई फसलें बगैर बिचौलियों के कहीं भी बिक्री संभव नहीं है। किसान मंच उपाध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव ने कहा कि किसान भाइयों की सहनशक्ति की राजनीतिक पार्टियों द्वारा बार बार ली जा रही परीक्षा का परिणाम हम सभी को बदलना होगा। युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र राज ने कहा कि बर्दाश्त करने की भी कोई सीमा होती है। बैठक में आमोद श्रीवास्तव तहसील अध्यक्ष बिसवां,राम सागर तिवारी तहसील उपाध्यक्ष, डा इस्लामुद्दीन अंसारी तहसील महासचिव,जसपाल सिंह तहसील सचिव, रोहित पांडे ब्लाक अध्यक्ष सकरन, राम सरन ब्लाक उपाध्यक्ष, सतीश कुमार वर्मा, राहुल सिंह, केशव राम, शिव भगवान, राहुल सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर-कप्तान ने तैयार किया खाका

# अब गांव के संभ्रान्त देंगे अराजकतत्वों की फीडबैक


सीतापुर-सीतापुर-कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम विशाल भारद्वाज


सीतापुर-पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते एसपी आरपी सिंह

● पूर्व प्रत्याशी, प्रधान, भावी प्रत्याशियों की भी सूची तैयार कर निगरानी के निर्देश, पांच घंटे पुलिस लाइन में हुआ मंथन

संवाददाता। सीतापुर

**गांव की** सरकार सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से बनाने के लिए कलेक्टर और कप्तान ने अभी से खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। अब पुलिस प्रत्येक गांव में 10 सम्भ्रांत व्यक्तियों का चयन कर और उनसे निरंतर सम्पर्क स्थापित कर अराजकतत्वों का फीडबैक लेगी। साथ ही प्रधान, पूर्व प्रत्याशी, भावी प्रत्याषी की सूची तैयार कर उनकी हर गतिविधियों पर निगरानी रखेगी। इसको लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और एसपी आरपी सिंह ने पहले कलेक्ट्रेट सभागार में राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर अधीनस्थों को बनाई गई रणनीति पर अमल करने का निर्देश दिया फिर पुलिस लाइन्स सभागार में 5 घंटे तक पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने राजपत्रित अधिकारियों और थानेदारों के साथ बैठककर गांवों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर जरूरी जानकारियां जुटाने पर जोर दिया। प्रत्याशियों की खरीद-फरोख्त से लेकर छलकने वाले जामों, नोट और वोट के खेल को पूरी तरह से नाकाम करने का मास्टर प्लान तैयार किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व की तैयारियों को लेकर जिले की पुलिस ने एक्षन प्लान बनाया है। जिनके विरूद्ध अपराधिक मामले दर्ज हैं अथवा जिनसे शांति भंग की आशंका है उनके षस्त्र लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही जारी है। अब तक 100 के करीब शस्त्र लाइसेंसा निलम्बित किए जा चुके है। पूर्व के विवाद, नव सृजित विवादों का चिन्हीकरण तथा इन विवादों का स्थलीय निरीक्षण कर आवष्यक कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश जिला पुलिस मुखिया आरपी सिंह अधीनस्थों को दिए है। इस बैठक में खास एजेंडा यह रहा कि थाना एवं ग्राम स्तर पर 10 सम्भ्रांत व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनसे निरंतर सम्पर्क किए जाने का निर्देश दिया गया। एसपी ने पूर्व से चले आ रहे नव सृजित भूमि विवादों को नए सिरे से चिन्हित कर उनका स्थलीय निरीक्षण करने, ऐसे अपराधी जो जेल जा चुके हैं उनकी जमानत न होना पैरवी करके सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। चिन्हित अपराधियों की हिस्ट्री खोली जाएगी। गोवध, अवैध शराब, अवैध कटान, लूट एवं हत्या आदि गम्भीर मामलों में आरोपियों के विरूद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही व जिन अपराधियों को रासुका के लिए चिन्हित किया गया है, ऐसे वादों को थानेदारों को स्वयं पैरवी करके कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। इस बैठक में पुलिस कप्तान ने अपराधों की समीक्षा करते हुए सम्पत्ति अपराध के लिए लिप्त अपराधियों के गैंगों को रजिस्टर करने, महिला अपराध निरोधात्मक कार्यवाही पास्को एक्ट में पीड़ित की सुरक्षा व गुणवत्तापूर्ण पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले के बार्डर पर 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती रखने को भी कहा है। बैठक एडीएम विनय कुमार पाठक, एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित, एएसपी दक्षिणी नरेंद्र प्रताप सिंह, नगर मजि. पूजा मिश्रा सहित सभी एसडीएम, सभी सीओ, थानेदार सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### एसपी ने ये दिए निर्देश

- आसन्न ग्राम पंचायत चुनाव के दृष्टिगत सभी को पूर्व, वर्तमान प्रत्याशियों की सूची तैयार कर ली जाए एवं पूर्व के विवाद/नव-सृजित विवादों का चिन्हीकरण कर लिया जाए, इन विवादों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।
- थाना एवं ग्राम स्तर पर संभ्रात व्यक्तियों की सूची (एस-10) का अद्यतन कर लिया जाए एवं इनसे निरंतर संवाद किया जाए।
- पूर्व से चले आ रहे नवसृजित भूमि विवादों का नये सिरे से चिन्हित कर उनका स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए, एवं विभिन्न माध्यमों से चिन्हित विवादों में निरोधात्मक कार्यवाही की जाये।
- ऐसे समस्त अपराधी जो जेल जा चुके है, वह कदापि जमानत पर न छूटने पाए जिस हेतु पैरवी सुनिश्चित की जाए।
- प्रत्येक थाने ऐसे अपराधियों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया जिनकी सत्त निगरानी आवश्यक है, ऐसे चिन्हित अपराधियों की एच,एस, खोलने के लिए निर्देश दिए गए।
- गोवध, अवैध शराब, अवैध कटान, लूट एवं हत्या आदि गंभीर अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध गैंगेस्तर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करने हेतु निर्देक्षित किया गया।
- जनपद में रासुका हेतु जिन थानों में प्रकरण चिन्हित हुए है, उनमें थाना प्रभारियों को स्वंय दिन-प्रतिदिन सत्त पैरवी करके रासुका की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- संवेदनशील स्थलों पर पीआरवी आदि अन्य पुलिस बल के माध्यम से गश्त बढ़ायी जाए।
- जनपद के समस्त बार्डरों पर 24 घंटे निरन्तर पुलिस बल की तैनाती का आदेश निर्गत किया गया है, जिसे प्रभावी रूप से सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- सम्पत्ति संबधी अपराध में लिप्त अपराधियों की गैंगो को रजिस्टर्ड कराने हेतु डीसीआरबी से समन्वयक स्थापित कर कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए।
- महिला अपराध जिनमें आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है उनमें अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।
- पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियोगो की विवेचना गुणवत्तापरक शीघ्र पूर्ण करके पीड़ितो की सुरक्षा एवं अभियोग की पैरवी अवश्य सुनिश्चित की जाए।
- किसी भी प्रकार की चेकिंग में भ्रष्टाचार एवं अभ्द्रता कदापि नहीं की जाएगी।

# प्रदेश का किसान गन्ना भुगतान व धान खरीद को लेकर परेशानः श्यामू शुक्ला

संवाददाता। औरंगाबाद.खीरी



**विकास खंड** पसगवां के गाँव ढखिया रूप में आयोजित हुई भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुट की बैठक मे संगठन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी में भी अपनी जान को जोखिम में डाल कर किसान देश का पेट भरने का काम कर रहा है। उसके बाद भी अन्नदाता के साथ अनदेखी की जा रही है। सबसे बड़ी समस्या गन्ने का भुगतान न होना बन गयी। पूरे प्रदेश का किसान भुगतान न मिलने की वजह से परेशान है। साथ इस समय धान का सरकारी मूल्य अट्ठारह सौ ऊपर है पर आढ़ती एक हजार से बारह सौ के आस पास खरीद रहे है। क्रय केंद्रों पे अभी खरीद नही शुरू हो पाई है जिससे किसानों की लागत भी नही निकल पा रही है। यह सरकार की उदासीनता के कारण ही हो रहा है इसी लिए अब अपना हक और अधिकार उनसे मांगने की जरूरत जिनको कुर्सी सौंपी है। अगर मांगने नही मिलता है तो छीनने का लिए तैयार हो जाओ। स?कों पर संवैधानिक तरीके से प्रदर्शन करो। सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाओ तभी कुछ सुनवाही होगी अन्यथा ऐसे लुटे जाओगे। सभा सम्पन्न होने के बाद सैकड़ों किसानों ने संगठन व श्यामू शुक्ला में आस्था जताते हुए सदस्यता ली। साथ में मौजूद रहे मितौली तहसील अध्यक्ष अमित शुक्ला महोली तहसील अध्यक्ष अखिलेश पंजाबी तहसील मितौली प्रभारी युवा मोर्चा विपिन शुक्ला युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लखीमपुर रजनीश गुप्ता हिमांशु दीक्षित मोहित शोभित शुक्ला लक्ष्मीकांत दीक्षित धीरेंद्र तिवारी व प्रतिकूल शुक्ला आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निघासन पुलिस ने शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी



**थाना निघासन** पुलिस द्वारा 19ध्20 सितम्बर को रात्रि गश्त के दौरान मुखविर की सूचना पर पढुआ रोड से जम्हौरा जाने वाले लिंक मार्ग पर लगभग 500 मीटर दूरी पर स्थित ग्राम दीनपुरवा में गन्ने के खेत से समय करीब 03.30 बजे दो अभियुक्तों को अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करते हुए पकड़ा गया। एक अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। इनके कब्जे से कई निर्मितए अर्द्ध निर्मित शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। दो गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अभियोग दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गिरफ्तार करने वाली टीम के उत्साहवर्द्धन हेतु 10,000 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया।पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान मोती पुत्र छोटकन्नू लोध निवासी टापुरपुरवा मजरा हसनापुर थाना ईसानगर खीरी व हरनाम पुत्र मोती लोध निवासी टापुरपुरवा मजरा हसनापुर थाना ईसानगर खीरी के रूप में हुई है। छापेमारी में 5 तमंचे देशी 315 बोर निर्मित दो तमंचा 12 बोर निर्मित दो बन्दूके 12 बोर निर्मित एक तमंचा 12 बोर अर्द्धनिर्मित एक बन्दूक 12 बोर अर्द्धनिर्मित एक जिन्दा कारतूस 12 बोरए पेट्रोमेक्स व शस्त्र बनाने के विभिन्न प्रकार के उपकरण बरामद हुए हैं।

# सुरजीत हत्याकांड के तीन आरोपी चढ़े हत्थे



**लखीमपुर खीरी।** सात सितम्बर को सुरजीत पुत्र महेश कुमार निवासी रम्मापुर थाना हैदरबाद का शव ग्राम जियनपुर निवासी मनोज वर्मा पुत्र खेमकरन उर्फ मुनीम के खेत मे नींम के पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ मिला था। सूचना पर हैदराबाद पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला दबाकर हत्या करना आया। 2 सितम्बर को वादी महेश कुमार पुत्र मूलचन्द्र निवासी रम्मापुर थाना हैदराबाद जिला खीरी की तहरीर पर शत्रोहन लाल पुत्र तौलेराम शत्रोहन पुत्र बच्चूलाल व अरविन्द पुत्र बच्चूलाल निवासीगण रम्मापुर थाना हैदराबाद के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए तीनों अभियुक्तों को मोहम्मदी रोड ग्राम महेशपुर से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया किया गया कि मृतक सुरजीत के अवैध संबंध अभियुक्त शत्रोहनलाल की पुत्री से होने के कारण मृतक के रिश्ते के मौसा शत्रोहनलाल ने अपने साथियो के साथ मिलकर सुरजीत की रस्सी से गला दबाकर हत्या करके आत्महत्या दर्शाने के लिए सुरजीत के शव को रस्सी से नींम के पेड़ से लटका दिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 5000 का नकद पुरस्कार दिया गया।

## जवान की मौत पर गांव में मातम का माहौल

**धाता फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गाँव के जल सेना में तैनात जवान के मौत की सूचना से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के गोकुलपुर निवासी दीपक सिंह (21) पुत्र यशवन्त सिंह 3 वर्ष पहले भारतीय ने नौ सेना में चयन हुआ था जिसकी नियुक्ति इस समय बिषाखापट्नम थी। अचानक मौत की सूचना मिली करीब एक सप्ताह से रोते रोते पिता यशवन्त सिंह, माता जानकी, बहन प्रियंका का रो रो कर बुरा हाल है। भारतीय नौ सेना मे तैनात जवान की मौत की सूचना उनके स्वजन तक पहुंची तो इकलौता चिराग बुझने से माता पिता बेहाल हो गए। स्वजन बताते है कि विभागीय अधिकारी जवान की मौत किन परिस्थितियों मे हुई कुछ भी स्पष्ट नहीं कर रहे है। आज सैनिक के परिवार को शांत्वना देने पहुंचे अपना दल (एस) के जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह चंदौल, विधान सभा अध्यक्ष अभय सिंह पटेल व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष जंगबहादुर पटेल व विवेक सिंह उत्कर्ष जयसवाल करन सिंह आदि लोग परिजनों के पास पहुंच कर हाल चाल जाना और अपनादल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशीष पटेल से बातकर समस्या को अवगत कराया गया। अभी दो दिन पहले ही अपनादल एस की मिर्जापुर सांसद व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही हेतु जांच के निर्देश दिए।

# याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा दीप नारायण

## प्रतिमा स्थल पर हुआ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

संवाददाता। धाता (फतेहपुर)



**लौहपुरुष सरदार** बल्लभ भाई पटेल की 145वीं जयन्ती के शुभ अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज धाता नगर के चौराहे में स्थिति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा दीप नारायण सिंह प्रतिमा स्थल में पटेल फाउंडेशन द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी राजेश सिंह व व्यापार मण्डल अध्यक्ष शिवचन्द्र शुक्ल द्वारा संयुक्त रूप स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा दीप नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा दादा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके पश्चात गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। विचार गोष्ठी में इंटर कालेज धाता के प्रबंधक बलवीर सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है, तो वहीं शहीदों को याद करने का सुंदर मौका भी बार बार प्राप्त होता है। ग्राम प्रधान भूला रामवीर सिंह ने कहा कि धाता क्षेत्र हमारा काफी पिछड़ा है और इसके लिए हम लोग संघर्ष भी कर रहें हैं, और आगे भी करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चौधरी प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सभी में चेतना व ऊर्जा प्राप्त होती है। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवचन्द्र शुक्ल ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू जी का संघर्ष समाज के लिए बहुत ही ज्यादा रहा है। उन्होंने इसके लिए 7 बार जेल भी गए हैं, उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से हम सभी को एक मंच पर उपस्थित होने का सुंदर मौका मिलता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मुख्य ट्रस्टी राजेश सिंह ने कहा कि निबंध प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम 10 सितम्बर से 30 सितंबर तक होगा। 24 अक्टूबर को प्रात: 9.30 बजे पटेल नगर फतेहपुर से सद्भावना दौड़ भी होगी, 26 अक्टूबर को पटेल नगर फतेहपुर से दो दिवसीय विशाल अखण्ड यात्रा कार्यक्रम होगा जो पूरे जिले में घूमेगी, जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा करँगे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश योगी ने किया। इस अवसर पर सर्वसमाज धाता के अध्यक्ष चन्दन सिंह, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष विवेक सिंह, औंग बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक जयकरन सिंह, खागा युवा व्यापार मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपम शुक्ल, अभिजीत पटेल, ब्रजेश कुमार सिंह, कौशल किशोर मिश्र, महेंद्र सिंह, आशीष सिंह, राजेन्द्र सिंह, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

विश्व अल्जाइमर्स दिवस आज

# बुजुर्गों के प्रति अपनापन दिखाएं, भूलने की बीमारी से बचाएं

संवाददाता। फतेहपुर

- जागरूकता लाने को 21 से 27 सितम्बर तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह
- जितनी जल्दी पता चल जाए बीमारी का उतनी ही जल्दी दूर की जा सकती है बुढ़ापे की बड़ी समस्या

**उम्र बढ़ने** के साथ ही तमाम तरह की बीमारियाँ हमारे शरीर को निशाना बनाना शुरू कर देती हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख बीमारी बुढ़ापे में भूलने की आदतों (अल्जाइमर्स -डिमेंशिया) की है, ऐसे बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है। इसीलिए इस बीमारी की जद में आने से बचाने के लिए हर साल 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर्स-डिमेंशिया दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जागरूकता लाना है ताकि घर-परिवार की शोभा बढ़ाने वाले बुजुर्गों को इस बीमारी से बचाकर उनके जीवन में खुशियाँ लायी जा सकें। इसी के तहत 21 से 27 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह के तहत प्रदेश के हर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये इस बीमारी की सही पहचान और उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता लाने की बड़ी कोशिश की जायेगी। जिला अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक डॉ ललित प्रताप सिंह का कहना है कि बुजुर्गों को डिमेंशिया से बचाने के लिए जरूरी है कि परिवार के सभी सदस्य उनके प्रति अपनापन रखें। अकेलापन न महसूस होने दें, समय निकालकर उनसे बातें करें, उनकी बातों को नजरंदाज कदापि न करें बल्कि उनको ध्यान से सुनें। ऐसे कुछ उपाय करें कि उनका मन व्यस्त रहे, उनकी मनपसंद की चीजों का ख्याल रखें। निर्धारित समय पर उनके सोने-जागने, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था का ध्यान रखें। अमूमन 65 साल की उम्र के बाद लोगों में यह बीमारी देखने को मिलती है या यूँ कहें कि नौकरी-पेशा से सेवानिवृत्ति के बाद यह समस्या पैदा होती है। इसके लिए जरूरी है कि जैसे ही इसके लक्षण नजर आएं तो जल्दी से जल्दी चिकित्सक से परामर्श करें ताकि समय रहते उनको उस समस्या से छुटकारा दिलाया जा सके। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में से एक है कि जीवन शैली में एकदम से बदलाव आना जैसे- शरीर में आलसपन का आना, लोगों से बात करने से कतराना, बीमारियों को नजरंदाज करना, भरपूर नींद का न आना, किसी पर भी शक करना आदि।

## क्विक न्यूज

### जहर खाकर युवती ने दी जान

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेवखरी में रविवार की सुबह एक लगभग 30 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव को लेकर वापस अपने गांव चले गये। जानकारी के अनुसार खेवखरी गांव निवासी सुरेश की पत्नी रमन देवी ने आज सुबह जान देने के इरादे से जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे आनन-फानन सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजन शव को लेकर तत्काल अपने गांव चले गये।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर के समीप हाईवे पर देर शाम हुए सडक हादसे में एक लगभग 45 वर्षीय अधेड गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर वापस अपने घर चले गये। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के थाना अझुहा गांव बहुवारी निवासी रामविशाल का पुत्र अनिल सिंह मोटर साइकिल द्वारा अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह अल्लीपुर के समीप हाईवे पर पहुंचा। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उधर सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही परिजन शव को लेकर वापस अपने गांव चले गये।

### सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** बकेवर कस्बा में शनिवार की शाम खेत से घर वापस आ रहे एक लगभग 55 वर्षीय वृद्ध को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बकेवर कस्बा निवासी स्व. दुर्गा प्रसाद का पुत्र गंगा प्रसाद कल शाम पांच बजे खेत से वापस घर आ रहा था। तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जैसे ही घर वालों को हुई तो तत्काल उसे निजी वाहन द्वारा उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड दिया। उधर सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### छह दिन से लापता महिला का शव अरहर के खेत से बरामद

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बुढवा के समीप रविवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर छः दिन से लापता एक लगभग 45 वर्षीय महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बोधीपुर गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद की पत्नी केवल पति जो छः दिन पूर्व अचानक घर से लापता हो गयी थी। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई सुराग न लगा। जिस पर परिजनों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को भी दी थी। आज सुबह गांव से तीन किलोमीटर स्थित गांव बुढवा में कुछ लोग शौचक्रिया के लिए जा रहे थे। तभी अरहर के खेत से दुर्गंध आई तो गांव वाले अरहर के खेत की ओर गये तो देखा कि किसी महिला का सडागला शव पडा था। तभी इसकी जानकारी किसी तरह मृतका के परिजनों को लग गयी। जिस पर परिजन व गांव वालें मौके पर पहुंच गये। वहीं सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतका का पुत्र रमेश ने दी। हालाकि उसने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है। वहीं पुलिस शव को अपने कब्जे में लेने के बाद तहकीकात में जुट गयी है।

### पाइप लाइन फटने से पेयजल आपूर्ति ठप

**बरेली।** सीवर ट्रंक लाइन बिछाने मे पानी की लाइन तोड़ने का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। शनिवार को चौपला रोड पर तीसरी बार फिर से खुदाई के दौरान पाइप लाइन फटने से आसपास के इलाको मे पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। करीब आठ घंटे तक घरो मे पानी की आपूर्ति न होने से लोग आक्रोश मे आ गए। आनन-फानन मे क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कराई गई। शनिवार को चौपला रोड पर सड़क पर खुदाई के दौरान पाइप लाइन फट गई थी। जिससे आसपास के इलाको मे पेयजल आपूर्ति ठप हो गई थी। पाइप लाइन एक जगह से नही बल्कि दो जगहो से टूटी थी। आसपास के लोगो ने बताया कि यह तीसरी बार हुआ है जब जल निगम के ठेकेदारो की लापरवाही की वजह से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। जल निगम और जलकल विभाग को सूचना देने के बाद भी टूटी पाइप लाइन को ठीक नही कराया गया। सुबह 11 बजे के करीब लाइन टूटी और पाइप लाइन से पानी बहता रहा। जिससे सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई। चौपला चौराहे के आसपास के मोहल्लो मे पेयजल आपूर्ति ठप हो गई।

# पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए गुलाबी गैंग ने कोतवाली खागा में दी दस्तक

**फतेहपुर।** पीड़ित महिला ने गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक कार्यालय में पहुंच कर अध्यक्ष हेमलता पटेल से आप बीती बताई। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने महिला उत्पीड़न से सम्बंधित इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संगठन की महिलाओं को कोतवाली खागा पहुंच कर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने महिलाएं एकत्रित हुई। अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन की महिलाओं के साथ पीड़ित महिला कोतवाली खागा पहुंची। पीड़ित महिला सोनी देवी पुत्री गणेश प्रसाद निवासिनी ग्राम वाहिदपुर थाना ललौली का विवाह सुशील कुमार पुत्र स्व. होरीलाल निवासी पुरानी गल्ला मंडी खागा के साथ 11 मार्च सन 2015 को हुआ एवं पुत्री देविका की वर्तमान उम्र लगभग चार वर्ष है। पीड़ित महिला सोनी देवी ने बताया की विवाह के 2-3 माह बाद उत्पीड़न होने लगा था जिसमें पति, जेठ व ननदें शामिल रहते थे। नवम्बर 2016 में मारपीट करके घर से निकाल दिया गया। पिता गरीब हैं, मात्र एक बीघा भूमि है। फिर भी अपनी हैसियत से ज्यादा दहेज व स्वागत में खर्च किया था। ससुराली जन आये दिन ताने व गाली गलौज मारपीट करते थे मुझे घर से निकाल दिया गया। इन सभी समस्याओ का मात्र एक कारण था की उनकी मांग में सोफा सेट व मोटरसाईकिल नहीं दे पाए थे। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने बताया की पीड़ित महिला को लेकर उसकी ससुराल गए। मंशा थी की ससुरालीजन आपसी सुलह कर लें और सोनी देवी को सम्मान सहित घर में रखें परन्तु ससुरालीजनों ने घर का दरवाजा नहीं खोला। अंतत: कोतवाली खागा पहुंचे व पुलिस प्रशासन को पूरी समस्या से अवगत कराया। कोतवाल से वार्ता की एवं तत्काल कार्यवाही हेतु पुरजोर अपील की जिस पर कोतवाल ने पीड़ित महिला को पूर्ण रूप से न्याय दिलाने हेतु आश्वास्त किया।

# सेवा सप्ताह में भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया सफाई अभियान

संवाददाता। बिंदकी फतेहपुर

- दूसरों से भी सफाई करने की अपील

**पीएम मोदी** के जन्मदिन के बाद से लगातार भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जगह-जगह साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा मंदिर परिसर में साफ सफाई की गई तथा अन्य लोगों से भी सफाई करने की अपील की गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद सभासद शशी पटेल अपने संगठन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों के साथ नगर के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी समिति में पहुंचकर श्री जागेश्वर मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया। महिला मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मौजूद अन्य लोगों से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर चले सेवा सप्ताह के अंतर्गत साफ सफाई करने को कहा। इस मौके पर बीजेपी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष व सभासद शशी पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन के बाद से लगातार सेवा सप्ताह में जगह-जगह साफ सफाई अभियान भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा है। इसी के चलते उन्होंने आज मंडी समिति में श्री जागेश्वर मंदिर में सफाई करने का काम किया है। अन्य लोगों को भी इसी तरह सफाई करना चाहिए। सफाई रहने से वातावरण साफ होता है जिससे शरीर भी स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही अच्छे व्यक्तित्व का विकास होता है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर महामंत्री मंजू साहू, नगर उपाध्यक्ष जय देवी, नगर मंत्री पूनम साहू सहित मोर्चा की कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

संवाददाता। फतेहपुर

- मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**थरियांव थाना** क्षेत्र के ग्राम सेमरई में शनिवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 22 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गयी। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारने-पीटने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमली गांव निवासी जय सिंह ने डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी बहन पूजा देवी की शादी थरियांव थाने के सेमरइया गांव निवासी स्व. देशराज के पुत्र राजेश यादव के साथ की थी। बताते हैं कि कल शाम युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का भाई जय सिंह ने घटना के बाबत जानकारी देते हुए बताया कि शादी के बाद से ही पति व ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर आये दिन उसकी बहन को मारते-पीटते थे। तीन दिन पूर्व ससुरालीजनों ने उसको बुरी तरह पीट दिया। जिसका शहर के ही एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। कल दोपहर चिकित्सक ने हालत बिगडने पर परिजनों को कानपुर ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन महिला को लेकर कानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जबकि ससुराली पक्ष का कहना है कि पूजा की तबियत पिछले एक पखवारे से खराब चल रही थी। जब कि कल उसके पति ने एक बोतल खून भी दिया है। उसके बावजूद भी जब हालत नही सुधरी तो कानपुर के लिए रिफर कर दिया था। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# कलेक्ट्रेट पार्क का निरीक्षण, जिला अधिकारी ने काम समय से पूरा करने के दिए निर्देश

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**रविवार को** जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट पार्क का निरीक्षण कर आदेश देते हुए कहा पार्क के चारो ओर ग्रिल निर्माण कार्य में गति लाई जाए। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने कहा , अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के पीछे वाले साइड में खाली पड़ी जमीन को पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा । जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट में हो रहे सुंदरीकरण कार्यो के निरीक्षण अधिकारीयों को समय से कार्य के पूरा किए जाने के निर्देश के साथ वर्क की क्वालटी पर पैनी निगाह रखने के आदेश दिए

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकरी ने कलेक्ट्रेट पार्क के चारो ओर हो रहे ग्रिल निर्माण कार्य को देखा और उन्होंने सम्बन्धित को निर्देश दिए कि पार्क के चारो तरफ लगाई जा रही ग्रिल के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा है कि पार्क में पौधे व खास लगाई जाए। जिलाधिकरी ने अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के पीछे साइड में खाली पड़ी जमीन पर पार्क विकसित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि उक्त खाली पड़ी जमीन की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए तथा पेड़ की लटकी डालो की कटाई कराई जाए। विधुत ट्रांसफार्मर एवं जनरेटर को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिक वाहिद अली को नम आँखों से दी गई विदाई

**शाहजहाँपुर** । द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिक सैय्यद वाहिद अली 106 को गार्ड आफआनर के साथ गमगीन माहौल में कटरा के कबरिस्तान में सपुर्द ए खाक किया गया इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ कटरा के विधायक सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगो ने नम आखों के उनको आखिरी विदाई दी



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सैय्यद वाहिद अली का शनिवार को बीमारी के चलते इंतेकाल हो गया तहसील तिलहर के ब्लाक कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान के मूल निवासी वाहिद अली 1943 में सेना मे भर्ती हुए थे। 1944 से 45 तक द्वितीय विश्वयुद्ध में शामिल हुए। 17 जुलाई 1947 को सेवानिवृत्त होकर घर आ गए। 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने पर वाहिद अली ने जश्न मनाया था। पूर्व सैनिक वाहिद अली को प्रदेश सरकार ने दो साल पहले समारोह आयोजित कर सम्मानित भी किया था रविवार को सुपुर्दे खाक के वक्त , पुलिस क्षेत्राधिकारी परमानंद पांडे, कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान, क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, ब्लाक प्रमुख नरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फलल्ला भैया, भाजपा जिला महामंत्री कमांडो अनिल सिंह चौहान,भाजपा नेता सत्यभान सिंह भदौरिया सूबेदार मेजर सतीश सिंह चौहान, एसएसआई दिलीप कुमार सिंह, एडवोकेट सत्यपाल, सचिन कुमार गुप्ता, सैय्यद शाहिद अली, आदिल खान इत्यादि नगर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सैयद वाहिद अली को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नम आंखों विदाई दी

## कोरोना से एक और मरीज की मौत

**शाहजहांपुर** । जिले में कोरोना वायरस संक्रमण से रविवार को कोरोना के एक और मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गई इसके साथ ही जिले में मौतों का आकड़ा 71 हो गया रविवार को जिले में कोरोना वायरस के 104 मरीज मिले इन मरीजों में सरकारी विभागो के कर्मचारी व व्यापारी तथा आम लोगो में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है जिले में लगातार कोरोना वायरस के पॉजिटिव मरीजों के मिलने से स्वाथ्य विभाग के अधिकारीयों की मुश्किलों में इजाफा हो रहा है रविवार को जिले के अलग अलग ब्लाकों में 104 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से जिले में संक्रमितों की तादात 5142 हो गई है इसमें 2057 मरीजो को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है । जबकि होम आइसोलेशन में 2095 संक्रमित तथा बाकि कोविड के अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती है जिले में कोरोना संक्रमण से 71 लोगो की मौत हो चुकी है ।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया जिले में 1333 टीमस सैम्पल लेने के साथ ही अन्य कामो को में लगाई गई है जिले के अभी कन्टेंटमेंट जाने में जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया ।

## शराब फैक्ट्री प्रकरण में 4 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने रविवार को मीडिया को जानकारी देते हुए थाना काँट में अबैध शराब फैक्ट्री प्रकरण में शराब माफिया विकास गुप्ता उन्नाव में हुए जहरीली शराब कांड में संलिप्त था उसके खिलाफ कानपुर और उन्नाव में कई ममले दर्ज है जिले में थाना कांट में पुलिस ने अवैध शराब फैक्ट्री पर छपा मारकर विकास समेत चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही के साथ अन्य संगीन धराओं में मामला दर्ज गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया जिला अधिकारी ने कहा जनपद में थाना कांट में नौ अगस्त को शराब माफिया ने भूखंड किराए पर लिया था जिसके बाद गुप्त तरीके से शराब बनाकर कई जनपदों को सप्लाई का कार्य किया जाता था शनिवार को पुलिस ने फैक्ट्री में छापमारकर भारी मात्रा में अवैध शराब, केमिकल रैपर, बोतल के ढक्कन और पैकिग मशीन बरामद कर विकास गुप्ता कानपुर,सहित प्रताप कुमार , प्रमोद निवासी कानपुर तथा चमन सिंह को गिरफ्तार किया पुलिस ने इंट्रोगेशन में शराब की सप्लाई के स्थान तथा पूरे नेटवर्क को सर्च कर कार्यवाही को अमली जामा पहनाया है जिला अधिकारी ने कहा संज्ञान में आया है नौ अगस्त को सिंचाई बिभाग के कर्मचारी के भूखंड को किराए पर लेकर अवैध शराब फैक्ट्री को शुरू किया गया इस मामले में सिचाई विभाग के कर्मचारी की जाँच कराइ जा रही है पुलिस की जाँच में कर्मचारी की कोई संलिप्त पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवही की जाएगी

### परिवार को दिल्ली छोड़कर आए युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**शाहजहांपुर** । दो दिन पहले परिवार को दिल्ली में छोड़कर आए युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी परिजनों को युवक के मौत को गले लगाने का कारण पता नहीं चला ,सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम स्थल भेजा थाना निगोही के ग्राम चौढेहरा-चौढेरी निवासी रजनीश पुत्र भुदनलाल दिल्ली में किसी प्रवेट कंपनी में काम करता था। दिल्ली में भी वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। दो दिन पूर्व भी परिवार को दिल्ली में छोड़कर रजनीश अपने गांव आया था। बीती रात इसने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# शिवपाल ने भाजपा सरकार के खिलाफ बोला हमला

संवाददाता। जसवंतनगर



**यूपी** में बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। स्वय प्रसपा राष्ट्रीयअध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने आरोप लगाया है कि मोदी और योगी ने युवाओं और किसानों को बर्वादी की ओर धकेल दिया है ।

प्रसपा पार्टी ने ष्साइकिल संदेश यात्राष् शुरू की हैए जो यूपी के विभिन्न स्थानों से गुजर रही है। आज सुबह यह यात्रा जोशो खरोश और भाजपा सरकार विरोधी नारों की गूंज के साथ प्रसपा संस्थापक शिवपाल सिंह यादव के गृह क्षेत्र जसवंतनगर के हाइवे बस स्टैंड चौराहे पर जब पहुंची एतो स्वयं प्रसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और जसवंतनगर क्षेत्र के हजारों प्रसपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रैली का नेतृत्व कर रहे प्रोण्अवधप्रताप ओझा सहित साइकिल यात्रियों की जोरदार आगवानी की। विधायक शिवपाल सिंह यादव ने बीजेपी की केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोलते कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। किसानों और युवाओं को बर्वादी की ओर धकेलकर उनको हताश और निराश कर दिया गया है। किसी को नौकरी देना तो दूर नौकर पेशा लोगों की नौकरियां लेने की बात की जा रही है। वैश्विक महामारी कोरोना के नाम पर बजट में जमकर भ्रष्टाचारए कमीशनखोरी और लूट ऊपर बैठे लोगों के इशारे पर हो रही है।। लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं हैं । बड़े उद्योग घरानों की कठपुतली बनकर यह सरकार देश को निजीकरण की आड़ में बेंच रही है।भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिस व विद्युत विभाग फर्जी केसों में फंसाने व छापेमारी का भय दिखाकर गरीब जनता को लूटने में लगा हुआ है। उन्होंने पार्टी जनों से अपील की कि जनता को लूटने वाले अधिकारियों की सूची तैयार करोए समय आने पर ब्याज सहित बसूली की जाएगी। भाजपा सरकार की मनमानी व तुगलकी निर्णयों से जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि गत सात माह से कोरोना की बजह जनता को बहुत परेशानी झेलनी पड़ी। कोरोना खत्म नही हुआ है मगर अब कोरोना व सरकार से लड़ने को हम लोग साइकिल यात्रा के माध्यम से सड़को पर उतरे है। सविंदा जैसे कानून को हरगिज स्वीकार नही करेंगे। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ती बेरोजगारी व भृष्टाचार रोकने को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी योगी सरकार को उखाड़कर ही चैन से बैठेगी।

हमारे नौजवानों ने साइकिल संदेश यात्रा से की शुरुआत की है। बढ़ती मंहगाई, सस्ती बिजली, बेरोजगारों को रोजगार नौजवानों को नौकरी दिलाने को अब हम लोग उत्तर.प्रदेश की सड़कों प निकल पड़े हैं। उन्होंने अंत मे कहा हमारी सरकार बनेगीए तो नौकरी व रोजगार देंगे। नही तो हम बेरोजगार भत्ता देंगे।

इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी गुप्ता और ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव ने भी देश व प्रदेश की सरकारों पर करारे प्रहार किए। इस दौरान प्रसपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, प्रो.बृजेश यादव, महावीर सिंह यादव सहित प्रसपा जिला महासचिव अजेंद्र सिंह गौर, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पालिकाध्यक्ष सुनील कुमार जौली, सुभाष गुप्ता, भगीरथ यादव, राजपाल सिंह यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू यादव, खन्ना यादव, विनोद यादव, बंटू गुप्ता, गोपाल गुप्ता, कृष्णा यादव आदि अनेक कार्यकर्ता रहे मौजूद।

### 26 को पहुंचेगी दिल्ली

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी की ओर से शुरू की गई यह साइकिल यात्रा 16 सितंबर को लखनऊ के पार्टी कार्यालय से शुरू की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बताया गया कि साइकिल यात्रा उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों व कस्बो से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। इसका समापन दिल्ली के इंडिया गेट पर होगा।

# ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

संवाददाता। इटावा




**थाना** सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बजरिया क्षेत्र में स्थित रघुकुल हॉस्पिटल में डॉक्टरों की लापरवाही के चलते दूसरी महिला और उसके बच्चे की मौत का मामला सामने आया है मृतक महिला के परिजनों ने अस्पताल पर कार्रवाई के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है।

मृतक महिला कमला देवी के पति कप्तान सिंह ने बताया कि 2 दिन पूर्व पत्नी के अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद उसने अपनी पत्नी को सीएससी बढ़पुरा में भर्ती करवाया था जहां पर तैनात आशा अनीता देवी ने निजी अस्पताल में जान परिचय होने की बात कह कर निजी अस्पताल रघुकुल हॉस्पिटल में इलाज करवाने की सलाह दी जिसके बाद महिला के परिजनों ने आशा के बताए अनुसार महिला को स्टेशन बजरिया स्थित रघुकुल हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया जहां पर डॉक्टर आरडी सिंह ने ऑपरेशन के नाम पर 50000 जमा करवा लिए और उसकी पत्नी कमला देवी का ऑपरेशन करने के लिए उसे ऑपरेशन थिएटर लेकर गए कुछ देर बाद डॉक्टर ने उसकी पत्नी की हालत गंभीर बताते हुए उसे आगरा जिला के लिए रेफर कर दिया और मामले को गंभीर बताते हुए खुद के द्वारा एक निजी एंबुलेंस से आगरा के लिए रवाना कर दिया। जिसके बाद उसे आगरा ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पति ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग को लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है। वह इस मामले पर स्वास्थ विभाग के आला अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते हुए नजर आ रहे हैं।उल्लेखनीय है की इटावा स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की मिलीभगत के चलते रघुकुल हॉस्पिटल में 1 माह के भीतर दूसरी मौत का मामला सामने आया है। वही जिम्मेदार स्वास्थ विभाग के आला अधिकारी कार्रवाई की बात कह कर मामले को ठंडे बस्ते में डालते नजर आते हैं।

# कई हत्याकांडों का नहीं हो सका खुलासा, पुलिस की किरकिरी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जनपद** में कई हत्याकांड हैं जिनका राजफाश करने में पुलिस की जाँच कई-कई महीनों बाद भी खाली है। हत्या कर आरोपी खुले घूम रहे है। लेकिन पुलिस उनको लेकर अभी तक सक्रिय नजर नही आ रही है। जिससे उनकी जाँच की फाइलों पर अनदेखी की धूल जम रही है।

**केस-1.** बीते थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गाँधी नगर निवासी सुमन पत्नी राकेश कुमार का 25 वर्षीय भाई मिथुन कुमार उर्फ नीतू पुत्र रक्षपाल सिंह बीते 24 जुलाई 2019 को उसके घर आया था। वह सेना में भर्ती होंने की तैयारी कर रहा था। 25 जुलाई को वह सुबह वह अपनी बहन सुमन से दौड़ लगाने की कहकर सुबह पांच बजे चला गया। उसके बाद वह लौटकर नही आया। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कोई पता नही चला। जिस पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी थाना कमालगंज में दर्ज करायी थी। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस सुस्त पड़ गयी। 27 जुलाई को जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के ग्राम रसूलपुर भट्टे के निकट रस्सी से गला घोटकर मिथुन को मौत के घाट उतार दिया गया था। 18 अगस्त को परिजनों नें कपड़ो से शिनाख्त कर ली। लेकिन मामला डीजीपी तक पंहुचा। कई एसपी बदले आधा दर्जन थानाध्यक्ष बदले लेकिन मिथुन को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी लगभग डेढ़ वर्ष के बाद भी खुले घूम रहें है। जिनके गिरेवान तक पुलिस का हाथ अभी तक नही पंहुचा। पुलिस नें मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

**केस-2.** बीते पांच माह पूर्व 31 मई 2020 को कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी शिवपाल सिंह शाक्य का खेत ग्राम ज्योना में बने कुंए के भीतर एक लाश मिली थी। लाश को जब कुंए से बाहर निकाला गया तो उसका सिर ही कटा हुआ था। शरीर पर कोई वस्त्र भी नहीं था। एक पैर पर कटे होने का बड़ा घाव होनें के साथ ही घटनास्थल के निकट पीपल के पेड़ पर लटका एक रक्तरंजित अंगौछा भी मिला था। घटना में पुलिस पांच माह बाद खाली हाथ है। आरोपी खुले में साँस ले रहे है।

**केस-3.** बीते 23 अगस्त लगभग एक साल पूर्व फर्रुखाबाद में देर रात कानपुर- फर्रुखाबाद 55327 पैसेंजर ट्रेन में बोगी के दोनों बाथरूम के बीच लाल रंग का लावारिस ट्राली बैग रखा मिला। पुलिस के बैग खोलने पर उसमें महिला का शव मिला। महिला कौन थी सूटकेस किसने रखा और हत्या क्यों की गयी आरोपी कौन था इसका पता जीआरपी भी तक नही लगा सकी।

**केस-4.** शमसाबाद निवासी बीते 13 अक्टूबर 2019 को छात्रा आकांक्षा सक्सेना का शव रेलवे ट्रेक पर मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा भी दर्ज कराया था। कई दिनों तक मामला गर्म रहा। उसका बाद पुलिस आज तक इस मामले में भी कोई ठोस निर्णय नही ले पायी।

**केस-5.** बीते लगभग एक वर्ष पूर्व 31 दिसम्बर 2019 को थाना राजेपुर के ग्राम भाऊपुर चौरासी निवासी 40 वर्षीय मुकेश कश्यप पुत्र लालाराम अपने दोस्त सुनील पुत्र राजेश कश्यप के साथ नाव लेकर गंगा के रास्ते गाँव आ रहा था। दोस्त नें खबर दी कि रास्ते में मुकेश गंगा में कूद गया। लेकिन परिजनों नें सुनील पर हत्या का आरोप लगाया।पुलिस नें सुनील को पुलिस नें मुकेश के अपहरण करने के मामले में जेल भेज दिया। आज तक मुकेश जिंदा या मुर्दा नही मिला। लेकिन उसके अपहरण के आरोप में युवक जेल गया।

## पेशेवर हिस्ट्रीशीटरों की कोतवाली पुलिस ने की सूची जारी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पिछले लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हुए जिन लोगों ने एक के बाद एक कई अपराधिक वारदातों को अंजाम देकर कानून व्यवस्था से निरंतर खिलवाड़ किया है । ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर तथा उनकी अपराधिक हिस्ट्री खोज कर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज डॉ विनय प्रकाश राय ने उन सभी अपराधियों की सूची जारी की है ।

अब तक जारी सूची में प्रमुख रूप 10 वांछितों के नाम सामने आए हैं। इनमें प्रमुख रूप से लालू यादव पुत्र रविनाथ गांव मिलिकिया पपड़ी, मुदस्सिर पुत्र अमीर उद्दीन रायपुर ,अंकित यादव पुत्र बलवीर नरसिंहपुर, शमी खा पुत्र जाहिद खान याहिया पुर, धर्मेंद्र कोरी पुत्र लक्ष्मण कोरी, टीपी चौराहा कायमगंज सुधीर उर्फ़ नटवर पुत्र पातीराम सक्सेना घसिया चिलौली, गणेश मिश्रा पुत्र शेष कुमार मिश्रा बगिया सोहनलाल ,अमित यादव पुत्र रतीराम यादव ,भूपेंद्र पुत्र वीरेंद्र जिराऊ तथा कर्मवीर जाटव पुत्र रणवीर जाटव निवासी ग्राम गुल बाज नगर के नाम शामिल हैं। इन हिस्ट्रीशीटरों की सूची थाने की ओर से जारी की गई है। ये लोग कानून और व्यवस्था के लिए खतरा बने हुए हैं और कई अपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# घाटमपुर में कोरोना के साथ डेंगू और मलेरिया का भी अटैक

संवाददाता। घाटमपुर



**कोरोना** वायरस के साथ क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया बुखार के अटैक से तमाम गांवों में हाहाकार मचा हुआ है, बीते शुक्रवार की रात घाटमपुर कोतवाली के रेवना गांव में एक किशोरी की मौत और दर्जनों लोगों के चारपाई पकड़े होने की क्षेत्रीय लेखपाल ने दैवी आपदा में सूचना दर्ज करायी है। बिकास खंण्ड भीतरगांव के ग्राम अमौर और शूलपुर में कोरोना वायरस के साथ डेंगू बुखार पहले से ही कहर ढ़ाये है। स्वास्थ्य बिभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद घाटमपुर और भीतरगांव क्षेत्र में कोरोना वायरस का असर कम नही हो रहा है, वहीं बारिश का सीजन खत्म होने के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके चलते क्षेत्र में कोरोना वायरस के साथ अब डेंगू और मलेरिया बुखार के केस मिलने लगे हैं। भीतरगांव सीएचसी के आधीन गांव अमौर में बीते दिनों एक महिला की मौत और तमाम लोगों के बीमार होने की सूचना पर सीएचसी की मेडिकल टीम गांव जाकर कोरोना वायरस संग बुखार पीड़ितों की जॉंच की तो चौकाने वाली जानकारी सामने आयी गांव में 4 लोग कोरोना वायरस संक्रमित और और आधा दर्जन से ज्यादा लोगों में डेंगू के लक्षण पाये गये। वहीं स्वास्थ बिभाग डेंगू के अटैक से बेखबर है। अमौर गांव के सेवा निवृत शिक्षक ने बताया कि गांव में तैनात सफाई कर्मी गांव आता ही नही जिसके चलते गलियों में बनी नाली कूड़ा-कचरा से अटी पटी है और लोगों के घरों से निकलने वाला गंन्दा पानी व बारिश बाद जल भराव मच्चरों की फौज तैयार कर रहा है। उधर अमौर और शूलपुर की तरह क्षेत्र के रेवना गांव में भी किशारी की मौत और तमाम के बीमार होने की सूचना पर रबिवार को घाटमपुर सीएचसी कैलाशचंद्रा मेडिकल टीम को को साथ लेकर रेंवना पंहुचे और कोरोना वायरस के साथ बुखार पीडितों की मलेरिया बुखार की जॉंच के लिये ब्लड की स्लाइडें बनवायी, चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाशचंद्रा ने बताया कि रेवना में 75 लोग की जॉंच में 2 कोरोना संक्रमित पाये गये जिन्हें अस्पताल भेजा गया है।

### डेंगू के लक्षण

**घाटमपुर।** गांवों में फैले बुखार में मरीज को अचानक ठंड के साथ अचानक तेज बुखार आता है। इसके अलावा जोड़ों में दर्द के साथ कमजोरी आने लगती है और मरीज चलने फिरने से लाचार होकर चारपाई पकड़ लेता है। मरीज को मुह का स्वाद खराब होना और शरीर पर लाल चक्कते तथा अचानक बेहोश हो जाना जैसे शिकायत होती है।

# ईनामी बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे



संवाददाता। इटावा

**वाहन** चैकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि वांछित अभियुक्त भरथना ओवर ब्रिज के पास पुराना बस स्टैंड पर कहीं जाने की फिराक में खडा हुआ है । सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए उक्त वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया ।उक्त गिरफ्तार किये गए राधाकृष्ण पुत्र रामकृष्ण नि0 272 गांधी नगर थाना फ्रेंड्स कालोनी इटावा अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त अभियुक्त 24 बटालियन पीएसी का सिपाही था जिसको शराब के नशे में अपने साथी सिपाही पर रायफल तानने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया था । उक्त अभियुक्त अपने अन्य पत्रकार साथी के साथ मिलकर अपने लाइसेंसी असलहा से लोगों को डरा धमकाकर अवैध धन की उगाही करता है एंव अभियुक्त पूर्व में भी अवैध धन उगाही के प्रयास जैसे मुकदमों में जेल जा चुका है ।

### अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर, पिता पुत्र घायल

**भर्थना।** भरथना बकेवर मार्ग पर अनियंत्रित दौड़ती एक लग्जरी कार सवार युवकों ने सड़क पर खड़े पिता पुत्र में जोरदार टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद घटना को अंजाम देकर भाग रहे शराब के नशे में धुत्त युवकों की लग्जरी कार भरथना के मोहल्ला राजगंज स्तिथ एक पेट्रोल पम्प की बाउन्ड्रीवाल से टकरा गई। एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम देने बाले अपनी लग्जरी कार को घटना स्थल पेट्रोल पम्प पर छोड़ कर भाग जाने में सफल हो गए। घटना की सूचना पर भरथना पुलिस में मौके पर पहुँच घायल पिता पुत्र को इलाज हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराकर घटना को अंजाम देने बाली लग्जरी कार को कब्जे में लेकर कार सबार फरार युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक ने स्कूटी में मारी टक्कर, उपनिरीक्षक घायल

**बकेवर।** बकेवर थाने में तैनात एक महिला उपनिरीक्षक को यदुवंशी होटल के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक ने स्कूटी पर तैनात उपनिरीक्षक के टक्कर मार दी ।जिससें वह गम्भीर रुप से घायल हो गयी। वहीं 100 नम्बर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार युवक को हिरासत में लिया तथा उक्त महिला उपनिरीक्षक को उपचार के लिऐ कस्बा के निजी अस्पताल में ले गये जहां गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उपनिरीक्षक को इटावा के लिए रेफर किया। रविवार को सुबह के समय बकेवर थाने में तैनात उपनिरीक्षक प्रियांजली सिंह सरकारी काम के लिए जा रही थी। तभी इटावा रोड पर स्थित यदुवंशी होटल के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक ने उपनिरीक्षक की स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससें स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गयी। तथा उपनिरीक्षक प्रियांजली सिंह गम्भीर रुप से घायल हो गयी। वहीं मौके पर 100 नम्बर पुलिस ने घायल उपनिरीक्षक को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा तथा मोटरसाइकिल सबार युवक को अपनी हिरासत में लिया।

# फर्रुखाबाद में 43 कोरोना मरीज और मिले

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोरोना** का जनपद में लगातार ग्राफ बढ़ता जा रहा है । रविवार को कोरोना बढ़ते हुए 43 पर पहुच गया जिसमे 776 मरीज स्वस्थ हो गये ,485 मरीज अस्पताल में भर्ती है,739 मरीज होम आइसोलेशन में है तथा 34 की मौत हो चुकी है । इस प्रकार कुल 2063 अब तक कोरोना पाजिटिव हो चुके है । आज के कोरोना एस प्रकार है - अनुराग यादव 32 वर्ष,दीपक वर्मा 59 वर्ष,सुशील वर्मा 49 वर्मा,सोनू कुमार 22 वर्ष, गरिमा सचान 40 वर्ष लोहिया कैम्प्स, महेंद्र प्रताप सिंह विकास नगर, डॉ विवेक सक्सेना 54 वर्ष बजरिया सालिगराम, संतू तोमर 32 वर्ष,निर्मला तोमर 62 वर्ष जजी कालोनी, रेनू 30 वर्ष नेकपुर चौरासी , श्याम चरण मिश्रा कादरी गेट, अभिनव गुप्ता 28 गोला कोहना फतेहगढ़, यशवीर सिंह 65 वर्ष,अजय 25 वर्ष जे एन वी रोड, मोनी 25 वर्ष, सरिता 25 वर्ष, सोनम 20 वर्ष,नीरज 10 वर्ष हैवतपुर गढिया, जे एन खन्ना माया हॉस्पिटल बढपुर, लक्ष्मी कान्त 30 वर्ष सधवाणा, सुषमा देवी 60 वर्ष राजपाल पुर, तारिक 18 वर्ष, दीपक 18 वर्ष वर्ष,दिनेश चन्द्र कम्पिल 60 वर्ष, विनय सिंह 52 वर्ष अकराबाद, राजीव 33 वर्ष हरकरनपुरकायमगंज , अनिल कुमार 50 वर्ष, हिमांशू गुप्ता 35 वर्ष प्रताप नगर कमालगंज, इसके अलावा गत रात आयी सूची में पुष्पलता 38 वर्ष ,अनुपम त्रिवेदी 38 वर्ष,अंजली त्रिवेदी 23 वर्षमछली टोला, प्रदीप 36 वर्ष ,अनिल कुमार 35 वर्ष हरदुआ नवावगंज,देवेन्द्र गुप्ता आजाद नगर मोहम्मदाबाद, विमलेश 42 वर्ष,रजनी 22 वर्ष राया राजेपुर, सतेन्द्र सिंह 48 वर्ष हवेली,संजीव 28 वर्ष आलेपुर शमशाबाद, राजीव कुमार 39 वर्ष, अवधेश कुमार 58 वर्ष,रामनाथ विरिया नगला कमालगंज आदि सभी कोरोना मरीजो में शामिल है ।

### निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** एनई रेलवे मजदूर यूनियन के बैनर तले रेल कर्मियों नें केन्द्र सरकार की मानसिकता के विरोध में काला पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि यूनियन रेलवे का निजीकरण नहीं होने देगी। केंद्र सरकार की मंशा है कि रेलवे का निजीकरण किया जाए। रेलवे की जमीनों को किसी भी स्थिति में न बेचा जाए। रेल कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। पदों का सिरेंडर बंद किय जाए। रिक्त पड़े पदों को शीघ्र ही भरा जाए। ग्रेड पे 18 सौ तथा ग्रेड पे 46 सौ को बेहतर ग्रेड पे दिया जाए। लारर्जेस योजना को बहाल किया जाए। नियम के विपरीत 30 वर्ष की सेवा व 50&55 वर्ष की ऊपर की पीडियाविकल रिव्यू करने पर रोक लगायी जाये। प्रधानमंत्री व रेलमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ट्वीट का सहारा भी लिया। प्रधानमंत्री व रेलमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ट्वीट का सहारा भी लिया।

## स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों के घर तक बनेगी सड़क

**फर्रुखाबाद।** हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद विजय पथ योजना के तहत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों के घर तक लोक निर्माण विभाग सड़क निर्माण करायेगा। जिसकी सूची मांगी गयी है। जिला क्रीडाधिकारी कर्मवीर सिंह नें बताया कि मेजर ध्यानचंद योजना के तहत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों के घर तक लोक निर्माण विभाग सड़क निर्माण करायेगा। खेल निदेशालय के द्वारा जिले के पदक विजेताओं के घर तक सड़क निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि वह खिलाड़ी जो वर्ष 2017 को से अब तक अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हों वह खिलाड़ी अपना खेल प्रमाणपत्र 23 सितम्बर तक जिला क्रीड़ाधिकारी के कार्यालय में दोपहर 2 बजे तक जमा करें।

# एसपी अचनाक पहुंच गए रसूलाबाद थाने मुआयना करने



संवाददाता। कानपुर देहात

**एसपी के**शव कुमार चौधरी ने रविवार को रसूलाबाद थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुये शासन की मॅशा के मुताबिक कार्य करने के निर्देश दिये।

एसपी ने थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया। एसपी ने सीसीटीएनए कार्यालय, कोविड केयर हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक व थाना परिसर का निरीक्षण का साफ सफाई रखने के निर्देश जारी किये। एसपी ने थाना परिसर में पर्याप्त रोशनी, जनता से मृदुल व्यवहार करने, विवेचनाओं के निस्तारण तथा थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में अपराधियों की जानकारी रखने व उनसे सम्बन्धित बीट दर्ज कराने, टापटेन अपराधियों की जमानत निरस्त करवाने तथा उन पर सर्तक निगरानी रखने तथ्वा कोरोना वारयस के संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु स्वयॅ व आमजनमानस को सोशल डिस्टेसिंग का कडाई से पालन कराने के निर्देश दिये गये।

### दहेज हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना पुलिस ने शनिवार को दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रूरा एसओ विद्यासागर सिंह ने बताया कि शनिवार को थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 434/2020 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त मुकेश को पुलिसबल द्वारा गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## 19 मामलों में 6 में हुआ समझौता

**कानपुर देहात।** दम्पत्तियों के आपसी विवाद के मामलो को हल करने के लिये गठित किये गये प्रोजेक्ट किरण में रविवार को 19 मामले आये थे रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 19 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 06 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में विखरे हुये परिवारों में एक नई रोशनी आयेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष अस्वनी पाल, उनि रीना सिंह, प्रीती सोनकर व प्रोजेक्ट के सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार संग कोतवाली प्रभारी पहुंचे राहा मोढ़, जांची हकीकत



संवाददाता। घाटमपुर

**कोतवाली** के गांव राहा में खुल रहे देशी शराब ठेके को लेकर उठे बिवाद के परिपेख में रबिवार को नायब तहसीलदार हरिश्चंद्र और कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर गये और मौके की जॉंच की तथा निर्माणाधीन दुकान के आसपास स्थित इन्टर कालेजों और धार्मिक आश्रमों की दूरी जॉंची, उधर ठेकेदार दुगनी लेबर लगा कर दुकान बनवाने का काम तेज कर दिया है। बताया जाता है कि ग्राम प्रधान प्रतिमा सिंह की अगुवाई में ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी से की गयी शिकायत की थी, शिकायत कर्ता ग्रामीणों का कहना था कि राहा तिराहा के नाम से नवसृजित देशी शराब का ठेका वहॉं न संचालित होकर शराब ठेका दलित आबादी की ओर मुगल रोड से राहा को गये संर्म्पक मार्ग पर खोला जा रहा है जबकि उससे कुछ दूरी पर बेंदा का शराब ठेका पहले से ही संचालित हो रहा है। नायब तहसीलदार ने बताया कि वो पुलिस बल के साथ एसडीएम के आदेश से जॉंच करने गये थे, मामले की रिपोर्ट उन्हें भेजी जा रही है। ग्रामीणों बताया कि राहा तिराहे पर खुल रहे शराब ठेका के बिरोध में उन लोगो ने पिछले महीने भी शिकायत की थी तब अधिकारियों वहॉं ठेका न खुलने का आश्वासन दिया था और निर्माण कार्य भी बन्द हो गया था लेकन दवंग ठेकेदार आबकारी बिभाग के अधिकरियों को ढ़ाल बनाकर फिर दुकान का निर्माण कराने लगा है। गांमीणों ने चेतावनी दी है कि राहा मोढ़ में निर्माणाधीन शराब ठेका न हटा तो तहसील में धरना प्रर्दशन के साथ निकट होने जा रहे घाटमपुर बिघान सभी सीट के चुनाव में मतदान का बहिस्कार भी करेंगे।

भूमि व जल संसाधन विभाग का हाल-बेहाल

# खर्च न होने पर वापस हो गए पांच करोड़

● परियोजना हुई समाप्त पीएमकेएसवाई योजना संचालित करने की उम्मीद

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में सिचाई एवं जल प्रबंधन विभाग द्वारा एक दशक से केंद्र सरकार द्वारा संचालित समेकित जल प्रबंधन परियोजना (आईडब्ल्यूएमपी) में प्रशिक्षण का पांच करोड़ रुपये विभाग द्वारा खर्च न होने से शासन ने धनराशि वापस लेकर परियोजना को समाप्त कर दिया है। यह परियोजना जिले में दस वर्षों से संचालित थी इसमें किसानों की ऊबड़ खाबड़ जमीन पर बंधी बनाकर उसे समतल करना व पानी का ठहराव कर नमी संरक्षण करना था इसमें अभी तक बीस करोड़ रुपये का बजट आ चुका है जिससे सत्तर फीसदी काम कराया जा चुका है। हालांकि ज्यादातर ऐसी भूमि में बंधी बनाकर नजदीकी किसानों को सिचाई की सुविधा प्रदान की जा चुकी है शासन ने इसके लिये विभाग के पूर्व उप निदेशक ई राजेंद्र प्रसाद को प्रशस्ति पत्र भी दे चुका है। वही विभाग में परियोजना को अच्छी तरह संचालित करने के लिये शासन ने विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को परियोजना के महत्व, किस प्रकार प्रशिक्षण के सहयोग किया जाये, मिट्टी के इस कार्य को किसी प्रकार ज्यादा दिन तक सुरक्षित रखा जाये इसके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी थी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों के साथ साथ एसआईआरडी, कृषि वित्त निगम, एग्रो फरेस्ट झांसी की थी मगर प्रशिक्षण की कोई स्पष्ट नीति न आने से प्रशिक्षण नही कराया जा सका है। परियोजना में करोड़ो रुपये का बजट उपलब्ध होने के बाद भी किसानो व अधिकारियों को प्रशिक्षण न देने से शासन ने नाराजगी जाहिर करते हुये प्रशिक्षण का बजट पांच करोड़ रुपये वापस करते हुये परियोजना की अवधि समाप्त कर दी है। वही भूमि संरक्षण अधिकारी(बीएसए) का कहना है कि शासन की मंशा है कि इस परियोजना को समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री कृषि सहायक योजना(पीएमकेएसवाई) संचालित की जायेगी जिसमें नयी पालिसी बनायी जायेगी व जो जिले में नमी संरक्षण कार्य अधूरे पड़े हुये है उनको पूरा किया जायेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है जब तक पूर्व डीडी ई राजेंद्र प्रसाद रहे तब तक विभाग मे 'सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा है उनके तबादला होने के बाद अव्यवस्थाओं का पहाड़ ही टूट पड़ा है बजट का अभाव व ठीक से काम न होना आदि तमाम बाधाएं आती रही। करोडो का काम कराने के बाद विभाग में दो साल पहले अनियमितताओं के चलते जांच में काफी धांधली पायी गयी थी जिस पर पूर्व सीडीओ ने बजट खर्च पर रोक लगा दी थी इसके बाद क्लीन चिट मिलने से दो माह में ही करोडोके काम करा कर विभाग ने भुगतान करा लिया था। विभागीय अधिकारी ने बताया कि नहरो में पानी बनाने का काम भी शासन ने विभाग की जिम्मेदारी से छोड़ दिया है अर्जुन सहायक परियोजना पूरी होनेके बाद हमीरपुर जिले की मौदहा क्षेत्र में पांच सौ किलोमीटर दूरी की नाली भी बनायी जायेगा हालांकि इस मद का अभी कोई बजट प्राप्त नही हुआ है। यदि अर्जुन सहायक परियोजना पूरी हो जाये तो हमीरपुर व महोबा जिले को सिर्फनाली निर्माण के लिये दो करोड का बजट मिल जायेगा।

## यूपी में कुल तीन भूमि संरक्षण अधिकारी कर रहे हैं काम, एक माह बाद दो हो रहे रिटायर

**हमीरपुर।** भूमि एवं जल संसाधन विभाग में उत्तर प्रदेश में सिर्फ तीन भूमि संरक्षण अधिकारी काम कर रहे है शेष पद खाली पड़े हुये उसमे भी दो अफसर इसी सितम्बर माह मे सेवा निवृत्त हो रहे है। भूमि संरक्षण अधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि विभाग में समस्त परियोजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी भूमि सरंक्षण अधिकारी (बीएसए) की होती है मगर कई सालों से प्रमोशन शासन स्तर पर न होने के कारण उत्तर प्रदेश में सिर्फतीन भूमि संरक्षण अधिकारी शेष बचे हुए है उसमें सितम्बर माह में हमीरपुर व एक अन्य जिले के बीएसए सेवानिवृत्त हो रहे है। हमीरपुर भूमि संरक्षण अधिकारी के पास 11 जिलो का चार्ज है इसी प्रकार तीनो अफसरों के पास कई कई जिले है जिससे कोई काम नही हो पा रहा है कुछ दिन बाद सूबे में एक भी भूमि संरक्षण अधिकारी विभाग मे नही बचेंगे। जिन अफसरों के पास चार्ज है वे किसी भी जिले का काम सही प्रकार नही कर पा रहे है। विभाग में कर्मियों व अफसरों का लगातार टोटा होता जा रहा है जिससे यह विभाग पूरी तरह टूटने की कगार पर पहुच चुका है।

## आठ और पाजटिव पाए गए कोरोना से शिक्षक की मृत्यु

**हमीरपुर।** जिले में आज जांच के दौरान आठ लोग संक्रमित पाये गये है संक्रमितों की संख्या बढ़कर एक हजार पांच पहुच गयी है। आज कोरोना से एक प्राइमरी शिक्षक की मौत हो गयी कोरोना से मरने वालों की संख्या 16 पहुच गयी है। सीएमओ डा. आरके सचान ने बताया कि आज 1354 सैम्पिल लिये गये है जिसमें जांच में आठ लोग पाजटिव पाये गये है अब तक 77,975 लोगों की जांच की जा चुकी है। आज कोविड अस्पताल कुरारा व सुमेरपुर से बीस मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 136 है। कोरोना से मौदहा ब्लाक के मदारपुर प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त शिक्षक प्रशांत मिश्रा(36) को 8 सितम्बर को कोरोना पाजटिव निकला था उन्हे बांदा कोरोना अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहा पर आज उनकी मृत्यु हो गयी है। आज कुरारा में एक गोहांड में दो, मौदाहा में दो, सुमेरपुर में एक राठ में दो लोग कोरोना पाजटिव पाये गये है इनको सभी को कोविड अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

## विवक न्यूज

### चार व दो पहिया वाहनों के साथ दो चोर गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** आज सुमेरपुर पुलिस ने चोरी के चार वाहनों के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक हाईवे में इंगोहटा व चंद पुरवा मेंट के बीच प्रेमनगर के पास चार वाहनों के साथ दो चोर गिरफ्तार किए गए हैं पकड़े गए चोरों में कस्बा सुमेरपुर निवासी अक्षय गुप्ता व कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम बमरौरी निवासी पुष्प राज सिंह शामिल है उन्होंने अन्य जनपदों से वाहन चोरी करके लाने की बात स्वीकार की है उन्होंने बताया कि बेचने के उद्देश्य से वे वाहन यहां लाए थे दो पहिया वाहन चोरों को पकड़ने वालों में शनि चतुर्वेदी, के के तिवारी, व रणजीत बहादुर आदि एस आई व पुलिस के सिपाही शामिल रहे वाहन चोरों के खिलाफविभिन्न धाराओं में कार्यवाही की गयी है।

### लड़की भगाने का आरोपी पकड़ा गया

**हमीरपुर।** कुरारा पुलिस ने एक साल पहले लड़की भगाने के आरोप में वांछित चल रहे एक आरोपी को आज गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। जानकारी के मुताबिक सुमेरपुर निवासी बीरेंद्र कहार तीन साल पहले कुरारा क्षेत्र के लहरा गांव से एक लड़की को बहलाफुसलाकर भगा ले गया था, परिवारजनों ने 17 सितम्बर को थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी तब से आरोपी फरार चल रहा था आज पुलिस ने करियापुर गांव के पास उसे गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है।

### लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** कुरारा कस्बा निवासी एक युवक ने लड़की के गायब होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। कस्बा निवासी नूर हसन ने बताया कि उसकी लड़की 18 सितम्बर से गायब हो गयी थी सभी स्थानों पर खोजने के बाद उसका कोई अता पता नही चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक से घर वापस लौट रहे वृद्ध के जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में परिजन उसे कानपुर ले गये। उपचार के दौरान कानपुर में उसने दम तोड़ दिया। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। विगत दिनों पूर्व क्षेत्र के ग्राम सभापुर निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र सिंह पुत्र महाराज सिंह रविवार को बाजार करके बाइक से घर वापस लौट रहा था। उसी समय नैनापुर स्थित रिश्तेदारी से लौट रहे ट्रैक्टर चालक ने जूनियर हाई स्कूल के सामने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों द्वारा उसे पड़ोसी जनपद कानपुर स्थित अस्पताल रिफर कर दिया। जहां इलाज दौरान सोमवार को वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

### दिव्यांग युवक ने नहर में लगाई छलांग, मिला शव

**कन्नौज।** जिले के ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम खैरनगर निवासी दिव्यांग युवक ने घरेलू क्लेश से तंग आकर नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। काफी तलाश करने के बाद युवक का शव नहर में मिला। थाना क्षेत्र के ग्राम थरियार निवासी अशोक कुमार पुत्र रामशंकर को बीती शाम को घर बालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे नाराज होकर वह घर से कहीं चला गया। रात तक घर बापस न आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की और गोताखोरों ने नदी में अशोक के शव को ढूंढ़ निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नल से पानी भरने के विवाद में युवक को किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** एक युवक को बीते दिन दबंगों ने सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बल्लूपुरवा निवासी विवेक पुत्र महाराम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार को सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद को लेकर गांव के श्रीनिवास व रामनिवास ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई।

### भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध करेंगे आंदोलन

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरूद्ध पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर होने वाले आंदोलन में सपा कार्यकर्ता भाग लेकर विरोध दर्ज कराए। यह बात रविवार को नगर के मोहल्ला अशोक नगर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष रामसेवक वाथम ने कही। 21 सितम्बर को तहसील स्तर पर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को लेकर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश व्यापी आंदोलन को सफल बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। अधिक से अधिक संख्या में तहसील स्तर पर होने वाले धरना प्रदर्शन में पहुचकर विरोध दर्ज कराए।

### दो दर्जन वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

**जालौन (उरई)।** पुलिस ने चौकिंग कर दो दर्जन वाहन चालकों से 3 हजार रुपये सम्मन शुल्क वसूला। चौकी में तैनात एसआई सचिन शुक्ला ने कांजी हाउस चौराहे पर बिना हैलमेट एवं मास्क लगाकर चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफअभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब एक सैंकड़ा वाहनों को चौक किया गया। जिसमें बिना हैलमेट लगाकर वाहन चलाने वालों एवं बिना मास्क लगाकर वाहन निकलने वालों के खिलाफकार्रवाई की गई। इस दौरान दो दर्जन वाहन चालकों से 3 हजार रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि हैलमट लगाकर एवं वैध कागजात लेकर ही वाहन को घर से बाहर निकालें। इसके अलावा कोविड-19 की गाइड लाईन के अनुसार मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

### रंगबाजी को लेकर दलित युवक से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी में रंगबाजी को लेकर दलित युवक के साथ ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। रविवार को अपरान्ह दलित युवक मोनू वाल्मीकि पुत्र विनोद कुमार गांव में टावर के पास बैठा था तभी अचानक गांव के नौसाद व समसद आ गये तथा रंगबाजी को लेकर गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों लोगों ने मिलकर डंडे से पिटाई कर दी जिससे युवक घायल हो गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने घायल का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### देशी शराब सहित गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** अवैध रूप से 18 क्वार्टर देशी शराब ले जाते हुए चौकी पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा। चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि चुर्खीरोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति झोले में कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जाकिर मंसूरी निवासी मोहल्ला चुर्खीबाल को पकड़ लिया। झोले की तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से 18 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# मिट्टी के अवैध खनन पर राजस्व विभाग और पुलिस का छापा

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम विदोखर मेदनी में एक किसान द्वारा जेसीबी मशीन से खेत खुदाई कर रहे एक मिट्टी व्यवसायी को राजस्व विभाग व पुलिस ने रंगे हांथों पकड़ लिया ष्टटीम के पहुंचने पर जेसीबी मशीन व ट्रैकर वहां से भाग निकले लेकिन मिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर मौके पर ही मिल गया ष्टबाद में पुलिस व राजस्व विभाग की ओर से क्या कार्यवाही की गयी कुछ भी पता नहीं चल पाया है। माहेश्वरीदीन वर्मा ने अपने एक खेत की मिट्टी गांव के सुनील यादव को बेंच दी थी ष्टसुनील यादव जेसीबी मशीन से खुदाई करके खेत की मिट्टी की सप्लाई गांव में कर रहा था और पैसा पैदा कर रहा था ष्टइसकी शिकायत किसी ने तहसील हमीरपुर में कर दी तो वहां से राजस्व विभाग की टीम मय पुलिस के खेत पर जा पहुंचा तो अफरा तफरी मच गई जेसीबी मशीन वहां से भगी तो मिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टर भी भाग खड़े हुए ष्टकिंतु एक ट्रैक्टर मय ट्राली के मिट्टी से भरा हुआ मौके पर पकड़ में आ गया ष्टराजस्व विभाग की टीम के पहुंचने के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी ष्टबाद में काफी देर तक मिट्टी के ठेकेदार राजस्व विभाग की टीम व पुलिस के बीच वार्तालाप होता रहा बाद में क्या कार्यवाही की गयी ठेकेदार को छोड़ दिया गया या मिट्टी के अवैध खनन के आरोप में कार्यवाही की गयी मशीन व ट्रैक्टरों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी कुछ भी पता नहीं चल पाया है ष्टहालाकि एस आई शनि चतुर्वेदी का कहना था कि उक्त मामले में कार्यवाही की जा रही है ष्टग्रामीणों का कहना था कि जो ट्रैक्टर मौके पर नहीं थे उनके खिलाफ किसी के नाम लिखाने पर कार्यवाही की जा रही थी किन्तु जो वाहन व मशीन मौके पर थे उनकी तलाश नहीं की जा रही थी।

## चित्रकूट में 23 और कोरोना पॉजिटिव मिले

**चित्रकूट।** सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को 23 और कोरोना संक्रमित मिले हैं। कोरोना संक्रमितों की तादाद 1127 पहुंच गई है। रविवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि 879 कोरोना संक्रमित इलाज दौरान ठीक होकर डिस्चार्ज हो गये हैं। 327 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि टूनॉट मशीन से चार, एंटीजन रैपिड किट से 1017 नमूनों की जांच हुई है। 451 नमूने प्रयोगशाला भेजे गये हैं। डीएम ने कोरोना रोकथाम एवं बचाव बाबत कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि कंट्रोल सेन्टर के माध्यम से भर्ती मरीजों एवं होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना मरीजों से वार्ताकर उनके स्वास्थ्य के बारे में फीडबैक लेकर कार्रवाई की जाये। जो भी समस्यायें मिलें तत्काल निस्तारण करें। सीएमओ से कहा कि हाउस टू हाउस सर्वे टीमों से करायें। शासनादेश के क्रम में संदिग्ध लक्षणयुक्त मरीजों के नमूने लें।

# सिसोलर पीएचसी में एक माह से तालाबंदी, दो दर्जन गांव प्रभावित

**मौदहा( हमीरपुर )।** मौदहा विकास खंड के लगभग दो दर्जन गांवों के लोगों को इलाज तथा प्रसूताओं को प्रसव की सुविधा मुहैया कराने वाले एक मात्र सिसोलर पीएचसी में विगत एक माह से ताला बंद होने से गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के लोगों ने अस्पताल की तालाबंदी हटाकर जल्द से जल्द स्टाफतैनात करने की मांग की है। मौदहा तहसील क्षेत्र के सिसोलर क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने गांव सिसोलर में प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र बनवाया है। पीएचसी अपनी दुर्दशा पर आसू बहाने के लिए मजबूर हैं। एक सिसोलर पीएचसी भी है इस पीएचसी मे यदा कदा छोड़कर हमेशा से डाक्टरों का टोटा रहा है। एक मात्र स्वीपर अथवा फार्मासिस्ट के भरोसे यह अस्पताल चलता रहा है। इस अस्पताल में एमबीबीएस डाक्टर की तैनाती नहीं है लेकिन यह तैनाती केवल उपस्थिति रजिस्टर तक ही सीमित रहती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पचासों लाख खर्च करके एमबीबीएस की डिग्री लेने वाले नये युग के डाक्टर ग्रामीण क्षेत्रों के बदबूदार मरीजों की सेवा नहीं करना चाहते हैं इसके अलावा जो पचासों लाख खर्च करेगा आखिर वह ग्रामीण परिवेश में कैसे रह सकेगा

जब मौदहा के स्वास्थ्य अधीक्षक डाक्टर अनिल सचान से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि सिसोलर पीएचसी के स्वीपर की शिकायत मिलने पर सीएमओ ने हटा दिया था साथ ही बाकी का स्टाफ कोरोना के चलते जिले के अन्य अस्पतालों में ड्यूटी कर रहा है। समाजसेवी विजयशंकर पाण्डेय एवं पूर्व प्रधान रणधीरसिंह यादव ने सीएमओ हमीरपुर को भेजे गए पत्र में मांग की है कि अस्पताल में तत्काल डाक्टर की नियुक्ति कर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाएं मुहैया कराई जायें।

## क्रूरतापूर्वक लदे सात पड़वों समेत दो लोग दबोचे गए

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर बरगढ़ थानाध्यक्ष रविप्रकाश की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार मिश्रा की टीम ने अशोक चौराहे से एक पिकअप में सात पडवो को क्रूरता पूर्वक लादे दबोचा है। रविवार को बरगढ़ थाने के दरोगा अरविन्द कुमार मिश्रा की टीम ने अशोक चौराहे पर योगेन्द्र पटेल पुत्र प्रेमकुमार व रामगोपाल पटेल पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी बडी मडैयन थाना बहिलपुरवा को पिकअप नम्बर यूपी 96टी- 3099 में सात पडवो को क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाते दबोचा है। दोनों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जेल भेजा है। इसी क्रम में मऊ थाने के दरोगा तपेश कुमार मिश्रा की टीम ने दिनेश कुमार पुत्र बल्लू पाल निवासी पतनिया थाना मऊ के कब्जे से साढ़े चार सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद कर दबोचा है।

# कोविड-19: डीएम का रोकथाम और बचाव पर फोकस

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में कोविड-19 की रोकथाम एवं बचाव से संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को निर्देश दिए की कंट्रोल सेंटर के माध्यम से कोविड में भर्ती रोगियों एवं होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड रोगियों से नियमित रूप से वार्ता करते हुए उनके स्वास्थ्य के संबंध में फीडबैक प्राप्त करते हुए अपेक्षित कार्यवाही की जाए जो भी समस्याएं प्राप्त हो तो तत्काल उनका निस्तारण संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कराया जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम शेषमणि पाण्डेय।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि हाउस टू हाउस सर्वे टीमों द्वारा शासनादेश के क्रम में सर्विलांस की कार्यवाही प्रभावी ढंग से की जाए प्रतिदिन समस्त संदिग्ध लक्षण युक्त व्यक्तियों की शत-प्रतिशत सैंपलिंग कराएं कोई भी लक्षण युक्त समस्त संज्ञानित धनात्मक प्रकरणों के कांट्रैक्ट्स की 24 घंटे के अंदर ट्रेसिंग करवाते हुए समस्त कांट्रैक्ट का सैंपल टेस्ट कराया जाए उन्होंने कहा कि जिन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की कोविड-19 की रोकथाम एवं बचाव हेतु ड्यूटी लगाई गई है वह अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पॉजिटिव मरीजों को 24 घंटे के अंदर उनके लक्षणों के अनुसार कोविड हॉस्पिटल,एल वन व एल टू तथा होम आइसोलेशन में भेजते हुए समुचित उपचार किया जाए और आरआरटी टीम द्वारा सभी होम आइसोलेशन में भर्ती रोगियों का निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार नियमित रूप से समुचित उपचार किया जाए तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में गठित निगरानी समितियों से सर्विलांस टीम संपर्क करके होम आइसोलेशन मरीजों को उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जाए तथा उनसे फीडबैक भी लिया जाए। कोविड धनात्मक रोगियों के समुचित उपचार हेतु समस्त संबंधित को निरंतर निर्देश निर्गत किए जाएं उन्होंने कहा कि कोविड-19 में तैनात चिकित्सकों को अपनी-अपनी ड्यूटी के समय भर्ती समस्त रोगियों को कम से कम तीन बार देखने उनके तापमान एवं ऑक्सीजन लेवल मापने का कार्य कराया जाए। कहा कि जनपद स्तर पर गठित समस्त सर्विलांस टीम द्वारा लक्षण युक्त रोगियों की पहचान होने पर तत्काल उनका सैंपल टेस्ट अवश्य कराया जाए एवं कोविड धनात्मक संज्ञानित हो जाने पर उनके स्वास्थ्य की दशा में के अनुरूप उन्हें चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए। कहां कि खोह स्थित एम सी एच विंग में एल वन एवं टू कोविड हॉस्पिटल हेतु निर्धारित मानदंडों के अनुरूप आईसीयू बेड एवं ऑक्सीजन सप्लाई बेडस सहित वर्तमान की स्थिति को देखते हुए उपलब्ध रहें आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित बिन्दुओं के संबंध में निरंतर सतत निगरानी रखते हुए आपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

# एडीओ रामनगर के आडियो में पैसा मांगने का हुआ खुलासा

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि एडीओ रामनगर का आडियो योगी सरकार के जीरो टालरेंस भ्रष्टाचार व शोषण मुक्त व्यवस्था की पोल खोल रहा है। जब तक निचले स्तर का भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा, तब तक जीरो टालरेंस का दावा हवा-हवाई व कपोलकल्पित रहेगा। रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि ये आडियो ग्रामीण विकास की कहानी बयां कर रहा है। गांव की नाली व खडंजा एक वर्ष में पूरा नहीं हो पाते। गांव की गलियों में बहता गन्दा पानी व खुली नालियां स्वच्छ भारत के नारे को मुंह चिढ़ा रही हैं। कायाकल्प के नाम पर विद्यालयों में कराये कार्य आज तक अधूरे हैं। टाइल्स टूट गईं, शौचालय व मूत्रालय अधूरे पड़े हैं। शासन की मंशानुसार विद्यालयों का कायाकल्प क्यों नहीं हो पाया। इसका एक ही जवाब है सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रधान को खुलेआम कहता है पहले अपना विकास देखो फिर गांव का।

ब्लाक के विकास को आई धनराशि केवल अपने विकास में चली गई। साल दर साल हर पंचवर्षीय में वही नाली, वही खडंजा, वही सड़क, वही शौचालय बार-बार बनाये जायेंगे। गांव वहीं रहेगा, जहां बीस साल पहले था। एडीओ पंचायत रामनगर प्रधान से ही पैसा नहीं मांगते। विद्यालय जाकर शिक्षकों से भी पैसा मांगते हैं। जिलाधिकारी इन्हें निरीक्षण को नामित न करें। इन्हें कायाकल्प के अतिरिक्त विद्यालय निरीक्षण का कोई अधिकार नहीं है। कई जगह शिक्षकों ने बताया कि एडीओ पंचायत उनके विद्यालय में आये और कोरोना पॉजिटिव आने वाले शिक्षकों के क्वारंटाइन अवधि के समय के लिए पैसों की मांग की।

# भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की धज्जियां उड़ा रहे हैं अधिकारी

● चित्रकूट में एमआरपी से ज्यादा पर खरीदी गई थर्मल मोबाइल प्रिंटर

●कमीशनबाजी के चक्कर में हुआ खेल, काम छिनने के डर से महिलाएं नही खोल रही जुबान

**चित्रकूट।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी योगी सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण आजीविका मिशन और ऊर्जा विभाग के माध्यम से शुरू की गई "सखी" योजना जिले में विभागीय भ्रष्टाचार की शिकार हो रही है।

बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले में शामिल चित्रकूट के चहुमुखी विकास को लेकर जहां केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार संकल्पित है। डीएम स्वयं दिन -रात मेहनत कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन पहुंचाने में जुटे है। वही कुछ गैर जिम्मेदार और भ्रष्ट अधिकारी शासन की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे है। चित्रकूट जिले के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में तैनात कुछ अधिकारी योगी सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। अधिकारियों द्वारा नियम कानूनों को ताक में रखकर कमीशन बाजी के चक्कर मे शासन की महत्वाकांक्षी सखी योजना के तहत विद्युत बिलो की वसूली के लिए चयनित किये गये समूह की महिलाओं पर दबाव बना कर एमआरपी 8250 से अधिक पर 9000 रुपये में थर्मल मोबाइल प्रिंटर की खरीद कराई गई है। ये मशीन ऐमजॉन पर ऑनलाइन महज 5370 रुपये में उपलब्ध है। तय दुकान से मशीन न खरीदने पर संबंधित महिलाओं को बिल वसूली के कार्य से हटाने तक की धमकी दी गई थी।

## ग्यारह पेटी शराब सहित एक युवक किया गया गिरफ्तार

**संवाददाता।** कदौरा (जालौन)

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देश पर कदौरा पुलिस ने ग्राम पथरेहटा के एक युवक के घर से 11 पेटी अवैध शराब को पकड़ने में सफलता पाई है पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायलय भेज दिया। शनिवार रात को मुखबरी ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह को सूचना दी कि ग्राम पथरेहटा निवासी पवन निषाद पुत्र खेमचंद्र गांव में अवैध रूप से देशी शराब का व्यापार करता है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल मौके पर पुलिस कर्मियों की टीम को छापा मारने के लिए भेजा जहां मौके पर पुलिस को 11 पेटी अवैध शराब बरामद करते हुए आरोपी को पकड़ लिया और मामला दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से मादक पदार्थ करने वालों के खिलाफ छापा मार अभियान चलता रहेगा।

# संयुक्त निदेशक ने परखी गौशालाओं की हकीकत



गौशाला का निरीक्षण करते संयुक्त निदेशक।

**माधौगढ़ ( जालौन )।** संयुक्त निदेशक ने माधौगढ़ तहसील के अन्तर्गत ऊमरी, रामपुरा, माधौगढ़, मजीठ, गोरा चिरैया समेत ग्रामीण क्षेत्रों की आधा दर्जन से अधिक गौशालाओं का निरीक्षण करते हुए गौशालाओं की व्यवस्थाओं व हकीकत को परखा उन्होंने उसमे मिली खामियों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की हीलाहवाली समझने पर उनकी डांट फटकार लगायी साथ ही उन्होंने भूसा, दवा और उनके रखरखाव, पानी पीने की व्यवस्था व अन्य को बारीकी से निरीक्षण किया व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो गौशालाओं में कमियां व खामियां दिखी उन्हें नोट कर बतायें ताकि उन्हें समय से दुरुस्त कराया जा सके। हालांकि सयुंक्त निदेशक डॉ. एमपी द्विवेदी निरीक्षण के दौरान अधिकतर गौशालाओं की व्यवस्थाओं को देखते हुए संतुष्ट नजर आये। गौवंशों की रक्षा करना हमारा हिन्दू धर्म भी है। गौशाला में यदि गौवंशों की हिफाजत यदि सही ढंग से हो तो गायों की दिन प्रतिदिन हो रही दुर्दशा में सुधार हो सकता है व किसानों को भी फसल वृष्टि जैसी समस्याओं से निजायत मिल सकती है सरकार की ओर से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अस्थायी गौशाला का निर्माण किया गया है ताकि किसानों को उनकी फसल में हुए नुकसान से बचाया जा सके।

# आर्यावर्त बैंक के कलस्टर हब का शुभारंभ

● ऋण आवेदनों पर होगा समय से समाधान

●8 बैंक शाखाओं को इस योजना से जोड़ा गया

**उरई ( जालौन )।** बैंकिंग सुविधा का समय से लाभ पहुंचाने की मंशा से आर्यावर्त बैंक ने अब कलस्टर हब स्कीम का शुभारंभ बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आरएन कुशवाहा से पटेल नगर उरई शाखा में किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक आरएन कुशवाहा ने कहा कि अभी तक बैंक का स्टाफऋण आवेदनों के मामलों में व्यस्त रहता था जिससे बैंकिंग कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुये कलस्टर हब स्कीम के पटेल नगर उरई शाखा में शुभारंभ किया गया है। जिससे लो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं वह अपना फार्म भरकर कलस्टर हब काउंटर पर जमा करेंगे जो सीधे क्षेत्रीय कार्यालय में आयेगा जहां उस पर तीन कार्य दिवस में विचार कर



कलस्टर हब का शुभारंभ करते क्षेत्रीय प्रबंधक।

स्वीकृत प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि उक्त योजना में आर्यावर्त बैंक की मेडिकल कालेज शाखा, राजेंद्र नगर उरई, अजनारी रोड उरई, कोंच रोड उरई, कोंच मंडी, कालपी कागजीपुरा शाखा के साथ जालौन में झंडा चौराहा शाखा को शामिल किया गया है। इसके तहत केसीसी के आवेदनों पर समय से विचार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कलस्टर हब योजना का इंचार्ज राजकुमारी दोहरे को बनाया गया। इस दौरान पटेल नगर उरई शाखा प्रभारी अरविंद तिवारी, सीमा तिवारी, मेघा तिवारी, नाबार्ड के डीपीएम प्रकाश, वीपी सिंह प्रभारी प्रशासन सहित अनेकों बैंक कर्मी उपस्थित रहे।

# सब्जियों के दाम आसमान पर

**● 40-45 रुपये बिक रहा आलू और प्याज धनिया की पत्ती 100 तो लहसुन पहुंचा 200 के पार**



संवाददाता। सुलतानपुर

**हरी** सब्जियों के बाद टमाटर, आलू और प्याज के बढ़ते दामों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बाजार में टमाटर 80 से 90 रुपये किलो तक पहुंच गया है तो वहीं, प्याज जो पिछले महीने तक 25 से 30 रुपये तक था, अब 40 से 45 रुपये किलो तक का मिल रहा है। सब्जियों का राजा आलू भी 40-45 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

कोरोना संक्रमण के बीच सब्जियों के दाम नियंत्रण से बाहर हो गया हैं। पिछले एक महीने में सब्जियों के दाम में दोगुना से ज्यादा बढ़ोत्तरी होगी। ये हाल सिर्फ हरी सब्जियों का नहीं है। आलू-प्याज की कीमतों में भी भारी इजाफा हुआ है। आलू 40 रुपये बिक रहा है तो दूसरी सब्जियां परवल, बैगन भी 40 रुपये प्रति किलो से ऊपर ही मिल रही है। वहीं धनिया पत्ती 100 रुपये किलो बिक रही है। लहसुन भी 200 रुपये तक पहुंच गया है। नेनुआ 30 से 35 रुपये के भाव में बाजार में बिक रहा है। करैला, फूलगोभी भी 40 रुपये किलो है। शासन के निर्देश के बाद भी सब्जी विक्रेता आलू डंप कर मनमानी दर पर इसे दुकानों पर बेचते नजर आ रहे हैं। थोक विक्रेता से लेकर फुटकर विक्रेता तक आलू हो या अन्य सब्जी सभी मनमानी ढंग से ग्राहकों से दाम वसूल कर रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अगर गोदामों पर आलू डंप किया जा रहा है तो छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**● परिवार के साथ एसपी दफ्तर पहुंच युवक ने किया था आत्मदाह का प्रयास**

संवाददाता। सुलतानपुर

**कादीपुर** कोतवाली में सुनवाई न होने से क्षुब्ध एक फरियादी कुनबे सहित एसपी कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास किया। घंटों चले ड्रामे में एसपी शिवहरि मीणा ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया तब मामला शांत हो सका।

कोतवाली क्षेत्र के चंदौली निवासी अनिल चोपड़ा ने आरोप लगाया कि वह अपनी पत्नी वर्षा के साथ दवा लेने जा रहा था। इसी दौरान ब्लॉक परिसर के पास सपा के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी के पुत्र अंगद चौधरी, अजय सिंह, अभिषेक पांडेय व अन्य पांच अज्ञात लोगों ने उसे रोककर मारापीटा तथा जेब में रखे पांच हजार रुपया निकाल लिए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया। इससे क्षुब्ध होकर अनिल अपने कुनबे सहित एसपी कार्यालय पहुंचा और गेट पर पत्नी के साथ पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगा। मौके पर पुलिस कर्मियों ने उसे बचाया और एसपी के समक्ष पेश किया। वहीं पूर्व विधायक के पुत्र ने बताया कि अनिल ने हम सबके खिलाफ झूठी व मनगढंत तहरीर दी है, जबकि कुछ लड़कों से हुए विवाद में वे सभी उसको समझा बुझा रहे थे। एसपी ने बताया कि कादीपुर कोतवाल को दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है, जांच के बाद आगे कार्रवाई होगी। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# ध्वस्त राजमार्ग के बावजूद टोल लिये जाने का कांग्रेस करेगी विरोध

**लालगंज** रायबरेली। राजमार्ग के ध्वस्त होने के बावजूद टोल लिये जाने को लेकर एक बार फिर लोगो में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मामले को लेकर यूथ कांग्रेस ने मामले में जल्द आंदोलन किये जाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग दो वर्षो से रायबरेली-बांदा-टांडा मार्ग ध्वस्त पडा है। मार्ग में रेलवे क्रांसिग पर बने ओवरब्रिज का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था इसके साथ ही इस मार्ग में टोल की वसूली भी प्रारम्भ कर दी गई। जिसके एक महीने बाद ही तकनीकी खराबी के चलते इस पुल को बंद कर दिया गया लेकिन टोल वसूली बदस्तूर जारी है। जिसको लेकर क्षेत्रीय किसानो से लेकर ग्रामीणो व विपक्षी पार्टियो ने आवाज बुलंद करते हुए टोल वसूली बंद किये जाने के लिये आंदोलन चलाये थे लेकिन सरकार की गलत नीतियों के चलते मुद्दे को ठडे बस्ते में डाल दिया गया। अवैध टोल वसूली को लेकर एक बार फिर सियासत गर्म होने जा रही है। युवा कांग्रेस ने मामले में एक बार फिर आंदोलन की चेतावनी देते हुए प्रशासन से इस अवैध वसूली को तत्काल बंद किये जाने की मांग की है। युवा कांगेसियों का कहना है कि जिस मार्ग के लिये यह टोल लिया जा रहा है वही धवस्त पडा है ऐसे में यह किसी भी प्रकार से विधि सम्मत नही है।

**अपना दल एस विधि मंच के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप वर्मा का जनपद आगमन पर स्वागत**

बछरावां रायबरेली। अपना दल (विधि मंच) के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप वर्मा एडवोकेट के बनाये जाने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर बछरावां चौराहे पर अपना दल कार्यकर्ताओ और युवाओ ने फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया। विदित हो कि बछरांवा कस्बे के जलालपुर गांव के रहने वाले अधिवक्ता कुलदीप वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन लखनऊ को अपना दल विधि मंच का राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ उठी थी। आज बछरावां प्रथम आगमन पर लखनऊ से दरीबा जिला कार्यालय जाते समय टोल प्लाजा, चुरूवा चौराहा, बछरावां चौराहा पर युवाओ और भाजपा व अपना दल कार्यकर्ताओ ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत चौराहे पर किया। स्वागत से अभिभूत श्री कुलदीप वर्मा ने कहा डॉक्टर सोनेलाल पटेल साहब गरीबों की हक की बात करते थे। उनके सपने को पूरा करने के लिए शोषित, दलित, पिछड़े और गरीब, मजदूरों , मजलूम की लड़ाई लडने के लिए अपना दल का एक-एक कार्यकर्ता शोषितों की लड़ाई के लिए आगे आएगा। कार्यकर्ता एकजुट होकर किसानों के हितों की लड़ाई लड़ेगा उन्होंने कहा सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए समाज व युवाओ को आगे आना होगा।

# साइबर अपराध कार्यशाला सम्पन्न



संवाददाता। गोंडा

**पुलिस** उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र डॉ. राकेश सिंह के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय साइबर अपराध कार्यशाला का समापन शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा में हुआ। साइबर अपराध कार्यशाला में सम्मिलित सभी विवेचकों/साइबर सेल के पुलिसकर्मियों को साइबर संबंधित अपराधों की विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में डीआईजी डॉ. सिंह ने साइबर एक्सपर्ट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यशाला के समापन के अवसर पर जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी साइबर अपराध सम्बन्धित प्राप्त जानकारियों का विवेचनाओं में प्रयोग कर साइबर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त लोग अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ साइबर संबंधित जानकारी साझा जरूर करें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आग लगने से दो घर जले

**करनैलगंज-गोंडा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अहिरौरा के मजरा झलियन पुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घर जल गए। जिसमें करीब दो लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। ग्रामीणों ने आग लगने के बाद एकजुटता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। जिससे पूरा गांव जलने से बच गया। शनिवार की देर रात्रि करीब 2 बजे ग्राम अहिरौरा के मजरा झलियन पुरवा निवासी अजय कुमार व संगम लाल के घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते पूरा घर जलकर राख में तब्दील हो गया और घर में रखा कपड़ा, अनाज, बर्तन, खाने पीने की वस्तुएं एवं अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद भभुआ चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे। आग को ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास किया और आग को काबू में किया। जिससे गांव के अन्य घर बच गए। इस संबंध में अजय कुमार द्वारा सूचना भी दी गई है। आग से करीब दो लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

सूचना मिलने के बाद वह जांच करने

# भूमि विवाद में चलीं लाठियां, 7 गंभीर

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गंज मजरे गंगौली में भूमि विवाद में हुए मारपीट में लाठियां चलने से गंज निवासी संदीप 18वर्ष पुत्र रामसिंह,श्यामलाल 30वर्ष, ब्रजेश 27वर्ष,जगन्नाथा 52वर्ष,राम सिंह 55वर्ष व धीरज 60वर्ष पुत्र भोला प्रसाद घायल हो गए जिनको परिजनों के द्वारा सीएचसी ऊंचाहार में भर्ती किया गया जिसमे राम सिंह की तहरीर पर गांव गंज निवासी रामलखन,अजय,यशवंत,धर्मेश पुत्र रामलखन व गांव पूरे छिटन निवासी अनिल व कुछ अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं गांव बटौआपुर मे हुए मारपीट मे छुटई प्रसाद 60वर्ष को भी पड़ोसियो ने मामूली विवाद मे मारपीट करके घायल कर दिया है।जिनको भी सीएचसी में भर्ती किया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# जान जोखिम में डाल बैंकों में जमा हो रही लोगों की भीड़

संवाददाता। सुलतानपुर



**बैंकों** में आधार बनवाने आने वाले आवेदकों और बैंक कर्मियों दोनों के जीवन को खतरा है। जहां प्रशासनिक कार्यालयों में कोविड-19 हेल्प डेस्क बने हैं। आला अफसरों सहित विभागीय प्रमुखों से मिलने के पहले जरूरतमंदों को अपनी जांच करानी पड़ती है, वहीं बैंकों में आधी रात से आधार बनवाने के लिए भीड़ जमा जमा हो जाती है। बावजूद इसके जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। हालत यह है कि रोजाना सैकड़ों लोग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मुख्यालय स्थित बैंक आ रहे हैं। भीड़ में कोई संक्रमित व्यक्ति शामिल तो वह सबके लिए खतरा साबित हो सकता है। यह आशंका बैंक कार्मिकों और अन्य कार्यों से आने वाले उपभोक्ताओं को सताती रहती है। पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक विनय रंजन कहते हैं कि कभी-कभी तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि सीढियों से लेकर बाहर तक इतने लोग जमा होते हैं कि बैंक के अंदर प्रवेश करना मुश्किल हो जाता है। संक्रमित होने का भय सताता रहता है। वह स्वीकार करते हैं कि जब इतनी भीड़ जमा होती है तो बैंकों में भी जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे संक्रमित व्यक्ति की पहचान हो सके और लोगों की जिदगी को सुरक्षित किया जा सके। यूं तो कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम से कोई भी व्यक्ति तभी मिल सकता है जब उसकी जांच हो चुकी हो। वहां तो बकायदा स्वास्थ्य टीम लगी है, जो नियमित रूप से फरियाद लेकर आने वाले लोगों का टेस्ट करती है। किसी व्यक्ति में कोरोना वायरस का लक्षण मिलने पर उसे तत्काल इलाज के लिए भेजा जाता है। स्वस्थ लोग ही डीएम तक पहुंच पाते हैं। विकास भवन में भी हेल्प डेस्क के जरिए सैनिटाइजर के प्रबंध है।

# किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**ऊंचाहार,रायबरेली।** अपने घर के निकट मवेशियों को चारा देने गई 17वर्षीय नाबालिग किशोरी को गांव के दो युवकों ने अकेला पाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। जिसको लेकर पीड़ित किशोरी की मां ने गांव के दो युवकों पर नामजद आरोपितों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दिया है। बतातें चले कि कोतवाली के गंगा कटरी गांव बटौआपुर निवासिनी 17वर्षीय किशोरी अपने घर के निकट बने कमरे मे बंधे मवेशियो को चारा डालने के लिए गई जहां पर पहले से ही घात लगाए गांव के दो युवको ने हांथ पकड़कर उसको दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसके चिल्लाने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।जिसमे किशोरी की मां ने गांव बटौआपुर निवासी दो युवको के नामजद तहरीर दिया है। तहरीर में दुष्कर्म के प्रयास के साथ साथ पूर्व मे भी अश्लील हरकते करने के आरोप है।

# विधायक ने श्री बनवारी दास बाबा की कुटिया में माथा टेक कर मांगी दुआ



संवाददाता। शिवगढ़ रायबरेली

**शिवगढ़** क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत पिपरी स्थित श्री बनवारी दास बाबा की पावन तपोस्थली में बाबा के दर्शन करने पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत ने कुटी में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली के लिए अमन चौन की दुआ मांगी। कुटी का जीर्णोद्धार देखकर खुश हुए विधायक ने श्री बाबा बनवारी दास सेवा समिति की जमकर सराहना की एवं समिति के सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। विदित हो कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरी में स्थित श्री बनवारी दास बाबा की पावन तपोस्थली श्रद्धालुओं की आस्था का जीता जागता प्रमाण है। सैकड़ों वर्षो से कुटी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा बनी हुई है, लोगों का मानना है कि बाबा के सच्चे मन से स्मरण मात्र से आधे संकट दूर हो जाते हैं। वर्तमान समय में श्री बनवारी दास बाबा सेवा समिति द्वारा कुटी का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जीर्णोद्धार के बाद कुटी की भव्यता और दिव्यता काफी बढ़ गई है। रविवार को बाबा की कुटी में दर्शन करने पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत कुटी का मनमोहक वातावरण देखकर आश्चर्यचकित रह गए। श्री रावत ने बनवारी दास बाबा सेवा समिति की सराहना करते हुए समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर तिवारी सहित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। यही नही खुशी से अभिभूत विधायक रामनरेश रावत ने कुटी की बाउंड्री के लिए अपने वेतन से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री रावत ने कहा कि बनवारी दास बाबा को आने वाले भूली गाढ़ा रामपुर -पूरे पाण्डेय सम्पर्क मार्ग का निर्माण जल्द ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने विधायक को माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान एवं श्री बनवारी दास बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर तिवारी,ढेकवा प्रधान राज बहादुर सिंह,शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, एसआई रामकृपाल सिंह, राकेश बाबू तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला, राम प्रकाश अवस्थी, रामदेव अवस्थी, उमाकांत अवस्थी, राजकुमार शुक्ला, पंकज मिश्रा, ललित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने की निर्माण कार्य बंद कराये जाने की मांग

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के शोभवापुर गांव में ग्रामसभा की जमीन पर सार्वजनिक शौचालय बनवाये जाने को लेकर पूर्व प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणो ने कोतवाली पहुंचकर निर्माणकार्य को तत्काल बंद कराये जाने की मांग की है। गांव के पूर्व प्रधान कृष्ण मोहन सिंह उर्फ माना भदौरिया ने बताया कि साशन के निर्देष पर गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। उनके अनुसार जिस जमीन पर यह शौचालय बन रहा है वह राजस्व अभिलेखो में सुरक्षित भूमि के रूप में दर्ज है। जिसकी षिकायत करने पर उपजिलाधिकारी लालगंज जीतलाल सैनी ने मामले में जांच होने तक कार्य को बंद किये जाने के आदेष दिये थे। इसी बीच दुबारा कार्य होने पर ग्रामीणो ने फिर से एक बार मामले में एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पूर्व प्रधान का कहना है कि मामले में हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से यह अवैध निर्माण किया जा रहा है।

## पुलिस ने पकड़ी 20 लीटर कच्ची शराब

**खीरों, रायबरेली।** पुलिस ने कस्बा खीरों निवासिनी एक युवक के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कस्बा खीरों निवासी बल्ली पुत्र मोतीलाल पासवान के कब्जे से मुस्तकीमगंज के पास से एक प्लास्टिक की पिपिया में उस समय 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। जब वह उसे बिक्री के लिए ले जा रहा था।

# भ्रष्टाचार की शिकायत

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**एमसीएफ** लालगंज में भ्रष्टाचार के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो के लखनऊ कार्यालय को प्रतिवर्ष लगभग 800 करोड के भ्रष्टाचार की षिकायत मिली है। विवरण के अनुसार एमसीएफमें वर्ष 2018-19 में 1400 कोचो का निर्माण किया था तथा यह आंकडा 2019-2020 में यह आकडा 2000 पार कर गया। षिकायत में प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंध(ओ) के पद से सेवानिवृत्त के साथ सेवारत अधिकारियों को नामजद किया है जो निविदाओं व कंपनियों के विवरण को अंतिम रूप देने के लिये जिम्मेदार है। कोच फैक्ट्री के सीपीआरओं वीके दुबे ने संडे गार्जियन के ईमेल का जवाब देते हुए कहा कि संगठन को एमसीएफ में हो रहे भ्रष्टाचार के किसी भी उदाहरण के बारे में पता नही था। षिकायत जिसे एके खरे जो सीबीआई कार्यालय के प्रमुख है ने जाच में गोलमाल है जिसे कथित रूप में उन विक्रेताओं से लिया जाता है जो कोच के निर्माण के लिये बोली प्रक्रिया में भाग लेते है षिकातय के अनुसार निविदा को अंतिम रूप देने के चरण में निविदा की कुल लागत का दो से तीन प्रतिषत वसूला जाता है तथा रिलीज आर्डर जारी करने के समय एक प्रतिषत का शुल्क लिया जाता है। षिकायत के अनुसार खरीद आदेष केवल आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पैसे का भुगतान किये जाने के बाद जारी किया जाता है जिसमें इन अधिकारियों को प्रसिद्ध कंपनियां शामिल है। षिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि इन कोचो में स्थापित कई सुविधाओ को राइट्स लिमिटेड से निरीक्षण के बिना ही संबधित कार्यो द्वारा अनुमोदित किया जा रहा था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भ्रष्टाचार की जांच कराने के साथ दोषी अधिकारियों क चेहरे पर पडा नकाब उतारने की मांग की है।

# मण्डल स्तरीय वेबिनार आयोजित

**करनैलगंज-गोंडा।** शिक्षा में आईसीटी का अनुप्रयोग और आईसीटी द्वारा शैक्षिक सामग्री का प्रयोग आधारित मण्डल स्तरीय वेबिनार का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें रूबी सिंह पूर्व सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश सम्मिलित हुई। उन्होंने अपने संबोधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि आईसीटी का उचित दिशा में प्रयोग होना चाहिए। बच्चों को विजुअल शिक्षण के बाद बच्चो से संवाद करें। शिक्षा में शिक्षक ही मत्वपूर्ण होता है न कि कोई कंप्यूटर, मोबाईल, लैपटॉप या उपकरण। पारम्परिक 'शिक्षक-केन्द्रित' शिक्षण पद्धति से ''शिक्षार्थी-केन्द्रित' पद्धतियों की ओर जाने में समर्थता प्रदान करने व सहयोग करने के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों के रूप में आईसीटी को देखा जाता है।

# हम राजनीति नाम के लिए नहीं सम्मान के लिए करते हैं: मनीष

संवाददाता। रायबरेली



**कांग्रेस** पार्टी के नेता मनीष सिंह ने तीखा हमला एमएलसी दिनेश सिंह के क्रियाकलापों पर बोला है। उन्होंने साफ तौर पर कह दिया एमएलसी दिनेश सिंह खिसकती जमीन व जनाधार को बचाने के लिए मेरे बाबा व पिताजी के नाम से द्वार बनवा कर जनता को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं जो साफ तौर पर इच्छापूर्ति की राजनीती है। मनीष सिंह ने कहा हमारे परिवार ने त्याग और तपस्या रायबरेली की जनता के लिए किया है उन्हें किसी पहचान की जरूरत नहीं क्योंकि उनका नाम और काम जनता के दिलों पर है। दरसल पूरा विवाद यह है कि एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने पूर्व सांसद स्वर्गीय अशोक सिंह के नाम पर स्मृति द्वार बनवाया है और कोविड-19 संकट के समय अच्छा खासा पैसा उस पर खर्चा किया गया है। पूर्व सांसद स्वर्गीय अशोक सिंह के पुत्र व कांग्रेसी नेता मनीष सिंह ने चौहान मार्केट में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित पत्रकारों से कहा हमारे परिवार का इतिहास रहा है कि कभी किसी के नाम का सहारा लेकर झूठी और इच्छापूर्ति वाली राजनीति नहीं की है। राजनीति के लिए जनता को गुमराह करने का काम हमारे परिवार में बाबा स्वर्गीय धुन्नी सिंह पिता स्वर्गीय अशोक सिंह या चाचा स्वर्गीय अखिलेश सिंह ने भी कभी नहीं किया। अपने कर्म से नाम बनाया और नाम को अंत समय तक ओछी राजनीति के लिए कभी गिरने नहीं दिया। उन्होंने कहा लेकिन आज दिनेश सिंह ने अपनी खिसकती जमीन व जनाधार को बचाने के लिए जिस तरह उनके बाबा व पिताजी के नाम से स्मृति द्वार बनवाकर जनता को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास किया है वह कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। अगर दिनेश सिंह को निश्चल भाव से जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम से द्वार लगवाना था तो सर्वप्रथम जिला परिषद रायबरेली के लगातार 21 वर्ष तक अध्यक्ष रहे स्वर्गीय पंडित रमाशंकर त्रिपाठी के नाम पर लगवाना चाहिए था। साथ ही आज इनको उस मकान तक पहुंचाने वाले उनके राजनीतिक गुरु व जिला परिषद रायबरेली के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय रूद्र प्रताप सिंह के नाम से एक भव्य द्वार का निर्माण कराना चाहिए था परंतु ओछी राजनीति और अपना खोता जनाधार बचाने के लिए उन्होंने जो सरकारी धन द्वार बनवाने के लिए खर्च किया है उसका उपयोग जनपद के किसी अन्य विकास कार्य के लिए करते तो पूरे जनपद को लाभ होता।

# नवागत एसपी ने किया थाने का निरीक्षण



संवाददाता। गोंडा

**नवागत** पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने थाना नवाबगंज व छपिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, मालखाना, मेस व पुलिस बैरक आदि का लिया। एसपी श्री पांडेय ने दोनो थाने के थानाध्यक्षों को थाना परिसर में साफ-सफाई, लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण, फरियादियों के प्रार्थना पत्रों का अतिशीघ्र निस्तारण एवं महिला संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने गैर इरादतन हत्या, बलवा आदि के प्रकरणों, सम्पत्ति व भूमि विवाद के प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को मॉस्क व सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने एवं कोरोना वायरस से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। यह भी कहा कि थाने पर आने वाले आगन्तुकों से शालीनता से वार्तालाप करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। जिससे मित्र पुलिस की भूमिका का संदेश समाज में जा सके।

## पंचायत भवन का शिलान्यास

**गोंडा।** विकास खंड करनैलगंज के ग्रामसभा जहांगिरवा के मजरा नयापुरवा में खंड विकास अधिकारी करनैलगंज के कर कमलों से सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन का शिलान्यास किया गया।इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रधान प्रतिनिधि जेपी उर्फ खन्नू मिश्रा, सचिव सौम्या चौधरी, माधवराज शुक्ला, गुरुप्रसाद त्रिवेदी, रोजामली, सत्यनारायण, पप्पू सिंह, राम सिंह, प्रताप सिंह व रामसुफल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पुष्पेंद्र प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नियुक्त

**करनैलगंज-गोंडा।** भारत को विश्व गुरू बनाने का संकल्प लेने वाली टीम मोदी सपोर्टर धर्म संस्कृति संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल सिंह शाक्य ने करनैलगंज के ग्राम छतईपुरवा निवासी पुष्पेंद्र कुमार तिवारी उर्फदद्दन को टीम मोदी संघ में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नियुक्त किया है। इस मौके पर टीम मोदी संघ का सदस्य बनाये जाने पर क्षेत्र के नवल किशोर पारिक, श्रीराम मिश्र, दिलीप सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# तीन घंटे तक चला गोमती मित्रों का श्रमदान अभियान



संवाददाता। सुलतानपुर

**गोमती** मित्र मंडल का हर रविवार होने वाला साप्ताहिक श्रमदान इस रविवार को भी अनवरत जारी रहा। सीता कुंड धाम एवं कटावा स्थित बाबा तपेश्वरी घाट पर सुबह छह बजे से नौ बजे तक साफ-सफाई अभियान चला। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने बताया कि एक समय पर एक साथ दोनों जगह सभी गोमती मित्रों पूरी मेहनत के साथ तट परिसर एवं धाम परिसर कि साफ सफाई में लगे रहे। सायं कालीन होने वाली आदि गंगा मां गोमती की आरती में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसकी भी तैयारियां की गईं। पितृ विसर्जन के पर्व के पश्चात होने वाले श्रमदान के कारण पूरे तट परिसर में सर्वत्र पूजन सामग्री फैली हुई थी जिसे साफ करना दुरूह कार्य था लेकिन गोमती मित्रों के संकल्प के आगे कोई दिक्कत नहीं हुई। कटावा घाट के श्रमदान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे महेश प्रसाद सिंह, बृजेंद्र कुमार सिंह, कृष्ण राम सिंह, ज्वाला प्रसाद निषाद, जटाशंकर, राम रतन, छोटेलाल, बृजेश, हरिश्चंद्र अनिल प्रताप आदि, सीता कुंड धाम पर श्रमदान प्रदेश अध्यक्ष और रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में संत कुमार,मुन्ना पाठक,राम क्विंचल मौर्या,अजय प्रताप सिंह, दिनकर सिंह,मुन्ना सोनी, राजेंद्र सोनी, प्रदीप, अनुराग, विपिन सोनी, जयनाथ, राजा, सौरभ अनुज, वासु आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# चाइनीज ई-पास मशीन बनी मुसीबत

**294 ग्रामों के ई-पाश मशीन खराब होने से पीडीएस प्रभावित**

**185 ग्रामों का चार्जर 60 की मशीन डैमेज 25 की बैटरी और 24 का स्कैनर खराब**

**चाइनीज मशीन होने के कारण आ रही है समस्याः डीएसओ**

संवाददाता। बस्ती

**चाइनीज** सामानों का प्रभाव सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था पर पड़ रहा है। ई-पाश मशीन के जरिए राषन का वितरण कराने की व्यवस्था है। इन मशीनों की हालत यह है कि 185 ग्रामों में मषीन को चार्ज करने वाला चार्जर खराब हो गया। 60 ई-पाश मशीन तो पूरी तरह डैमेज हो चुके है। 25 दुकानों की बैटरी और 24 स्कैनर काम करना बंद कर दिया। चूंकि दोनों देशों के बीच तनातनी के कारण चाइना से सामान नहीं आ पा रहे है।

पूरे प्रदेश में ई-पाश मषीन की आपूर्ति ओएसिस कंपनी की ओर से किया जा रहा है। आलम यह है कि वितरण कराने के लिए एक गांव से दूसरे गांव मषीन लेकर जाना पड़ रहा है।

चार्जर के अभाव के अभाव में बिजली चले जाने या टासंफार्मर जल जाने हो से उपभोक्ताओं को घंटों और दिनों तक इंतजार करना पड़ता है, तब तक पता चलता है कि वितरण का समय समाप्त हो गया। ई-पाश मशीन के जरिए पीडीएस को पारदर्शी बनाने का सरकार का फार्मूला कारगर साबित नहीं हो पा रहा है।

जब से ई-पाश मषीन आया, तभी से समस्या आनी षुरु हो गई। कभी बैटरी खराब तो कभी चार्जर और स्कैनर खराब। चूंकि हर माह वितरण का समय निर्धारित है, इस लिए और भी समस्या खड़ी हो जा रही है। कहीं-कहीं तो मषीन खराब होने का लाभ कई कोटेदार अपने तरीके से उठाने की शिकायतें मिली।

डीएसओ ने बताया कि माह के प्रत्येक पांच से 14 और 21 से 30 तारीख के बीच वितरण होता है। एक तो पहले से ही वितरण का समय कम है। उपर से मषीनों के खराब होने से और भी समस्या बढ़ जा रही है। कहते हैं कि मषीन क्षतिग्रस्त वाले गांवों में वितरण कराने के लिए समीप गांव के कोटेदार से मशीन लेकर वितरण कराया जाता है।

**अब एटीएम की तरह काम करेगा ई-पाश मशीन**

**बस्ती**। सरकार ने कोटेदारों के आर्थिक स्थित मजबूत करने के लिए अब उन्हें अतिरिक्त आमदनी कराने जा रही है। व्यवस्था के तहत जिस ई-पाश मशीन से कोटेदार राशन का वितरण कर रहे हैं, उसी मशीन से अब वह बिजली बिल, डिश, मोबाइल रिचार्ज और जिस तरह एटीएम का लेन देने होता है, उसी तरह मनी के ट्रांजेक्शन का काम करेगें। डीएसओ रमन मिश्र ने बताया कि प्रयोग के रुप में पड़ोसी जनपद संतकबीरनगर में कोटेदारों ने काम करना शुरु कर दिया है। कोटेदारों को बस इसके लिए थोड़ी पूंजी लगानी पड़ेगी। बताया कि उनके पास सब मषीन से लेकर अन्य सुविधा है, बस उन्हें दुकान या घर के बाहर बोर्ड या बैनर लगा पड़ेगा।

## डीएम ने पूर्व आदेश को किया निरस्त

**बस्ती**। डीएम ने नौ सितंबर 20 को जारी अपने उस आदेश को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया, जिसमें नगर पंचायतों के कार्यो को सम्पादित करने के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के चार अवर अभियंताओं को हर्रैया, रुधौली बाजार, बभनान बाजार और बनकटी नगर पंचायतों का प्रभार दिया गया था। नगर पालिका के जेई अशोक कुमार सिंह के कार्यो की अधिकता और प्रभावित हो रहे कार्यो को देखते हुए डीएम आषुतोष निरंजन ने नौ सितंबर को एक आदेश जारी किया, जिसमें ब्लॉक बनकटी में कार्यरत् आरईडी के जेई अंसार हुसैन को नगर पंचायत बनकटी, दुबौलिया की जानकी सिंह को हर्रैया नगर पंचायत, सल्टौआ में कार्यरत् जेई लालजी को नगर पंचायत रुधौली बाजार/भानपुर और कप्तानगंज में कार्यरत स्नेहलता श्रीवास्तव को नगर पंचायत बभनान बाजार को जेई का प्रभार दिया गया। इस आदेश को लेकर काफी सराहना हुई थी। कुछ लोग इसे जेई के एकाधिकार को समाप्त करने वाला निर्णय भी मान रहे है। वहीं कुछ लोग यह भी कह रहे है कि नियम विरुद्ध किए गए आदेश की जब जानकारी हुई तो आदेश को निरस्त करना पड़ा।

# मोदी सरकार पर देश की जनता करती है पूरा भरोसाः अजीत चौबे

**कोविड-19 से सम्बन्धित प्रर्दशनी का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया अनावरण**

संवाददाता। सोनभद्र



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन पर भाजपा द्वारा मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को आई0टी विभाग भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृतित्व, व्यक्तित्व एवं कोविड-19 से संबंधित प्रदर्शनी का अनावरण भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज में किया गया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर देश की जनता विश्वास करती है, उसे अपना अधिक हितैषी समझती है प्रधानमंत्री मोदी कि लोकप्रियता मे लगातार बढोत्तरी हो रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार पर अब तक कभी भी भ्रष्टाचार का आरोप नही लगा है, इसके उलट पूर्ववर्ती सरकार अपने पूरे कार्यकाल में एक के बाद एक घोटालो से जूझती रहती थी। मोदी सरकार ने इन बातों पर शुरु से ध्यान दिया कि जनता और प्रशासन के बीच किसी भी प्रकार की संवाद हिनता कि स्थिति नही बनने दिया। प्रधानमंत्री समय समय पर अनेक सामाजिक विषयों को उठाया है जिससे जनता उन्हे हमेशा अपने साथ अनुभव करती है, जब नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के लिए देश का आह्वान किया तो बच्चे से लेकर बडे तक सामान्य नागरिक से लेकर विशिष्ट व्यक्तित्व तक सभी प्रधानमंत्री के साथ खडे दिखे। शौचालय जैसी मानवीय गरीमा से जुडे विषयों को मोदी सरकार को अपार सफलता मिली।

# ध्वस्त होंगे बस्ती के जर्जर 265 परिषदीय विद्यालय भवन

संवाददाता। बस्ती

**जिले** के 265 परिषदीय जर्जर विद्यालय भवन ध्वस्त होंगे। भवनों के ध्वस्तीकरण के लिए उसकी नीलामी कराई जाएगी। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली की 35 प्रतिशत धनराशि तुरंत नगद जमा करना होगा। दूसरे ऊंची बोलीकर्ता के साथ प्रक्रिया प्रस्तावित की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया ब्लाक सदर, दुबौलिया, कुदरहा, विक्रमजोत, रामनगर, बहादुरपुर, बनकटी, गौर, हर्रैया, कप्तानगंज, परसरामपुर, रूधौली, सल्टौआ, साऊंघाट बीआरसी और शहर क्षेत्र के कटेश्वर पार्क स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पर नीलामी प्रक्रिया की कार्यवाही की जाएगी। ध्वस्त होने वाले जर्जर परिषदीय विद्यालयों में विकास खण्ड रूधौली के 20, बहादुरपुर के 34, सदर के 9, बनकटी के 33,कप्तानगंज के 18, कुदरहा के 12, विक्रमजोत के 10, हर्रैया के 21, परसरामपुर के 26, रामनगर के 15,साऊंघाट के 32, सल्टौआ के 28, दुबौलिया के 5, नगर क्षेत्र के 9 प्राथमिक,उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं।

बीएसए अरूण कुमार ने बताया कि अपर मुख्य सचिव के जारी शासनादेश में नीलामी के लिए डीएम की ओर से अनुमोदन मिलने के बाद निर्देश जारी किए गए हैं। नीलामी से पूर्व बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को 10 प्रतिशत और इसके बाद उच्च बोली लगाने वाले को 25 प्रतिशत नगद विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करना होगा। बोली की सम्पूर्ण धनराशि समय सीमा भीतर जमा करने के उपरांत विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव/ अध्यक्ष की उपस्थिति में ध्वस्त कर हटाया जाएगा। नीलामी से प्राप्त धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समितियों के खाते में जमा की जाएगी।

# सोनभद्र में मिले 31 संक्रमित मरीज

**सोनभद्र**। जनपद सोनभद्र में कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण किये जा रहे तमाम रोक थाम के उपायों के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा है। जनपद में कोरोना संक्रमण ने अपना पांव पुरी तरह से फैला चुका है। रविवार को आयी रिपोर्ट में 31 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। जिसे लेकर पुरे जिले में हड़कम्प की स्थित उत्पन्न हो गई। संक्रमित पाए गये मरीजों को उपचार के लिये कोविड-19 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है, नई जगहो पर तेजी के साथ बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या ने स्वास्थ्य विभाग समेत जिले के लोगों की चिन्ताएं बढ़ा दी जहां जिले में 2109 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक होकर अपने घर को जा चुके हैं ।

# गुणवत्ताविहीन पुल निर्माण का आरोप, जांच की मांग

संवाददाता। बस्ती

**बहादुरपुर** विकास खण्ड के नूरचक में सरयू नहर खण्ड परियोजना के तहत नूरचक-महुआ डाबर मार्ग पर चल रहे पुल निर्माण में मानक एवं गुणवत्ता की अनदेखी किए जाने की आईजीआरएस पोर्टल और डीएम से शिकायत की गई है।



शिकायतकर्ता पवन कुमार का आरोप है कि पुल के निर्माण में घटिया ईंट और सामाग्री का प्रयोग किया जा रहा है। पुल की लम्बाई और गहराई भी मानक अनुरूप अनुरूप नहीं है। पुल के कमजोर होने और कभी भी इसके टूटने की आशंका व्यक्त की गई है। कहा गया है कि यदि निर्माण कार्यो में हो रही मानकों की अनदेखी को गंभीरता से नहीं लिया गया तो हादसे में लोगों की जान भी जा सकती है। यह भी शिकायत की गई है कि पुल का निर्माण कराने वाले ठेकेदार द्वारा अन्य जगहों पर सड़क, ओबरब्रिज आदि के पुल निर्माण में भी मानक और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। घटिया निर्माण सामाग्री, ईंट, सरिया का उपयोग किया गया है। निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी कमेटी से जांच कराए जाने और दोषियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# नौ करोड़ की लागत से बने आडिटोरियम का बुरा हाल

संवाददाता। बस्ती

**सांसद** निधि से लगभग नौ करोड़ की लागत से बनाए गए आडिटोरिएम का बुरा हाल है। जिले का दो साल के विकास को रोक कर जिस मकसद से इसका निर्माण कराया गया, वह पूरा होता नहीं दिख रहा है। लगभग दो साल पहले बने इस आडिटोरिएम से इतनी आमदनी तक नहीं हो पा रही हैं, कि उससे बिजली का बिल जमा किया जा सके। आडिटोरिएम के रखरखाव के लिए ठेकेदार को धन तक की मांग करनी पड़ रही है। अब तो बिजली विभाग ने दस लाख रुपये के बकाए में आडिटोरिएम की बिजली ही गुल कर दी। वैसे ही इसके औचित्य और गुणवत्ता को लेकर षुरु से सवाल उठ रहे थे। तत्कालीन डीएम माला श्रीवास्तव की ओर से गठित जांच टीम आज तक जांच पूरी नहीं कर पाई। इस आडिटोरिएम के रखरखाव के लिए भारी संख्या में सफाई कर्मी लगाए गएं है। जिनपर हर माह लाखों रुपये वेतन के रुप में जा रहा है। अगर कोई आडिटोरिएम एक घंटें के लिए किराए पर लेता है तो उसे सिर्फ जनरेटर में इस्तेमाल होने वाले डीजल का प्रति घंटा लगभग दो हजार देना पड़ेगा। 250 केवीए के जनरेटर में प्रतिघंटा 28 ली. डीजल लगता है। एक सप्ताह पहले जब बिजली के बकाए में आडिटोरिएम की बिजली काट दी गई, तो रखरखाव करने वाले जेडी ठेकेदार मां लक्ष्मी टेडिगं कंपनी ने आडिटोरिएम के बगल वाले बस्ती क्लब से बिजली की चोरी करनी षुरु कर दी। इसके लिए ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और चौकीदार रामचंदर को बर्खास्त करने का नोटिस एडीएम की ओर से जारी किया गया है।

# मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाने की मांग

**छोटे शहरों, कस्बों व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में ऑक्सीजन सिलिंडर की उपलब्धता सुनिश्चित होः अनुप्रिया**

संवाददाता। मीरजापुर



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में मनरेगा मजदूरों की दैनिक आय को 202 रुपये से अधिक करने और उनका वार्षिक कार्य दिवस को 100 दिन से बढ़ाकर 200 दिन करने की मांग की है। इसके साथ ही श्रीमती पटेल ने देश के छोटे शहरों, कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजन बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि कोरोना मरीजों को इलाज में किसी तरह की दिक्कत ना हो।

श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान देश की आम जनता विशेष कर गरीब वर्ग के लिए उनकी तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं। श्रीमती पटेल ने लोकसभा में कहा कि कोरोना आपदा के दौरान मजदूरों के लिए मनरेगा एक सबसे बड़ी सेफ्टी नेट के तौर पर कार्य कर रहा है। इस योजना के जरिए मजदूरों को गांव में ही रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को उनके गांव में रोजगार के लिए 40 हजार करोड़ का प्रावधान कराना एक अच्छी पहल है। मनरेगा मजदूरों का दैनिक वेतन 182 रुपए से बढ़ाकर 202 रुपये करने पर श्रीमती पटेल ने केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए मांग की कि इन मजदूरों का दैनिक वेतन 202 रुपये से ज्यादा बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि हर गांव के अंतर्गत मजदूरों के लिए कार्ययोजनाएं बढ़ाई जाएं और उनके वार्षिक कार्य दिवस को 100 दिन से बढ़ाकर 200 दिन किया जाए। इसके लिए कार्यस्थल पर मनरेगा मजदूरों के लिए कोरोना से बचाव हेतु आवश्यक सुरक्षा उपाय भी किए जाए। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वर्तमान में देश में 52 लाख से अधिक कोरोना के मरीज हो गए हैं। रोजाना एक लाख नए मरीज आ रहे हैं। रोज 10 लाख टेस्ट हो रहे हैं। पीएम केयर्स से बड़ी संख्या में वेंटिलेटर की व्यवस्था की गई है। बावजूद इसके छोटे शहरोंए कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचा काफी अपर्याप्त है और विशेष तौर पर ऑक्सीजन बेड्स की भारी कमी देखने को मिल रही है।

**अपना दल (एस) ने पंचायत चुनाव को लेकर किया मंथन**

**मिर्जापुर**। अपना दल (एस) मड़िहान विधानसभा के इमलिया चटटी जोन इकाई की बैठक रविवार को जरगो जलाशय पर की गई। इसमें आसन्न पंचायत चुनाव को लेकर मंथन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पंचायत मंच सुनील सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि राम समुझ पटेल मौजूद थे। अध्यक्षता जोन अध्यक्ष अशोक कनौजिया जी और संचालन युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने किया। वक्ताओं ने पंचायत चुनाव को लेकर अभी से तैयारी करने को कहा गया।

अतिथिद्वय ने कहा कि जब तक पार्टी से घोषणा नही की जातीए कोई भी अपने को पार्टी उम्मीदवार के रूप में घोषित न करे। परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी।

# गंदगी से राहगीरों का चलना मुश्किल

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। स्थानीय सेमरियावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व ब्लाक मुख्यालय के मुख्य गेट के सामने दोनों तरफ नाले से उठती दुर्गंध बीमारियों को दावत दे रही है। जानकारी के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मामले को लेकर क्षेत्रवासी हलकान हैं। जहां एक तरफ सरकार स्वच्छता पर विशेष रूप से जोर दे रही है तो वहीं स्थानीय सेमरियावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व ब्लाक के मुख्य गेट के सामने नाले उठती दुर्गंध तथा मुख्य गेट के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मच्छरजनित तथा जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। जब यह हालत ब्लाक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास की है तो गांवों की क्या हाल होगी। यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के बाद भी स्थानीय जिम्मेदार मामले में अनजान बने हुए हैं।

# विधेयक से किसानों का बड़े पैमाने पर होगा नुकसानः सैंथवार

**रालोद नेताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति**

संवाददाता। संतकबीरनगर



**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय गंगा सिंह सैंथवार ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किसान विरोधी विधेयक लाया गया। जिससे देश भर के किसानों द्वारा किए गये पैदावार की बिक्री सरकार द्वारा न किये जाने और वाजिद मूल्य न दिये जाने से पूरे देश के किसानों का बड़े पैमाने पर नुकसान होगा जिसके विरोध में राष्ट्रीय लोकदल विरोध कर रहा है और प्रदेश सरकार द्वारा सभी सरकारी विभागो मे जो नये नियुक्तियां होगी। वह संविदा द्वारा करने पर जिसमें नौजवान शिक्षित बेरोजगारो का सरकार मजाक उड़ा रही है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए राष्ट्रीय लोकदल पूरे प्रदेश में आन्दोलन करेगा और ऐसे सभी बिलो को जो किसान विरोधी नौजवान विरोधी हो उनको वापस कराने का काम करेगा। इसी क्रम में 24 सितम्बर को राष्ट्रीय लोकदल किसान जन आन्दोलन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें रविवार की बैठक में तय हुआ है। पूरे जिले से हमारे किसान नेता अपने कृषि संसाधनो द्वारा जिला मुख्यालय पर आयेगे सुगर मिल से जन आन्दोलन के रूप में प्रदर्शन करतते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद धरना प्रदर्शन करेगे। उसके बाद सभा की समाप्ती की जायेगी। बैठक में प्रदीप चौधरी, वीरेन्द्र चौहान, राधेश्याम चौधरी, रामानन्द गौंड, विपिन सिंह, सर्वजीत पासवान आदि मौजूद थे।

# छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की मांग को लेकर मेधा का जागरूकता अभियान

संवाददाता। बस्ती



दशमोत्तर एवं समस्त छात्रों को छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति दिए जाने की मांग को लेकर मेधा जागरूकता अभियान चला रहा है। केन्द्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी के संयोजन में रविवार को सदर विकास खण्ड के ससना गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। दीन दयाल त्रिपाठी ने बताया कि छात्रवृतित के सवाल को लेकर लगातार विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मेधा संस्थापक पूर्व आईएएस स्व. लक्ष्मीकान्त शुक्ल ने सर्वोच्च न्यायालय में जो अधिकार उत्तर प्रदेश के छात्रों को दिलाया था, वर्तमान भाजपा सरकार उसे छीन लेना चाहती है। प्रदेश में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को लगातार बाधित कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। बताया कि मेधा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला शुक्ला के आवाहन पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति की मांग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कोरोना संकट के समय में यदि उत्तर प्रदेश की सरकार ने छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति न दिए जाने का निर्णय वापस न लिया तो आर-पार का संघर्ष किया जाएगा। इसमें अविनाश, शत्रुघ्न उपाध्याय, गौरव दूबे, अरविन्द दूबे, अनिल, अभिषेक शुक्ल, कृष्णचन्द्र चौधरी, ज्ञान सागर चौधरी, रवि प्रकाश दूबे आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन की समय सीमा शिथिल

**बस्ती**। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए आवेदन की समय सीमा शिथिल कर दी गई है। डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि इससे बेटी के अभिभावकों को सहूलियत होगी। इस योजना के अन्तर्गत पोर्टल पर अभिभावक स्वयं अथवा लोकवाणी केन्द्र, सहज जनसेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे से आवेदन कर सकते है। डीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के श्रेणी-1 के लिए आवेदन की निर्धारित समयसीमा 6 माह, श्रेणी-3 व 4 में निर्धारित 45 दिन, श्रेणी-5 व 6 के अन्तर्गत 30 सितम्बर या प्रवेश की अन्तिम तिथि के 45 दिन के अन्दर (जो भी बाद में हो) की समयसीमा तक शिथिल किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में पूर्व की भॉति निर्धारित समयसीमा में ही आवेदन जमा करना होगा। पात्रता वाले लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी और वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख, अधिकतम दो बच्चे होने चाहिए।

# बुजुर्गों के प्रति अपनापन दिखाएं, भूलने की बीमारी से बचाएं



**विश्व अल्जाइमर्स दिवस (21 सितम्बर) पर विशेष**

संवाददाता। बस्ती

**उम्र** बढ़ने के साथ ही तमाम तरह की बीमारियाँ हमारे शरीर को निशाना बनाना शुरू कर देती हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख बीमारी बुढ़ापे में भूलने की आदतों की है जिसे अल्जाइमर्स-डिमेंशिया कहते हैं। ऐसे बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है। इसीलिए इस बीमारी से बचाने के लिए हर साल 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर्स-डिमेंशिया दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जागरूकता लाना है ताकि बुजुर्गों को इस बीमारी से बचाकर उनके जीवन में खुशियां लायी जा सकें। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि 21 से 27 सितम्बर तक जागरूकता सप्ताह के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए इस बीमारी की सही पहचान और उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता लाने की बड़ी कोशिश की जाएगी। डीएम ने कहा कि डिमेंशिया से बचाने के लिए जरूरी है कि परिवार के सभी सदस्य उनके प्रति अपनापन रखें। अकेलापन न महसूस होने दें, समय निकालकर उनसे बातें करें, उनकी बातों को नजरंदाज कदापि न करें बल्कि उनको ध्यान से सुनें। ऐसे कुछ उपाय करें कि उनका मन व्यस्त रहे, उनकी मनपसंद की चीजों का ख्याल रखें। निर्धारित समय पर उनके सोने-जागने, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था का ध्यान रखें। अमूमन 65 साल की उम्र के बाद लोगों में यह बीमारी देखने को मिलती है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में से एक है कि जीवन शैली में एकदम से बदलाव आना।

जैसे- शरीर में आलसपन का आना, लोगों से बात करने से कतराना, बीमारियों को नजरंदाज करना, भरपूर नींद का न आना, किसी पर भी शक करना आदि। महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस बारे में पत्र भेजकर 21 से 27 सितम्बर तक विविध आयोजन करने को कहा गया है। इसके तहत कोविड-19 के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए रैली, संगोष्ठी, अर्बन स्लैम कैम्प, मंद बुद्धि प्रमाण पत्र प्रदान करने के सम्बन्ध में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी हाल ही में जारी एक एडवाइजरी में कहा गया है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 16 करोड़ बुजुर्ग (60 साल के ऊपर) हैं। इनमें से 60 से 69 साल के करीब 8.8 करोड़, 70 से 79 साल के करीब 6.4 करोड़, दूसरों पर आश्रित 80 साल के करीब 2.8 करोड़ और 18 लाख बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनका अपना कोई घर नहीं है या कोई देखभाल करने वाला नहीं है।

**डिमेंशिया के लक्षण**-रोजमर्रा की चीजों को भूल जाना, व्यवहार में परिवर्तन आना, रोज घटने वाली घटनाओं को भूल जाना, दैनिक कार्य न कर पाना आदि इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। इसके चलते बातचीत करने में दिक्कत आती है या किसी भी विषय में प्रतिक्रिया देने में विलम्ब होता है। डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हाई कोलेस्ट्रोल, सिर की चोट, ब्रेन स्ट्रोक, एनीमिया और कुपोषण के अलावा नशे की लत होने के चलते भी इस बीमारी के चपेट में आने की सम्भावना रहती है।

**जागरूक बनें, डिमेंशिया दूर करें**-इस भूलने की बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरी है कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक रूप से अपने को स्वस्थ रखें। नकारात्मक विचारों को मन पर प्रभावी न होने दें और सकारात्मक विचारों से मन को प्रसन्न बनाएं। पसंद का संगीत सुनने, गाना गाने, खाना बनाने, बागवानी करने, खेलकूद आदि जिसमें सबसे अधिक रुचि हो, उसमें मन लगायें तो यह बीमारी नहीं घेर सकती। इसके अलावा नियमित रूप से व्यायाम और योगा को अपनाकर इससे बचा जा सकता है। दिनचर्या को नियमित रखें क्योंकि अनियमित दिनचर्या इस बीमारी को बढ़ाती है धूम्रपान और शराब से पूरी तरह से दूरी बनाना ही हित में रहेगा यदि डायबिटीज या कोलेस्ट्रोल जैसी बीमारी है तो उसको नियंत्रित रखने की कोशिश करें।

**फोन मिलाएं समाधान पाएं**: अगर आप मानसिक तनाव या चिंता महसूस कर रहे हैं तो राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान के टोल फ्री नंबर-080-46110007 पर कॉल करके मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी हर समस्या का समाधान पा सकते हैं।

# कार्यकर्ताओं ने बंसल और चौहान का जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया

संवाददाता। देवरिया



बच्चों के साथ जन्मदिन मनाते भाजयुमो कार्यकर्ता

**भारतीय** जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री संगठन सुनील बंसल और देवरिया जिले के प्रभारी मंत्री श्रीराम चौहान के जन्मदिन को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पिडरा गांव के दलित बस्ती के बच्चों के बीच फल और मिठाई बांट मनाया इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने इनके स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की कामना भगवान से किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ और लोगों को सम्बोधित करते हुये भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष अजय कुमार दूबे ने कहा कि कुशल संगठनकर्ताएप्रखर वक्ता और उत्तर प्रदेश में भाजपा को नयी ऊँचाई तक ले जाने वाले प्रदेश के महामंत्री संगठन सुनील बंसल के जन्मदिन पर भाजपा देवरिया के कार्यकर्ताओं के तरफ से शुभकामना देता हूँ और प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि उन्हें दीर्घायु रखे।बंसल जी के मार्गनिर्देशन में भाजपा उत्तर प्रदेश ने एक नया मुकाम हासिल किया है।उनके बूथ माइक्रो मैनेजमेंट की रणनीति की वजह से आज भाजपा बहुत ही मजबूत स्थिति में है। जिलाध्यक्ष भाजयुमो विन्देश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति बनाने के चाणक्य सुनील बंसल जी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में एक आम पृष्ठभूमि साझा करते हैं। बंसल जी को 1989 में छात्रसंघ चुनाव में राजस्थान विश्वविद्यालय के महासचिव के रूप में चुना गया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले वह अपनी क्षमता और कार्यपद्धति से एबीवीपी के राष्ट्रीय संयुक्त संगठन सचिव के पद तक पहुंचे।वर्तमान में भाजपा महामंत्री संगठन के रूप में उन्होंने अपने रणनीति से भाजपा को जिस ऊँचाई तक पहुचाया है। वह काबिले तारीफहै।

हम उनके जन्मदिन पर भाजयुमो कार्यकर्ताओ की तरफसे शुभकामनाएं देते है। मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि अपनी कार्यशैली की वजह से कार्यकर्ताओ के प्रिय सुनील बंसल जी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में सबसे आगे रहे हैं और 2010 से 2014 तक यूथ अगेंस्ट करप्शन ;व्ल्ब्द्ध के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षाए भारतीय शैक्षिक प्रणालीए प्रणालीगत सुधार आदि पर पुस्तकें और लेख लिखे हैं। 2014 के आम चुनाव के दौरान बंसल जी को उत्तर प्रदेश का सहप्रभारी नियुक्त किया गया था, बाद में उनकी कार्यकुशलता के वजह से उत्तर प्रदेश के महामंत्री संगठन का दायित्व मिला। हम उनके जन्मदिन पर भगवान से प्रार्थना करते है कि उन्हें स्वस्थ और दीर्घायु रखे। इस दौरान राज दीक्षित,संजीत नाथ त्रिपाठी, शिवेश पाण्डेय,सूर्यांश कुशवाहा,अमन शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव,मनीष यादव,दीपक कुशवाहा,धर्मेन्द्र गुप्ता,मुकेश प्रसाद, दिलीप कुमार,राजन गोंड, राहुल बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

# 26 किशोरियों को बांटी गई गरिमा किट और साझा की जानकारियां

संवादाता। चकिया, चंदौली

**कोविड**-19 वैश्विक महामारी का संक्रमण बहुत तेजी से बढ़ रहा है जिससे सीमांत एवं गरीब लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। जहां एक तरफ समाज के गरीब, दलित ,मुस्लिम एवं अन्य पिछड़ा वर्ग अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में जूझ रहा है वही परिवार की किशोरियों एवं महिलाओं को अपने व्यक्तिगत सामानों को खरीदने में असमर्थता हो रही हैं। इस कठिनाइयों को देखते हुए ह्यूमन लिबर्टी नेटवर्क के पार्टनर संस्था मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान लहरतारा वाराणसी एवं आजाद शक्ति अभियान के नेतृत्व में चंदौली जिले के विभिन्न गांवों से 26 किशोरियों को चिन्हित किया गयाए जिनको गरिमा किट का वितरण किया गया। इस गरिमा किट में किशोरियों की जरूरत के सामानों जैसे 6 पैकेट सेनेटरी नैपकिन ए10 पीस मास्कए एक बॉडी लोशनए दो नहाने वाला साबुन एदो कपड़ा धोने वाला साबुनए एक हेयर आयलए एक एंटीसेप्टिक क्रीमए 32 पाउच शैंपू और कैरी बैग के साथ देकर सहयोग किया गया। कार्यक्रम के दौरान उनको गरिमा किट का उपयोग कैसे किया जाना है बताया गया तथा उनको स्वास्थ्य के संबंधित जानकारीए कोरोना से बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। आत्मनिर्भर कैसे बने वह अपनी समस्याओं को कैसे कह सके एवं महिला संबंधित कानून के बारे में भी जानकारियां उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में शिकारगंज ग्राम प्रधान श्रीमती अनीता शर्मा द्वारा कार्यक्रम की सराहना कर समाज में हो रहे समस्याओं के बारे में किशोरियों को बताया गया। इसके साथ प्राथमिक विद्यालय शिकारगंज की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राजमणि देवी ने कहा कि आपको अगर कोई समस्या आ रही है तो आप अपने शिक्षक से बता सकते हैंएजिससे कि समस्या का समाधान हो सके। इस अवसर पर संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शहनाज बानो के द्वारा स्वास्थ्य एवं बालिका सुरक्षा के बारे में विस्तृत तरीके से शिक्षित एवं प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर शिकारगंज की आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती सीमा देवी, आशा कार्यकत्री ,आजाद शक्ति अभियान से सर्वाइवर लीडर श्रीमती बारामती देवी, जितेंद्र कुमार,अशोक कुमार विश्वकर्मा एवं मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

## डॉ. विनोद कुमार सिंह एनएमओ के जिलाध्यक्ष बने

**जौनपुर।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन एनएमओ के जिलाध्यक्ष पद पर जनपद के प्रख्यात बच्चा रोग विशेषज्ञ डॉण् विनोद कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। यह पद आर्थोपेडिक सर्जन डॉ सुभाष सिंह के काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष बनने पर खाली हुआ था। विदित हो कि डॉ. विनोद के दादा स्व शिव सहाय प्रदेश के जानेकृमाने वैद्यराज थे। इस तरह तीसरी पीढ़ी में डॉण् सिंह ने चिकित्सा के अलावा संघ के मेडिकल विंग एनएमओ से जुड़कर समाजसेवा में भी लगे हुए हैं। विनम्र स्वभाव के डॉण् विनोद बिना प्रचार के लोगों की मदद करते हैं।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट में दो घायल

**मुग़लसराय,चन्दौली ।** अलीनगर थाना क्षेत्र के कैली गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट जिसमें दोनों पक्षों के एक एक लोग घायल हो गए पुलिस ने दोनों पक्षों से दो लोगों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।बताया जाता है कि अलीनगर थाना क्षेत्र के कैली गांव में जमीन को लेकर रमाशंकर पांडेय 60 वर्ष व जय प्रकाश पांडेय 38 वर्ष में विवाद शुरू हो गया देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे से मारपीट होने लगी जिससे एक पक्ष के रमाशंकर व दूसरे पक्ष के जयप्रकाश घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को इलाज हेतु अस्पताल ले गई।

## डूबे युवक को निकाला हालत गंभीर

**चहनियां,चन्दौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर चौकी अन्तर्गत टाण्डा कला गांव के एकबाल खान के यहां ननिहाल में आया युवक तौहीद उर्फ भोलू ;17द्ध पुत्र बदरूद्दीन की तैरने के खेल के दौरान गंगा में डुब गया।आधे घण्टे की मशक्कत के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उसे गंगा नदी से बाहर निकाला।हालत गंभीर होने पर चिकित्सक की सलाह पर पुलिस द्वारा इलाज के लिए युवक को जिला चिकित्सालय चन्दौली भेज दिया गया। चन्दौली कोतवाली के गोपालपुर निवासी तौहीद उर्फ भोलू बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर चौकी अन्तर्गत टाण्डा कला गांव स्थित अपने ननिहाल में दो दिन पहले से आया था।रविवार की शाम करीब चार बजे गांव के कुछ युवकों के साथ दो भाग में बटी गंगा नदी के कम गहरे पानी वाले भाग में तैरने वाला खेल खेल रहा था।खेल के दौरान ही अचानक गहरे पानी में चले जाने से डुबने लगा।युवक को डुबते देखकर वहां उपस्थित अन्य साथियों ने हो हल्ला मचाते हुए बचाने का प्रयास करने लगे।

## प्रधान ने पूर्व प्रधान के कार्यों की जांच के लिये उठायी आवाज

**महराजगंज, जौनपुर।** स्थानीय विकास खंड के पोखरा ग्राम पंचायत के प्रधान प्यारे लाल निषाद ने जिलाधिकारी को प्रेषित प्रार्थना पत्र में ग्राम पंचायत के पूर्व कार्यकाल की जांच की मांग किया। ग्राम प्रधान प्यारे लाल निषाद का कहना है कि वर्ष 2010 से 15 के दौरान ग्राम पंचायत के कार्यों में खडंजा, नाली, शौचालय आदि कार्यों में लाखों रुपए की हेराफेरी की गई है जिसकी जांच किया जाना आवश्यक है जबकि पूर्व प्रधान कल्पनाथ यादव द्वारा वर्तमान प्रधान के कार्य. इंडिया मार्का हैंडपंप की

## शत–प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित हो: जिलापूर्ति अधिकारी

**जौनपुर।** जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि माह सितम्बर में द्वितीय चक्र में 21 से लेकर 30 सितम्बर तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी दोनों कार्डधारकों को 5 किग्रा, प्रति यूनिट निःशुल्क खाद्यान्न, गेहूँ 3 किग्रा तथा चावल 2 किग्राण्द्ध वितरण किया जायेगा। साथ ही निःशुल्क चने का वितरण प्रति राशन कार्ड 2 किग्रा की दर से किया जायेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे 30 सितम्बर तक समस्त लाभार्थियों को पूर्व में जारी सोशल डिस्टेंसिंग के निर्देशों का पालन कराते हुए शत.प्रतिशत खाद्यान्नध्चना का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे।

# जौनपुर में नहीं थम रहा अपराध

### बदमाशों ने गैस एजेंसी को बनाया निशाना, लूट के इरादे से झोका फायर

संवाददाता। जौनपुर



**जिले** में अपराध रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है ए प्रतिदिन बदमाश लूट , हत्या जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है। आज बदमाशों ने गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर बाजार में दिन दहाड़े एक गैस गोदाम पर धावा बोलकर लूट के इरादे से एक गैस एजेंसी के सेल्समैन पर गोलियां चलाई ए संयोग अच्छा था बदमाशों का निशाना चूक गया। गोली चलाने जाने के मामले से बाजारवासियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे सीओ और थाने की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

प्राप्त जानकरी के उक्त थाना क्षेत्र के धर्मापुर बाजार स्थित शिव हरि भारत गैस गोदाम पर दोपहर के लगभग दो बजे एक ब्लैक कलर के पल्सर से तीन अज्ञात बदमाश गोदाम के कैश काउंटर पर पहुचकर सेल्समैन सत्यदेव मौर्य से पहले गैस सिलेंडर ग्राहक बनकर दो मिनट तक गैस सिलेंडर का रेट पूछाए उसके बाद बोला कि ब्लैक में सिलेंडर दे दो उसके बाद सीधा कनपटी पर तमंचा सटाकर कैश रखे रुपये छीनने लगा। तीसरा बदमाश गेट पर खड़ा था। सत्यदेव मौर्य अपनी जान की परवाह न करते हुए दोनो बदमाशो से भिड़ गया । इतने में एक बदमाश ने असलहे से फायर कर दिया। फायर करने के बाद सेल्समैन किसी तरह गोदाम के पीछे भागते हुए जान बचाई। गोली की आवाज सुनकर जब तक ग्रामीण व बाजार के लोग मौके पर पहुंचेए तब तक तीनो बदमाश असलहा लहराते हुए फरार हो गए। घटना की जानकरी होते ही करीब आधे घंटे सीओ केराकत रणविजय सिंह व एसओ गौराबादशाहपुर राम प्रवेश कुशवाहा गैस गोदाम पर पहुंच गए। बाजार में लगे तीन दुकानदारो के सीसीटीवी कैमरे फुटेज चेक किये। सेल्समैन ने घटना की जानकरी अपने मालिक अजीत पाल निवासी आजमगढ़ को दे दी है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर सीओ केराकत रणविजय सिंह ने बताया कि घटना के बाद गोदाम के अगल बगल बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। गैस गोदाम सेल्समैन द्वारा तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर उचित करवाई की जाएगी। व बदमाश को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शहीद जवान कुलदीप के परिजनों से केंद्रीय मंत्री ने की फोन पर बात

**संवाददाता। धानापुर,चन्दौली ।** क्षेत्र के पुराचेता दूबेपुर निवासी शहीद सेना के जवान कुलदीप कुमार के घर रविवार की दोपहर भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह और क्षेत्रीय विधायक सुशील सिंह पहुचे और परिवार के लोगो से उनका कुशल छेम पूछा और उनकी समस्याओं से भी अगवत हुवे और उनकी समस्या के त्वरिक निस्तारण के लिए उनको आश्वाशन भी दिया । विधायक सुशील सिंह ने केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय जी से शहीद सेना के जवान कुलदीप कुमार की पत्नी से फोन पर बात कराया केंद्रीय मंत्री ने शहीद की पत्नी से बात की और उन्हें हर सम्भव मदद कराने का आश्वासन दिया । विधायक सुशील सिंह ने शहीद जवान कुलदीप कुमार के नाम से उनके गाव पुराचेता दूबेपुर के मुख्य द्वार पर उनके नाम से गेट बनाने का भी वादा किया ए तथा साथ मे उनके नाम से एक सड़क का भी नाम जोड़ने की बात कही विधायक ने कहा कि हम शहीद जवान के परिजनों से वादा करते है कि उनकी हर सम्भव मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे । वही दूसरी तरफभाजपा के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने भी कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी के संज्ञान में जवान कुलदीप कुमार की बात बता दी गयी है और उन्होंने भी परिवार के लोगो को हर प्रकार की मदद करने का पूर्ण आश्वाशन दिया है । इस दौरान राणा सिंह , सत्यवान मौर्या , गोविन्द उपाध्याय, हृदय नरायन तिवारी,कमलाकांत मिश्रा सुजीत जायसवाल , विमल सिंह दादा आदि अन्य लोग उपस्थित रहे ।



# कानून का राज स्थापित करने में योगी सरकार फेल : राजेश

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में योगी सरकार फेल हो चुकी है। महोबा में व्यापारी इंद्रक ?ांत त्रिपाठी की हत्या जीता जागता उदाहरण है। एसपी पर मुकदमा काफी नहीं है। इस मामले की सीबीसीआईडी जांच होनी चाहिए। हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश मणि त्रिपाठी ने कही। वह रविवार को शहर स्थित एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस खुद माफियागिरी पर उतारू है। जंगलराज व्याप्त है। ब्राह्मणों के आए दिन हो रही हत्या से समाज में आक्रोश है। अब तक हुई हत्याओं को की जांच उच्च न्यायालय के देखरेख अथवा सीबीसीआईडी से कराया जाना न्याय संगत होगा। आरोप लगाया कि द्वेष भावना और हिटलर शाही के बूते सरकार कार्रवाई कर रही है। इसका खामियाजा भुगतना होगा। कोरोना किट घोटाला की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के ईमानदार सरकार के मुख्यमंत्री के राज में कोरोना किट घोटाला बड़ा मुद्दा है। इसके पूर्व कितने घोटाले हुए होंगेए जानकारी के अभाव में जनता नहीं जान पा रही है। भ्रष्टाचार और पुलिस ज्यादत ?ी पर कोई आवाज न उठा सकेए इसलिए यूपी स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया गया है। जिससे बिना वांरट तलाशी और गिरफ्तारी करने में आसानी हो सके। राष्ट्रीय महासचवि ने कहा कि प्रदेश की जनता आजिज आ चुकी हैं। आने वाले समय में बदला जरूर लेगी।

# श्री दुर्गा पूजा महासमिति से सम्बद्ध 751 मां दुर्गा पूजन समितियों की हुई वर्चुअल बैठक

**जौनपुर।** जनपद की 751 माँ दुर्गा पूजन समितियों की केन्द्रीय कमेटी श्री दुर्गा पूजा महासमिति आगामी शारदीय नवरात्र महोत्सव 17 अक्टूबर दिन शनिवार से प्रारम्भ होने वाली पूजन व्यवस्था के सम्बन्ध में वर्चुअल बैठक प्रात: 10 बजे से सायं 3 बजे तक जनपद के शहरी एवं ग्रामीणांचल में कार्यरत पूजन समितियों के पदाधिकारियों से की गई। वर्चुअल बैठक के अन्तर्गत महासमिति के अध्यक्ष विजय सिंह बागी ने शारदीय नवरात्र के तैयारियों के सम्बन्ध में जिला प्रशासन एवं शासन से किये गये पत्राचार के विषय से अवगत कराते हुए कहा कि महासमिति का प्रतिनिधिमण्डल ज्ञापन एवं शिष्टाचार मुलाकात करके वैश्विक महामारी कोविड.19 की गाइडलाइन के मानक के अनुसार पूजन व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी से शासन के दिशा निर्देशों से अवगत कराने का अनुरोध किया लेकिन जिलाधिकारी द्वारा महासमिति को आज तक किसी भी प्रकार की कोई दिशा.निर्देश से सम्बन्धित पत्र जारी नहीं किया गया है। जिला प्रशासन के इस उपेक्षा से विवश होकर महासमिति ने 19 सितम्बर को रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्रीए प्रमुख सचिव एवं राज्यमंत्री ;सदर विधायक जौनपुरद्ध को जिला प्रशासन की उदासीनता से अवगत कराते हुए जिला प्रशासन को अतिशीघ्र पूजन व्यवस्था के सम्बन्ध में दिशा निर्देश देने की अपील किया।

# युवा ललकार को दबा नहीं पायेगी भाजपा सरकार: अजय राय

संवाददाता। जौनपुर



मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चयन के संबंध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नामित पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री अजय रायए पूर्व विधायक राम जियावनए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मकसूद खां ने स्थानीय कांग्रेस जनों से मुलाकात करके उनके साथ बैठक कर रणनीतिक विचार विमर्श किया। उपचुनाव के सम्भावित प्रत्याशी के संबंध में एक.एक कार्यकर्ता के साथ अलग से बैठक कर उनका विचार भी जाना। बैठक के बाद प्रेस वार्ता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत से मल्हनी विधानसभा का उपचुनाव लड़ेगी। मल्हनी उपचुनाव परिणाम प्रदेश में एक बड़ा संदेश लेकर आएगा। श्री राय ने कहा कि अगर सरकार रोजगार देती तो युवाओं को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में अपनी आवाज नहीं उठानी पड़ती। प्रदेश के युवाओं के लिए 5 साल वाला संविदा रूपी काला कानून लाकर युवाओं की भर्तियों पर ताला लगाया जा रहा है जो अन्याय है। महासचिव मकसूद खां ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश के साथ जौनपुर में भी जंगलराज का भयावह रूप देखा जा सकता है। पसेवां की बेटी का बलात्कार के बाद हत्या कर दिया जाता है तो वहीं उम्भ की बेटी के उहपर तेजाब डालकर जला दिया जाता है। सीतम सराय में दलित परिवार की नाबालिग लड़कियों को पुलिस द्वारा दौड़ा.दौड़ा कर पिटा जाता है। कसियापुर सरपतहां की बेटियों के लाख फरियाद लगाने के बाद भी उनके पिता की हत्या का मुकदमा तक नहीं लिखा जाता। मड़ियाहूं कस्बे के पास का पूरा चौहान पुरवां पुलिस प्रताड़ना के बाद अपने घर से पलायन करने को मजबूर हो जाता है। ऐसा लग रहा है कि जौनपुर में हत्याओं और लूट का दौर चल सा पड़ा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैलेन्द्र किशोर पाण्डेय, ओम प्रकाश ओझा, शकुंतला शुक्ला, पंकज सोनकर, महमूद अंसारी, लालता चौधरी, देवराज पाण्डेय, सुरेंद्रवीर मौजूद रहे।

## जौनपुर में सर्पदंश से युवक, वृद्ध व युवती की गई जान



**जौनपुर।** जनपद के अलग.अलग थाना क्षेत्रों में सांप के काटने से युवक सहित 3 लोगों की मौत हो गयी। थानागद्दी संवाददाता के अनुसार स्थानीय ग्रामसभा मई के पूरब पट्टी में सर्पदंश से युवक की मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार उक्त निवासी रामदुलार राम के दो बेटे थे। बड़ा बेटा गणेश उर्फ नीरज 18 वर्ष भोजन करके अपनी नीम के पेड़ के नीचे सोया था कि अचानक 9 बजे रात्रि को काला कोबरा सांप मेंढक को दौड़ाते हुए उसकी चारपाई पर जा गिरा जहां युवक को काट लिया। जानकारी होने पर परिवार वालों ने उसको आनन.फानन में जिला मुख्यालय के अटाला मस्जिद के पास एक हकीम के पास ले गए। दवा पिलाकर वापस आते वक्त युवक की हालत बिगड़ते देख परिजन वाराणसी हेतु रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही युवक की मृत्यु हो गई। मजदूर पिता के सिर से पुत्र का साया उठ जाने से परिवार पर आसमान टूट पड़ा। वहीं दूसरी ओर ग्रामसभा में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बदलापुर संवाददाता के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के रूपचंद्रपुर गांव में सर्पदंश की अजीबोगरीब घटना हुई जहां एक वृद्ध जब सांप के बच्चे को हटाने पहुंचा तो दूसरे सर्प ने उसे डंस लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झिंगुरी सिंह 75 वर्ष घर से कुछ दूर अपनी पाही पर रहते थे।

# दवा व्यापार वेलफेयर सोसाइटी ने चिकित्सक को किया सम्मानित

**मऊ।** सुप्रीम कोर्ट से ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्टए1940. एसी के तहत संज्ञेय अपराधों के संबंध में पुलिस अधिकारी धारा 154 के तहत एफआईआर या गिरफ्तारी नहीं कर सकते का निर्णय आते ही जिले के दवा व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गया। इस अवसर पर दवा व्यापार वेलफेयर सोसाइटी मऊ द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक डॉण् संजय सिंह व डॉण् सुजीत सिंह को सम्मानित किया गया। दवा व्यापार वेलफेयर सोसाइटी मऊ के अध्यक्ष शिवजी पाण्डेय ने कहा कि शारदा नारायण अस्पतालए मऊ के मामले में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय का महत्वपूर्ण निर्णय आया हैए जिसका हम सम्मान करते है तथा डॉण् संजय सिंह का मै भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं कि उन्होने अपने व दवा व्यापारियों के सम्मान के लिए लड़ाई लड़े। इसका परिणाम हम सभी व्यापारी बन्धुओ के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर दवा व्यवसायी व एडवोकेट अजीत सिंह ने कहा कि डॉण् संजय सिंह एक चिकित्सक होने के नाते चिकित्सा के एक कड़ी दवा व्यापारियों के लिए न्यायालय से न्याय दिलाया है। इस अवसर पर मुख्य रुप से विनोद तिवारी, यशवन्त सिंह,अरून सिंह, जुगनु सिंह, राकेश, शिवकुमार सिंह, मनीष शर्मा, आलोक सिंह आदि दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब के सदस्यों ने पौधरोपण कर वितरित किए पौधे

**मऊ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को रोटरी क्लब मऊ नाथ भंजन की ओर से लोक कल्याण सेवा न्यास द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये चयनित गांव कासिमपुर में वृक्षारोपण एवं किसानों को पौधे वितरित किया गया। यहां पर पर्यावरणविद द्वारा किसानों को पौधे लगाने की विधि के बारे में जागरूक किया गयाए ताकि जीवनदायिनी पौधों का संरक्षण सुरक्षित हो सके। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक भाजपा नेता डॉ् एचएन सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में पर्यावरण को बचाने के लिए रोटरी क्लब मऊनाथ भंजन ने गांव गांव मैं जाकर वृक्षारोपण शुरू कर दिया है। इस मौके पर रोटेरियन एवं आईएमए पूर्व अध्यक्ष डॉण् संजय सिंह ने कहा कि देश के हर नागरिक को पौधरोपण करने की जरूरत है साथ ही किसानों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को जानना वक्त की आवश्यकता है। पर्यावरणविद एवं कार्यक्रम के संयोजक एसपी दुबे ने कहा कि पौधा लगा देना ही मात्र दायित्व की पूर्ति नहीं हुई बल्कि किसानों को पौधरोपण की मुकम्मल जानकारी मिलनी चाहिए । लोक कल्याण सेवा न्यास के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने भी किसानों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य रुप से भाजपा नेता आनंद कुमार, मृत्युंजय द्विवेदी, डॉ असगर अली, डॉ अरविंद श्रीवास्तव, सचिव प्रदीप सिंह, क्लब के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज शरण अग्रवाल, ग्राम प्रधान हरिशंकर यादव शामिल हुये।

# 1 से 31 अक्टूबर तक अभियान को सफल बनायें अधिकारी व कर्मचारी: जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह की अध्यक्षता में दस्तक,संचारी रोग अभियान के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां उन्होंने कहा कि 01 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तकध्संचारी रोग अभियान में संबंधित समस्त अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त गांव में साफसफाईए झाड़ियों की कटाई तथा एंटी लारवा का छिड़काव करें। कहीं भी जलभराव न होने दें। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान समस्त ग्रामवासियों से अपील करेंगे कि किसी के पास जला हुआ मोबिऑयल हो तो उसे इकट्ठा कर जलभराव वाले स्थान पर छिड़काव करें जिससे मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि 1 अक्टूबर को समस्त जनपद में ग्राम प्रधान ग्रामवासियों के सहयोग से झाड़ू लगाकर सफाई करें। इसमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत को निर्देश दिया कि 27 सितंबर को संपूर्ण जनपद में पॉलीथिन इकट्ठा करने का अभियान चलाएं। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन सहभागिता सुनिश्चित करें। इकट्ठा पॉलिथीन खंड विकास अधिकारी के पास जमा कराएं तथा उनका वजन कराएं।

# कोरोना मरीजों की डेंगू और मलेरिया जांच भी होगी

### संक्रमित उपचाराधीन का बुखार न छोड़ने पर कराई जाएंगी ये जांचें

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**जिले** में स्वास्थ्य विभाग डेंगू और मलेरिया के प्रति सतर्क है। कोरोना उपचाराधीन मरीज का बुखार न छोड़ने पर उसकी डेंगू और मलेरिया की जांच भी कराई जाएगी। विभाग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है।

दरअसल, मच्छरजनित बीमारियों का मौसम होने के बाद भी जिले में अभी तक कोरोना के ऐसे एक भी मरीज नहीं मिले हैंए जिनमें डेंगू और मलेरिया के भी लक्षण पाए गए होंए बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डेंगू और मलेरिया में एक समान लक्षण होने के चलते लोग बीमारी को समझ नहीं पाते हैं। सितंबर से लेकर नवंबर माह तक के बीच मच्छरों के पनपने से मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लापरवाही के चलते जिले के बढ़नी कस्बा के आधा दर्जन लोगों में अचानक डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके बाद जागरूकता अभियानए एंटी लार्वा के छिड़काव आदि गतिविधियां तेज कर गयी। जिला मलेरिया अधिकारी एके मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में ओपीडी शुरू होने के बाद बुखार व खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ती है। 50 फीसदी से अधिक लोग बुखारए खासीए जुकामए अनिद्राए शरीर में दर्द और अन्य मौसमी बीमारियों से ग्रसित हैं। कोरोना जांच में बहुत कम संख्या में कोविड.19 की पुष्टि हो रही है। जबकि अधिकांश मरीज लक्षण बताने के साथ सवाल करते हैं कि उन्हें कोरोना तो नहीं हो गया है। इसलिए विभाग अलर्ट है।

**जिले का हाल**

| वर्ष | डेंगू | मलेरिया |
|---|---|---|
| 2015 | 10 | 278 |
| 2016 | 12 | 165 |
| 2017 | 19 | 182 |
| 2018 | 10 | 124 |
| 2019 | 13 | 179 |
| 2020 | 01 | 42 अगस्त तक |

### मानसून में बीमारियों का खतरा अधिक

सिंतबर से लेकर नवंबर माह तक मच्छर से मलेरियाए डेंगूए चिकुनगुनियाए फाइलेरिया व जापानी इंसेफेलाइटिस के अलावा कई अन्य बीमारियां भी होने का चलन रहा है। मानसून के मौसम में मच्छर की प्रजनन क्षमता अधिक होने से संक्रमण फैलने का भी अधिक खतरा होता है। पानी वाले कंटेनर को ढककर रखने से लेकर मच्छरों के अंडे को नष्ट करना ही बीमारी से बचाव है। पानी के टैंकए कंटेनरए कूलरए पालतूए जानवरों के बर्तन को हफ्त में एक बार जरूर सुखा लेना चाहिए।


### विभाग सतर्क : मच्छरों का विनाश जारी

मच्छर जनित बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए आशाओं को घर.घर भेज कर लार्वा ब्रिडिंग को नष्ट कराया जा रहा है। लार्वा ब्रिडिंग के स्थानों.पात्रों का निरीक्षण कर सोर्स रिडक्शन श्रोतों का विनाश जारी है। वहीं नगर पालिका बांसी व नौगढ़ में सात लार्वा ब्रिडर चकर के जरिए प्रतिनिद 50 घरों का निरीक्षण कर मच्छरों का लार्वा नष्ट किए जा रहे हैं।

## नेकनामपुर में करंट लगने से युवक की मौत

**धानापुर,चन्दौली ।** थाना क्षेत्र के नेकनामपुर गाव में रविवार की सुबह बिजली के करन्ट लगने से विनोद कुशवाहा पुत्र शंकर कुशवाहा उम्र लगभग 35 वर्ष की मौत हो गयी । प्राप्त सूचना के अनुसार नेकनामपुर निवासी विनोद कुशवाहा पुत्र शंकर कुशवाहा उम्र 35 वर्ष अपने घर मे बिजली बना रहे थे तभी उसी समय उन्हें करन्ट लग गया जिसके कारण विनोद कुशवाहा जमीन पर गिर गए परिजनों के पता लगते ही उन लोगो ने आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए उन्हें वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उनकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही उनके घर मे कोहराम मच गया और परिजन रोने बिलखने लगे । इस दर्दनाक घटना से उनके परिवार सहित गाव के लोग शोक की लहर दौड़ गयी। विनोद बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे उनकी इस मौत से सभी लोग स्तब्ध रहे ।

# समाजवादी युवजन सभा के मनोनीत जिलाध्यक्ष रणवीर यादव का हुआ स्वागत



**देवरिया।** रविवार को समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष डाण् दिलीप यादव जी के अध्यक्षता में स्वागत समारोह आयोजित कर समाजवादी युवजन सभा के मनोनीत जिलाध्यक्ष रणवीर यादव का स्वागत किया। इस दौरान सयुस कार्यकर्ताओ ने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष रणवीर यादव का 51 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष डाण् दिलीप यादव ने कहा कि रणवीर यादव के समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत होने से जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। नौजवानों के बल पर सपा 2022 में सरकार बनायेगी। नौजवानों के भविष्य सपा में सुरक्षित है। नवमनोनित जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं सयुस के प्रदेश अध्यक्ष जी ने जिस आशा और विश्वास पर मुझे जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उस पर खड़ा उतरने के पूर्णतः प्रयास करूंगा । संगठन में भारी संख्या में नये नौजवानों को जोड़ा जायेगा। इन्ही नौजवानों के बदौलत माण् राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को उत्तर.प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। बीजेपी सरकार से जनता त्रस्त हो गयी है! भाजपा सरकार में किसान,छात्र, नौजवान, महिलाये,व्यापारी,मजदूर, कर्मचारी,पिछड़े,दलित,शोषित सभी वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है, आये दिन हत्या बलात्कर, लूट, राहजनी की घटनाये आम हो गई है। जनता आने वाले 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से दूर करेगी।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 21 सितंबर 2020



# छत पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या



## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

संवाददाता। जगदीशपुर ( अमेठी )

**छत** पर सो रहे युवक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा और आसपास के लोगों से पूंछतांछ की जा रही है वहीं मामले की जानकारी पाते ही एएसपी मौके पर पहुंच कर परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरे अलाहार मजरे भीखनपुर (रानीगंज) में सुबह लगभग चार बजे घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने छत पर सो रहे मोहम्मद अरशद पुत्र कयूम उम्र बाइस वर्ष को गोली मारकर फरार हो गए जहां वह गम्भीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने अरशद को खून से लथपथ देख कर आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया इलाज के लिए लखनऊ जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर थाना प्रभारी संतोष त्रिपाठी सीओ मुसाफिर खाना संतोष सिंह सहित कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे इस समबन्ध में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना संतोष सिंह ने बताया कि मां रेहाना बानों की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया वहीं सुरक्षा के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

घटना की जानकारी पाते ही अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी दयाराम सरोज ने भी परिजनों से मुलाकात कर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया और जल्द से जल्द खुलासे की बात कही ।

## पैसा मांगने पर आग बबूला हुआ कान्स्टेबल

# चाय वाले को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

संवाददाता। बाराबंकी

**चाय** के पैसे मांगने पर आग बबूला हुए कान्स्टेबल ने दुकानदार को धमकाया और 200 ग्राम मार्फिन में फंसा कर जेल भेजने की दी धमकी। दरअसल पूरा मामला कोतवाली जैदपुर स्थित थाना चौराहा पर चाय की दुकान पर काम कर रहे मजदूरों को कोतवाली में तैनात कान्स्टेबल रमेश प्रताप सिंह ने चाय के पैसे मांगने पर आग बबूला हो गए भद्दी-भद्दी गालियां देने का आरोप लगाया गया। जिसके बाद दुकानदार अर्जुन कश्यप द्वारा मना करने पर 200 ग्राम मार्फीन में फंसा देने की धमकी दी। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी संदीप राय से किया तथा



### रसूख के चलते नहीं हो पाता है तबादला

**विवादों** में रहा कोतवाली जैदपुर की कमान संदीप राय के हाथों में सौंपने के बाद बड़े स्तर पर लंबे समय से एक ही हल्के में जमे सिपाहियों का फेरबदल किया गया तथा बाराबंकी पुलिस अधीक्षक द्वारा बड़े पैमाने पर तबादला एक्सप्रेस चलाया गया। लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से एक ही थाने में जमे कान्स्टेबल ऊंचे रसूखओं के चलते अपना तबादला रुकवाने में कामयाब हो जाते हैं और क्षेत्र में अवैध कार्यों में संलिप्तता बरकरार रह जाती है।

रविवार को पीड़ित ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस उप महानिदेशक पुलिस, महानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या तथा पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित अर्जुन कश्यप ने बताया कि पिछले कई बार दुकान से चाय व अन्य सामग्री खाने के बाद पैसा नहीं देते हैं और जब पैसा मांगा जाता है तो पुलिस होने की हनक दिखाकर पैसा नहीं देते हैं जिसके बाद शनिवार को भी चाय पी कर जब रमेश प्रताप सिंह जाने लगे तो उनसे पैसा मांगा गया जिसके बाद गालियां देने लगे तथा मना करने पर 200 ग्राम अवैध मार्फिन में जेल भिजवाने की धमकी भी दिया।

# लापरवाही, कोरोना मरीज मिलने पर गांव को नहीं किया गया सेनेटाइज

### ग्राम शैली कीरतपुर के ग्रामीणों मे भारी आक्रोश

निंदूरा ( बाराबंकी )। थाना बड्डूपुर भागौली चौकी क्षेत्र के ग्राम शैली कीरतपुर प्रशासन की बड़ी लापरवाही निकल कर सामने आ रही है और चार मरीज कोरोना पाजिटिव पाए जाने की पुष्टि होने पर भी गाँव मे सेनेटाइज नहीं कराया गया है और न ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाँव में कीटनाशक दवाओं का छिडकाव भी नहीं कराया गया है जिसके खतरनाक मच्छर उत्पन्न हो कर घातक बीमारियों को खुला निमंत्रण दे रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं वैश्विक महामारी कोरोना के बढते संक्रमण को स्वास्थ्य विभाग व तहसील प्रशासन फतेहपुर द्वारा अनदेखी की जा रही है जिसमें ग्रामीणों में रोष फैल रहा है मामला विकास खंड फतेहपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शैली कीरतपुर का है जहाँ पर चार कोरोना संक्रमित मरीज होने की पुष्टि होने से पूरा गांव दहशत मे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और तहसील प्रशासन फतेहपुर कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को खिलवाड़ समझ रहा है सेनेटाइज नहीं कराया गया है जबकि ग्राम पंचायत में कीटनाशक दवाओं का छिडकाव भी नहीं कराया गया है जबकि ग्राम पंचायत शैली कीरतपुर मे नाली खड़ंजा आदि पर भिनभिनाते मच्छर घातक बिमारियों को खुला निमंत्रण तो दे ही रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग तथा तहसील प्रशासन फतेहपुर कुंभकर्ण नींद सोया हुआ प्रतीत हो रहा है शैली कीरतपुर में कोरोना वायरस संक्रमण के बावजूद सेनेटाइज न कराए जाने से गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# लक्ष्मणगढ़ में स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाते मानकविहीन शौचालय

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ में मानक विहीन तरीके से निर्माण कराए गए शौचालयों की पोल खोलती है। शौचालयों की जर्जर हालात देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है की ग्राम पंचायत में किस तरीके से शौचालय निर्माण करवाने को लेकर धांधली की गई है मानक विहीन ईंट व घटिया सामग्री का प्रयोग कर शौचालयों का निर्माण करवाया गया है जो की स्वच्छ भारत मिशन को मुंह चिढ़ाती हुई नजर आ रही है। शौचालय निर्माण कार्य में पीली ईंट, डस्ट व बालू का प्रयोग किया गया है वहीं लक्ष्मणगढ़ गांव में बने कुछ ऐसे शौचालय है जिसमें किसी शौचालय में छत नहीं तो किसी में दरवाजे नहीं लगे हुए है और तो और बहुत से ग्राम पंचायत में ऐसे शौचालय है जिनमे सीट ही नहीं रखी गई है और शौचालयों की हालत बद से बदतर दिखाई दे रही है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार और दूसरी तरफ प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन को सकुशल बनाने के लिए लगभग सभी ग्राम पंचायतों में शौचालय का निर्माण कार्य करवाया गया है जिससे गांव की महिलाएं शौच के लिए बाहर न जाएं और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया जा सके। लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी व ग्राम प्रधान सरकार की स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जबकि केंद्र व राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## एसपी के निर्देश पर थानों में की गई साफ-सफाई

**बाराबंकी**। रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे जनपद में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें पुलिसकर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी क्षेत्राधिकारी नगर यातायात प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई किया। श्रमदान के उपरांत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा गोष्ठी आयोजित कर समस्त पुलिस कर्मियों को स्वच्छता एवं श्रमदान हेतु जागरूक किया गया। राष्ट्रगीत सुनाकर समस्त पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर जनपद बाराबंकी में मधुमक्खी वाला के नाम से प्रसिद्ध निमित्त सिंह ने पुलिसकर्मियों को स्वस्थ मधुपान हेतु शहद की शीशियां भेंट की गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक रामनगर रामचंद्र सरोज एसएसआई रघुवीर सिंह एसआई संजीव यादव राजेंद्र सिंह विश्व बंधु सिंह अंगेश सिंह दीवान राम शुक्ला मुंशी अरुण सिंह वाहन चालक रमेश सिंह तथा मधु भारती विनय वर्मा सहित सभी पुलिसकर्मियों ने कार्यालय, आवास, भोजनालय, थाना परिसर व शस्त्रों की सफाई की गयी।

## पासी समाज जागृति मंच की सभा संपन्न

**अमेठी**। पासी समाज जागृति मंच उत्तर प्रदेश के बैनर तले आयोजित गोष्ठी अमेठी के थौरा में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पासी समाज जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश भारती रहेए विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष पासी समाज जागृति मंच पवन सरोज व जिला अध्यक्ष फतेहपुर संगीता पासी रहे। सभा में श्री भारतीय ने कहा कि अपने समाज के लिए लड़ना हमारा फर्ज है और हम आप सबके सुख दु:ख में शामिल होते रहेंगे जहाँ मेरी जरूरत होगी मै आप सबके साथ खड़ा मिलूंगा। अमेठी जिले के अध्यक्ष कुंदन पासवान ने कहा कि मुख्य अतिथि हमेशा समाज के लिए खड़े रहते है और हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि समाज के लोग भी अपने समाज के लिए जो कुछ मदद हो सके वो हर संभव करने की कोशिश जरूर करे। इस मौके पर गौरव पासवान, अजय सरोज, विक्रांत पासी, दीपक कुमार, संतोष सरोज आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## यूपीएसईई की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**अमेठी**। उत्तर प्रदेश में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट व फार्मेसी संस्थानों में प्रवेश के लिए राज्य प्रवेश परीक्षा (एसईई) प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा (यूपीएसईई)-2020 का आयोजन पूरे देश में निर्धारित 206 परीक्षा केंद्रों पर किया गया जिसमे उत्तर प्रदेश के अंदर बनाए गए 187 केंद्र और प्रदेश के बाहर बनाए गए 19 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। जनपद का राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी (आरआरएसआईएमटी) भी यूपीएसईई-2020 का परीक्षा केंद्र रहा। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से नामित परीक्षा केंद्र के नोडल अधिकारी डा. एनके सक्सेना ने बताया की परीक्षा केंद्र पर कुल 110 छात्रों को परीक्षा हेतु आवंटित किया गया था जिसमे से कुल 90 छात्र परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहे तथा 20 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक रहा। केंद्र अधीक्षक कीर्ति जैन ने बताया की छात्रों को सोशल डिसटेंसिंग के साथ परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही सभी छात्रों का हाथ सेनेटाइज कराया गया और उनके शरीर का तापमान लिया गया।

## सपाइयों ने प्रदर्शन को लेकर बनायी रणनीति

सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )। समाजवादी पार्टी द्वारा सरकार की नीतियों के विरोध में सोमवार को होने वाले तहसील स्तरीय प्रदर्शन को लेकर सपा नेताओं ने गांव गांव भ्रमण कर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके रणनीति पर चर्चा किया। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सबाह की अध्यक्षता में सपा कार्यकर्ताओं ने एक बैठक रविवार को ग्राम प्यारेपुर में ग्राम प्रधान अतुल वर्मा के संयोजन में की गयी। जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकारों द्वारा नौजवान किसान बेरोजगार विरोधी कार्य किए जा रहे हैं।जिसके विरोध में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी द्वारा सोमवार को सभी तहसीलों पर विरोध में प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसमें सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध सपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा और उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा जाएगा, जिसमे सभी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बैठक में विरेंद्र वर्मा गुलाम मोहम्मद परशुराम वर्मा जेपी वर्मा दिलीप कुमार चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशा विनाश की जड़: डॉ अरविंद

संवाददाता। रामनगर *(बाराबंकी)*

**नशा** नाश की जड़ है। इस लिए इनके उत्पादन व्यापार व सेवन से दूर रहना चाहिए। उक्त उद्गार पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने ग्राम चाइनपुरवा में आयोजित नशा उन्मूलन कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत कच्ची देशी शराब का कार्य करने वाली महिलाओं व पुरषों को जागरूक करते हुये व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अनेक योजनाओं का संचालन कर लघु व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित कर सहायता भी कर रही है। आप सभी अपने जरूरत के अनुसार व्यवसाय करें। पूरा सहयोग किया गाएगा।

पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी बुजुर्गों को माला पहनाकर उनका सम्मान बढ़ाया। श्री चतुर्वेदी जी की धर्मपत्नी रागिनी चतुर्वेदी ने बुजुर्ग महिला व विधवाओं को मिष्ठान व अंग वस्त्र भेंट करते हुए कहा कि आप सभी नशे के कारोबार से दूर रहे । मेहनत का फल मीठा होता है । इसलिए मधुमक्खी पालन कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने । जिससे बच्चों का लालन.पालन व पारिवारिक समृद्धता रहेगी। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार दुबे के संचालन में कोतवाली प्रभारी फतेहपुर संजय मौर्य थाना प्रभारी निरीक्षक रामनगर रामचंद्र सरोज महादेवा पुलिस चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा पूर्व ब्लॉक प्रमुख सूरत गंज बृजपाल सिंह ज्ञानू व समाजसेवी एवं मधुमक्खी रोजगार को बढ़ावा देने वाले निमित सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**ग्रामीणों ने की स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग:** त्रिवेदीगंज बाराबंकी . थाना लोनी कटरा क्षेत्र के बीरमखेडा गांव में स्थित जंगली माता के मंदिर पर समस्त ग्रामवासियों व यूथ आइकन के सदस्यों के सहयोग से एक सोलर स्ट्रीट लाइट को लगवाया गया है जिससे मंदिर परिसर में उजेला हो सके और मंदिर परिसर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को रात के समय में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। ग्राम वासियों का कहना है कि जंगली माता के मंदिर पर काफी श्रद्धालु आते जाते रहते है और इस मंदिर पर रात के समय अंधेरा छाया रहता है ग्राम प्रधान से काई बार सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने को कहा गया लेकिन आज तक नहीं लग पाई। जिसके बाद हम सभी ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित करके मंदिर परिसर में एक सोलर स्ट्रीट लाइट को लगवाया गया है।

## वृहद गौ संरक्षण केंद्र व आश्रय स्थलका कराया गया निर्माण

संवाददाता। अमेठी

**निराश्रित** गोवंश को संरक्षित करके उनके भरण पोषण व देखरेख हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी उप्र द्वारा निराश्रित गोवंश संरक्षण योजना लागू की गई हैए इस योजना अंतर्गत जनपद अमेठी में पशुपालन विभाग द्वारा दो करोड़ 40 लाख की लागत से दो वृहद गो.संरक्षण केंद्र एक नवादा व एक सरैया दुबान में निर्माण कराया गया हैए इसके साथ ही 135 लाख की लागत से 30 अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए हैं, 13.50 लाख की लागत से तीन कांजी हाउस का निर्माण कराया गया है तथा 3.50 लाख की लागत से एक अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का नगरीय क्षेत्र अमेठी में निर्माण कराया गया है। उक्त योजना को लेकर जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा समय-समय पर निरीक्षण व समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश पाठक ने बताया कि उपरोक्त योजना के अंतर्गत जनपद के निराश्रित गोवंशों की अनुमानित संख्या 3272 के सापेक्ष वर्तमान में कुल 3087 निराश्रित गोवंशों को जनपद में स्थापित वृहद गौ संरक्षण केंद्र, अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल कांजी हाउस एवं अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल नगरी क्षेत्र में संरक्षित करके भरण पोषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के कृषकों एवं सामान्य जनमानस कीबेसहारा गोवंश से उत्पन्न होने वाली समस्या से भी निजात मिल रही है।

# भाजपा का दलित प्रेम दिखावा: अनुज



संवाददाता। बाराबंकी

**दलित** समाज को आरक्षणए सम्मानए जमीन रहने को मकान कांग्रेस पार्टी की देन हैए भाजपा का दलित प्रेम दिखावा है समाज के दमन पर भाजपा को कोई मलाल नही होता है। दलित समाज के हक की लडाई के लिये कांग्रेस पार्टी मजबूती से खडी है। दलित समाज को जो भी मिला है वह कांग्रेस पार्टी की देन है भाजपा एवं उसके नेताओ ने समाज को छलने का काम किया है। आज कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दलित समाज के साथ खडी है। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष तनुज पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में व्यक्त किये। बैठक का आयोजन नवमनोनीत अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष विजयपाल गौतम ने किया जिसका संचालन निवर्तमान अध्यक्ष रामहरख रावत ने किया।

उक्त बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष विजयपाल गौतम ने जगमोहन रावत, श्रीमती सरोज गौतम सहित पांच उपाध्यक्ष, भागीरथ गौतम सहित पांच महासचिव, राकेश रावत सहित दस जिला सचिव अशोक कुमार को संगठन का कोषाध्यक्ष तथा रीतेश रावत को जिला मीडिया प्रभारी का मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिला अध्यक्ष श्री गौतम रामसुख रावत को हैदरगढए रंजीत रावत को बंकी, संतोष रावत को मसौली, विनोद गौतम को निन्दूरा, मनीष गौतम को हरख, जुग्गी लाल गौतम को सिद्धौर, अवनीश चैधरी को रामनगर, नौमीलाल गौतम को सूरतगंज विकास खण्ड का अध्यक्ष मनोनीत कर संगठन के गठन की जिम्मेदारी दी।

अनुसूचित विभाग की बैठक को मुख्यरूप से रामहरख रावत, अजय रावत, रघुराज रावत, अम्बरीश रावत ने सम्बोधित किया तथा चन्द्रमान गौतम, सर्वेश गौतम, अमरेन्द्र सिंह आजाद, शिवमंगल सिंह गौतम, अजय कुमारए अभय प्रताप, रामकीर्तन राजकुमार रावत, रवि कुमार गौतम, अनिल कुमार रावत, अमित गौतम, जतिन रावत सहित दर्जनो की संख्या में दलित समाज के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डिग्रियां लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं युवा: तिलक

संवाददाता। ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी के तत्वाधान में रविवार को ब्लाक बार अन्तर्गत ग्राम टोढ़ी में बूथ व सेक्टर के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा व पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक बार अध्यक्ष शेर सिंह ने की। बैठक में आगामी रणनीति पर विचार.विमर्श किया गया। साथ ही 21 सितम्बर को तहसील स्तर पर होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा कर पदाधिकारियों को जिम्मेवारियां सौंपी गयीं। बैठक का सफल संचालन जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन ने किया। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर घिरी भाजपा सरकार ने युवाओं के जोश को थामने के लिए छह माह में नौकरियां देने का एक नया जुमला रचा है। इससे



छह माह तक युवाओं द्वारा रोजगार की मांग ठण्डी पड़ जायेगी और सरकार बेरोजगारी बढ़ाने की दिशा में कामयाब हो जायेगी। उन्होंने कहा कि जो युवा वर्षों से शिक्षित होकर बड़ी-बड़ी डिग्रियां हाथों में लेकर घूम रहे हैंए पहले उन्हें उनकी शैक्षिक योग्यता व आरक्षण के आधार पर रोजगार देने की बात करें और रोजगार देने की प्रक्रिया को सतत बनाये रखेंए तभी प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण पर भी सवाल उठाते हुये कहा कि स्वास्थ्य सेवायें धरातल पर ठप पड़ी हुयी हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सरकारी महकमों में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। इसके अलावा उन्होंने किसानों द्वारा की जा रहीं आत्महत्याओं को दुखद बताते हुये कहा कि किसानों को बर्बाद हुयी खरीफ फसल का मुआवजा जल्द दिया जाये और आगामी रवि की फसल बुवाई के लिए बिजली बिल माफकरते हुये निशुल्क संयोजन उपलब्ध कराये जायें, ताकि किसानों को राहत मिल सके। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा व पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार ने संयुक्त रूप से बैठक में उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वह धरातल पर जाकर समस्याओं को जानें और प्रत्येक बूथ स्तर पर मजबूती से खड़े होकर लोगों को सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत करायें। ब्लाक अध्यक्ष शेर सिंह यादव ने कहा कि सभी सेक्टर व बूथ प्रभारियों से लगातार समीक्षा करते हुये पार्टी की विचारधारा से लोगों को अवगत कराते हुये लोगों को पार्टी से जोडने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आहवान किया।

बैठक में फूलसिंह, ज्योति सिंह लोधी, महरौनी विधानसभा अध्यक्ष अमर सिंह यादव, विधानसभा प्रभारी स्वामी प्रसाद, मानसिंह यादव, करतार सिंह, विजय सिंह, जखौरा ब्लाक अध्यक्ष प्रभूदयाल लोधी, जीतू सरदार, स्वामी प्रसाद लखनपुरा, सचिव रमेश सिंह, विनोद रैकवार, रमन सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में 8 वर्षीया बच्ची सहित दो महिलाएं घायल

**मसौली** (बाराबंकी)। गोण्डा . बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बिन्दौरा चौराहे के निकट अचानक साँड़ आ जाने से दो बाईके टकरा गयीं जिसमे एक आठ वर्षीय बच्ची सहित दो महिलाएं घायल हो गयी जिन्हें सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया सिर में चोट होने के कारण तीनो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। रविवार की दोपहर टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गोबरहा निवासी दिलीप पुत्र हनोमान अपनी बहन की सास बड़का पत्नी संतलाल व आठ वर्षीय पुत्री शिवानी निवासी ग्राम बारादरी थाना बदोसराय के साथ मसौली आ रहे थे कि बिन्दौरा चौराहे के निकट अचानक सांड़ आ जाने से बॉइक सांड़ से टकरा गई, जिससे बॉइक पर बैठी मा-बेटी घायल हो गयी इसी बीच दूसरी बॉइक से आ रही दुर्गा देवी पत्नी पप्पू घायल हो गयी। जिन्हें सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया परन्तु हालात ठीक न होने के कारण जिला अस्पताल में रंफर किया गया है।